दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

वर्ष : 31 | अंक :124
प्रतापगढ़ | शुक्रवार, 7 मार्च-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com


## बब्बर खालसा इंटरनेशनल का आतंकी कौशाम्बी से गिरफ्तार

### ● महाकुंभ प्रयागराज को दहलाने की थी तैयारी, चप्पे-चप्पे पर पुलिस होने से विफल हो गई थी योजना

● पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई के संपर्क में था, हैंड ग्रेनेड और विस्फोटक बरामद

● यूपी एसटीएफ व पंजाब पुलिस को मिली सफलता, थी पुर्तगाल जाने की तैयारी





**लोकमित्र ब्यूरो और एजेंसियां**

**लखनऊ/कौशाम्बी।** कौशाम्बी के कोखराज थाना क्षेत्र से बृहस्पतिवार सुबह यूपी एसटीएफ व पंजाब पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान लाजर मसीह के रूप में हुई है।

पुलिस महानिदेशक के मुताबिक यह खूंखार आतंकवादी प्रयागराज महाकुंभ को दहलाने की योजना से आया था। यूपी एसटीएफ के मुताबिक, वह बब्बर खालसा इंटरनेशनल के जर्मनी-आधारित मॉड्यूल के प्रमुख स्वर्ण सिंह उर्फ जीवन फौजी के लिए काम करता था। इसके साथ ही आतंकी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के भी संपर्क में था। यूपी एसटीएफ व पंजाब पुलिस ने गुरुवार सुबह लगभग साढ़े 3 बजे छापेमारी कर लाजर मसीह को कोखराज थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

आतंकी पंजाब के अमृतसर जिले के कुर्लियान गांव का रहने वाला है। एसटीएफ को उसके पास से 3 हैंड ग्रेनेड, 2 डेटोनेटर, 1 विदेशी पिस्तौल और 13 कारतूस मिले हैं। इसके अलावा, गाजियाबाद के पते वाला आधार कार्ड और बिना सिमकार्ड का एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। एसटीएफ के सीनियर अफसर कोखराज थाने में आतंकी से पूछताछ कर रहे हैं। पंजाब पुलिस के अधिकारी और जवान थाने में मौजूद हैं।

थाने से 100 मीटर दूर का एरिया सील कर दिया गया है।पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने लखनऊ में बताया कि महाकुंभ में बब्बर खालसा का संदिग्ध आतंकी लाजर मसीह बड़ी घटना करने की तैयारी में था।

वह पाकिस्तान में बैठे तीन आईएसआई एजेंटों के सम्पर्क में था। घटना के बाद संदिग्ध आतंकी की पुर्तगाल जाने की तैयारी थी। इसके कुछ साथी पुर्तगाल में रहते हैं। कौशाम्बी में गिरफ्तारी से पहले वह लखनऊ और कानपुर में छुपकर रहा था।

गाजियाबाद से फर्जी आधार कार्ड बनवाने वाले लाजर के बारे में पंजाब पुलिस की ओर से जानकारी मिली थी। हेरोइन की तस्करी में आतंकी लाजर पंजाब की जेल में गया था।

जेल में हुई मारपीट में घायल होने के बाद वह अस्पताल में भर्ती था। वहीं से 24 सितम्बर 2024 को फरार हो गया था।

### पीलीभीत में मारे गए थे 3 खालिस्तानी आतंकी

पीलीभीत और पंजाब पुलिस ने मिलकर पिछले साल 23 दिसंबर को पीलीभीत में खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के तीन आतंकियों का एनकाउंटर किया था। आतंकियों ने 19 दिसंबर को पंजाब के गुरदासपुर जिले में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड से हमला किया था। उनके पास से 2 एके-47 राइफल, 2 ग्लॉक पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए थे। मारे गए आतंकियों की शिनाख्त गुरदासपुर निवासी गुरविंदर सिंह, वीरेंद्र सिंह उर्फ रवि और जसप्रीत सिंह उर्फ प्रताप सिंह के रूप में हुई थी। पुलिस की इस कार्रवाई से खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू खिसिया गया था। उसने महाकुंभ प्रयागराज में आतंकी हमला करने की धमकी दी थी। माना जा रहा है कि उसी योजना के तहत लाजर यहां पहुंचा था।

## देवभूमि उत्तराखंड आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत, मुखवा आकर मैं धन्य : पीएम मोदी



**उत्तराखंड (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के मुखवा गांव में स्थित मुखीमठ मंदिर में पूजा-अर्चना की। उसके बाद उन्होंने हर्षिल में ट्रैक और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाने के बाद विशाल जनसभा को संबोधित किया।जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड की यह देवभूमि आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत है। चारधाम और अनंत तीर्थों का आशीर्वाद इसे प्राप्त है। जीवनदायिनी मां गंगा के इस शीतकालीन गद्दी स्थल पर आज एक बार फिर आकर, आप सब परिवारजनों से मिलकर मैं धन्य हो गया हूं।उन्होंने मां गंगा की सेवा को अपना सौभाग्य बताया। बोले, मां गंगा की कृपा से ही मुझे दशकों तक उत्तराखंड की सेवा का सौभाग्य मिला है। मैं मानता हूं कि उन्हीं के आशीर्वाद से मैं काशी तक पहुंचा और अब सांसद के रूप में काशी की सेवा कर रहा हूं। इसीलिए मैंने काशी में कहा भी था कि मुझे मां गंगा ने बुलाया है। कुछ महीने पहले मुझे यह भी अनुभूति हुई कि जैसे मां गंगा ने मुझे अब गोद ले लिया है। यह मां गंगा की ही दुलार है, अपने इस बच्चे के प्रति उनका स्नेह है कि आज मैं उनके मायके मुखवा गांव आया हूं।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि कुछ साल पहले जब मैं बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए बाबा के चरणों में गया था, तो बाबा के दर्शन-अर्चन के बाद मेरे मुंह से अचानक कुछ भाव प्रकट हुए थे और मैं बोल पड़ा था कि यह दशक उत्तराखंड का दशक होगा।

वो शब्द मेरे थे, भाव मेरे थे लेकिन उनके पीछे सामर्थ्य देने की शक्ति स्वयं बाबा केदारनाथ ने दी थी। मैं देख रहा हूं कि बाबा केदार के आशीर्वाद से धीरे-धीरे वो शब्द, वो भाव हकीकत में बदल रहे हैं। यह दशक उत्तराखंड का बन रहा है।उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाने के लिए हमारी डबल इंजन सरकार मिलकर काम कर रही है। चारधाम ऑल वेदर रोड, आधुनिक एक्सप्रेस वे, राज्य में रेलवे, विमान और हेलीकॉप्टर सेवाओं का विस्तार पिछले 10 वर्षों में तेजी से हुआ है। अभी कल ही केंद्रीय कैबिनेट ने केदारनाथ रोपवे प्रोजेक्ट और हेमकुंड रोपवे प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। केदारनाथ रोपवे बनने के बाद जो यात्रा 8 से 9 घंटे में पूरी होती है, अब उसे लगभग 30 मिनट में पूरा कर लिया जाएगा। इससे बुजुर्गों और बच्चों के लिए केदारनाथ यात्रा और सुगम हो जाएगी।उन्होंने आगे कहा कि टूरिज्म उत्तराखंड के लिए बहुत जरूरी है। मैं चाहता हूं कि उत्तराखंड में कोई भी सीजन ऑफ सीजन न हो, हर सीजन में टूरिज्म ऑन रहे। उत्तराखंड में पर्यटकों की संख्या इस एक दशक में तेजी से बढ़ी है। 2014 से पहले चारधाम यात्रा पर हर साल औसतन 18 लाख यात्री आते थे। अब हर साल लगभग 50 लाख तीर्थयात्री आने लगे हैं। यहां सर्दियों में पर्यटन के दौरान ट्रैकिंग और स्कीइंग जैसी रोमांचक गतिविधियां होती हैं, जो वाकई एक रोमांचक अनुभव है।

## उच्चतम न्यायालय ने प्रयागराज में अतिक्रमण हटाओ के 'मनमानेपूर्ण' मामले पर आपत्ति जताई






**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** उच्चतम न्यायालय ने प्रयागराज में उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किये बिना मकानों को ध्वस्त करने को लेकर बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार से नाखुशी जताई और कहा कि यह कार्रवाई ''चौंकाने वाला और गलत संदेश'' देती है।न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मकान गिराने के 'मनमानेपूर्ण' मामले पर आपत्ति जताई और कहा कि ध्वस्त किए गए ढांचों का पुनर्निर्माण करना होगा।पीठ ने कहा, '' प्रथम दृष्टया, यह कार्रवाई चौंकाने वाली और गलत संदेश भेजती है। यह ऐसी चीज है जिसे ठीक करने की जरूरत है। आप मकानों को ध्वस्त करने जैसी कठोर कार्रवाई कर रहे हैं... हम जानते हैं कि इस तरह के अति तकनीकी तर्कों से कैसे निपटना है। आखिरकार अनुच्छेद 21 और आश्रय का अधिकार जैसी कोई चीज है।''अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि ने राज्य सरकार की कार्रवाई का बचाव करते हुए कहा कि याचिकाकर्ताओं को विध्वंस नोटिस का जवाब देने के लिए उचित समय दिया गया था।याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि राज्य सरकार ने यह सोचकर मकान गिरा दिये कि जमीन गैंगस्टर अतीक अहमद की है जो 2023 में मारा गया था। उच्चतम न्यायालय अधिवक्ता जुल्फिकार हैदर, प्रोफेसर अली अहमद और अन्य लोगों की याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिनके घर ध्वस्त कर दिए गए थे।

## लंबे समय तक लिव इन में रहकर महिला नहीं लगा सकती रेप का आरोप-सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लंबे समय तक लिव इन में रहने के बाद महिला अपने साथी पर बलात्कार का आरोप नहीं लगा सकेगी। सुप्रीम कोर्ट ने एक दुष्कर्म केस की सुनवाई के दौरान फैसला सुनाया है। खास बात है कि दोनों एक दशक से ज्यादा समय तक साथ रहे थे। अदालत ने इसे रिश्तों में खटास आने का मामला करार दिया है। साथ ही अपीलकर्ता पुरुष को आपराधिक कार्यवाही से राहत दी है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि कोई महिला लंबे समय तक (यहां 16 साल) लिव-इन रिश्ते में रहती है, तो बाद में अपने साथी पर बलात्कार का आरोप नहीं लगा सकती।

## महाराष्ट्र की भाषा मराठी है, मेरे बयान को गलत तरीके से पेश किया गया-भैयाजी जोशी

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता भैयाजी जोशी ने गुरुवार को अपने बयान पर मचे सियासी घमासान पर बात करते हुए कहा कि उनके एक बयान की वजह से गलतफहमी हो गई है। जोशी ने पहले एक टिप्पणी में कहा था कि मुंबई आने वाले हर व्यक्ति को मराठी नहीं सीखनी चाहिए, जिससे चल रहे भाषा विवाद के बीच राजनीतिक घमासान छिड़ गया है। हालांकि, अब उन्होंने कहा कि मेरे एक बयान की वजह से गलतफहमी हो गई है। इसमें कोई दो राय नहीं कि मुंबई की भाषा मराठी नहीं है। महाराष्ट्र की भाषा मराठी है। मुंबई महाराष्ट्र में है और स्वाभाविक रूप से मुंबई की भाषा मराठी है। आरएसएस नेता ने कहा कि भारत में विभिन्न भाषाएँ बोली जाती हैं। मुंबई में भी अलग-अलग भाषाएं बोलने वाले लोग रहते हैं। तो




ये स्वाभाविक अपेक्षा है कि वे भी यहां आएं और मराठी सीखें, मराठी समझें, मराठी पढ़ें। मुझे लगता है कि यह सह-अस्तित्व का एक बड़ा उदाहरण है कि भारत में इतनी सारी भाषाएँ बोलने वाले लोग एक साथ रहते हैं। मुझे लगता है कि मुंबई भी इसका एक आदर्श उदाहरण है। लेकिन एक स्वाभाविक अपेक्षा है कि मुंबई आने वाला व्यक्ति मराठी समझे, मराठी बोले, मराठी सीखे, मराठी पढ़े।उन्होंने कहा कि यही एकमात्र अपेक्षा है। मुझे इससे अधिक कुछ नहीं कहना है। मेरी मातृभाषा मराठी है। लेकिन मैं सभी भाषाओं के अस्तित्व का भी सम्मान करता हूं। मैं सभी से इसे एक ही नजरिए से देखने का अनुरोध करता हूं। आरएसएस नेता भैयाजी जोशी के बयान पर शिव सेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने कहा कि भैयाजी जोशी के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने गुरुवार को इस बात पर जोर दिया कि मराठी मुंबई और महाराष्ट्र की भाषा है और जो कोई भी यहां रहता है उसे इसे सीखना और बोलना चाहिए।विधानसभा में जब जाधव ने इस पर सरकार से जवाब मांगा तो फड़णवीस ने कहा, %%मैंने नहीं सुना कि भैयाजी ने क्या कहा, लेकिन मुंबई और महाराष्ट्र की भाषा मराठी है। उन्होंने कहा, हर किसी को मराठी सीखनी चाहिए और भाषा बोलनी चाहिए।÷ सीएम ने कहा कि उनकी सरकार अन्य भाषाओं का भी सम्मान करती है। फडणवीस ने कहा, ÷यदि आप अपनी भाषा से प्यार करते हैं और उसका सम्मान करते हैं, तो आप अन्य भाषाओं के साथ भी ऐसा ही करते हैं। मुझे यकीन है कि भैयाजी मुझसे सहमत होंगे।

## अरविंद केजरीवाल को मिलती रहेगी जेड कैटेगरी की सुरक्षा

### वीआईपी सिक्योरिटी रिव्यू के बाद एमएचए ने लिया फैसला



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को ˆ कैटेगरी की सुरक्षा मिलती रहेगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सिक्योरिटी रिव्यू के बाद यह फैसला लिया है।फैसले के बाद केजरीवाल की ˆ कैटेगरी सुरक्षा को फिलहाल बरकरार रखा गया है। हालांकि, आईबी और दिल्ली पुलिस के द्वारा खतरे के आकलन के बाद इस पर आगे फैसला लिया जाएगा। इस संबंध में दिल्ली पुलिस की सिक्योरिटी विंग केंद्रीय गृह मंत्रालय को मौजूदा सुरक्षा स्थिति को लेकर रिपोर्ट भेज सकती है।बता दें कि केजरीवाल को ˆ प्लस की सुरक्षा मिली हुई है। वो दूसरे राज्य की सुरक्षा की नहीं ले सकते और न और न उनको दूसरे राज्य से सुरक्षा मिल सकती है। ये कानूनी तौर पर गलत है। अगर दूसरे राज्य के VVIP आते हैं और उनके साथ सुरक्षा होती है, तो वो भी 72 घंटे ही सिक्योरिटी रख सकते हैं। उसके लिए भी दिल्ली पुलिस को जानकारी देनी होती है। अगर जानकारी नहीं देते हैं, तो ये कानूनन गलत है।

## पाकिस्तानी मूल का मुस्लिम हूं, भारत में टॉर्चर करेंगे..,

### ● प्रत्यर्पण से बचने के लिए तहव्वुर राणा की नई चाल



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** मुंबई आतंकवादी हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा ने भारत में अपने प्रत्यर्पण पर आपातकालीन रोक लगाने के लिए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार अपने आवेदन में राणा ने कहा कि भारत में उसे प्रताड़ित किए जाने की बहुत अधिक संभावना है क्योंकि वह पाकिस्तानी मूल का मुस्लिम है। 63 साल के तहव्वुर राणा फिलहाल लॉस एंजेलिस की जेल में बंद हैं। वह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकवादी डेविड हेडली से जुड़ा हुआ माना जाता है, जो मुंबई हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक था जिसमें 166 लोग मारे गए थे।अपनी याचिका में, राणा ने कहा कि वह कई बीमारियों से पीड़ित हैं, जिनमें उन्नत हृदय धमनीविस्फार, संज्ञानात्मक गिरावट के साथ पार्किंसंस और संभावित मूत्राशय कैंसर शामिल हैं। राणा के वकीलों ने तर्क दिया कि वह मुकदमे का सामना करने के लिए लंबे समय तक जीवित नहीं रह पाएंगे। राणा की कानूनी टीम ने आगे कहा कि उसे ÷हॉर्नेट्स घोंसले÷ में नहीं भेजा जा सकता जहां उसे ÷राष्ट्रीय, धार्मिक और सांस्कृतिक दुश्मनी का लक्ष्य÷ बताया जाएगा।आवेदन में 2023 ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट का हवाला दिया गया है जिसमें भारत में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा धार्मिक अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों के साथ व्यवस्थित भेदभाव और कलंक लगाने का आरोप लगाया गया है। भारत ने इस रिपोर्ट को आधारहीन बताते हुए खारिज कर दिया है। आवेदन में आगे कहा गया है कि भारत सरकार ÷तेजी से निरंकुश÷ हो रही है, यह तर्क देते हुए कि राणा के निष्पक्ष परीक्षण का अधिकार खतरे में पड़ जाएगा।भारत ने कहा कि वह मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के जल्द प्रत्यर्पण के लिए अमेरिकी अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने 21 जनवरी को राणा की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी थी, जिससे उसके भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हो गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''हम अब मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी को शीघ्र भारत प्रत्यर्पित करने के लिए प्रक्रियागत मुद्दों पर अमेरिकी पक्ष के साथ काम कर रहे हैं।

## अदालतों से जमानतों के मामलों में लंबी तारीखें देने की अपेक्षा नहीं की जाती -सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि अदालतों से यह अपेक्षा नहीं की जाती कि वे जमानतों से संबंधित मामलों की लंबी तारीखें दें। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब उन्हें बताया गया कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने चिकित्सा आधार पर अस्थायी जमानत की याचिका पर सुनवाई की तारीख दो महीने बाद निर्धारित की है।याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्होंने इस आधार पर अस्थायी जमानत के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था कि उनके मुवक्किल की दो साल की बेटी को तत्काल सर्जरी की जरूरत है।वकील ने दलील दी कि उच्च न्यायालय ने 21 फरवरी को पारित अपने आदेश में मामले की सुनवाई 22 अप्रैल के लिए स्थगित कर दी थी। पीठ ने कहा, स्वतंत्रता के मामलों में अदालतों से यह अपेक्षा नहीं की जाती कि वे मामले को इतनी लंबी तारीख तक रोके रखें।

## वाशिंगटन ने कहा- युद्ध के लिए हम भी हैं तैयार

### ● चीन की धमकी पर अमेरिका का पलटवार



**वाशिंगटन,एजेंसियॉ।** अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनाव के संकेत के रूप में, अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने जोर देकर कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका चीन के साथ युद्ध के लिए तैयार है। यह घटनाक्रम तब हुआ जब बीजिंग ने अमेरिका को चेतावनी दी कि वह किसी भी युद्ध से लड़ने के लिए तैयार है, चाहे वह टैरिफ युद्ध हो या कोई अन्य युद्ध। तीखी प्रतिक्रिया में, हेगसेथ ने कहा, ÷हम तैयार हैं। जो लोग शांति चाहते हैं उन्हें युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए।एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस बात पर जोर देते हुए कि संघर्ष को रोकने के लिए सैन्य ताकत महत्वपूर्ण है, हेगसेथ ने कहा, ÷इसलिए हम अपनी सेना का पुनर्निर्माण कर रहे हैं। अगर हम चीनियों या अन्य लोगों के साथ युद्ध को रोकना चाहते हैं, तो हमें मजबूत होना होगा, और राष्ट्रपति समझते हैं कि शांति ताकत के माध्यम से आती है। अमेरिकी रक्षा सचिव ने चीनी सेना में विस्तार को भी रेखांकित किया, उन्होंने कहा कि बीजिंग तेजी से अपने रक्षा खर्च और आधुनिक तकनीक को बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा, ÷वे (चीन) संयुक्त राज्य अमेरिका का स्थान लेना चाहते हैं।इससे पहले चीन के विदेश मंत्रालय ने एक पोस्ट में कहा था कि वह अमेरिका के साथ कोई भी युद्ध लड़ने के लिए तैयार है, चाहे वह टैरिफ वॉर हो या कोई अन्य युद्ध। मंत्रालय ने अमेरिका पर चीन से आयात पर शुल्क बढ़ाने के लिए फेंटेनाइल को ÷मामूली बहाना÷ के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

विदेश मंत्रालय का दावा है कि फेंटेनल संकट के लिए अमेरिका खुद जिम्मेदार है, जबकि चीन ने इस मुद्दे से निपटने में अमेरिका की सहायता के लिए मजबूत कदम उठाए हैं।

## अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी में होली मिलन समारोह की अनुमति नहीं

### ● करणी सेना का ऐलान- 10 मार्च को घुसकर खेलेंगे होली



**अलीगढ़ ,एजेंसियॉ।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में परिसर के अंदर होली मिलन मनाने की अनुमति अधिकारियों द्वारा अस्वीकार किए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया है, जिसके कारण कुछ छात्रों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन हिंदुओं के साथ भेदभाव कर रहा है। छात्रों ने अब अनुमति नहीं मिलने पर मामले को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने उठाने की धमकी दी है। मास्टर डिग्री के छात्र अखिल कौशल ने 25 फरवरी को अनुमति मांगी थी। हिंदू छात्रों की ओर से, कुलपति को संबोधित एक पत्र विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर वसीम अली को सौंपा गया था, जिसमें 9 मार्च को विश्वविद्यालय के एनआरएससी क्लब में होली मिलन समारोह आयोजित करने की अनुमति मांगी गई थी।दावा किया जा रहा है कि छात्रों को बाद में प्रॉक्टर द्वारा सूचित किया गया कि प्रशासन ने परिसर के अंदर होली कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं देने का फैसला किया है। अखिल कौशल ने बताया कि अब तक हमें इसकी अनुमति नहीं दी गई है। प्रोफेसर वसीम अली खान ने कहा कि 26 फरवरी को, पांच छात्रों ने मुझे कुलपति को संबोधित एक हस्ताक्षरित पत्र दिया था, जिसमें वीसी से अनुरोध किया गया था कि वे उन्हें 9 मार्च को होली समारोह के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एक स्थान आवंटित करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने फैसला किया कि चूंकि पहले कभी भी ऐसी कोई विशेष अनुमति नहीं दी गई है, इसलिए अब भी इसका पालन किया जाएगा।

विश्वविद्यालय में छात्रों द्वारा अपने-अपने विभागों और छात्रावासों में होली मनाई जाती है। विश्वविद्यालय किसी विशेष समारोह की अनुमति देने के पक्ष में नहीं है। अखिल भारतीय करणी सेना के अध्यक्ष यानेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि एएमयू के कुछ छात्रों ने एएमयू प्रशासन से %होली मिलन% समारोह मनाने की इजाजत मांगी थी, लेकिन यूनिवर्सिटी ने इससे इनकार कर दिया है। आज हमने पीएम को संबोधित करते हुए डीएम को ज्ञापन दिया है, जिसमें कहा गया है कि एएमयू में हिंदू छात्रों के साथ अलग व्यवहार किया जा रहा है। अगर इजाजत नहीं मिली तो 10 मार्च को हम एएमयू में घुसकर छात्रों के साथ होली मनाएंगे। इस बीच, समाजवादी पार्टी के नेता आशुतोष वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को मामले का संज्ञान लेना चाहिए क्योंकि ÷किसी को भी त्योहार मनाने से नहीं रोका जाना चाहिए÷।

# एनएसएस से होता है व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास - पंकज जायसवाल

## आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** आर्य कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर के अंतिम दिन का आरंभ प्रार्थना, योग एवं ध्यान से हुआ। अध्यक्ष शासी निकाय पंकज जायसवाल ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। प्राचार्या प्रो. अर्चना पाठक ने कहा कि स्वयं सेविकाएं मानवीय एवं राष्ट्रीय कर्तव्य के प्रति सचेत रहें और कर्तव्य निर्वहन करती रहें।

मुख्य वक्ता इनरव्हील क्लब की डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर तान्या के द्वारा सभी स्वयं सेविकाओं को सेनेटरी पैड तथा परमार्थ निकेतन की तरफ से सभी स्वयं सेविकाओं को डेटॉल साबुन वितरित किए गए। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अंत में प्लास्टिक उन्मूलन के लिए कपड़े के झोलों को लेकर एक विशाल मानव श्रृंखला बनाई गई और संदेश दिया गया की प्लास्टिक का बहिष्कार किया जाए। सभी स्वयं सेविकाओं को भी कपड़े का थैला वितरित किया गया।

शिविर के अंतिम सत्र में स्वयं सेविकाओं ने महा कुंभ के विभिन्न आयामों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कुंभ के महत्व को, उसकी व्यवस्थाओं को अपने शब्दों में सबके सामने रखा और गीत, संगीत तथा होली के रंग के साथ शिविर का समापन हुआ। विशेष शिविर का संचालन प्रभारी डॉ रंजना त्रिपाठी, डॉ मुदिता तिवारी, डॉ अनुपमा सिंह, डॉ अर्चना सिंह तथा डॉ भारती ने संयुक्त रूप से किया। शिविर प्रभारी डॉ रंजना त्रिपाठी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की सलाहकार डॉ ममता गुप्ता, उप प्राचार्य इभा सिरोठिया, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो. नीलांजना जैन तथा प्रो अंजू श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

# महिला दिवस को होली महामहोत्सव मनाया जाएगा

**प्रयागराज।** महाकुंभ सम्पन्न होने के बाद के.पी.ग्राउण्ड परिसर में महिला दिवस के मौके पर इस बार फूलों से होली खेली जाएगी। इस होली कार्यक्रम में भोजपुरी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री अक्षरा सिंह मुख्य अतिथि होंगी। यह जानकारी गुरुवार को मकून्स स्कूल के प्रबंधक अमित एवं स्कूल की प्रधानाचार्य गीता उपाध्याय ने संयुक्त रूप से दी।
उन्होंने बताया कि विश्व में सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ के बाद प्रयागराज शहर में फूलों की होली खेलने का आयोजन किया जाएगी। यह कार्यक्रम महिला दिवस के मौके पर 8 मार्च की शाम 6 बजे शुरू होगा। कार्यक्रम की जानी मानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह समेत अन्य प्रमुख कलाकार शामिल होंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पास और शुल्क भी निर्धारित किया गया है। शुल्क के सम्बन्ध में मोबाइल नम्बर 9026903203 एवं 9935363111 से सम्पर्क कर सकते हैं।

# प्राणी कल्याण के लिए है श्रीमद्भागवत कथा-वटुक महाराज

## सैबसा में भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू किया गया साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के सैबसा गांव में कॉंग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चंद पांडेय के आवास पर श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरुआत की गई।कथा व्यास बटुक जी महाराज व आचार्यो के साथ मुख्य यजमान शोभा रमेश चंद पांडेय ने सिर पर भागवत भगवान की पुस्तक लेकर उमापुर गंगा घाट से वैदिक मंत्रों के बीच कलश यात्रा पूरी की।पण्डाल में कलश स्थापना के साथ वेदी पूजन और देव आह्वान कर संगीतमय कथा का शुभारंभ हुआ।
कथा आयोजक पूर्व प्रधान सैबसा बबलू पांडेय ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के मुख्य यजमान उनके माता पिता शोभा पांडेय व रमेश चंद पांडेय के साथ परिवार के अन्य लोग भी यजमान के रूप में कथा श्रवण करेंगे।शुक्रवार सुबह कलश यात्रा के लिए यजमान के साथ



परिवार की महिलाएं पीत वस्त्र धारण कर कलश यात्रा के लिए उमापुर गंगा घाट पहुंची।साथ मे सैकड़ों महिलाएं भी इस यात्रा में शामिल हुई।आचार्यो ने वैदिक मंत्रों के साथ गंगा पूजन कराया और उसके बाद लोगों ने कलश भरकर यात्रा शुरू की।बाजे गाजे के साथ निकली यात्रा में महिलाएं मंगल गीत गा रही थी।साथ मे रहे युवक झूमते नाचते जयकारे लगाते हुए धर्म ध्वज के साथ आगे बढ़ते हुए कथा पण्डाल पहुंचे।यहाँ कलश स्थापना और वेदी रचना की गई है।
श्री पांडेय ने बताया कि साप्ताहिक श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ की संगीतमय कथा की शुरुआत हो गयी है।कथा प्रतिदिन शाम 3 बजे से होगी। तेरह मार्च को सामूहिक पूर्ण आहुति, हवन, ब्राह्मण भोज, कन्या भोज, कुटुंब भोज, महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

# रेल ट्रैक दुर्घटना दायित्व को गम्भीरता से लें- वी वी रमेश

## जरार क्रॉसिंग स्टेशन पर मनाया गया सुरक्षा दिवस, सुरक्षा में लगे कई कामगारों को किया गया सम्मानित




**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** एनटीपीसी के जरार क्रासिग स्टेशन पर शुक्रवार 6 मार्च को 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के तहत एमजीआर विभाग द्वारा आयोजित बेस्ट सेफ्टी परफॉर्मेंस अवार्ड यूनीरेल के 28 कामगारों को अपर महाप्रबंधक (एफएम) वी वी रमेश द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिसमें यूनीरेल कम्पनी के पेट्रोलिंग गार्ड्स एवं ट्रैक मेंटीनेंस तथा एस एंड टी विभाग सभी कर्मचारी शामिल हुए । उप महाप्रबंधक अरविंद भारती ने उपस्थित कामगारों को ट्रैक पर होने वाली संभावित दुर्घटनाओं से बचने एवं भविष्य में जीरो एक्सीडेंट के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी को प्रेरित किया। उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की । इस अवसर पर एम के मुंडा इंस्पेक्टर सीआइएसएफ एवं उनकी टीम द्वारा अग्नि शमन यंत्रों से आग बुझाने का प्रशिक्षण सभी कामगारों को दिया गया। आर के द्विवेदी (सहायक प्रबन्धक एमजीआर) ने बताया कि सुरक्षा नियमों का अनुपालन करना हम सभी का दायित्व है।कोल रैक के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करना हम सभी की ड्यूटी है। जिससे विद्युत उत्पन्न करके एनटीपीसी राष्ट्र निर्माण मे अपनी अग्रणी भूमिका निभाती रहे।
इस अवसर पर कामगारों द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर किए गए अच्छे कार्यो के लिए उनको को सम्मानित किया गया तथा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शून्य दुर्घटना लक्ष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।
कार्यक्रम में एमजीआर विभाग के सभी अधिकारी वी वी रमेश,अरविंद भारती, आर के द्विवेदी, विवेक सोनल, रवि तथा एस पी सिंह (पी एम युनिरेल), विश्वजीत गिरी (एचआर एडमिन युनिरेल) ,नितीश कुमार लक्ष्मी कान्त, सौरभ, सच्चिदानंद द्विवेदी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# जन औषधि दिवस पर होगी पैक्स महासंगोष्ठी

## सस्ती दवाओं के अभियान में सहकारी समितियों को दी जा रही वरीयता



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब कल्याण के संकल्प को साकार करते हुए गुणवत्तायुक्त सस्ती दवाओं की उपलब्धता जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सुनिश्चित की है। इस अभियान को सहकारी समितियों से जोड़कर इसे और व्यापक बनाने के लिए 8 जनवरी को जन औषधि दिवस पर महा संगोष्ठी की जाएगी।
यह जानकारी सहकारी समिति तेंदुआ कला के अध्यक्ष राहुल तिवारी ने दी है। उंन्होने बताया कि प्रधानमंत्री के इस महत्वकांक्षी योजना को भारत सरकार के केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के अथक प्रयास से 8 जनवरी 2024 में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के संचालन हेतु राष्ट्रीय पैक्स महासंगोष्ठी-विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। पहली बार देश के साधन सहकारी समितियों को भी जन औषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के तहत प्रयागराज मंडल में सर्वप्रथम तेंदुआकलां- साधन सहकारी समिति मेजा को जन औषधि केंद्र खोलने की स्वीकृति मिली है.।समिति अध्यक्ष राहुल तिवारी के प्रयास से किसानों, गरीबों, श्रमिकों एवं मध्यम वर्गीय परिवार को सस्ती दरो पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयाँ उपलब्ध कराई जा रही हैं।श्री तिवारी ने जन-जन के उत्तम स्वास्थ्य के पावन लक्ष्य को समर्पित, जन औषधि दिवस की हार्दिक बधाई दी है।

# नौकरी के नाम पर यौन उत्पीड़न के आरोपी की सशर्त जमानत मंजूर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर यौन उत्पीड़न और अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोपित की जमानत अर्जी सशर्त स्वीकार कर ली है।
यह आदेश न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने नरेश मीणा उर्फ नरसाराम मीणा की जमानत अर्जी पर दिया है। याची के खिलाफ आगरा के खंडौली थाने में आईपीसी की धारा 376, 506 और आईटी अधिनियम की धारा 67 के तहत दर्ज एफआईआर के अनुसार याची ने पीड़िता के साथ शारीरिक सम्बंध बनाने के लिए उसे यह कहकर धोखा दिया कि वह उसे उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती कराएगा और उससे नौ लाख रुपये लिए। इसके बाद उसने पीड़िता के साथ यौन उत्पीड़न किया और उसका अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।
याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याची पूरी तरह निर्दोष है। उसे गलत



तरीके से इस मामले में फंसाया गया है। उसका इस अपराध से कोई लेना-देना नहीं है। अपीलार्थी का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। एफआईआर में चार महीने की देरी हुई है और इस देरी का कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। एजीए ने जमानत अर्जी का जोरदार विरोध किया, लेकिन इस तथ्य को नहीं नकारा कि याची का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। जमानत के समर्थन में यह भी कहा गया कि याची एक ईमानदार व्यक्ति के रूप में पीड़िता की देखभाल करने के लिए तैयार है जैसे कि वह उसकी पत्नी हो। पीड़िता वयस्क है।

# साइंटिस्ट कम्युनिटी भी पवित्र संगम जल की क्रिस्टल क्लियर देख अभिभूत- डॉ. अजय सोनकर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** भारत के बाद अब अमेरिका समेत कई देशों में त्रिवेणी संगम के जल को लेकर जबरदस्त चर्चा हो रही है। एक ओर वैज्ञानिक समुदाय में गंगा जल की शुद्धता और इसके अनोखे गुणों की वजह को लेकर गहन मंथन किया जा रहा है। दूसरी ओर विज्ञान के क्षेत्र में करोड़ों रिसर्च पेपर और जर्नल प्रकाशित करने वाली संस्था एकेडमिया गंगा जल से जुड़े रहस्यों को जानने के लिए उत्सुक है।मां गंगा के जल को अल्कलाइन वॉटर से भी ज्यादा शुद्ध सिद्ध करने वाले पद्मश्री वैज्ञानिक डॉक्टर अजय सोनकर से पूरी दुनिया के तमाम देशों के लोग सम्पर्क कर रहे हैं। इनमें हैदराबाद, अंडमान, तमिलनाडु से लेकर अमेरिका, इटली, कनाडा, स्विट्जरलैंड तक लोग शामिल हैं। ये लोग यहां महाकुम्भ में पवित्र स्नान करने के बाद अपने साथ गंगाजल भी ले गए।पूरी दुनिया हैरानडॉक्टर अजय सोनकर के अनुसार यूट्यूब पर गंगा जल के वीडियो पूरी दुनिया में खूब देखे गए। इसे लेकर सीएम योगी की चर्चा सात समंदर पार तक पहुंच गई है। दुनिया इस बात से हैरान है कि 66 करोड़ से भी ज्यादा लोग बिना किसी असुविधा के संगम स्नान कैसे कर गए। साथ ही चीन के बाद दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी के स्नान के लिए इतना बड़ा आयोजन यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अकेले कैसे कर लिया।वैज्ञानिक आधार को समझ रहे शोधकर्तागंगा जल को लेकर दुनिया भर के वैज्ञानिक और शोधकर्ता पद्मश्री वैज्ञानिक डॉ. सोनकर से इसके वैज्ञानिक आधार को समझ रहे हैं। डॉ. सोनकर ने अपने इस शोध में पाया है कि गंगा जल में 1100 प्रकार के बैक्टीरियोफेज मौजूद हैं। जो किसी भी हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं। इस पर दुनिया भर में



शोधकर्ताओं की विशेष रुचि है। लोग ई मेल और सोशल मीडिया के माध्यम से इस मुद्दे पर सबसे ज्यादा जानकारी चाहते हैं।भारत ही नहीं, दुनियाभर में पहुंचा पवित्र गंगा जलयूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर गंगा जल से जुड़े वीडियो तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गंगा संरक्षण और संवर्धन की पहल अब सात समंदर पार तक चर्चा का विषय बन चुकी है। हैदराबाद, अंडमान, तमिलनाडु से लेकर अमेरिका, इटली, कनाडा और स्विट्जरलैंड तक लोग गंगाजल अपने साथ ले गए हैं। यह जल न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है, बल्कि इसकी वैज्ञानिक विशेषताओं ने भी लोगों को आकर्षित किया है।
डॉ. सोनकर ने बताया कि विश्व के बड़े वैज्ञानिक और शोधकर्ता गंगाजल की खूबियों को लेकर प्रतिदिन उनसे नई-नई जानकारी मांगते हैं। जिसे उपलब्ध कराया जा रहा है। यहां से विश्व के तमाम देशों के लोग गंगा जल अपने साथ लेकर गए। अपने घर पर रखा क्रिस्टल क्लियर गंगाजल देख पूरी दुनिया अभिभूत है।
स्टेटस सिंबल भी बना जलगंगा जल की पारदर्शिता और शुद्धता को देखकर लोग चकित हैं। कई विदेशी पर्यटक इसे अपने घरों में रखने को लेकर उत्सुक हैं। गंगा जल अब न केवल आध्यात्मिकता का प्रतीक है, बल्कि यह लोगों के लिए एक स्टेटस सिंबल भी बन चुका है। लोग गंगाजल को विभिन्न बर्तनों में रखकर उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं।
धार्मिक महत्व के साथ-साथ गंगा जल अब एक सांस्कृतिक विरासत बन गया है। जिसे लोग गर्व से अपने साथ रख रहे हैं।

# दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

## पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर शुरू की जांच

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** मेजा थाना क्षेत्र के धरावल स्थित गोपीनाथ इंटर कालेज के समीप तहसील मुख्यालय से घर वापसी कर रहे बाइक सवार अधिवक्ता और सामने से आ रहे दो बाइक सवार युवकों की सीधी टक्कर में अधिवक्ता की मौके पर मौत हो गयी। दूसरी बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर घायल युवकों को सीएचसी मेजा पहुंचाया।
मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को पौने चार बजे मेजा थाना क्षेत्र के मदरहा निधि का पूरा गांव के बाइक सवार अधिवक्ता अनूप कुमार मिश्र (38) पुत्र रमाशंकर मिश्र मेजा



तहसील से अपने घर जा रहे थे। मेजा भटौती मार्ग के धरावल गांव के सामने गोपीनाथ इंटर कालेज की बाउंड्री के पास सामने से आ रहे बाइक सवार युवकों की जोरदार टक्कर हो गयी। सामने की बाइक पर सवार युवक खीरी थाना क्षेत्र के टौगा गांव के बताए गए हैं। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भिजवाया गया और पुलिस ने मृतक के शव कब्जे में लेकर जांच शुरू की गई है। मृतक अधिवक्ता को एक बेटी व दो बेटे हैं।

# केन्द्र व्यवस्थापक पुलिस गिरफ्त से बाहर, बीस परीक्षा केंद्रों पर सख्त पहरा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मऊआइमा (प्रयागराज)।** मऊआइमा क्षेत्र के चकश्याम पूरे हिंचा में स्थित भोलानाथ रामसुख पटेल इंटर मीडिएट कालेज में मंगलवार को नौ फर्जी कक्ष निरीक्षकों के जेल जाने के बाद नये कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की गयी है। बताया गया है कि नामजद आरोपी केन्द्र व्यवस्थापक प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह फरार चल रहे हैं। उनका मोबाइल बंद है। पुलिस सर्विलांस के जरिए तलाश में जुटी है। बता दें कि जिला विद्यालय निरीक्षक ने केन्द्र व्यवस्थापक पर वीरेंद्र सिंह पर परीक्षा नियमों की अनदेखी करने तथा अन्य गलत कार्य में संलिप्त रहने के आरोप में उन्हें हटा कर दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मांडल इंटर मीडिएट कालेज कमला नगर के प्रवक्ता डाक्टर धनंजय यादव को भोलानाथ रामसुख इंटरमीडिएट कालेज का केन्द्र व्यवस्थापक नियुक्त किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र में बीस परीक्षा केंद्रों पर पुलिस का सखूत पहरा बैठा दिया गया है।

**नकलची तलाश रहे हैं जुआड, नहीं गल रही है दाल**

भोलानाथ रामसुख इंटर मीडिएट कालेज में फर्जी कक्ष निरीक्षकों के जेल जाने के बाद नकलची परीक्षार्थी शिक्षकों से नकल कराने के लिए कह रहे हैं। शिक्षकों ने साफ तौर से मना कर दिया है कि उन्हें जेल नहीं जाना है। बहरहाल नकलची परीक्षार्थी नकल के लिए स्रोत तलाश में जुटे हुए हैं। परन्तु नकली परीक्षार्थियों की दाल नहीं गल रही है।इंस्पेक्टर मऊआइमा वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि यदि कहीं शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जायेगी।

**अन्य परीक्षा केंद्रों पर बोल कर नकल कराने का आरोप**

मऊआइमा में बीस परीक्षा केंद्रों में अन्य परीक्षा केंद्रों पर मोटी रकम लेकर खामोशी से बोल कर नकल कक्ष निरीक्षकों द्वारा कराने का आरोप है। बहरहाल शासन लाख नकद रोकने की कोशिश करे परन्तु नकल रूकना बहुत मुश्किल है।

# महाकुम्भ मेला सम्पन्न होने के बाद भी स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक- आकांक्षा राणा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** महाकुम्भ मेला संपन्न होने के बाद भी क्षेत्र की स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक है, ताकि भविष्य में होने वाले आयोजनों के लिए इसे आदर्श रूप में विकसित किया जा सके। यह बातें गुरुवार को प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा निरंतर चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के मौके पर आईएएस आकांक्षा राणा ने कही।उन्होंने कहा कि प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने इस पहल को जारी रखने का संकल्प लिया है। सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। महाकुंभ मेला 2025 के सफल आयोजन के पश्चात, प्रयागराज मेला प्राधिकरण मेला क्षेत्र की सफाई और स्वच्छता बनाए रखने के लिए निरंतर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में गुरुवार को सेक्टर 6 में एक स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश 15 बटालियन के 40 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। यह अभियान सुबह 9 बजे प्रारंभ हुआ और 11 बजे तक चला।
स्वच्छता अभियान का संचालन सूबेदार मनोज कुमार एवं हवलदार पुष्पेंद्र सिंह चाहर के नेतृत्व में किया गया। कैडेट्स ने पूरे क्षेत्र में फैले कचरे को एकत्र कर उसका उचित निस्तारण किया, जिससे कुंभ मेला क्षेत्र को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाया जा सके।
यह अभियान प्रयागराज मेला प्राधिकरण के मार्गदर्शन में तथा आकांक्षा राणा, ओएसडी कुंभ मेला के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी आशुतोष यादव, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य अधिकारी आदित्य अग्रहरी एवं सेक्टर 6 के नायब तहसीलदार राहुल गौरव भी उपस्थित रहे।

# इनरव्हील क्लब ऑफ इलाहाबाद उदिशा ने होली थीम पर आयोजित किया चेयरमैन विजिट




**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** इनरव्हील क्लब की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन आशा अग्रवाल ने इलाहाबाद उदिशा का विजिट किया। इस अवसर पर क्लब की सदस्यों ने मुख्य अतिथि के रूप में उनका स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट एडिटर शालिनी अस्थाना भी मौजूद रहीं। उदिशा की अध्यक्ष शालिनी गुप्ता व उनकी टीम की सदस्य अर्पणा, रेनुका, ममता, प्रीति तथा अन्य सदस्य सारिका, मोनिका, शैली, संयुक्ता, वैशाली, संगीता, हेमा, निधी, गीता आदि मौजूद रहीं। संध्या के समय होली के रंगारंग समारोह के साथ समाप्त हुआ। कार्यक्रम में खुशी और एकता के रंग भी बिखेरे गए।

# करंट की चपेट में आने से गेस्ट हाउस में लगे दो मजदूरों की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** फूलपुर थाना क्षेत्र के गंगौर गांव में गुरुवार को शादी समारोह सम्पन्न होने के बाद गेस्ट हाउस में लगी लाइट उतारते समय अचानक करंट की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई। एक मजदूर को उपचार के लिए स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।
सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर पंकज लवानिया ने बताया कि गुरुवार को गंगौर ग्राम प्रधान ने सूचना दिया कि नागेन्द्र टेंट हाउस में विपिन कुमार के बेटी की शादी थी। विदाई के बाद मजदूर लाइट हटाने में लगे हुए थे। इस दौरान अचानक तीन मजदूर करंट की चपेट में आकर झुलस गए। हालांकि किसी तरह लाइट काटने के बाद, तीनों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले गए जहां दो मजदूर गुज्जन एवं सूरज को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया और गंभीर रूप से झुलसे राजा को तत्काल स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय भेज दिया। इस सूचना पर फूलपुर थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और करंट की चपेट में आने से मृत मजदूर गुज्जन और सूरज के शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी बनीं 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की जिला संयोजक

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी को संगठनात्मक 'एक राष्ट्र एक चुनाव' जनजागरण अभियान का महानगर, गंगापार एवं यमुनापार जिले की जिला संयोजक मनोनीत किया गया है।उनके मनोनयन पर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा एवं महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी के संयोजन में एक राष्ट्र एक चुनाव जन जागरण अभियान को सफल बनाया जाएगा। प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि डॉ रीता बहुगुणा जोशी अभी दिल्ली में हैं, प्रयागराज आगमन पर उनका स्वागत किया जाएगा।
बधाई देने वालों में कुंज बिहारी मिश्रा, वरूण केसरवानी रवि, अनिल भट्ट, डॉ एल एस ओझा, देवेश सिंह रमेश पासी, सोनी भट्ट, ज्ञानेंद्र गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव, प्रमोद मोदी, किरन जायसवाल, विवेक अग्रवाल, विवेक मिश्रा, अजय अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल, बृजेश गुप्ता, वंदना दुबे, कल्पना राजुल शर्मा, मीना राय, माधवी चटर्जी, विनीता गुप्ता, किशन चंद्र जायसवाल, संगीता पांडे, अभिषेक ठाकुर, जितेन्द्र तिवारी, बृजेश श्रीवास्तव आदि सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

# जिलाधिकारी ने की जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक

**● आरबीएसके की टीम गांव में भ्रमण कर गर्भवती महिलाओं के नियमित टीकाकरण के बारे में प्राप्त करें जानकारी**



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा सम्राट उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना, चिकित्सकों एवं सीएचओ की उपलब्धता, आशा कार्यक्रम, आशा भुगतान, जननी सुरक्षा, परिवार कल्याण कार्यक्रम, जननी शिशु सुरक्षा, विटामिन बर्थ डोज मंत्रा पोर्टल, मातृ मृत्यु समीक्षा, टीकाकरण कार्यक्रम, एएनसी चेकप एवं आभा आईडी योजना सहित आदि अन्य योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी, एएनएम एवं आरबीएसके की टीम गांव में भ्रमण कर गर्भवती महिलाओं (एचआरपी) के बारे जानकारी प्राप्त करें, कि उनका नियमित टीकाकरणध्चेकप हो रहा है या नहीं। उन्होंने शिशु मृत्युदर की समीक्षा के दौरान शिशु म्त्युदर को कम करने के लिए आशाओं को जागरूक करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दियें। उन्होंने कहा कि आशायें घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं को शिशुओं की देखभाल कैसे करनी है, इसके बारे में जागरूक करें, जिससे शिशु मृत्युदर को कम किया जा सकें।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों में हुए प्रसव सम्बन्धी ऑकड़ों की जानकारी प्राप्त की गई। उन्हांने कहा कि प्रसूता को निर्धारित समयावधि 48 घण्टें तक अस्पताल में रोका जाय। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकत्रियों द्वारा गर्भवती महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा प्रसव सरकारी अस्पताल में कराने के लिए जागरूक किया जाय। उन्होंने आर0बी0एस0के0 टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर लक्ष्य के सापेक्ष किशोरियों की जॉच एवं सैम मैम बच्चों का वजन आदि सहित अन्य कार्यो को करेंगे।

बैठक में जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने एएनसी रजिस्ट्रेशन की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को गर्भवती महिलाओं की एएनसी चेकअप पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दियें। उन्होंने नियमित टीकाकरण की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि आशा एवं एएनएम के साथ नियमित रूप से बैठक कर टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की जाय तथा आशा एवं एएनएम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाय कि वे अपने बच्चों का टीका अवश्य लगवायें। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि टीम के साथ गॉव-गॉव भ्रमण कर टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण अवश्य करवायें। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय अन्धता निवारण कार्यक्रम, पुनरीक्षित क्षय रोग नियन्त्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग कार्यक्रम आदि की भी विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं प्राचार्य मेडिकल कॉलेज सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## तेज रफ्तार डीसीएम सैलून की दुकान में घुसी, टला हादसा

लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना क्षेत्र के लाटपुर गांव के समीप बृहस्पतिवार की सुबह घरेलू गैस सिलेंडर लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे सैलून की दुकान में घुस गया। इससे गुमटीनुमा दुकान क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत ये रही कि ट्रक पलटा नहीं। वरना बड़ी घटना हो सकती थी।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रयागराज स्थित गोदाम से करीब 600 सिलेंडर लादकर बृहस्पतिवार की सुबह ट्रक कोखराज एजेंसी जा रहा था। लाटपुर के समीप अचानक चालक नियंत्रण खो बैठा और ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गुमटीनुमा सैलून की दुकान में घुस गया। इस दौरान ट्रक चालक राम दुलारे ने कूदकर जान बचाई। घटना के तकरीबन चार घंटे बाद क्रेन से ट्रक को सड़क पर लाया गया। सैलून संचालक ने बताया कि उसका लगभग 20 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

## उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों, कोविड-19 में अनाथ हुए बच्चे एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की प्रवेश परीक्षा 09 मार्च को

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों तथा कोविड-19 की महामारी के दौरान कोरोना काल मे निराश्रित हुए बच्चों एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत पात्र बच्चों के लिए शैक्षिक सत्र-2025-26 के लिए कक्षा-06 में उपलब्ध कुल 140 सीट (70बालक एवं 70 बालिकाएं) व कक्षा-09 में उपलब्ध कुल 140 सीट (70 बालक एवं 70 बालिकाए) पर अटल आवासीय विद्यालय, प्रयागराज में प्रवेश के लिए जनपद कौशाम्बी के पंजीकृत श्रमिकों के द्वारा कुल 2940 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्रवेश परीक्षा के आयोजन के लिए जनपद में समस्त सुविधाओं से युक्त 11 परीक्षा केन्द्र-श्री दुर्गा देवी इण्टर कालेज ओसा मंझनपुर, करारी इण्टर कालेज करारी, एस0ए0वी0 इण्टर कालेज सैनी सिराथू, श्री फिरोज गांधी उ0मा0वि0 शमसाबाद सिराथू, गांधी मेमोरियल इण्टर कालेज दारानगर कड़ा, राजकीय बालिका इण्टर कालेज कड़ा, नेशनल इण्टर कालेज भरवारी, श्री लाल बहादुर इण्टर कालेज चायल, सरदार बल्लभ भाई पटेल इण्टर कालेज सराय अकिल, जवाहर लाल नेहरू इण्टर कालेज सरसवां एवं कौशाम्बी इण्टर कालेज बनायें गये हैं।

प्रवेश परीक्षा 09 मार्च, 2025 को (दोपहर 12:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक तथा दिव्यांग छात्रों के लिए नियमानुसार अतिरिक्त समय) आयोजन किया जायेंगा। प्रवेश परीक्षा के सम्बन्ध में उन्हांने समस्त पात्र बालकध्बालिकाओं को सूचित किया है कि प्रवेश परीक्षा के निर्धारित तिथि से पूर्व अपना प्रवेश पत्र सम्बन्धित विद्यालयध्सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर लें, तथा निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर दिनांक-09.03.2025 को पूर्वान्हः11:00बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। जिससे कि दोपहर 12:00बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक परीक्षा अवधि में कोई असुविधा न हो। प्रवेश पत्र प्राप्ति में किसी भी प्रकार की असुविधा के लिए मो0न0-8707330408, 9839439192, 6394248211, 9415078027 पर तत्काल सूचना दें, ताकि प्रवेश पत्र उपलब्ध कराया जा सकें।

## अजुहा में आंगनबाड़ी केंद्र से चोरी

लोकमित्र ब्यूरो

**अजुहा, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के अजुहा कस्बे के अंबेडकर नगर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बीती रात चोरों ने पीछे के दरवाजे का ताला तोड़कर केंद्र के अंदर रखे सामान पार कर दिया , सुबह केंद्र पहुंची कार्यकर्ती ने देखा तो पुलिस को लिखित सूचना दी।

सैनी कोतवाली के अजुहा कस्बे की रहने वाली कल्पना देवी ने वृहस्पतिवार को पुलिस को स्थानीय चौकी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि अजुहा कस्बे के वार्ड नं दो अंबेडकर नगर में डूडा कालोनी के पास स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्ती के पर तैनात है। बीती रात आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए और केंद्र में रखा पुस्तके, स्टेशनरी का सामान सहित अन्य सामान पार कर दिया , बृहस्पतिवार की सुबह केंद्र पहुंची तो वहां का नजारा देख दंग रह गई , सूचना पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

## जिला मजिस्ट्रेट ने गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम के तहत कुल 10 लोगों को किया जिला बदर

**कौशाम्बी।** जिला मजिस्ट्रेट मधुसूदन हुल्गी ने गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम के अन्तर्गत कुल 10 लोगों को जिला बदर करने का आदेश दिया है। जिला बदर होने वालों में-रवि कुमार तिवारी पुत्र लल्लन तिवारी निवासी भद्दुरपुर थाना मंझनपुर को 03 माह के लिए, नियाज पुत्र रियाज निवासी-कोरीपुर मजरा जवई थाना-मो0 पइंसा को 03 माह के लिए, मो0 नियाज उर्फ नियाज अहमद पुत्र जहीर निवासी-तूतीपुर थाना सैनी को 06 माह, मो0 शहजादे पुत्र शेर मोहम्मद निवासी-परास थाना सैनी को 02 माह, मो0 वाजिद पुत्र छोटेलाल बाबू निवासी-भैरो भीटी थाना-चरवा 06 माह, बेलई पासी पुत्र राम किशोर निवासी-खरका फकीराबाद थाना-सराय अकिल 02 माह, मो0 अहमद पुत्र शेर मोहम्मद निवासी-परास थाना-सैनी 06 माह, बबली उर्फ जितेन्द्र कुमार शुक्ला निवासी-मनकापुर मजरा अन्धावां थाना-महेवाघाट 03 माह, उमानाथ पाल पुत्र राम आधार निवासी चूहापीरन थाना कड़ाधाम को 02 माह एवं शुभम यादव पुत्र चन्द्रशेखर निवासी-नब्बे डोरमा थाना-सैनी को 02 माह के लिए जिला बदर किया गया है। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने लाइसेन्स निरस्तीकरण आयुध अधिनियम के तहत योगन्द्र सिंह उर्फ महेन्द्र पुत्र चन्द्रपाल निवासी-कन्नूपुर मजरा डोरमा थाना सैनी का लाइसेन्स नम्बर-10645 राइफल 315 बोर नम्बर-ए0बी0-11-06414 एवं दिनेश कुमार पत्र माधव लाल पाण्डेय निवासी-इमली गांव थाना-सराय अकिल जनपद कौशाम्बी का लाइसेन्स नम्बर-10655 व एनपीबी रिवाल्बर संख्या-2963 को लोकशान्ति व लोक सुरक्षा की दृष्टि से शस्त्र लाइसेन्स निरस्त किया। गोवध निवारण अधिनियम के तहत विशाल पुत्र शोभराम निवासी-प्रयागराज मंसूराबाद के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## मंडलायुक्त को तहसील कार्यालयों के निरीक्षण में मिली खामियां, लगाई फटकार





लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, (कौशाम्बी)।** प्रयागराज के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने गुरुवार को तहसील के कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने पत्रावलियों की बारीकी से जांच की और कई खामियां मिलने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को फटकार लगाई। इसके साथ ही उन्होंने सप्ताह भर के भीतर खामियों को दूर करने का निर्देश दिया।

आयुक्त विजय विश्वास पंत ने गार्ड आफ आनर लेने के बाद जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के साथ परिसर में पौधारोपण किया। इसके बाद वह अपर आयुक्त प्रशासनिक पुष्पराज सिंह के साथ तहसीलदार कार्यालय जाकर जन सुनवाई रजिस्टर का निरीक्षण किया। अंकित शिकायत पत्रवालियों की संख्या कम पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की। पूछने पर बताया गया कि महाकुंभ के चलते पिछले माह शिकायतों की संख्या कम आई है। रजिस्टर में शिकायतकर्ताओं का मोबाइल नंबर दर्ज न होने पर फटकार लगाई। इसके बाद वह तहसील कोर्ट में लंबित मुकदमों की पत्रावलियों का अवलोकन किया और तीन से छह माह के बीच की दर्जनों फाइलों का गहन जांच करते हुए खामियां मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने तहसीलदार पुष्पेंद्र गौतम को निर्देश दिया कि बिना आपत्ति वाले मामलों को समय के भीतर निस्तारित करें। इस दौरान करीब 45 मिनट तक रुकने के बाद वह मंझनपुर चले गए। जबकि अपर आयुक्त प्रशासनिक पुष्पराज सिंह अभिलेखो का गहन अवलोकन करने के लिए रुके रहे।

## संकट मोचन मंदिर सिराथू में रामकथा के आयोजन हेतु संत अनुराग शरण के साथ हुई बैठक



**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सिराथू कस्बे के संकट मोचन मंदिर में आयोजित होने वाली भव्य श्री रामकथा के आयोजन के लिए अयोध्या धाम से पधारे राष्ट्रीय संत अनुराग शरण शास्त्री जी महाराज के साथ बैठक कर कस्बे के लोगों ने कथा के भव्य व सफल आयोजन हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। जिसमे 26 मार्च से होने वाली भव्य रामकथा सिराथू कस्बे के रामलीला मैदान में सपना मैरिज हाल में आयोजित की गई। कलश यात्रा के साथ शुरू होगी कथा का समापन 4 अप्रैल को होगा। 5 अप्रैल को भव्य भंडारा एवं 6 अप्रैल को रामनवमी के पर्व पर भगवा ध्वज के साथ बड़ी धूमधाम से नगर भ्रमण का कार्यक्रम किया जाएगा । इस दौरान संत अनुराग शरण की साथ डॉ राहुल केसरवानी , चिरौंजी लाल केसरवानी , ध्रुव केसरवानी , धर्मेंद्र केसरवानी , पुष्पेंद्र केसरवानी , श्यामबाबू केसरवानी , विक्रम केसरवानी , सोनेलाल , विनय , बच्चा , लाला केसरवानी सहित कस्बे के तमाम लोग मौजूद रहें।

## व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर सिराथू में व्यापारी संगठन ने किया प्रदर्शन



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सुरक्षा को लेकर बृहस्पतिवार को सिराथू व्यापार मंडल ने सिराथू कस्बे में प्रदर्शन कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान स्थानीय पुलिस पर कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है। और सैनी कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार करवरिया को ज्ञापन देकर माह भर में 10 दुकानों में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा कर अपराधियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की। जिस पर कोतवाली प्रभारी ने चोरी की घटनाओं का खुलासा कर आरोपियों को जेल भेजने का आश्वासन दिया है।

सिराथू नगर व्यापार संघ के अध्यक्ष पुष्पेंद्र केसरवानी के नेतृत्व में दर्जनों व्यवसाईयों ने कस्बे में स्थानीय पुलिस चौकी के खिलाफ प्रदर्शन किया। जानकारी होने पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी बृजेश करवरिया को ज्ञापन देते हुए व्यापारियों ने बताया कस्बे में एक चोरो का गिरोह सक्रिय है। ऐसे में 31 जनवरी को मंझनपुर रोड स्थित संतोष की दुकान से समान लेने के बहाने 13 हजार पार कर दिया । दूसरी घटना चार फरवरी की शाम धाता रोड में गुरु प्रसाद के कपड़े की दुकान से 15 हजार रुपए निकाल कर फरार हो गए।

इसके अलावा आठ अन्य दुकानों में भी चोरी की घटनाएं हुई है।मामले की शिकायत सीसीटीवी कैमरे सहित तत्काल पुलिस चौकी में करने के बाद मुकदमा दर्ज कर आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसे में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के गृह नगर में व्यापारी सुरक्षित नहीं है। इस दौरान व्यवसाईयों ने कहा दो दिन के भीतर कार्रवाई न होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रदर्शन किया जाएगा । व्यापारियों की शिकायत पर कोतवाली प्रभारी बृजेश करवरिया ने कार्रवाई करने का भरोसा दिया है ।इस दौरान बच्चा केसरवानी, संतोष कुमार, अशोक केसरवानी, गुरु प्रसाद लालचंद साहू, पंकज केसरवानी आदि व्यापारी मौजूद रहें।

## होली के त्यौहार के पूर्व बाजार में आ गया मिलावटी खोवा

**कौशाम्बी।** होली का त्योहार आते ही मिलावटी खोवा से बाजार दुकानें भरी है और खाद्य अधिकारी मिलावट खोरो से लाभ लेने में व्यस्त है त्योहार पर मिलावटी खोवा मिलने से लोगों के त्यौहार फीके पड़ जाते हैं लेकिन मिलावट खोरी रोकने का दावा करने वाले फूड इंस्पेक्टर खोवे के मिलावट खोरी को रोकने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं रंगों का त्योहार होली ज्यों ज्यों नजदीक आ रहा है मनौरी वा चरवा बाजार में खोया की दुकानें सजने लगी हैं। गांव से खोवा लेकर पहुंचने वाले सैकड़ो लोगों से अधिक बाजार में प्रतिदिन पहुंच रहे हैं जहां हजारों किलो खोवा सुबह-सुबह बिक जाता है जो मिलावटी होता है इस त्योहार में खोया की जरूरत तो सभी जानते हैं लेकिन बाजार में बिकने वाले खोया की गुणवत्ता को लेकर प्रश्न चिन्ह लगने लगे हैं। होली आते ही बाजार में खोया की मांग बढ़ जाती है। खोया की बढ़ती मांग के चलते मिलावटखोर भी सक्रिय हो जाते हैं। ये लोग सिथेटिक खोया बनाकर बाजार में खपाना शुरू कर देते हैं। दूध को आधा जलाने के बाद उसमें अरारोट आलू सहित तमाम सामान डालकर उसे खोया बना दिया जाता है जो घर जाने के बाद लोगों के उपयोग लाकर नहीं रहता है यद्यपि जब खाद्य सुरक्षा टीमें नमूना भरने लग जाती हैं तो मिलावटी खोया बेचने वालों पर अंकुश लग जाता है। जबकि होली के त्योहार में मात्र 7 दिन ही शेष बचे हैं और परिवारों में इसकी तैयारियां शुरू हो गयी हैं बाजार में मिलावटी खोया की भरमार हो गयी है। लोग शुद्ध खोया के नाम पर मिलावटी खोया खरीदने को मजबूर हैं। जानकार बताते हैं कि इसे बनाने में दूध ग्लूकोस व रिफाइंड का इस्तेमाल किया जाता है। दूध पानी व ग्लूकोस के घोल में रिफाइंड या पाम ऑयल मिलाकर नकली खोया बेखौफतरीके से तैयार किया जाता है। इसे खराब होने से बचाने के लिए चीनी के साथ केमिकल और हाइड्रोजन परॉक्साइड का प्रयोग किया जाता है। इसकी पहचान प्रयोगशाला में ही संभव है। आम ग्राहक मिलावटी खोवा नहीं पहचान पाते हैं और घटिया सामग्री लेकर त्यौहार मनाते हैं फूड इंस्पेक्टर मिलावट खोरों से धन वसूली में मस्त हैं लोगों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट

## यूपीएस जमालमऊ में हुआ शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** विकास खंड सिराथू के उच्च प्राथमिक विद्यालय जमालमऊ में शारदा संगोष्ठी, एसएमसी बैठक सहित वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित मां समूह के सदस्यों ने मां सरस्वती के तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ के किया। सबसे पहले एस एम सी बैठक में शामिल बिंदुओं पर विचार विमर्श के उपरांत अभिभावकों की उपस्थिति में शारदा संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें आउट ऑफ स्कूल बच्चों के नामांकन, उपस्थिति व कक्षानुरूप दक्षता परिलब्धियों पर चर्चा की गई। इसके बाद वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम में इको क्लब के सदस्यों ने पेड़ पौधों की आवश्यकता पर आधारित लघु नाटिका का प्रस्तुतीकरण किया। मीना मंच के



सदस्यों ने बाल विवाह नाटक, हास्य नाटक के अंतर्गत आधुनिक बहू का मंचन किया। महाकुंभ व शिव तांडव पर आधारित नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतीकरण देकर बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा सात के छात्र योगेंद्र का चयन प्रदेश स्तर से जारी इंस्पायर सूची में शामिल होने पर प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षकों व अभिभावकों ने बच्चे सफलता पर प्रोत्साहित किया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि छात्र को शासन की तरफ से अपने प्रोजेक्ट के लिए दस हजार रुपए राशि शासन की तरफसे खाते में भेजी जाएगी।

छात्र ने अपने साथ साथ विद्यालय का नाम रोशन किया है इसके लिए वह बधाई का पात्र है। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम आयोजक प्रधानाध्यापक सौरभ श्रीवास्तव व शिक्षक संतोष कुमार ने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए प्रोत्साहित किया।

## शातिरों ने दुकान के काउंटर से पार किया नकदी

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के सिराथू कस्बे में बुधवार की शाम शातिरों ने दुकान के काउंटर से नकदी पार कर दिया , पीड़ित दुकानदार ने मामले की लिखित सूचना पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है।

सिराथू कस्बे मंझनपुर रोड निवासी ओमकार नाथ साहू पुत्र स्व राम निहोरे ने बृहस्पतिवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की बुधवार की शाम उसकी दुकान पर दो अज्ञात लोग आए और सामान के लिए कहा तो अंदर सामान लेने चला गया इस दौरान शातिरों ने दुकान के काउंटर से नकदी पार कर दिया । पीड़ित की सूचना पर पुलिस सीसीटीवी कैमरे की जांच पड़ताल कर शातिरों की तलाश में जुट गई है।

## जन शिक्षण संस्थान में महिला शशक्तिकरण के अंतर्गत वित्तीय साक्षरता के बारे में सेमिनार का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** ऑफलाइन मोड के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम 6 मार्च 2025 को जन शिक्षण संस्थान में सेबी के अनुदेशक अजय उपाध्याय के द्वारा सभी अनुदेशिका एवं छात्राओं को संबोधित कर संपन्न किया गया। सेमिनार में वित्तीय नियोजन के प्रबंधन, इस महत्वपूर्ण समय में निवेश के लिए सावधानियों और आने वाले समय के लिए सावधानियों पर ध्यान केंद्रित किया गया और एक उत्पाद तटस्थ कार्यक्रम हुआ जिसमें जोखिम कारकों के साथ विभिन्न निवेश उत्पादों पर ज्ञान साझा किया गया।

अतः सत्र में, नीचे उल्लिखित विषयों को शामिल किया गया। महिलाओं का




प्रोत्साहन,महिलाओं की संपत्ति के बारे में जागरूकता, महिलाओं के लिए सेवानिवृत्ति की सुरक्षित योजना,महिलाओं के लिए भविष्य की वित्तीय वृद्धि,वित्तीय धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता,वित्तीय नियोजन पर व्यावहारिक ज्ञान,निवेशकों और उद्यमियों के लिए क्या करें और क्या न करें,साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के लिए सावधानियां,कर संबंधी निवेश रणनीतियाँ आदि विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। आज के इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक विजयेंद्र मिश्रा, कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह,उप कार्यक्रम अधिकारी सतीश चंद्र, फील्ड ऑफिसर राजू शुक्ला, कार्यालय सहायक पूजा यादव, अनुराग तिवारी एवम अनुदेशक अनुदेशिकाएँ करिश्मा चौधरी, रूपा देवी, चंद्रावल, अंजू देवी रोशनी, ममता देवी आदि छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहें।

## शौच के लिए निकले अधेड़ का संदिग्ध दशा में तालाब में मिला उतराता शव

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के गनपा का मजरा महेशपुर में शौच क्रिया के लिए निकले अधेड़ का संदिग्ध दशा में शव तालाब में उतराता मिलने से स्वजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेते हुए आवश्यक लिखापढ़ी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सैनी कोतवाली के महेशपुर निवासी पुरुषोत्तम लाल पुत्र स्व. भोला पटेल 54 वर्ष खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बुधवार की शाम करीब सात बजे वह घर से शौच क्रिया के लिए गांव के बाहर बने तालाब की ओर गया था। जब काफी देर बीत जाने के बाद अधेड वापस घर नहीं लौटा तो स्वजनों को चिंता हुई और उन्होंने खोजबीन शुरू कर दी। काफी देर तक खोजबीन के बाद



जब स्वजन व ग्रामीण तालाब की तरफ गए तो उसका शव तालाब में उतराता हुआ मिला।

माजरा देख स्वजनों की चीख पुकार मच गई। आनन फानन में ग्रामीणों ने उसे तालाब से बाहर निकालकर सिराथू के निजी अस्पताल ले गए जहां पर उसे देखने से मना करने पर स्वजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू ले गए। वहां पर उपस्थित डॉक्टरों ने उसे देखने का बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर स्वजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कयास लगाया जा रहा है कि मृतक शौच के लिए तालाब के किनारे गया होगा तो पैर फिसलने पर वह तालाब के गहरे पानी में चला गया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी नत्थी देवी व दो पुत्रियां शिवसती 15 वर्ष व रिया 13 वर्ष को छोड़ गया है।

## पट्टीदारों की भैंस मरने पर नहीं होने दे रहे बारात की निकासी ,शिकायत

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के एक गांव में पट्टीदारों ने मामूली बात को लेकर बारात निकासी में रोक लगा झगड़े पर आमादा होकर धमकी देने लगे , पीड़िता ने मामले की लिखित सूचना पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है। सैनी कोतवाली के लुकिया गांव की किरन देवी पत्नी दिनेश ने बृहस्पतिवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके देवर दिलीप की बारात मंझनपुर के टेवा जानी है , किरन देवी का आरोप है कि उसके पट्टीदार की किसी कारण वश भैंस मर गई है । जिसको लेकर उसके पट्टीदार देवर की बारात की निकासी नहीं होने दे रहे साथ ही बाजा वगैरह बंद करा झगड़े पर आमादा होकर धमकी दे रहे है। पीड़िता ने पुलिस से मामले में कार्यवाही की मांग की है।

संक्षिप्त खबरें

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत 05 लाख का ब्याज मुक्त मिलेगा ऋण

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि प्रदेश के एम0एस0एम0ई0 क्षेत्र मं औद्योगिकीकरण को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार की अति महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना संचालित की गयी है। उन्होने योजना की पात्रता की शर्तो के सम्बन्ध में बताया है कि आवेदक उ0प्र0 का मूल निवासी होना चाहिये एवं उसकी आयु 21 से 40 वर्ष होनी चाहिये। आवेदक न्यूनतम कक्षा 8 उत्तीण होना चाहिये, इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण अथवा समकक्ष को वरीयता दी जायेगी। आवेदक द्वारा सरकार द्वारा संचालित प्रशिक्षण योजनाओं में प्रशिक्षण प्राप्त किया हो अथवा किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय/शैक्षणिक संस्थान से कौशल सम्बन्धित प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो। इस योजना में रूपये 5 लाख का 04 वर्ष हेतु ब्याज मुक्त ऋ्ण प्रदान किया जायेगा। परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अतिरिक्त मार्जिन मनी सब्सिडी देय है। योजनान्तर्गत उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, प्रधानाचार्य आईटीआई, प्रधानाचार्य राजकीय पालीटेक्निक, डायरेक्टर आरसेटी, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन द्वारा विभिन्न टेड्डों में प्रशिक्षित लाभार्थियों को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र की परियोजनाओं की स्थापना हेतु ब्याज मुक्त ऋ्ण के लिये आनलाइन आवेदन पत्र भराये जा रहे है। यदि आवेदक को आवेदन करने अथवा अन्य कोई समस्या आती है तो समस्या के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों से सम्पर्क कर सकते है। आवेदन वेबसाइट ूण्कपनचउेमण्नचेकबण्हवअण्पद अथवा ूण्उेमण्नचण्हवअण्पद पर किया जा सकता है।

## अलग अलग छापेमारी में साठ लीटर अवैध शराब बरामद, दो आरोपियों के खिलाफ केस

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने गुरूवार को अलग अलग स्थानों पर दबिश देकर साठ लीटर अवैध शराब तथा शराब बनाने के उपकरण व भारी मात्रा में लहन बरामद करने में सफलता हासिल की है। वही पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम का केस दर्ज किया है। कोतवाली के दरोगा सुमित कुमार वर्मा फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। लालगंज कोतवाली के ब्रम्हचारी का पुरवा मादामई में पुलिस ने औचक दबिश दी। यहां एक छप्पर में अवैध भटठी पर महुआ की शराब तैयार की जा रही थी। पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी के पास से तीन पिपियों में दस दस लीटर की शराब बरामद की। पुलिस ने शराब बनाए जाने के उपकरण को कब्जे में लेकर बरामद लहन को नष्ट कराया। पुलिस ने आरोपी गांव के पंकज कुमार पुत्र नन्हें लाल के खिलाफ आबकारी अधिनियम का केस दर्ज किया है। इधर दरोगा दीपक यादव पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मेढावां के पूरे रामन गांव पहुंचे। यहां एक आरोपिता को महिला आरक्षी मधू शाक्य ने रोका तो उसके पास से प्लास्टिक के डिब्बे में पन्द्रह पन्द्रह लीटर की कुल तीस लीटर शराब बरामद हुई। पुलिस ने गांव की आरोपिता शबाना देवी उर्फ प्रर्मिला पत्नी नबाब के खिलाफ भी आबकारी अधिनियम का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव ने बताया कि होली के त्यौहार को लेकर पुलिस अवैध शराब तस्करी को नियंत्रित करने के लिए अभियान कड़ा करेगी।

## राबेन्द्र सिंह जनसत्ता दल के बने ब्लाक अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने जतायी खुशी



**लालगंज प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जिलाध्यक्ष रामअचल वर्मा ने पार्टी के कार्यकर्ता राबेन्द्र सिंह उर्फ पिंटू सिंह को पार्टी की सांगीपुर ब्लाक इकाई का ब्लाक अध्यक्ष चयनित किया है। उदयपुर क्षेत्र के रवानीपुर निवासी राबेन्द्र राजा भइया के खांटी समर्थक माने जाते हैं। राबेन्द्र के पार्टी के ब्लाक अध्यक्ष बनाए जाने की जानकारी गुरूवार को कार्यकर्ताओं को हुई तो उनमें खुशी की लहर दौड़ पड़ी। पार्टी के प्रधान महासचिव शिवेन्द्र प्रताप सिंह मुन्ना, जिला सचिव श्रवण कुमार सिंह, पूर्व कनिष्ठ प्रमुख सूर्यभान सिंह, डॉ. वीरेन्द्र सिंह, गम्मज तिवारी, जितेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अनिल सिंह, सुशील सिंह आदि ने शिबेन्द्र के ब्लाक अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भइया व प्रदेश अध्यक्ष विधायक विनोद सरोज एवं एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपालजी के प्रति आभार जताया है। वहीं नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष राबेन्द्र ने राजा भइया के नेतृत्व में संगठन की मजबूती का कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया।

## किशोरी का अपहरण, आरोपी के खिलाफ केस

**लालगंज प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता के पिता ने एसपी को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी पन्द्रह वर्षीया बेटी बीती दो मार्च की दोपहर घर से गांव की एक दुकान पर सामान लेने गयी थी। काफी देर बाद उसकी बेटी वापस नहीं लौटी तो खोजबीन किया किंतु उसका पता नही लग सका। पीडित के मुताबिक बेटी का फोन भी बंद मिला। तीन मार्च को जानकारी हुई कि उसकी बेटी को मऊ जिले के मधूपुर निवासी आरोपी गुडान बहलाफुसलाकर भगा ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## किशोरी का अपहरण, केस दर्ज

**लालगंज प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की पीडिता ने एसपी को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी बेटी हाईस्कूल की छात्रा है। तीन मार्च को रात करीब आठ बजे घर से शौच के लिए निकली थी। पीडिता का कहना है कि देर रात तक उसकी बेटी घर नहीं लौटी तो वह परेशान हो उठी। खोजबीन के बावजूद बेटी का पता न चलने पर उसने एसपी को शिकायती पत्र दिया। पीड़िता ने किशोरी के अपहरण व अनहोनी की आशंका जताते हुए एसपी से कार्रवाई की फरियाद की। मामले में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय की फटकार पर पुलिस ने किशोरी के अपहरण का केस दर्ज किया है। एसओ लीलापुर अरूण सिंह का कहना है कि अपहरण का केस दर्ज किया गया है, शीघ्र ही अपहृता छात्रा को सकुशल बरामद किया जाएगा।

## गैंगेस्टर का आरोपी धराया, गया जेल

**लालगंज प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने गैंगेस्टर के तीन आरोपियों को हिरासत मे ले लिया। थाने के दरोगा कैलाश यादव व अमित कुमार गुरूवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। राहाटीकर चौराहे पर चेकिंग के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि गैंगेस्टर का एक आरोपी थाना क्षेत्र में घूम रहा है। पुलिस ने रामपुर कसिहा सई पुल के पास थाना क्षेत्र के पूरे बसावन राहाटीकर निवासी अंकित यादव पुत्र सूर्यदेव यादव, इसी गांव के रंजीत कोरी पुत्र लक्ष्मण तथा ममता सिंह पुत्री अमर सिंह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

# स्पोर्टस स्टेडियम में सीनियर पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का भव्य रूप से किया शुभारम्भ

लोकमित्र ब्यूरो



**प्रतापगढ़।** खेल निदेशालय लखनऊ के तत्वाधान में आगामी पांच दिनों तक चलने वाली सीनियर पुरुष आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता का शुभारम्भ विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य एवं जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की गरिमामयी उपस्थित में किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर ने खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी और कहा कि यह आयोजन उभरते हुये खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के स्पोर्टस स्टेडियम में विभिन्न खेलों का आयोजन लगातार किया जा रहा है, यहां के स्पोर्टस अधिकारीगण पूरी तन्मयता के साथ खेलों का आयोजन कराने के लिये दृढ़ संकल्पित है। उन्होने बाहर से आने वाली टीमों का जनपद की ओर से स्वागत किया और कहा कि अच्छे खेल का प्रदर्शन करें। उन्होने जिला क्रीड़ा अधिकारी से कहा कि बाहर से आने वाली टीमें मेहमान के रूप में है, उनकी सुरक्षा, पोषण, स्वास्थ्य आदि की व्यवस्थाये अच्छे तरीके से हो जिससे कि न केवल खेलों की अच्छी मेमोरी के साथ जाये लोग बल्कि जो प्रतापगढ़ की मेहमान नवाजी है उसको भी खिलाड़ी याद रखें। इस अवसर पर विधायक सदर एवं जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का पहला मैच खेल छात्रावास रामपुर और आजमगढ़ मंडल के बीच खेला गया, खेल छात्रावास रामपुर ने मुकाबले को प्रियांशु सिंह और मोहम्मद अकरम के एक एक गोल की मदद से अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता का दूसरा मैच प्रयागराज मंडल और अयोध्या मंडल के बीच खेला गया, अयोध्या ने अमित के एक गोल की मदद से मुकाबला अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता का तीसरा मैच खेल छात्रावास झांसी और विवेक अकादमी वाराणसी के बीच खेला गया, दोनों ही टीमों ने दमदार खेल का प्रदर्शन किया जिस नाते मुकाबला बराबरी पर छूटा, खेल छात्रावास झांसी के लिए अंकित और विवेक अकादमी वाराणसी के लिए गोलू यादव ने एक एक गोल किया। प्रतियोगिता का चौथा मैच वाराणसी मंडल और खेल छात्रावास रामपुर के बीच में खेला गया,

खेल छात्रावास रामपुर के लिए प्रियांशु सिंह और आकाश पटेल ने एक एक गोल किया जबकि वाराणसी मंडल के लिए एक मात्र गोल अजय कुमार ने किया, इस प्रकार इस मुकाबले को खेल छात्रावास रामपुर ने जीत लिया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर अमर नाथ गुप्ता, कुश्ती सचिव जय बहादुर सिंह, कबड्डी अध्यक्ष और सचिव वीरेंद्र प्रताप और धीरेन्द्र प्रताप, वॉलीबॉल सचिव विनोद यादव, हॉकी प्रतापगढ़ के सचिव आजम अली, अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला, अनवर हॉकी सोसायटी के अमजद खान, खुर्शीद खान, जसीम खान, जिला क्रिकेट के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी उर्फ मुन्ना, जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह, एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव, कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार, खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह, फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश, कंप्यूटर ऑपरेटर निखिल राणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया। अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया

## परिसर में साफ सफाई न होने को लेकर वकीलों ने जताया आक्रोश

**लालगंज प्रतापगढ़।** तहसील परिसर में साफ सफाई न होने तथा वाटर एटीएम मे खराबी को लेकर अधिवक्ताओं ने आक्रोश जताया है। गुरूवार को संयुक्त अधिवक्ता संघ की हुई आम सभा में तहसील परिसर में वादकारी शेडो मे साफ सफाई न होने तथा सार्वजनिक शौचालय में गंदगी को लेकर नाराजगी जतायी गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि बार बार इन समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया है। इसके बावजूद प्रशासन का रवैया असंतोषजनक है। उन्होनें कहा कि समाधान न होने पर वकील अगले सप्ताह से संघर्ष शुरू करेंगे। संचालन महामंत्री सूर्यकांत निराला ने किया। बैठक का संयोजन उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर देवीप्रसाद मिश्र, अनिल शर्मा, अरूण तिवारी, शहजाद अंसारी, रामअभिलाष यादव, आशीष तिवारी, संतोष पाण्डेय, सुशील शुक्ल, राजेश सरोज, इरफान, शिव नारायण शुक्ल, मनीष क्रांतिकारी, अखिलेश दुबे आदि अधिवक्ता रहे।

# वाटरशेड यात्रा अभियान के तहत सीडीओ ने ढिढुई में सागर तालाब का किया लोकार्पण



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जलागम विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अन्तर्गत दिनांक 05 मार्च को डब्लूडीसी-2 आसपुर देवसरा में वाटरशेड विकास यात्रा निकाली गयी जिसमे भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम कार्यालय प्रांगण से उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। प्रथम पाली में माइक्रोवाटरशेड-ढिढुई के ग्राम ढिढुई में सागर तालाब पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां जल कलश यात्रा के साथ-साथ प्रभातफेरी भी निकाली गयी। इस प्रभात फेरी में विभिन्न स्लोगनो जैसे भूमि को लौटाये जल-सुरक्षित करें कल, जन जन तक ये पहुँचाना है-जल को हमे बचाना है, मिट्टी नही बचाओगे-तो अनाज कहां उगाओगे, बारिश का पानी कुदरत का वरदान-वाटरशेड यात्रा बहुत बड़ा अभियान, जनहित में यह सूचना जारी-जल संरक्षण की करो तैयारी आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने सागर तालाब का लोकार्पण एवं वृक्षारोपण भी किया। सीडीओ ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये हरित क्रान्ति के लिये वृक्षारोपण करने का आवाहन किया गया।

केतकरपुर में तालाब जीर्णोद्धार हेतु भूमि पूजन किया गया।इसी प्रकार द्वितीय पाली में कबीरपुर तालाब पर वाटरशेड यात्रा के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी जिसमें मुख्य रूप से पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रान्तिकारी द्वारा जल बचाओ एवं पेड़ लगाओ अभियान के तौर पर कृषकों को जानकारी दी गयी तथा समन्वयक भूमि एवंज ल संसाधन विभाग जितेन्द्र मणि त्रिपाठी ने तालाब जीर्णोद्धार के बारे में बताया तथा परियोजना के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। आयोजन को सफल बनाने में राम बचन अवर अभियन्ता लघु सिंचाई, राकेश कुमार निषाद सहायक विकास अधिकारी समाज कल्ण एवं डा0 अनुराग यादव पशु चिकित्साधिकारी द्वारा अपने-अपने विभाग की लाभार्थी परक योजनाओं की जानकारी दी गयी। भूमि संरक्षण अधिकारी/परियोजना प्रबन्धक चमन सिंह द्वारा लोगों को योजना की जानकारी दी गयी एवं जल शपथ दिलायी गयी।

वाटरशेड विकास टीम की तरफ से अरविन्द कुमार सिंह, तिलक सिंह, राजेश कुमार सिंह वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए एवं आशीष कुमार यादव, दिनकर सिंह अवर अभियन्ता तथा लाल कुंवर तिवारी, गौरव श्रीवास्तव, महेन्द्र प्रताप, ध्रुव कुमार वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-बी तथा विमलेश मौर्य, प्रेमनाथ वर्मा, राजेश रावत, बृजेन्द्र कुमार प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी ने वाटरशेड यात्रा को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

## जनपद प्रतापगढ़ में आबकारी दुकानों की ई-लॉटरी प्रक्रिया निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से हुई सम्पन्न



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जनपद के अफीम कोठी सभागार में आज वर्ष 2025-26 हेतु देशी शराब की कुल 244, कम्पोजिट शॉप की कुल 110, मॉडल शॉप की कुल 02 एवं भांग की कुल 48 आबकारी दुकानों का व्यवस्थापन ई-लाटरी के माध्यम से निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अफीम कोठी सभागार में प्रेक्षक मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में एवं जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी शिव सहाय अवस्थी, पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार, प्रतिनिधि आबकारी आयुक्त बच्चा लाल एवं जिला आबकारी अधिकारी विनेश कुमार शर्मा की उपस्थिति में आबकारी दुकानों की ई-लॉटरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस अवसर पर आवेदकगण भी मौजूद रहे। सम्पूर्ण ई-लाटरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करायी गयी एवं ई-लाटरी प्रक्रिया निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

# आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण मॉड्यूल संप्राप्ति का हुआ विमोचन




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** बृहस्पतिवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अतरसण्ड के प्रशिक्षण कक्ष में उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डायट प्रतापगढ़ रमेश कुमार तिवारी ने जनपद प्रतापगढ़ के प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों के लिए विशेष रूप से विकसित किये गये प्रशिक्षण मॉड्यूल संप्राप्ति का विमोचन करते हुए इसे प्रत्येक अध्यापक तक पहुंचाने पर जोर दिया। वरिष्ठ प्रवक्ता शिव प्रकाश यादव ने इस मॉड्यूल को डायट प्रतापगढ़ की उपलब्धि के रूप में रेखांकित किया। मॉड्यूल के संपादक हिन्दी प्रवक्ता अमरेन्द्र कुमार मिश्र ने इसके विकास क्रम को स्पष्ट करते हुए इसे लगभग एक हजार अध्यापकों पर किये गये सर्वेक्षण का प्रतिबिम्ब बताया। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष निर्मल (एस0आर0जी0), राजीव कुमार सिंह (ए0आर0पी0), डॉ0 योगेश प्रताप सिंह (ए0आर0पी0), अभिषेक सिंह (स0अ0) एवं बबलू सोनी (स0अ0) द्वारा किया गया। मॉड्यूल विमोचन कार्यक्रम में डायट प्रवक्ता जितेंद्र कुमार, डॉ0 कमल किशोर, डॉ0 दुर्गेश कुमार, करुणेश शुक्ला, डॉ0 विवेक तिवारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि यह मॉड्यूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नवीन सन्दर्भो तथा अध्यापकों की तात्क्षणिक आवश्यकताओं के अन्तर्सम्बन्ध के ब्रिज का कार्य करेगा। इस मॉड्यूल की सह संपादक गर्विता ओझा प्रवक्ता (समाज कार्य) द्वारा अंत में मॉड्यूल के आउटकम्स को धरातल तक प्रतिरोपण के संकल्प के साथ सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर विधायक को वकीलों ने सौंपा ज्ञापन



### ● आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन द्वारा मांगों को लेकर जोरों पर पहुंचा अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम समेत विभिन्न मांगों को लेकर गुरूवार को यहां आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व तहसील अध्यक्ष वैभव पाण्डेय के संयुक्त नेतृत्व में बाबागंज विधायक एवं जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज को ज्ञापन सौंपा। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया को संबोधित ज्ञापन में अधिवक्ताओं की सुरक्षा तथा कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी बनाए जाने में वकीलों ने समर्थन की गुहार की। एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने विधायक विनोद सरोज को बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने एडवोकेटस एक्ट के मसौदे पर सभी अधिवक्ता संगठनों की राय प्राप्त कर ली है। उन्होने कहा कि इसके बावजूद प्रदेश सरकार एडवोकेटस एक्ट को अभी तक अमल में नही ले आ सकी है। ज्ञापन में अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर सभी तहसील एवं जिला अदालतों में सीसी टीवी कैमरों को लगवाए जाने तथा वकीलों पर जानलेवा हमले से जुड़े मुकदमों की सुनवाई के लिए विशेष फास्टटैक्र कोर्ट के गठन की भी मांग रखी है। बाबागंज विधायक विनोद सरोज ने वकीलों को भरोसा दिलाया कि वह उनकी मांगों को राजा भइया के समक्ष रखेंगे तथा उनकी इस मुहिम को समर्थन भी दिया जाएगा। इस मौके पर एसोशिएसन के प्रवक्ता विकास मिश्र, वरिष्ठ अधिवक्ता सोमनाथ मिश्र, पुष्पेष पाण्डेय, आनन्द पाण्डेय, प्रदीप मिश्र, विनय शुक्ल, दिनेश सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

# आयुष महानिदेशक ने जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय व आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो




**प्रतापगढ़।** आयुष महानिदेशक मानवेन्द्र सिंह (आई.ए.एस.) ने जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी कार्यालय, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय 25 शैय्या नगर एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर छीटपुर का निरीक्षण किया।

महानिदेशक द्वारा होम्योपैथिक एवं आयुर्वेद विभाग के लिए प्राप्त जमीन में संयुक्त कार्यालय स्थापित करने हेतु निर्देशित किया एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में रोगियों की सुविधा हेतु अवगत कराया तथा 50 वेड हास्पिटल के लिए जमीन यदि शहरी क्षेत्र में जमीन नही मिल पा रही है तो किसी अन्य तहसील में जमीन की उपलब्धता देखते हुए जमीन विभाग के नाम करवायें एवं चिकित्सलाय निर्माण हेतु शासन को प्रेषित करें।

इस अवसर पर जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा0 ममता सचान, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 त्रिभुवन राम, चिकित्साधिकारी आयुर्वेद डा0 ब्रम्हानन्द, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी होम्योपैथ डा0 अंजनलाल गौतम, फार्मासिस्ट अच्छेलाल सहित अम्बुज मिश्रा, आकाशदीप मिश्र, हिमांशु श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## कृषक व उद्यमी प्रयागराज में 8, 9 व 10 मार्च को प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने हेतु अपने उत्पाद को उद्यान विभाग में उपलब्ध करायें

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया है कि चन्द्रशेखर आजाद पार्क कम्पनी बाग प्रयागराज में दिनांक 08, 09 व 10 मार्च 2025 को मण्डलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें किसानों द्वारा उत्पादित फल, शाकभाजी, पुष्प, मधु एवं उद्यमियों द्वारा प्रसंस्कृत उत्पाद की प्रदर्शनी दिनांक 08 मार्च, 2025 को सुबह 10 बजे से पूर्व लगायी जानी है तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर चयनित होने पर पुरस्कृत भी किया जाना है। उन्होने बताया है कि जनपद के इच्छुक कृषक एवं उद्यमी अपने उत्पाद को चन्द्रशेखर आजाद पार्क कम्पनी बाग प्रयागराज के मेले में लगाने हेतु उद्यान विभाग कार्यालय में दिनांक 07 मार्च 2025 की सांय 5 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इच्छुक कृषक दिनांक 08, 09 व 10 मार्च 2025 को मेले का भ्रमण भी कर सकते है।

संक्षिप्त खबरें

## आगामी त्योहारों के दृष्टिगत एसपी ने करारी कस्बे में किया पैदल गस्त



**कौशाम्बी।** आगामी त्योहारों के दृष्टिगत आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर श्री शिवांक सिंह के साथ कस्बा करारी में पैदल गस्त की गई एवं संदिग्ध व्यक्तियोंध्वाहनों की चेकिंग की गई। भ्रमण के दौरान लोगों से संवाद कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने करारी थाने में अर्दली रूम का किया निरीक्षण



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना करारी के सभी विवेचकों का अर्दली रूम किया गया। इस दौरान लम्बित विवेचनाओं के सम्यक समयबद्ध और गुणवत्तापरक निस्तारण एवं अपराध नियन्त्रण के सम्बन्ध में समीक्षा कर सभी को त्यौहार रमजान व आगामी त्यौहार होली के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मंझनपुर उपस्थित रहे।

## कबाड़ की दुकान में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख



**तिल्हापुर मोड़, (कौशाम्बी)।** पिपरी थानाक्षेत्र के बूंदा गांव के बाहर गुरुवार की दोपहर संदिग्ध दशा में कबाड़ की दुकान में आग लग गई। कुछ ही देर में आग की लपटें आसमान को छूने लगी। आग की लपटों को देख मौके पर जुटे लोगों ने सबमर्सिबल के सहारे काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान दुकान में रखा लाखों का कबाड़ जलकर राख हो गया।बूंदा गांव निवासी सलीम अहमद पुत्र अजमत अली ने गांव के बाहर एफए इंटरप्राइजेज के नाम से कबाड़ की दुकान खोल रखा है। गुरुवार दोपहर संदिग्ध दशा में उसकी दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने रौद्र रुप धारण कर लिया। चीख पुकार सुनकर मौके पर जुटे ग्रामीणों ने सबमर्सिबल के सहारे काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान में रखा लगभग दो लाख रुपये का कबाड़ जलकर राख हो गया। आगजनी से दुकानदार के होश उड़ गए। घटना के बाद से दुकान मालिक का रो रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों का आरोप है कि दमकल को सूचना देने के बाद भी वह मौके पर नहीं पहुंची। दुकान मालिक ने घटना की जानकारी पुलिस के साथ-साथ तहसील प्रशासन को दे दी है।

## पुरानी रंजिश में युवक को पीटा,बीच बचाव करने पर कुनबे को धुना केस दर्ज

**करारी, (कौशाम्बी)।** कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले रामू पुत्र राम बाबू ने गुरुवार को करारी थाना में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि सोमवार की रात पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही रहने वाले धर्म व शिवराज पुत्रगण सजन व सजन उसे दरवाजे पर लाठी डण्डा से मारने पीटने लगे।बीच बचाव करने पर दबंगों ने छोटे भाई श्यामू व छोटी बहन नौरती को भी मारा पीटा साथ ही माँ बहन की भद्दी भद्दी गाली दिए।और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। प्राप्त तहरीर के आधार पर करारी पुलिस केस दर्ज करते हुए घायलों को चिकित्सकीय परीक्षण को भेजकर जांच पड़ताल में जुट गई है।

## एनएसएस कैंप के तीसरे दिन आपदा के समय स्वयं सेवकों के दायित्वों को बताया



**भरवारी, (कौशाम्बी)।** आज एनएसएस कैंप के तीसरे दिन आपदा के समय स्वयं सेवकों के दायित्वों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर दीपक कुमार ने बाढ़ और भूकंप के समय स्वयं सेवकों को किस प्रकार प्रभावित लोगों की सहायता करनी चाहिए, के बारे में बताया। एनएसएस कार्यक्रम के अधिकारी और सहायक अधिकारी ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर भवंस मेहता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रबोध श्रीवास्तव ने एनएसएस में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को एक सशक्त भारत के निर्माण में एनएसएस के योगदान और रणनीति के बारे में बताया।

## काशीराम कॉलोनी से बाइक चोरी

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र काशीराम कॉलोनी स्थित घना का पुरा से 6-3-25 की बीती रात बाइक चोरी हो गई। बाइक सोनेलाल पुत्र राम रतन निवासी चकनगर मंझनपुर की है।

# दिल्ली में सम्मानित हुई कौशाम्बी की दो महिला ग्राम प्रधान



लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, (कौशाम्बी)।** पंचायती राज्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने को लेकर मंगलवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय कार्यशाला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में देश भर के दो सौ प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।इस सम्मेलन में कौशाम्बी जनपद की दो ग्राम सभा की तेज तर्रार महिला ग्राम प्रधान का नाम शामिल था। बुधवार को सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक कार्यक्रम चला।सम्मेलन में शामिल हुए जन प्रतिनिधियों को नाना प्रकार के सुझाव दिए गए।इसके बाद सभी को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

सदर ब्लाक के ग्राम सभा उखैया खास गांव की प्रधान सीमा निर्मल पत्नी राकेश व कड़ा ब्लाक के ग्राम सभा थुलगुला गांव की शांती देवी पत्नी राम खेलावन ने आमंत्रण पर राष्ट्रीय कार्यशाला सम्मेलन में हिस्सा लेकर जनपद का नाम रोशन कर दिया है। सीमा निर्मल ने बताया कि आगामी 08 मार्च को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम मंगलवार की सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुआ और शाम 5 बजे समाप्त हुआ। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा सशक्त पंचायत नेत्री अभियान का शुभारंभ भी हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित पंचायती राज विभाग के अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भव्यता के साथ मनाने का सुझाव दिये हैं।गांव के नागरिकों को सरकार की हर योजना की जानकारी देने की बात कही गई है। इसके साथ ही पंचायती राज,महिला सशक्तिकरण,ग्राम सभा में विकास को लेकर विस्तृत टिप्स दिए गए हैं।इसी को लेकर मंगलवार और बुधवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय कार्यशाला और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाने की बात कही गई है।

# श्री राम विवाह एवं परशुराम कथा सुनकर मंत्र मुग्ध हुए श्रोता

लोकमित्र ब्यसूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के दारानगर कस्बे में चल रही संगीतमय श्री राम कथा के चौथे दिन वृंदावन धाम से पधारे हुए स्वामी पुंडरी काक्षाचार्य वेदांती जी महाराज ने सीताराम विवाह की कथा के साथ में परशुराम संवाद का व्याख्यान किया। कथा सुनकर मौजूद श्रोतागण मंत्र मुक्त हो गए। कथा में जैसे ही भगवान श्री राम ने शिव धनुष को तोड़ा पूरा पंडाल सीताराम के जय घोष से गुंजायमान उठा पूरा प्रांगण भक्ति भाव से सराबोर हो गया । वेदांती जी महाराज ने कहा सीता स्वयंवर में शामिल हुए राजाओं महाराजाओं के असफल होने के उपरांत जैसे ही भगवान श्री रामचंद्र धनुष तोड़ा उसकी टंकार तीनों लोक में सुनाई दी शिव धनुष टूटने की टंकार सुनकर तपस्यारत भगवान परशुराम की आंख खुल गई और वह सीधे जनकपुर



पहुंचे और मिथिला नरेश से कहा कि जिस किसी ने भी शिव धनुष तोड़ा है उसे सभा से निकालकर मेरे समक्ष प्रस्तुत करो नहीं तो मैं सभी राजाओं को मार डालूंगा परशुराम के क्रोध को शांत करने का भगवान श्री राम ने काफी प्रयास किया लेकिन वह शांत नहीं हुए इस बीच भगवान परशुराम और लक्ष्मण का संवाद हुआ और अंत में भगवान श्री राम ने उनके तरकश में रखे हुए श्री नारायण अस्त्र को नष्ट कर स्वयं के नारायण होने का प्रमाण दिया तब जाकर उनका क्रोध शांत हुआ इसके बाद राजा जनक ने संदेशवाहक को अयोध्या भेज कर महाराज दशरथ को श्री राम सीता विवाह में बारातियों संग शामिल होने का न्योता भेजा। इस दौरान राजेश मिश्रा ,आनंद मिश्रा, ओम नारायण पाठक, अश्वनी तिवारी ,आर्य शुक्ला, संतोष शुक्ला, हरेंद्र मिश्रा अशोक पांडे सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## होली पर्व के अवसर पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यवाही



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** होली पर आम जनमानस को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी महोदय के आदेश एवम सहायक आयुक्त खाद्य ममता चौधरी के निर्देश में तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसपी तिवारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवम औषधि प्रशासन के खाद्य सचल दल द्वारा छापेमारी कर नमूना संग्रहण का कार्य किया। जनपद के बाजारों मंझनपुर ,दीवर कोतारि व गुवारा तैयबपुर में कार्यवाही की गई है। मंझनपुर से मैदा, कचरी(पापड़), दीवर कोतरी से बेसन व साबूदाना पापड़ और गुवारा तैयबपुर से सूजी एवम पेड़ा का नमूना संगृहीत कर जांच हेतु भेजा गया है। प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉक्टर भरत मिश्र व शहाब उद्दीन सिद्दीकी शामिल रहे।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से युवक घायल, अनियंत्रित ट्रक खाई में पलटा

लोकमित्र ब्यूरो

**बारा, कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के जुगराजपुर गांव के 20 वर्षीय अंकुश भार्गव पुत्र गुड्डन भार्गव गुरुवार सुबह किसी काम से कनैली बाजार गए थे। लौटते दोपहर, जब वे अपनी बाइक से गांव की ओर जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि अंकुश सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए और लहूलुहान हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत एंबुलेंस बुलवाई और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है और खबर लिखे जाने तक हालत नाजुक बनी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक ओवरलोड बालू लादकर महिला की ओर जा रहा था। ट्रक चालक नशे की हालत में था, जिससे वह वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। दुर्घटना के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। घटना से



ग्रामीणों में आक्रोश, ओवरलोड वाहनों पर रोक की मांग की और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि इस इलाके में ओवरलोड ट्रकों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा। ग्रामीणों ने ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## 20 लीटर कच्ची शराब के साथ युवक को दबोचा

लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, (कौशाम्बी)।** गुरुवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के एक गांव से 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक युवक को पकड़ लिया है। पुलिस ने युवक के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया और शराब को नष्ट करा दिया है। इसके साथ ही पुलिस ने उसे निजी मुचलके पर जमानत दे दी है।

करारी क्षेत्र के अर्का महमदपुर चौकी इंचार्ज चंदन सिंह ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के मीरापुर गांव के रहने वाले मोती लाल पुत्र स्वर्गीय जगदेव को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ उसके घर से पकड़ लिया है।पुलिस ने युवक के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर शराब को नष्ट करा दिया है इसके साथ ही उसे निजी मुचलके पर जमानत दे दिया है।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान





लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालय, गांव व कस्बा में भ्रमण करध्चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस क्रम में थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा कौशांबी इंटर कालेज में जाकर, थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में, महिला थाना की पुलिस टीम द्वारा कस्वा मंझनपुर क्षेत्र में, थाना कोखराज पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं, बच्चियों, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया।

महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- (1) 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना
(2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## इंस्पायर अवार्ड योजना मे जनपद के 61 बाल वैज्ञानिकों का चयन

**▸▸ चयनित बाल वैज्ञानिकों को मिलेगा रुपए 10000 का अवार्ड**

**▸▸ विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार की इंस्पायर अवार्ड मानक योजना**

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** वर्ष 2024-25 हेतु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के पोर्टल पर विद्यार्थियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 01 जुलाई से अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2024 तक कराया गया। उक्त योजना में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं सह जिला नोडलअधिकारी राजीव यादव, समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों एवं समस्त एआरपी विज्ञान,एस0आर0जी0 के संयुक्त प्रयास से जनपद के बेसिक एवं माध्यमिक के 561 विद्यालयों से कुल 2711 विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन कराए गए। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में बच्चों के इनोवेटिव आइडिया, नवाचार एवं तकनीकी सोच को सबमिट किया गया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के वैज्ञानिकों द्वारा जनपद के 61 बाल वैज्ञानिकों के नवाचार को चयनित किया गया। उक्त जानकारी प्रदान करते हुए समन्वयक, जिला विज्ञान क्लब वसीम अहमद ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड के रूप में चयनित विद्यार्थियों के बैंक खाते में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा 10000 का अवार्ड प्रेषित किया जाएगा। प्राप्त अवार्ड धनराशि से विद्यार्थी अपने नवाचार का मॉडल बनाकर जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रस्तुत करेंगे। विद्यार्थियों के चयन पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर सच्चिदानंद यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 कमलेंद्र कुमार कुशवाहा, राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राजू यादव, नीरज केसरी, समन्वयक जिला विज्ञान क्लब वसीम अहमद, वैज्ञानिक डॉ आशीष श्रीवास्तव, डॉ एसके सिंह, डॉ रविंद्र कुमार, आयुष साहू, संजय प्रजापति ने चयनित बच्चों को शुभकामनाएं प्रदान की।

## नकबजनी कर लाखों की चोरी,केस दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, (कौशाम्बी)।** कस्बे के इंद्रा नगर मोहल्ला स्थित एक गल्ला व्यापारी के घर में 6 फरवरी की रात अज्ञात चोरों ने सेंध काटकर छः लाख रुपए व सोने चांदी के कीमती आभूषण पार कर दिए।शाम को गृह स्वामी घर में ताला लगाकर दावत चला गया था।देर रात दावत से घर लौटे गृह स्वामी ने घर का ताला खोला तो दरवाजा नहीं खुला।अंदेशा होने पर वह घर के पीछे जाकर देखा तो दीवार में सेंध कटा था।सेंध के रास्ते वह घर में दाखिल होकर देखा तो सामान बिखरा था।छानबीन में गायब समान का खुलासा हुआ।दूसरे दिन पीड़ित ने इलाकाई कोतवाली में शिकायती पत्र देकर करवाई कि मांग किया। गुरुवार को करारी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

करारी कस्बे के किंग नगर मोहल्ले के रहने वाले गल्ला व्यापारी कामता प्रसाद 18 फरवरी की शाम घर के दरवाजे में ताला लगाकर शादी समारोह में शामिल होने चला गया।साथ ही घर के अन्य सदस्य प्रयागराज के एक अस्पताल में भर्ती परिजन को देखने गए थे।कामता जब देर रात दावत से वापस घर आया और ताला खोला तो दरवाजा नहीं खुला।

अनहोनी की आशंका पर वह घर के पीछे जाकर देखा तो उसके दीवार में सेंध कटा मिला।सेंध के रास्ते कामता घर में दाखिल हुआ तो घर में सामान बिखरा मिला।कामता द्वारा छानबीन करने पर टीन में रखा छः लाख रुपए,10 ग्राम सोना,12 ग्राम सोने की एक मोहर,तीन सोने की मंगलसूत्र, चांदी की तीन करधनी,तीन कमर पेटी,तीन पायल और पांच जोड़ी चौन पट्टी गायब थी। इस पर गृहस्वामी फूटफूट कर रोने लगा।घटना से मोहल्ले में हड़कंप मच गया। दूसरे दिन पीड़ित ने करारी थाना में शिकायती पत्र देकर करवाई कि मांग किया। पुलिस ने गुरुवार को केस दर्ज लिया। साथ ही जांच पड़ताल में जुट गई है।

# रक्तदान से बड़ा कोई और दान नहीं होता है- बीरेन्द्र कुमार फौजी

**● नगर पालिका परिषद मंझनपुर अध्यक्ष ने किया रक्तदान**



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** रक्तदान से बड़ा कोई और दान नहीं होता है, हमारे रक्तदान करने से किसी की जिदंगी बच सकती है, यह बाते नगर पालिका अध्यक्ष ने गुरूवार को संयुक्त जिला अस्पताल में रक्तदान करते हुए कही, उन्होने कहा कि सभी लोगों को रक्तदान करना चाहिए, अगर कोई गम्भीर बीमारी से जूझ रहा हो, और उसे रक्त की आश्यकता है, उस समय हम लोगों के दान किए हुए रक्त उसकी जान बचा सकता है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष के साथ रहने वाले दर्जन भर लोगों ने रक्तदान किया।

संयुक्त जिला अस्पताल में ब्लड बैक में ब्लड नहीं होने पर जिला अस्पतालके अधीक्ष सुनील कुमार शुक्ल ने नगर पालिका अध्यक्ष मंझनपुर बीरेन्द्र फौजी से अनुरोध किए कि वह ब्लड नोटे कराने में उनका सहयोग करे। जिससे ब्लड बैंक में ब्लड उपलब्ध हो सके।

जिला अस्पताल के अधीक्षक के अनुरोध पर गुरूवार को नगर पालिका अध्यक्ष बीरेन्द्र फौजी अपने दर्जन भर साथियों के साथ अस्पताल पहुच गये। वहा पर नगर पालिका अध्यक्ष बीरेन्द्र फौजी ने सबसे पहले ब्लड डोनेट किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष बीरेन्द्र फौजी ने कहा कि रक्तदान से बडा कोई दान नहीं है। उन्होने कहा कि हमारे रक्तदान से किसी का जीवन बच सकता है। उन्होने लोगों से अपील किया कि सभी लोग रक्तदान करने के लिए बढ चढ कर हिस्सा ले। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिव प्रताप मौर्य व विजय तिवारी एवं ज्ञानेंद्र तिवारी गुड्डू पासी अमित चौरसिया दीपक पांडेय धर्मेंद्र कुमार सुमित कुमार अजीत कुमार नरेश कुमार आजाद पासी अनिल तिवारी मुकेश कुमार हंसराज संजय कुमार अवधेश सरोज राम विशाल अभिजीत कुमार परमेश कुमार दिनेश कुमार अभिषेक आजाद साजन गब्बर आदि लोगों ने अपना रक्तदान किया।

इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा0 एचके सिंह मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 सुनील कुमार शुक्ल ब्लड बैंक इंचार्ज डा0 रवि रंजन सिंह आदि स्टाप के लोग मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# बसपा के अंदर का घमासान सतह पर

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्टी सुप्रीमो मायावती के हालिया फैसले ने एक बार फिर उत्तर भारत की सबसे बड़े राजनीतिक पार्टी के साथ ही राष्ट्रीय राजनीति को सरगर्म कर दिया है।मायावती ने सभी को चौंकाते हुए भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक (नेशनल कोआर्डिनेटर) समेत सभी पदों से हटाने का फैसला लिया है। साथ ही पार्टी प्रमुख ने अपने जीते-जी किसी को भी उत्तराधिकारी नहीं बनाने का सख्त निर्णय भी सुना दिया। स्वाभाविक है, मायावती के इस फैसले से न केवल उनकी पार्टी के लोगों को बल्कि राजनीतिक विश्लेषकों को भी अचरज में डाल दिया है।आकाश पार्टी का युवा चेहरा हैं। हालांकि जिम्मेदारी के पद पर रहते हुए पार्टी का प्रदर्शन निचले स्तर का रहा। 2019 के लोक सभा चुनाव के बाद आकाश आनंद को बीएसपी का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया गया था, लेकिन पार्टी का प्रदर्शन बेहद फीका रहा। यहां तक कि पिछले महीने संपन्न हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में आकाश आनंद पार्टी के प्रभारी थे, लेकिन सीट जीतना तो दूर की बात है, वोट शेयर में भी गिरावट आई थी।गौरतलब है कि मायावती ने आकाश को पहली बार राष्ट्रीय समन्वयक पद से नहीं हटाया है। पिछले साल लोक सभा चुनाव से पहले भी आकाश आनंद को राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटा दिया था। हटाने का तर्क दिया गया था कि अभी उन्हें और परिपक्व होने की जरूरत है। मायावती के साथ एक नकारात्मक बात यह है कि वह कभी भी सड़क पर नहीं उतरती हैं। राजनीति की गहरी समझ रखने वाले और विपक्षी दलों के नेता भी यह मानते हैं कि अब खुल कर राजनीति करने के मायावती के दिन नहीं आने वाले।खासकर भाजपा के खिलाफ आक्रामक रुख रखने के स्वभाव को मायावती ने बहुत पहले साइडलाइन कर रखा है। वह भाजपा के दबाव में है। बहरहाल, मायावती के फैसले के बाद आकाश की प्रतिक्रिया में ही भविष्य के संकेत निहित हैं।आकाश का यह कहना कि %परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है', इस बात को भलीभांति स्पष्ट करती दिखती है कि बसपा में अभी बहुत कुछ घटित होने वाला है। देखना है मायावती के हार्डकोर समर्थक पार्टी के लिए कितने फायदेमंद रहते हैं या पार्टी के अंदर का घमासान सतह पर आकर बसपा वोटर्स को असहज करते हैं।

# क्या अमेरिका पूरी अर्थव्यवस्था पर कब्जा करना चाह रहा है



**अशोक भाटिया**

फिलहाल लगता तो ऐसा है कि अमेरिका दुनिया की पूरी अर्थव्यवस्था पर कब्जा करना चाह रहा है। आर्थिक दुनिया में इस बात की बहुत चर्चा है कि चीन पर अमेरिकी प्रतिबंध भारत, चीन , कनाडा और थाईलैंड को कैसे प्रभावित कर रहे हैं। वहीं, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सोना एक लाख रुपये प्रति तोला की कीमत की ओर बढ़ रहा है। वहीं भारत-ब्राजील अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन को लगे झटके का असर भारत के स्टील सेक्टर पर भी पड़ा है। ट्रंप ने चीन को सबक सिखाने के लिए स्टील पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की। यह दर 12 मार्च से लागू होगी। इनकी धमकी का सबसे ज्यादा असर मेटल शेयरों पर पड़ा है। उनकी घोषणा के बाद इसके लागू होने की तारीख भी घोषित कर दी गई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का मेटल इंडेक्स 2.23 फीसदी गिरा है। सूचकांक 627.81 अंकों यानी 0.11 फीसदी की गिरावट के साथ 27,526.08 पर बंद हुआ। हिंदुस्तान जिंक, जेएसएल, नेशनल एल्युमीनियम कंपनी, एनएमडीसी, कोल इंडिया, वेदांता लिमिटेड, टाटा स्टील, एप्पल पोलो, जिंदल स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंडाल्को के शेयरों में भारी गिरावट आई। भारत अमेरिका का शीर्ष इस्पात निर्यातक नहीं है। अमेरिका कनाडा, ब्राजील, मैक्सिको, दक्षिण कोरिया और वियतनाम से अधिकांश स्टील आयात करता है।

इस बीच कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमला बोला है। उन्होंने ट्रंप के ऊपर कनाडा को कब्जाने की योजना बनाने का आरोप लगाया है और वॉइट हाउस के टैरिफ हमले को इसी का हिस्सा बताया है। ट्रूडो ने मंगलवार 4 मार्च को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ युद्ध का उद्देश्य कनाडा की अर्थव्यवस्था को नष्ट करना है ताकि वह देश को अपने में मिला सकें। इसके पहले कनाडा के ट्रूडो प्रशासन ने डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ हमले पर पलटवार करते हुए अमेरिकी आयात पर टैरिफ लगाया है। ट्रंप ने कनाडाई ऊर्जा आयात पर 10 प्रतिशत और अन्य सभी वस्तुओं पर 25त्न टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इसके कुछ घंटों बाद ही ओट्टावा ने सौंदर्य प्रसाधन, उपकरण, टायर, फल और शराब समेत 30 अरब कनाडाई डॉलर मूल्य के अमेरिकी आयातों पर तत्काल 25त्न टैरिफ लगाने की घोषणा की। कनाडा ने कहा है कि आवश्यकता पड़ने पर 21 दिनों के भीतर 125 अरब डॉलर मूल्य के अतिरिक्त आयात पर टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रूडो ने फेंटेनाइल ड्रग की तस्करी के ट्रंप के आरोपों पर भी जवाब दिया और कहा कि टैरिफ लगाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति फेंटेनाइल को बहाना बना रहे हैं। ट्रूडो ने इन आरोपों को %पूरी तरह से फर्जी, पूरी तरह से अनुचित और पूरी तरह से झूठ% बताया। ट्रूडो ने कहा, ट्रंप जो चाहते हैं, वह है- कनाडा की अर्थव्यवस्था का पूरी तरह से पतन देखना। क्योंकि इससे हमें अपने साथ मिलाना आसान हो जाएगा।भारत के व्यापार मंत्रालय के आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में अमेरिका को भारत के निर्यात में काफी गिरावट आई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में, भारत ने 2022-23 की तुलना में अमेरिका को 47.68 प्रतिशत कम स्टील का निर्यात किया, जबकि लोहे और इस्पात के सामान के निर्यात में भी 9 प्रतिशत की गिरावट आई। यह गिरावट इस वित्तीय वर्ष में भी जारी है। यह है। चीन दुनिया का सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक है; लेकिन भारत के विपरीत, यह अमेरिका के शीर्ष इस्पात आयातकों की सूची में नहीं है। स्टील चीन से दूसरे देशों में और वहां से अमेरिका में भेजा जाता है। ट्रम्प प्रशासन जानता है कि अगर स्टील पर टैरिफ लगाए जाते हैं, तो इसका सीधा असर चीन पर पड़ेगा। हालांकि भारतीय इस्पात क्षेत्र लंबे समय में मजबूत है, अल्पकालिक नुकसान से बचना मुश्किल है और आगे उतार-चढ़ाव का जोखिम बना हुआ है। भू-राजनीतिक अनिश्चितता और आर्थिक नीतियों में बदलाव बाजार के रुझान को प्रभावित करते हैं। वे करेंगे। टैरिफ वॉर का असर ग्लोबल इकोनॉमी पर पड़ सकता है। भारत, चीन और थाईलैंड जैसे उभरते बाजारों को सबसे ज्यादा नुकसान हो सकता है। ब्रोकरेज फर्म नोमुरा की एक रिपोर्ट के अनुसार, इन देशों में संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में बहुत अधिक प्रभावी टैरिफ दरें हैं। इसलिए वे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। भारत का अमेरिका से निर्यात की औसत दर 9.5 प्रतिशत है। भारत का अमेरिका को निर्यात तीन प्रतिशत शुल्क के अधीन है। थाईलैंड में 0.9 प्रतिशत बनाम 6.2 प्रतिशत का आंकड़ा है, जबकि चीन में 2.9 प्रतिशत बनाम 7.1 प्रतिशत है, और सिंगापुर और दक्षिण कोरिया जैसे देश, जिनके पास संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते हैं, ट्रम्प के प्रतिशोधी टैरिफ के खतरे से अधिक सुरक्षित हैं। नोमुरा ने कहा कि भारत में उच्चतम निर्यात शुल्क दर है। भारत एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के बीच उच्चतम टैरिफ दर वाला देश है। इसलिए, भारत को ट्रम्प की टैरिफ दर में वृद्धि का बड़ा खतरा है। दुनिया भर में भारत के निर्यात का 18त्न अमेरिका को होता है। 2024 में व्यापार अधिशेष बढ़कर लगभग 38 बिलियन हो गया है। अमेरिका में भारत के निर्यात में विद्युत/औद्योगिक मशीनरी, रत्न और आभूषण शामिल हैं। नोमुरा के विश्लेषकों ने कहा कि दवाएं, ईंधन, लोहा एवं इस्पात,



लोहा एवं इस्पात, लोहा एवं इस्पात, कपड़ा, कपड़ा और रसायन क्षेत्र में आयरन, स्टील और एल्युमीनियम की हिस्सेदारी कुल 5.5 प्रतिशत है। यदि वे अपने शीर्ष स्थान को बनाए रखते हैं, तो भारत और ब्राजील सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं होंगे, जिनकी जीडीपी वृद्धि पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक होगी। लेकिन कर्ज का बोझ भी तेजी से बढ़ा है। दूसरी ओर, कनाडा, जर्मनी और इटली ने कर्ज कम करने में कामयाबी हासिल की है। साथ ही, जापान की आर्थिक स्थिति चुनौतीपूर्ण रही है। यह विश्लेषण 2020 से 2025 तक के आर्थिक आंकड़ों पर आधारित है। विश्व मुद्रा कोष का अनुमान है कि 2025 में अमेरिकी जीडीपी 30.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी। यह पिछले कुछ वर्षों में 42 प्रतिशत की वृद्धि है। इसके अलावा, संयुक्त राज्य अमेरिका ने ऋ्रण-से-जीडीपी अनुपात को 132 प्रतिशत से घटाकर 124 प्रतिशत कर दिया है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका की मजबूत आर्थिक स्थिति को दर्शाता है। चीन की जीडीपी 2025 तक 19.5 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान है। यह 2020 में 14.9 ट्रिलियन डॉलर था। पिछले पांच वर्षों में इसमें 31 प्रतिशत की वृद्धि हुई है; लेकिन चीन का कर्ज-टू-जीडीपी अनुपात 70 प्रतिशत से बढ़कर 94 प्रतिशत हो गया है, जो दर्शाता है कि चीन की विकास दर ऋ्रण पर निर्भर है, जो लंबे समय में खतरनाक हो सकती है।भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत की त्नष्ठक्क 2020 में 2.7 ट्रिलियन डॉलर से 2025 में 4.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। इसका मतलब है कि भारत ने पांच वर्षों में 60 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि हासिल की है और ऋ्रण-से-जीडीपी अनुपात 88 प्रतिशत से गिरकर 83 प्रतिशत हो गया है। यह भारत की आर्थिक स्थिरता को दर्शाता है। यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी की जीडीपी, 2020 में 3.9 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2020 में 3.9 ट्रिलियन डॉलर होने की उम्मीद है। अंदाज़ा लगाओ क्या। इसके अलावा, ऋ्रण-जीडीपी अनुपात 68 प्रतिशत से गिरकर 62 प्रतिशत हो गया है। ब्राजील की अर्थव्यवस्था रफ्तार पकड़ रही है। ब्राजील की जीडीपी 2020 में 1.5 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2025 में 2.3 ट्रिलियन डॉलर होने की उम्मीद है। यह वृद्धि पांच वर्षों में 56 प्रतिशत होगी। ब्राजील ने अपने कर्ज-से-जीडीपी अनुपात को 96 प्रतिशत से घटाकर 92 प्रतिशत कर दिया है। इससे उसकी वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है। सोना हर दिन नए रिकॉर्ड बना रहा है। 11 फरवरी का सोने का वायदा भाव 86,000 रुपये के आसपास था. अब 10 ग्राम सोने का भाव 90,000 रुपये प्रति तोला की ओर बढ़ रहा है। कई रिपोर्टों में सोने की कीमतों में 90,000 रुपये प्रति तोला तक की वृद्धि की भविष्यवाणी की गई है। भारत में सोने का सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व है। बाजार की स्थिति लगातार बदल रही है और निवेशक और व्यापारी इन परिवर्तनों की निगरानी करते हैं। ट्रम्प के संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद से भू-राजनीतिक तनाव बढ़ गया है। डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर होने से सोना और महंगा होता जा रहा है। बढ़ती महंगाई से भी सोने की कीमत को सपोर्ट मिल रहा है। शेयर बाजार में बढ़ती उठापटक के चलते लोग सोने में अपना निवेश बढ़ा रहे हैं।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# अब असेसमेंट ईयर की जगह टैक्स ईयर

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

इन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोक सभा में पेश किया गया नया आयकर विधेयक भारत की आयकर व्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता के साथ-साथ राजस्व बढ़ाने की बड़ी कोशिश का अहम हिस्सा है।वित्त मंत्री ने पिछले वर्ष जुलाई, 2024 के बजट भाषण में कहा था कि आयकर कानून की कई धाराएं प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई थीं। कानूनी जटिलताएं भी कर अनुपालन में उभरीं और मुश्किलों व मुकदमेबाजी का सबब बनीं। नया आयकर विधेयक कानून बनने के बाद आयकर कानून, 2025 के रूप में एक अप्रैल, 2026 से मौजूदा आयकर कानून, 1961 की जगह ले लेगा।गौरतलब है कि 1961 में मौजूदा आयकर कानून लागू किए जाने के बाद से अब तक आयकर कानून की विभिन्न कमियों को दूर करने के लगातार प्रयास किए जाते रहे। खास तौर से 1981 में कंप्यूटरीकरण की शुरु आत के साथ हुई तकनीकी प्रगति ने इलेक्ट्रॉनिक रूप से आयकर चालान की प्रोसेसिंग करने पर ध्यान केंद्रित किया। इस परिप्रेक्ष्य में 2009 में ई-फाईल और पेपर रिटर्न की व्यापक प्रोसेसिंग को संभालने के लिए सेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग सेंटर (सीपीसी) की स्थापना की गई। पिछले एक दशक से आयकर कानून में जो अहम सुधार किए गए हैं, उनसे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली वहीं उनकी संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली। इन सुधारों में प्रमुख रूप से करदाता चार्टर (टैक्सपेयर चार्टर) और पहचानरहित समीक्षा (फेसलेस असेसमेंट) तथा करदाताओं के लिए पहचानरहित अपील (फेसलेस अपील) व्यवस्था महत्त्वपूर्ण हैं।इसके अलावा, नॉन फाइलर्स, मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमए) के जरिए ऐसे लोगों की पहचान की जाती है, जिन्होंने हाई वैल्यू ट्रांजैक्शन किया है पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है। इन विभिन्न प्रयासों से पिछले 10 वर्षो में आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या और आयकर संग्रह में तेज वृद्धि देखी गई है। लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी आरामदायक और विलासिता की वस्तुओं का उपयोग करने वाले तथा पर्यटन के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से भी बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं, या फिर बहुत कम आयकर देते हैं।स्थिति यह है कि 2023-24 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 8.09 करोड़ लोगों ने ही आयकर रिटर्न दाखिल किए। इनमें से भी 4.90 करोड़ लोगों ने शून्य कर योग्य आय की सूचना दी। सिर्फ 3.19 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। ऐसे में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में आयकर का योगदान कम बना हुआ है। दुनिया की कई छोटी-छोटी अर्थव्यवस्थाओं में संग्रहित किए जाने वाले आयकर का उनकी जीडीपी में बड़ा योगदान है। वस्तुत- कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ती है।सरकार की मुट्ठी में बढ़ता कर राजस्व न केवल अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद करता है, बल्कि सरकार को अपने करदाताओं के प्रति जवाबदेह भी बनाता है। यह वित्तीय वर्ष की बेहतर योजना और बजट बनाने में भी मदद करता है। खास तौर से इस समय जब 2047 में देश को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा गया है,




त ब जीडीपी में आयकर का योगदान बढ़ाया जाना जरूरी दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि आयकर संबंधी विभिन्न मुश्किलों और चुनौतियों के निराकरण के लिए नये आयकर विधेयक में प्रभावी प्रावधान दिखाई दे रहे हैं। नये आयकर विधेयक को संक्षिप्त, स्पष्ट तथा पढने-समझने में आसान बनाते हुए 23 अध्यायों में समेटा गया है।इस विधेयक में 622 पृष्ठ हैं, जबकि मौजूदा कानून में 823 पृष्ठ हैं। शब्द संख्या भी घटाई गई है। मौजूदा कानून के 5.20 लाख शब्दों से घटा कर नये विधेयक में केवल 2.60 लाख शब्द रखे गए हैं। मौजूदा कानून में आरंभ में केवल 298 धाराएं थीं, मगर प्रावधान जुड़ते गए और अब कुल 819 धाराएं हो गई हैं। नये विधेयक ने इन्हें घटा कर 536 कर दिया है। नये आयकर विधेयक में %चार्टर ऑफ टैक्सपेयर्स' है, जिससे कर व्यवस्था में विश्वास और पारदर्शिता बढ़ेगी।वेतनभोगी करदाताओं के लिए विभिन्न प्रावधानों को सहज बनाते हुए हर तरह की कटौती को एक ही धारा के तहत रख दिया गया है। नये विधेयक में मुकदमेबाजी कम करने और टैक्स मामलों को जल्दी सुलझाने पर ध्यान दिया गया है। पुराने कानून में इस्तेमाल किए गए जटिल शब्दों को सरल बना दिया गया है। अब %असेसमेंट ईयर' की जगह %टैक्स ईयर' होगा। टैक्स ईयर एक अप्रैल से 31 मार्च तक रहेगा। अब क्रिप्टोकरंसी और अन्य डिजिटल असेट्स को %कैपिटल असेट' माना जाएगा और उन पर टैक्स लगाया जाएगा। इससे डिजिटल संपत्तियों पर टैक्स सिस्टम के बारे में अधिक स्पष्टता आएगी। नये टैक्स रिजीम के साथ ओल्ड टैक्स रिजीम भी जारी रहेगा। नये आयकर विधेयक में आयकर अधिकारियों के अधिकारों और शक्तियों को बढ़ाया गया है। विधेयक में गलत या अधूरी जानकारी देने पर भारी जुर्माना लगाना सुनिश्चित किया गया है।जानबूझकर टैक्स चोरी करने वालों पर मुकदमा चलाया जा सकता है। इन सबसे आयकर संग्रहण बढ़ेगा और ईमानदार करदाताओं को लाभ होगा। निश्चित रूप से एक अप्रैल, 2026 से लागू होने वाले नये आयकर कानून की वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर होगी कि इस कानून को कितने कारगर तरीके से लागू किया जाता है। इस कानून की वास्तविक परीक्षा यह भी होगी कि नया टैक्स रिजीम कर संबंधी मुकदमों में कितनी कमी लाएगा। निस्संदेह व्यक्तिगत आयकर के मामले में सरकार ने नई कर प्रणाली लागू करके बेहतर किया है, लेकिन रियायतों और कर दरों का ढांचा अब भी जटिल बना हुआ है। इसे सरल बनाने के लिए सरकार को प्राथमिकता से ध्यान देना होगा।

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### मुस्कुराओ बदलाव तुम हो

जग की चेतना का सार तुम हो,
नवसृजन का आधार तुम हो,
कदापि उपेक्षित नहीं तुम,
आंकलन से परे विस्तृत आकार तुम हो,
सुमधुर सुंदर भाव तुम हो,
मुस्कुराओ बदलाव तुम हो!
नारी हो तुम न्यारी हो तुम,
सशक्त व संस्कारी हो तुम,
तुम जननी प्रेरणाओं की,
संरक्षिका परम्पराओं की,
शीत लहरों के मौसम में,
गरमाहट की अलाव तुम हो,
मुस्कुराओ बदलाव... !
परिपटियों को तोड़ती,
नव अध्याय हो जोड़ती,
गार्गी सी विदुषी तुम्हीं,
राधिका सी प्रेयसी तुम्हीं,
एक पुंज विविध भूमिकाओं का,
स्वर्णिम ठहराव तुम हो,
मुस्कुराओ बदलाव.. !



**पूजा मिश्रा**
**सीधी, मध्य प्रदेश**

### रूठ कर मुझसे तुम....

रूठ कर मुझसे तुम यूँ न जाया करो।
रात सपनों में तुम यूँ न आया करो।।
प्यार को हम तरसते रहे आज तक।
है जो वादा उसे तुम निभाया करो।।
मुफलिसी में गुज़ारे हैं ये जिंदगी।
तोहमत यूँ न मुझपे लगाया करो।।
यूँ हृदय से लगा कर किसी चित्र को।
प्रेम से यूँ न मुझको पराया करो।।
प्रेम के धाम में तुम बुलाकर मुझे।
जाम कोई न ऐसे पिलाया करो।।
तेरे हर मर्ज की है दवा पास में।
हाल अपनी मुझे भी बताया करो।।
यूँ न तुमको मिलेगा कभी ज्ञान सा।
ज्ञान पर प्रेम अपना लुटाया करो।।



**ज्ञानन्द चौबे ज्ञान**

**झारखंड**

### मेरी कल्पना

रोज सुबह अरमानों की खिड़की खोल देती हूँ
कल्पना के उसमें बे..शुमार.. रंग भर देती हूँ
लेखनी जिसमें मेरी उम्मीद की स्याही भरती है.
तरह तरह के गजब रंगों से भरी होती है
कभी सुबह की लालिमा से बातें करती मेरी कल्पना न थकती है
चन्द्रमा की कोमल दुग्ध किरणों संग
खूब बतियाती है
मेरे सारे दुःख दर्दों को मानो दूर भगाती है
दूर गगन की सैर करवा कर वापिस मुझे मंजिल तक ले जाती है
देखे न सुने होंगे जितने रंग कल्पना के सा... रे..
मुझे दिखा जाती है
फ़िर कल्पना दूर कहीं दू... र... निकल जाती है
चुपके से आँखें बंद कर देती हूँ
सपनों की उड़ान को चल देती हूँ
रोज सुबह अरमानों की खिड़की खोल देती हूँ
कल्पना के उसमें बे..शुमार.. रंग भर देती हूँ



**वंदना घनश्याला**
**नई दिल्ली**




## राशिफल

| राशि | राशिफल |
| --- | --- |
| मेष | आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर बात हो सकती है, आपको कुछ नया सुनने को मिलेगा। |
| वृष | आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को और मेहनत करने की जरूरत है। कपड़े का व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा। |
| मिथुन | आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ-बूझ से किसी काम में सफलता मिलेगी। पशुओं की सेवा करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के लिए नई ज्वेलरी खरीद सकते हैं। डॉक्टर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। |
| कर्क | आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आपके दोस्त आपसे मदद के लिए कहेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनायेंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा। आज आप किसी जरुरी मीटिंग में शामिल होंगे। |
| सिंह | आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपकी मुलाक़ात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप बहुत कुछ सीखेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया करेंगे, किसी प्रतियोगिता में भाग भी ले सकते है। |
| कन्या | आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज अपने किसी रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। दाम्पत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ टाइम स्पेंड करेंगे। |

| राशि | राशिफल |
| --- | --- |
| तुला | आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप कम्प्यूटर कोर्स ज्वाइन करने का मन बनायेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। |
| वश्चिक | आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरुरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरुरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज नया काम शुरू करने से पहले, उसके जानकर व्यक्ति की सलाह आपके लिए कारगर साबित होगी। |
| धनु | आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। ऑफिस में आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। मल्टीनेशनल कंपनी में कार्य कर रहे कर्मचारियों की पदोन्नति होगी। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को किसी बड़ी कंपनी से जॉब का प्रपोजल आयेगा। |
| मकर | आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा, जिससे आपको रिलैक्स फील होगा। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियाँ बढ़ेगी। नर्सिंग कर रहे छात्रों को उनके करियर में सफलता मिलेगी। आज आपके कुछ नए दोस्त बनेंगे। आज कार्यक्षेत्र में मेहनत कर रहे लोग सफल होंगे। |
| कुम्भ | आज आपका दिन खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। |
| मीन | आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। अर्थराईटिस की परेशानी से जुड़े लोगों को आज राहत मिलेगी। |

# अभिव्यक्ति के स्वतंत्रता की आवाज है पत्रकारिता-विनोद सरोज

## ● भाराप महासंघ तहसील इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों शपथ ग्रहण आयोजित





**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** स्थानीय ब्लाक सभागार में गुरूवार को भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ कुण्डा तहसील इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का समारोहपूर्वक शपथ ग्रहण हुआ। बाबागंज विधायक एवं जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज ने बतौर मुख्य अतिथि अतिथियों के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक विनोद सरोज ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष रूपेन्द्र शुक्ला व महामंत्री अरशद खान के साथ उपाध्यक्ष रवि मोदनवाल, शाश्वत शुक्ला, महेश धुरिया, संगठन मंत्री अरविंद जायसवाल, कोषाध्यक्ष प्रवीण मिश्र, मीडिया प्रभारी आशीष पाण्डेय, संयुक्त मंत्री अजमत अली व जिला प्रतिनिधि बबलू सरोज तथा संरक्षक पन्नालाल गुप्ता व अजय यादव तथा सुरेश पाण्डेय एवं अनुशासन प्रकोष्ठ के रवीन्द्र दुबे व रामभरोसे मिश्र को पद एवं उत्तरदायित्वों के प्रति निष्ठा का प्रतिज्ञान कराया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक विनोद सरोज ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए सच का संघर्ष ही पत्रकारिता है। उन्होनें कहा कि लेखन व पत्रकारिता को जनापेक्षी मुददो पर सदैव केन्द्रित रखना चाहिए।

विधायक विनोद ने स्वयं तथा जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया व एमएलसी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी की ओर से पत्रकारों के मान सम्मान व सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्धता जतायी। विशिष्ट अतिथि कुण्डा ब्लाक प्रमुख संतोष सिंह ने पत्रकारिता के आदर्शो पर प्रकाश डाला। कुण्डा चेयरपर्सन के प्रतिनिधि शिवकुमार तिवारी व पूर्व प्रमुख एवं जिपंस बबलू सिंह तथा मानिकपुर टाउन एरिया चेयरपर्सन प्रतिनिधि शिव प्रसाद जायसवाल, पूर्व प्रमुख बिहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, जिला पंचायत सदस्य विनोद पटेल , कांग्रेस नेता संदीप त्रिपाठी,ने विशिष्ट वक्ता के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक एवं राष्ट्रीय वातावरण की मजबूती में पत्रकारों से निरपेक्ष भूमिका का आहवान किया।

मुख्य वक्ता महासंघ के पत्रकार उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने देश में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में मीडिया की रचनात्मक भूमिका पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया ने स्वागत भाषण में महासंघ के द्वारा सामाजिक एवं राष्ट्रीय कार्यो की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पवनेश उपाध्याय व संचालन वरिष्ठ पत्रकार अजय पाण्डेय ने किया।

समारोह में विधायक विनोद सरोज ने जनसत्ता दल लोकतात्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भइया की ओर से लालगंज तहसील इकाई अध्यक्ष विकास मिश्र, पत्रकार सुरेन्द्र तिवारी सागर, सुनील सिंह, मुकेश तिवारी, शिवाकांत मिश्र, दिनेश सिंह, आईपी मिश्र, राजेश पाठक, संतोष सिंह , ठेकेदार आदि को अंगवस्त्रम तथा सम्मान पत्र से पत्रकारिता उन्नयन 2025 का सारस्वत सम्मान प्रदान किया। समारोह में सतीश मिश्र विधायक, प्रदीप सिंह, सत्येन्द्र सिंह, संदीप त्रिपाठी, रणजीत सिंह, विकास मिश्र, विनोद मिश्र, राकेश मिश्र, राजेश प्रभाकर, आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर , समाजसेवी ठेकेदार मनोज सिंह कनांवा,सोमनाथ मिश्र, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बबलू शुक्ला नरियावां,ग्राम प्रधान ढिंगवश राजेश तिवारी सोनी मोनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज प्रधान उतरार विनोद यादव, लल्ला तिवारी पहिलेपार, विनीत पांडेय रामनगर, विपुल पांडेय पत्रकार, विनोद मिश्रा पत्रकार, अरूण शुक्ला पत्रकार प्रधान राजापुर सुमित प्रताप सिंह,पुष्पेश पांडेय , विजय वैभव पाण्डेय, कुंवर मुन्नू सिंह,गौरव मिश्रा, प्रभात मिश्रा , प्रबंधक कुलदीप तिवारी,आनंद देव पांडेय प्रधान अर्जुन अतेरु, डाक्टर सबान, प्रदीप सिंह, सुमित तिवारी फूलमती ,शुभम सिंह प्रधान पहाड़पुर, बनोही,आदि मौजूद रहे।

## घर का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के पंवासी गांव निवासी भारत सिंह जनता सुपर ढाबा के पास मकान बनवाकर रहते हैं। एक सप्ताह पहले भारत सिंह शादी समारोह में परिवार सहित रिश्तेदार के घर दिल्ली गए। घर की जिम्मेदारी भतीजे विक्रमजीत सिंह को दी थी। बुधवार को रात में विक्रम घर खाना खाने चला गया, तभी चोर पहुंचे और घर का ताला तोड़कर भीतर घुसे। साथ ही अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखा 80 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवरात समेत लाखों का सामान समेट ले गए। विक्रम जीत सिंह ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। एसओ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया तहरीर मिली है तथा मामले की जांच की जा रही है।

## रील बनाने का विरोध करने पर दो को पीटा

**कुंडा प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के मौली गांव निवासी सुंदरलाल के घर के पास कुछ युवक रील बनाते हुए अभद्रता कर रहे थे। इसका सुंदर के 15 वर्षीय बेटे अभय निर्मल ने विरोध किया तो उन लोगों ने उसको जाति सूचक गालियां देते हुए मारा पीटा। उसे बचाने दिलीप का बेटा लकी दौड़ा तो उसे भी मारा पीटा गया। लोगो ने यूपी-112 को फोन किया तो पुलिस दोनों पक्ष के कई लोगों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गई। साथ उविधिक कार्रवाई करने की बात कही है।

## भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला सुन भावविभोर हुए श्रोता



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** मानिकपुर सिद्ध पीठ मां ज्वाला देवी मंदिर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन आचार्य आनंद आश्रम ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल- लीलाओं का वर्णन किया। पूतना, अकासुर, वकासुर समेत कई राक्षसों का वध किया। गोचारण लीला, गोपियों के घर माखन चोरी लीला, कंस वध समेत अनेक लीलाओं का वर्णन किया। भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह की कथा ने श्रोताओं को बांधे रखा। गोविन्द मेरो है गोपाल मेरो है, श्रीबांकेबिहारी नंद लाल मेरो है, भजन से लोग आनंदित हो गए। इस मौके पर लवकुश बाबा, केशव देव मिश्र, विजय कुमार, डॉ. संतलाल जायसवाल, जितेन्द्र कुमार, सुरेश कुमार, रामचन्द्र कश्यप, शिवमंगल आदि मौजूद रहे।

## प्रभु की आराधना से मिलती है मन को शान्ति

**लालगंज प्रतापगढ़।** अमावां क्षेत्र के मां अम्बिका पब्लिक स्कूल में हो रही धार्मिक कथा में कथाव्यास आचार्य करूणाशंकर जी ने श्रद्धालुओं को बताया कि भगवान के प्रति ध्यान लगाने से मन को शांति मिला करती है। उन्होने कहा कि भगवान की आराधना सदैव निष्काम करनी चाहिए। कथाव्यास आचार्य करूणाशंकर ने कहा कि महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण जी ने धर्म युद्ध का शंखनाद करते हुए सत्य पक्ष का साथ दिया। उन्होनें कहा कि सत्य की रक्षा के लिए अपने पराये में विभेद नही करना चाहिए। गुरूवार को कथा में हुए भजन संकीर्तन में भी श्रद्धालुओं को उत्साहित देखा गया। कथा के संयोजक पं. शिवाकांत द्विवेदी ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। संयोजक जीत बहादुर सिंह ने श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया। इस मौके पर रवीन्द्र प्रताप सिंह, सिंटू मिश्र, धीरेन्द्र पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, पंकज शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# सी ओ सदर के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक के द्वारा आगामी होली और रमजान के त्यौहार को देखते हुए पूरे जनपद में अलग-अलग थाना क्षेत्र में पीस कमेटी की बैठक की जा रही है। पीस कमेटी की बैठक आयोजित करते हुए पुलिस प्रशासन की मंशा बहुत स्पष्ट है कि सभी वर्ग के लोग शांति और सद्भाव के साथ होली के त्योहार को मनाएं। साथ ही साथ उत्तर प्रदेश सरकार के मंशानूरूप त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दिशा निर्देशों के मद्देनजर पुलिस विभाग थाना क्षेत्र वार पीस कमेटी की बैठक आहूत करके क्षेत्रीय संभ्रांत व्यक्तियों से शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने के पुलिस के मिशन में सहयोग की अपील कर रहा है। इसी क्रम में आज गुरुवार को बाघराय थाने में क्षेत्राधिकारी सदर श्रीमती करिश्मा गुप्ता के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक के दौरान क्षेत्र के तमाम संभ्रांत लोगों प्रधानों व्यवसायियों को संबोधित करते हुए सहयोग करने की




अपील की गई। गोष्ठी में उपस्थित सभी संप्रदाय वर्गों के धर्मगुरु, सम्भ्रान्त व्यक्तियों, डीजे संचालकों, से वार्ता कर उपरोक्त त्यौहार को सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गयी। बाघराय प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने उपस्थित लोगों से अराजक तत्वों के सम्बंध में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। इस दौरान सीओ सदर महोदया ने स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में न ले। बैठक में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार, व थाने के अन्य एसआई उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्षेत्र के दर्जनों ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्य और गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य होली और रमजान के दौरान क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखना है।

## सड़क हादसों में 10 लोग घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के गोतनी गांव निवासी संतलाल यादव का 29 वर्षीय बेटा अभय यादव बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। सूबेदार का पुरवा लालगोपालगंज गांव निवासी लल्लू अपनी 25 वर्षीय बेटी राजरानी के साथ बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गए। कोतवाली के चौसा गांव निवासी राजू अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। अन्य हादसों में कोतवाली क्षेत्र के फूलताली गांव निवासी बृजेश कुमार यादव, स्टेशन रोड निवासी प्रकाश सिंह, रायबरेली के सरदार का पुरवा निवासी मनोज कुमार, रमेश कुमार, लखनऊ-रानीगंज मटियारी गांव निवासी अंजली, डीहा गांव निवासी सुमित घायल हो गए। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस से सभी घायलों को सीएचसी भेजा।

# हमारा आंगन, हमारे बच्चें, कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार प्रतापगढ़।** बिहार विकासखंड क्षेत्र से चयनित बाल वाटिका तथा कक्षा एक व दो के निपुण बच्चे, नोडल शिक्षक, शिक्षक संकुल, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को हमारे आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम को बिहार ब्लॉक सभागार में आयोजित करते हुए सम्मानित किया गया। बताते चलें कि ब्लॉक सभागार में आयोजित ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन- हमारे बच्चे उत्सव में मुख्य अतिथि संतोष पांडेय प्रधान प्रतिनिधि रोर और खंड शिक्षा अधिकारी बिहार वंशीधर पांडेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सम्मिलित बच्चों की प्रस्तुतियों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सुपरवाइजर्स नोडल शिक्षक एवं शिक्षक संकुलों को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु शुभकामनाएं देते हुए प्री प्राइमरी



एजुकेशन का क्रियान्वयन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में करते हुए उत्तम परिणाम लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी वंशीधर पांडेय की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभाशंकर पांडेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र और परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बिहार ब्लॉक के परिषदीय विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र के 5 से 8 साल के बच्चों को आमंत्रित किया गया था।

इस अवसर पर बोलते हुए सी डी पी ओ कार्यालय प्रभारी राजेश शुक्ला ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र परिषदीय विद्यालय के साथ संबंध बनाकर कार्य करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी वंशीधर पांडेय ने कहा कि सभी अध्यापक और आंगनवाड़ी कार्यकत्री मन लगाकर जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा दें। इस दौरान बिहार ब्लॉक के ए आर पी और शिक्षकगण के साथ साथ बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक गण मौजूद रहे।

## इंस्पायर अवार्ड योजना में अर्चना मिश्रा चयनित




**लोकमित्र ब्यूरो**

**पट्टी प्रतापगढ़।** सत्र 2024-25 में इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत जनपद के विकास खंड आसपुर देवसरा पूर्व माध्यमिक विद्यालय रूर की कक्षा 8 में अध्ययनरत छात्रा अर्चना मिश्रा का चयन हुआ है । जिस पर गांव तथा क्षेत्र में खुशी का माहौल है ।

विद्यार्थियों को नई सोच के साथ उनकी उड़ान को पंख देने के मकसद से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाता है । जिन विद्यार्थियों के आइडिया चयनित होते हैं उनको 10000 का अवार्ड प्रदान किया जाता है। इसी क्रम में आसपुर देवसरा विकासखंड के रघईपुर गांव की कक्षा 8 में अध्ययनरत अर्चना मिश्रा पुत्री जगदंबा प्रसाद मिश्रा का चयन % मानक अवार्ड% विजेता के रूप में हुआ है । जिन्हें प्रोत्साहन तथा आइडिया को विकसित करने के लिए दस हजार रुपया भी प्रदान किया गया है। अर्चना के मानक अवार्ड में चयनित होने पर उनके परिवरीजन के साथ-साथ ग्रामीण और क्षेत्र के कई लोगों ने खुशी जताई है । पूर्व माध्यमिक विद्यालय रूर के प्रधानाध्यापक दया शंकर यादव, सहायक अध्यापक जंग बहादुर यादव, राम आसरे वर्मा ने खुशी प्रकट किया है।

वहीं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व शिक्षक हवलदार सिंह सहित प्रमुख शिक्षाविदों तथा साहित्यकारों ने अर्चना को क्षेत्र का गौरव बताया और कहा कि बच्चों की यही प्रतिभा उन्हें राष्ट्र निर्माता के रूप में स्थापित करती है।

# दुर्गेश्वर सिंह ने सिल्वर मेडल जीतकर किया नाम रोशन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़।** मांधाता विकासखंड के पूरे सुखदेव निवासी अंजनी कुमार सिंह के पुत्र दुर्गेश्वर सिंह ने ग्रीस के एथेंस शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वूशु ओपन टूर्नामेंट 2025 में प्रतिभाग किया और शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। दुर्गेश्वर सिंह बीएसएफ में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत है और बीएसएफ टीम के अच्छे खिलाडी हैं। उन्होंने ग्रीस के एथेंस में इसी हफ्ते आयोजित 85 किग्रा से कम भार वर्ग की वूशु प्रतियोगिता में भाग लेकर दमदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल किया है। दुर्गेश्वर ने केवल बीएसएफ ही नहीं बल्कि पूरे भारत देश का नाम रोशन किया है। इसके पहले भी दुर्गेश्वर सिंह अंतरराष्ट्रीय वूशु प्रतियोगिता में भाग लेकर देश के लिए कई मेडल जीत चुके हैं। उनकी इस शानदार जीत पर बीएसएफ अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते



हुए जोरदार स्वागत किया। दुर्गेश्वर सिंह की इस सफलता की जानकारी मिलते ही उनके गांव पूरे सुखदेव में खुशी छा गई।

गांव के प्रधान प्रतिनिधि वरुण कुमार, पब्लिक स्कूल के प्रबंधक प्रभात कुमार सिंह, इंटर कॉलेज के प्रबंधक भैरव प्रताप सिंह, पत्रकार मतेंद्र कीर्ति, मेवालाल बीडीसी, गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव, लालजी सिंह, श्रीमती मेनका सिंह, प्रबंधक लाल जी पटेल,मनीष श्रीवास्तव,रमाकांत द्विवेदी, सहित दर्जनों लोगों ने दुर्गेश्वर के घर पहुंच कर उनके पिता अंजनी कुमार सिंह को बधाई दिया।

## शिविर मे पर्यावरण संरक्षित करने का दिलाया संकल्प



**सगरासुंदरपुर प्रतापगढ़।** गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर में स्वयं सेवक व स्वयं सेविकाओं द्वारा प्रातः काल प्रार्थना करके योगाभ्यास किया। इसके बाद पर्यावरणविद अजय क्रांतिकारी के द्वारा शिविर के छात्र छात्राओं को पर्यावरण संरक्षित करने हेतु संकल्प दिलाया गया। साथ ही जल,पेड़,विलुप्त होते हुए प्राणी को संरक्षित करने के उपाय बताए गए। इसके पूर्व छात्र छात्राओ द्वारा पर्यावरण जागरूकता की रैली निकाली गई। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी, प्रबंधक डॉ राकेश सिंह, प्राचार्य डॉ आर के विश्वकर्मा एवं प्राध्यापक विवेक मिश्रा, अरुण कुमार, अमित सिंह, प्रशांत सिंह, शिवम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सोमवंशियों की कुलदेवी हैं, मां चदिंकन भवानी- धर्माचार्य ओमप्रकाश पांडे



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।**जनपद में स्थित मां श्री चदिंकन देवी जिनके श्री विग्रह में श्री महाकाली, श्रीमहालक्ष्मी, मां सरस्वती तीनों माताएं विराजमान हैं। दास की जन्म भूमि सेनानी ग्राम देवली की महारानी ने इस मंदिर का निर्माण कराया था। देवी ने रानी को स्वप्न दिया था और देवी स्वयं वहां पर प्रकट हुई थी। मां सोमवंशियों की कुलदेवी हैं। दास, नारायणी रामानुज दासी तथा श्री रामानुज पञ्चाङ्गम के निर्माता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉक्टर रामनारायण शास्त्री जी भोपाल की धर्मपत्नी श्री किशोरी जी दास की गुरु बहन के साथ दर्शन किया और नव वर्ष का रामानुज पञ्चाङ्गम मां के श्री चरणों में भेंट किया। श्री रामानुज पञ्चाङ्गम रामानुज आश्रम में आ चुका है जो चैत्र मास नवरात्र नववर्ष की पूर्व संध्या पर वितरित किया जाएगा।

## ध्रुव एवं सती चरित्र का प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रोता

**प्रतापगढ़।** संडवा चंद्रिका ब्लॉक के रायतारा में श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को कथा व्यास ओरछा मध्यप्रदेश की माधुरी पाठक ने ध्रुव व सती चरित्र का प्रसंग सुनाया।बताया कि ध्रुव चरित्र में भगवान ने भक्त की तपस्या से प्रसन्न होकर अटल पदवी देने का वर्णन किया। कहा कि भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष के यहां आयोजित यज्ञ में पहुंच गई। यज्ञ में भगवान शिव को निमंत्रण नहीं दिए जाने से कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया। इससे नाराज शिव के गणों ने राजा दक्ष का यज्ञ



विध्वंस कर दिया। इसलिए जहां सम्मान न मिले वहां कदापि नही जाना चाहिए। ध्रुव कथा प्रसंग में बताया कि सौतेली मां से अपमानित होकर बालक ध्रुव कठोर तपस्या के लिए जंगल को चल पड़े। बारिश, आंधी-तूफान के बावजूद तपस्या से न डिगने पर भगवान प्रगट हुए और उन्हें अटल पदवी प्रदान की। प्रसंग सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। इस दौरान मुख्य यजमान सूबेदार सिंह,माला सिंह, संघमित्रा सिंह, संतोष मिश्रा,रुद्र पाठक, लेफ्टिनेंट ऋचा सिंह,डॉ. अनूप सिंह, अनुज सिंह,जया सिंह,प्रीति सिंह,लोक अभियोजक अरुण सिंह,लक्ष्मण सिंह, हवलदार सिंह आदि रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा का हर एक शब्द अमृत के समान-कथा व्यास



**प्रतापगढ़।** सदर ब्लॉक के गड़ई चकदेइया पूरे माधव सिंह में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में बृहस्पतिवार को वृंदावन धाम से आये कथा व्यास राजीव नयन शरण जी महराज ने गजेंद्र मोक्ष,समुद्र मंथन कथा का वर्णन किया।उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का हर एक शब्द अमृत के समान हैं। लोगों को इस अमृत रूपी कथा को सुनकर अपना जीवन धन्य बनाना चाहिए। कथा का प्रसंग सुनकर श्रोता निहाल हो उठे। इस दौरान मुख्य यजमान नरेंद्र बहादुर सिंह,अनिल प्रताप सिंह, अभिराज प्रताप सिंह,चंद्र कुमार सिंह मंगल,अभय प्रताप सिंह,अक्षत सिंह,वीरेंद्र बहादुर सिंह,आशुतोष सिंह,राजकुमार सिंह,डॉ.चेत प्रकाश पांडेय,डॉ.शिवकुमार सिंह,भगवती प्रसाद पांडेय आदि

## नशा एवं दहेज दोनों सामाजिक बुराई, दिलाई गई जागरूकता की शपथ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** पीबीपीजी कॉलेज सिटी में छात्र - छात्राओं एवं शिक्षकों को सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।प्राचार्य प्रो.अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि नशा और दहेज दोनों सामाजिक बुराई है। इसे खत्म करना सभी का कर्तव्य है। सामाजिक कुरीतियों को अभिशाप बताते हुए छात्र - छात्राओं को जागरूक किया। प्रो.ब्रम्हानंद प्रताप सिंह, डॉ. वर्षा जायसवाल,डॉ. केके सिंह,डॉ. सीपी पांडेय ने भी सम्बोधित किया।



डॉ. राकेश सिंह ने सभी को दहेज प्रथा एवं नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता की शपथ दिलाई। संचालन डॉ. नीरज त्रिपाठी ने किया। इस दौरान डॉ. कुलदीप सिंह,डॉ.शिव प्रताप सिंह, डॉ.जितेंद्र सैनी,डॉ. अखिलेश मोदनवाल,डॉ. भूपाल सिंह,डॉ. रेनू सिंह,अजय मिश्र,अनुभव सिंह आदि रहे।

# सचिव राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने स्वास्थ्य सेवाओं का जाना हाल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश डा. पिंकी जोवेल ने जिलाधिकारी के साथ मण्डलीय अस्पताल में निर्माणाधीन आई.पी.एच.एल. लैब एवं निर्माणाधीन महिला अस्पताल परिसर का भ्रमण कर निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिये। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि कार्यदायी संस्था के साथ तालमेल बिठा कर कार्यो की अच्छी गुणवत्ता को सुनिश्चित कराएं। उन्होंने मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि परिसर में साफ़ सफाई सुनिश्चित करने के क्रम में निष्प्रयोज्य वाहनों तथा टूटे फूटे फर्निचर की नीलामी कराएं।

कलेक्ट्रेट सभागार में सभी स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ सचिव ने बैठक में टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, लैब टेक्नीशियन तथा तकनीकी सहायको की तैनाती/रिक्त पदो के बारे में विस्तृत समीक्षा करते हुए जानकारी प्राप्त की। टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम अभियान के सम्बन्ध में उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 25 मार्च तक टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम को एक अभियान के रूप में चलाते हुए टी.बी. मुक्त भारत बनाने की दिशा में चिकित्सक कार्य करें। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्रो में सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी शत प्रतिशत टी.बी. रोगियो को चिन्हित करते हुए उनका उपचार सुनिश्चित करें, नियमित रूप से टी.बी. रोगियों को दवा खिलाने हेतु जागरूक करते हुए उसका सत्यापन भी करें। तथा पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने हेतु निक्षय पोटली कार्यक्रम के तहत स्वंय सेवी संगठनो व गणमान्य लोगो से समन्वय स्थापित कर टी.बी. रोगियो को निक्षय पोटली का वितरण कराएं तथा यह भी सुनिश्चित करें मरीज़ उस पौष्टिक आहार का नियमानुसार सेवन करें। उन्होंने कहा कि ओ.पी.डी. में प्रत्येक चिकित्साधिकारी आने वाले मरीजों की विविधवत जांच सुनिश्चित करें तथा उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान करें। उन्होंने सभी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी लेते हुए उसे गुणवत्तापूर्ण ढंग से लागू कराते हुए लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को देय भुगतान आनलाइन सिस्टम से शत प्रतिशत करना सुनिश्चित किया जाए। आयुष्मान मन्दिर को सक्रिय करते हुए दूरभाष के द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सको से वार्ता कर मरीजो को लाभ पहुंचाए। उन्होंने लैब टेक्नीशियन तथा अन्य तकनीकी कार्मिको के प्रतिदिन की कार्य प्रगति की रिपोर्ट मुख्य चिकित्साधिकारी को प्राप्त कर समीक्षा करने का निर्देश दिया। अस्पतालों में विभिन्न जांच का सैम्पल निर्धारित समय सीमा तक करते हुए मरीजो को समय से जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी चिकित्सको को निर्देशित करते हुए कहा कि वे स्वंय अपने ड्रेस में रहते हुए अपने अस्पताल परिसर की साफ सफाई रखना भी सुनिश्चित करें। बैठक में प्राचार्य मेडिकल कालेज डॉ संजीव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सी.एल. वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

# दबंग भाइयों ने जमीन के बंटवारे को लेकर भतीजे को दी धमकी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के गौसपुर गांव में गुरुवार की सुबह जमीन के बंटवारे को लेकर दबंग भाइयों ने अपने भतीजे के साथ गाली - गलौज की। विरोध करने पर उन्होंने भतीजे को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित में थाने जाकर दोनों चाचा के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

क्षेत्र के गौसपुर गांव निवासी गुड्डू पाल पुत्र दयाराम पाल किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। गुड्डू के अनुसार उसके दो चाचा से जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। गुरुवार की सुबह इसी बात को लेकर दोनों चाचा उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने भतीजे को जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित में थाने जाकर दोनों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# चोरी के 02 अदद सोलर पैनल के साथ तीन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक अंकित तिवारी मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त वाहन चेकिंग के दौरान ग्रामीणों की सूचना पर ग्राम थुलगुला से गुड्डु सोनकर, मोनू पटेल, राजेन्द्र कुमार निवासीगण थुलगुला थाना सैनी को चोरी की 02 अदद सोलर पैनल कीमत लगभग 30,000 रूपए के साथ गिरफ्तार किया गया।

## 02 राशि बैल को क्रूरता पूर्वक पिकअप में भरकर ले जाते हुये दो गिरफ्तार

कौशाम्बी। जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस पुलिस उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कन्धई पाल निवासी टेवा थाना मंझनपुर, रमेश कुमार पासी उर्फ कल्लू भगत निवासी असकरनपुर मगरौनी थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को 01 अदद पिकअप में 02 राशि बैल को क्ररूता पूर्वक भरकर ले जाते हुये मधवा मई तिराहा तालाब के पास से गिरफ्तार किया गया।

## अवैध शराब के साथ आठ गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल 08नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 148 ली0 अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों का चालान न्यायालय किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 148 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 01 वाहन सीज किया गया।

# विवाहिता के ससुराल से लापता होने पर भाई ने जताई अनहोनी की आशंका, शिकायत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कुरई गांव से एक विवाहिता दो दिनों पूर्व लापता हो गई। पति के ससुरालियों को बताने पर परिजनों के होश उड़ गए। उन्होंने अनहोनी की आशंका जताते हुए गुरुवार को थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस विवाहिता के तलाश में जुट गई है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बा निवासी अल्ताब पुत्र मोहम्मद अनीस में बताया कि 4 वर्ष पूर्व उसकी बहन सोफिया का विवाह संदीपन घाट क्षेत्र के कुरई गांव निवासी मोहम्मद हसनैन पुत्र मोहम्मद फरमूद के साथ हुआ था। इस समय वह 2 वर्ष के एक बेटी की मां है।उसके अनुसार एक सप्ताह पूर्व वह अपनी बहन को बुलाने के लिए कुरई गांव गया था। बहन के ससुरालियों ने उसके साथ झगड़ा फसाद करते हुए गाली गलौज की।साथ ही उन्होंने बहन को विदा करने से इंकार कर दिया।इससे वह निराश होकर घर लौट आया। मंगलवार को जीजा मोहम्मद हसनैन का फोन आया कि उसकी बहन सोफिया लापता हो गई है। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका पता नहीं चल रहा है। यह सुनकर परिजनों के होश उड़ गए।उन्होंने अपने स्तर से भी सोफिया की खोजबीन की।कहीं सुराग न लगने से निराश होकर उसने गुरुवार को थाने जाकर बहन के लापता होने की तहरीर दी।

तहरीर पाकर पुलिस विवाहिता के तलाश में जुट गई है।

# बाइकों की टक्कर में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत, कोहराम

**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के पैगम्बर पुर चौराहा के समीप बुधवार की शाम बाइकों की टक्कर में एक वृद्ध घायल हो गया। घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई।वृद्ध की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने के बाद अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चरवा थानाक्षेत्र के हरदुआ गांव निवासी समर सिंह पुत्र घनश्याम सिंह किसानी कर परिवार का गुजारा करता है। उसने बताया कि बुधवार को उसके पिता घनश्याम सिंह (62) बाइक से गांव के ही बेनीसिंह पुत्र शीतल के साथ वैवाहिक समारोह में शामिल होने गए थे।शाम के समय वह दोनों घर लौट रहे थे। इसी दौरान संदीपन घाट क्षेत्र के पैगम्बर पुर चौराहा के समीप पीछे से आ रहे अनियंत्रित बुलेट सवार ने बाइक में टक्कर मार दिया। हादसे में घनश्याम सिंह गंभीर रुप से घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों ने भागकर उन्हें इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां गुरुवार की सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।वृद्ध की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बेटे समरसिंह ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# अधिवक्ता प्लाट पर लगे साइन बोर्ड को दबंगों ने उखाड़ कर फेंका, दो पर मुकदमा

**सैनी, (कौशाम्बी)।** कड़ा धाम थाना के एक मोहल्ले में प्लाट पर लगे साइन बोर्ड को मोहल्ले के कुछ लोगों ने उखाड़ कर फेंक दिया, पीड़ित के विरोध करने पर दबंग गाली गलौच करते हुए धमकी देने लगे, पीड़ित ने प्लॉट पर अवैध कब्जा करने का प्रयास का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।कड़ा धाम थाना के नासिरपुर फरीदगंज के रहने वाले इंद्रजीत सिंह पटेल पुत्र मन्नालाल ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह पेशे से अधिवक्ता है। मोहल्ले में उसकी भूमिधरी प्लॉट है जिसमे साइन बोर्ड लगा कर मिट्टी व ईंट डालकर रखा है। इंद्रजीत का आरोप है कि पड़ोस के तीन लोग प्लॉट में लगे साइन बोर्ड को उखाड़कर फेंक दिया जिसका विरोध करने पर दबंग गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने लगे । इंद्रजीत ने पड़ोस के मनोज कुमार , विनोद कुमार के विरुद्ध कार्यवाही हेतु पुलिस को शिकायती पत्र दी थी पुलिस ने मनोज व विनोद को विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

# ई-रिक्शा पकड़े जाने से दुखी होकर गरीब फूलचंद जायसवाल ने लगाई फांसी

**चित्रकूट ब्यूरो-** थाना कोतवाली कर्वी अंतर्गत नगर पालिका विस्तारित क्षेत्र शास्त्री नगर वार्ड नंबर 21 के निवासी फूलचंद जायसवाल उम्र 45 वर्ष ने अपने ई-रिक्शा पकड़ जाने से दुखी होकर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इस दुखद घटना से पूरे परिवार में कोहराम मचा है।बताते हैं कि बीते बुधवार की शाम करीब 6:00 बजे जब मृतक फूलचंद जायसवाल स्टेशन रोड से आ रहा था तो पीटीओ दीप्ति त्रिपाठी ने उसका ई-रिक्शा पकड़ लिया और कागजात मांगे उसने कहा कि मैं यह रिक्शा अजय कुमार पत्रकार से खरीदा है और कानूनी लिखा पढ़ी है, वह कागज घर में रखा है। बाद में दिखा दूंगा लेकिन दीप्ति त्रिपाठी ने उसकी नहीं सुनी और उसका रिक्शा पकड़ कर कोतवाली में बंद कर दिया। इसके बाद मृतक अपना रिक्शा कोतवाली से छुड़वाने के लिए अपने मोहल्ले के सभासद शंकर यादव के पास गया सभासद ने रिक्शा छुड़वाने के लिए काफी पैरवी की और पत्रकारों ने भी उसका रिक्शा छुड़वाने का प्रयास किया लेकिन उसका रिक्शा प्रशासन द्वारा छोड़ा नहीं गया।इस बात से वह दुखी था और बार-बार यह कह रहा था कि साहब मैं अभी कुछ दिनों पहले रिक्शा खरीदने के बाद 40000 की बैटरी लगवाया हूं। रिक्शा पकड़ गया अब मैं मर जाऊंगा यह बात कोतवाली में भी चिल्ला के वह कह रहा था लेकिन पुलिस ने नहीं सुनी और वह इसी बात से कुपित होकर निराशा अपने घर लौट आया, रिक्शा पकड़ जाने के कारण वह बहुत टेंशन में था उसका कहना था कि इसके पहले भी उसका रिक्शा पकड़ गया था फिर वह पुराना रिक्शा लिया था जिसमें उसने 40,000 की बैटरी कर्ज लेकर डलवाया था अभी उसका कर्ज चुक्ता नहीं हो पाया था और दूसरी बार रिक्शा पकड़ गया और रात में यह वेदना वह झेल नहीं पाया और आत्महत्या के लिए मजबूर हो गयो । मृतक के दो छोटे बच्चे हैं घर में और कोई नहीं है, बच्चे अनाथ हो गए। पत्नी प्रीति व पारिवारिक जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई पुलिस ने पहुंचकर फांसी में लटके शव को उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के भाई बड़े कन्हैयालाल जायसवाल का आरोप है कि पीटीओ और पुलिस उसके सीज किए गए रिक्शा को छोड़ने के लिए 50,000 रुपये की मांग रखी थी, जिससे मृतक और भी टेंशन में था, पुलिस प्रशासन की दबंगई और गरीब पर रहम न करने के कारण वह आत्महत्या करने को मजबूर हुआ है।

# साम्प्रदायिक सद्भाव के साथ त्यौहार मनाने पर दिया जोर

**राजापुर, चित्रकूट-** रमजान, ईद व होली त्यौहार के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें दोनों समुदायों के लोगों से सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की अपील की गई।बैठक में उप जिलाधिकारी हर्षिता देवड़ा ने कहा कि सनातन एवं इस्लाम धर्म के अनुसार होने वाले दोनो त्योहारों में सद्भावना व मैत्रीपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की जो परंपरा चली आ रही है, उस परंपरा का निर्वहन करना सभी का कर्तव्य है। एसडीएम ने सद्भावना बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस को नजर रखने के निर्देश दिए। बताया कि राजापुर तहसील क्षेत्र के 162 गांवों के 195 स्थलों में होलिका दहन किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों को होलिका दहन स्थल का निरीक्षण कर तहसील कंट्रोल रूम को रिपोर्ट प्रेषित करने और सफाई कर्मी के माध्यम से होलिका दहन स्थल की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए।

# हरेश्वर महादेव मंदिर में की गई शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा

**पहाड़ी, चित्रकूट-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने गुरुवार को थाना पहाड़ी परिसर में स्थित नवनिर्मित हरेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा कराई।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थाना पुलिस एवं क्षेत्र के सभ्रान्त व्यक्तियों के विचारों से थाना परिसर में नवनिर्मित मंदिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई है। जिससे थाना पहाड़ी पुलिस व आसपास के आम नागरिकों को पूजा-पाठ करने अब दूर नही जाना पडेगा। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरन सिंह, प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी रीता सिंह, पीआरओ प्रदीप पाल, पहाड़ी थाने के अपरध निरीक्षण प्रभुनाथ सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनीष कुमार, उपनिरीक्षक जंगबहादुर तोमर, सुरेश सिंह, सत्यनारायण सिंह, अरमान आलम, अभिनव सिंह, आकांक्षा सिंह, प्रेम नारायण, शेष नारायण, आनंद सिंह, शरद सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी सहित आम नागरिक मौजूद रहे।

# महिला ने पट्टीदारों पर जबरन भूमि कब्जा कर मकान निर्माण का लगाया आरोप

**चायल, (कौशाम्बी)।** पिपरी कोतवाली के मुरादपुर की अनीता देवी ने मंडलायुक्त से शिकायत किया कि उसके पट्टीदारों ने लेखपाल से मिलीभगत कर जबरन भूमि पर कब्जा कर मकान का निर्माण कर लिया है। आरोप लगाया कि लेखपाल रात में सामने खड़े होकर मकान की छत डलवाई है। विरोध करने पर वह सभी गाली गलौज कर मारपीट पर आमादा हो जाते है। शिकायत पर तीन लोगों को पुलिस पकड़ ले गई थी। इसके बाद भी निर्माण कार्य रोक रहे हैं। मंडलायुक्त ने अपर आयुक्त और एसडीएम आकाश सिंह को जांच कर मामले में कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# इलेक्ट्रिक मिस्त्री पर पैसा न देने व मारपीट के आरोप में केस दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** कड़ा धाम थाना के एक गांव के रहने वाले एक इलेक्ट्रिक मिस्त्री ने प्रताप गढ़ के मानिकपुर में इलेक्ट्रिक का ठेका लिया था , पीड़ित ने जिसका पूरा भुगतान भी कर दिया था लेकिन इलेक्ट्रिक मिस्त्री ने भुगतान लेने के बावजूद भी काम नहीं किया तो पीड़ित ने पैसे वापस करने की मांग तो मिस्त्री ने अपने कुछ साथियों के साथ पीड़ित के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगा ।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मिस्त्री सहित उसके साथियों के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

प्रतापगढ़ जनपद के मानिकपुर के अलीगंज निवासी मो अरशद पुत्र अब्दुल सत्तार ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके लेहदरी गांव के मोहसिन पुत्र बऊवा को इलेक्टिक का ठेका लगभग तीन माह पहले 34500 में दिया था , जिसका भुगतान भी उसने कर दिया था , मो अरशद का आरोप है कि तीन माह बाद मिस्त्री ने काम करने से मना कर दिया जिसका पैसा वापस करने को कहा तो बुधवार को मिस्त्री ने घर बुलाया और गाली गलौच करते हुए पैसा वापस करने से मना कर दिया विरोध करने पर अपने कुछ साथियों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगा ।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मिस्त्री मोहसिन व उसके साथियों के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

# आपराधिक धमकी के चार आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** थाना पूरामुफ्ती पर पंजीकृत शोले उर्फ स्वालेह, बैशू, शमीम, मो0 शीश निवासीगण टिकरी थाना पूरामुफ्ती वर्तमान जनपद प्रयागराज को न्यायालय एसीजेजेडी-01 द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रत्येक अभियुक्त को न्यायालय उठने तक की सजा व 1,000-1,000 रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

# ऑटो चालक से की मारपीट, दी धमकी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के तिवारीमहमदपुर गांव निवासी पारस नाथ का 35 वर्षीय बेटा अनिल कुमार तिवारी गुरुवार को ऑटो में सवारी लेकर कमासिन से भिटारा चौराहे गया था। वहां ऑटो खड़ी करते ही कुछ युवक पहुंचे और लाठी-डंडे से हमला करके घायल कर दिया। आसपास के लोग दौड़े तो धमकियां देते हुए आरोपी भाग निकले। परिजनों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया है। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

# खेल छात्रावास रामपुर,अयोध्या, ने की जीत से शुरुआत

**प्रतापगढ़।** खेल निदेशालय लखनऊ के तत्वाधान में आगामी पांच दिनों तक चलने वाली सीनियर पुरुष आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ जिला खेल कार्यालय के हॉकी मैदान पर शुरू हो गया। ,प्रतियोगिता का पहला मैच खेल छात्रावास रामपुर और आजमगढ़ मंडल के बीच खेला गया। खेल छात्रावास रामपुर ने मुकाबले को प्रियांशु सिंह और मोहम्मद अकरम के एक एक गोल की मदद से अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता का दूसरा मैच प्रयागराज मंडल और अयोध्या मंडल के बीच खेला गया।अयोध्या ने अमित के एक गोल की मदद से मुकाबला अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता का तीसरा मैच खेल छात्रावास झांसी और विवेक अकादमी वाराणसी के बीच खेला गया।दोनों ही टीमों ने दमदार खेल का प्रदर्शन किया, जिस नाते मुकाबला बराबरी पर छूटा। खेल छात्रावास झांसी के लिए अंकित और विवेक अकादमी वाराणसी के लिए गोलू यादव ने एक एक गोल किया। प्रतियोगिता का चौथा मैच वाराणसी मंडल और खेल छात्रावास रामपुर के बीच में खेला गया।

खेल छात्रावास रामपुर के लिए प्रियांशु सिंह और आकाश पटेल ने एक एक गोल किया। जबकि वाराणसी मंडल के लिए एक मात्र गोल अजय कुमार ने किया। इस प्रकार इस मुकाबले को खेल छात्रावास रामपुर ने जीत लिया। इस मौके पर विधायक सदर राजेंद्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी,क्षेत्राधिकारी सदर अमर नाथ गुप्ता,कुश्ती सचिव जय बहादुर सिंह, कबड्डी अध्यक्ष और सचिव वीरेंद्र प्रताप और धीरेन्द्र प्रताप,वॉलीबॉल सचिव विनोद यादव,हॉकी प्रतापगढ़ के सचिव आजम अली,अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला,अनवर हॉकी सोसायटी के अमजद खान ,खुर्शीद खान ,जसीम खान,जिला क्रिकेट के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी उर्फ मुन्ना,जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह,एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव,कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार,खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह,फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश ,कंप्यूटर ऑपरेटर निखिल राणा उपस्थित रहे।

,कार्यक्रम का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया। अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विवाहिता के ससुराल से लापता होने पर भाई ने जताई अनहोनी की आशंका

**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कुरई गांव से एक विवाहिता दो दिनों पूर्व लापता हो गई। पति के ससुरालियों को बताने पर परिजनों के होश उड़ गए। उन्होंने अनहोनी की आशंका जताते हुए गुरुवार को थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस विवाहिता के तलाश में जुट गई है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा कस्बा निवासी अल्ताब पुत्र मोहम्मद अनीस में बताया कि 4 वर्ष पूर्व उसकी बहन सोफिया का विवाह संदीपन घाट क्षेत्र के कुरई गांव निवासी मोहम्मद हसनैन पुत्र मोहम्मद फरमूद के साथ हुआ था। इस समय वह 2 वर्ष के एक बेटी की मां है।उसके अनुसार एक सप्ताह पूर्व वह अपनी बहन को बुलाने के लिए कुरई गांव गया था। बहन के ससुरालियों ने उसके साथ झगड़ा फसाद करते हुए गाली गलौज की।साथ ही उन्होंने बहन को विदा करने से इंकार कर दिया।इससे वह निराश होकर घर लौट आया। मंगलवार को जीजा मोहम्मद हसनैन का फोन आया कि उसकी बहन सोफिया लापता हो गई है। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका पता नहीं चल रहा है। यह सुनकर परिजनों के होश उड़ गए।उन्होंने अपने स्तर से भी सोफिया की खोजबीन की।कहीं सुराग न लगने से निराश होकर उसने गुरुवार को थाने जाकर बहन के लापता होने की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस विवाहिता के तलाश में जुट गई है।

# प्रवेश पत्र आज एवं कल प्राप्त करें

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** शैक्षिक सत्र 2025-26 हेतु अटल आवासीय विद्यालय वेलहट कोरांव प्रयागराज में कक्षा 6 एवं कक्षा 9 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा 9 मार्च को होनी है। जिन अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र न मिला हो वह कार्यालय सहायक श्रमायुक्त पल्टन बाजार में 7 एवं 8 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क करके प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी सहायक श्रमायुक्त आर के पाठक ने दी है।

# भगवान भक्तों के आपातकाल में छत्रछाया बनकर आते है-संतोष जी महाराज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गड़वारा प्रतापगढ़।** भगवान भक्तों के आपातकाल में हरदम छत्रछाया बनकर आ जाते हैं। कोई भी दुख सुख हो, यदि भक्त मनोभावों से भगवान को बुलाता है, तो उसके आपत्ति में भगवान अपनी रक्षा कवच बना कर तैयार कर देते हैं। उक्त बातें आशापुर गड़वारा में संतोष जी महाराज ने चल रही भागवत कथा में कहीं।

उन्होंने कहा कि भक्त के बस में भगवान रहते हैं। भक्त जब भी ईश्वर को पुकारता है वह किसी न किसी रूप में हाजिर हो जाते हैं। संतोष भगवान महाराज ने गोवर्धन पूजा की कथा को बताते हुए कहा कि जब गोकुलवासियों पर आपात आई ,तो



उन्होंने अपने उंगलियों पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर गोकुल वासियों का संरक्षण किया।

उन्होंने कहा कि मानव मात्र अपने उत्तम भाव से ईश्वर को याद करता है तो निश्चित रूप से ईश्वर किसी न किसी रूप में प्राप्त होते हैं। इस अवसर पर महारानी शर्मा हरिश्चंद्र शर्मा अशोक कुमारी अवधेश चंद्र शर्मा चंदन शर्मा सुशील शर्मा केशव कुमारी शर्मा संजय शर्मा सुमन शर्मा दिनेश शर्मा सहित तमाम क्षेत्रवासी भक्तो ने अमृतमई कथा का श्रवण किया।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 227 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न

## अतिथियों ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आयोजन में शामिल होकर नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा व परियोजना निदेशक, डीआरडीए सतीश चन्द्र मिश्रा द्वारा किया गया।इस सामूहिक विवाह समारोह में जिले के विभिन्न विकास खण्डों के 82 जोड़ों ने भाग लिया, जिसमें विकास खण्ड राही 18, अमावां 13, डलमऊ 13, दीनषाहगौरा 07, ऊंचाहार 15, जगतपुर 03 रोहनियां 10 एवं नगर पालिका परिषद रायबरेली 03 जोड़े सम्मिलित रहे।इसी क्रम में मिनी स्टेडिम सलोन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम का आयोजन




किया गया। इस सामूहिक विवाह समारोह में विभिन्न विकास खण्डों के 54 जोड़ों ने भाग लिया, जिसमें विकास खण्ड सलोन 07, छतोह 11 डीह 33 एवं न0प0 परशदेपुर 03 जोड़े सम्मिलित रहे। विकास खण्ड सतांव के गन्ना कांटा मैदान में सामूहिक विवाह समारोह का शुभारंभ पूर्व विधायक राकेश प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस सामूहिक विवाह समारोह में विभिन्न विकास खण्डों के 91 जोड़ों ने भाग लिया, जिसमें विकास खण्ड बछरावां 25, हरचंदपुर 10, सतावं 02, खीरों 04, सरेनी 06, महाराजगंज 28, शिवगढ़ 11, न0प0 बछरावां 02, न0प0 शिवगढ़ 03 जोड़े सम्मिलित रहे। सामूहिक विवाह समारोह में पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों को सात फेरे दिलाए और विवाह की पूरी रस्में निभाई।

सामूहिक विवाह के दौरान अतिथियों व सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और सभी नव दंपतियों को नए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी तथा प्रत्येक जोड़ो को वस्त्र, आभूषण (चांदी की पायल, बिछिया) स्टील डिनर सेट, प्रेशर कुकर, वैनिटी किट, दीवार घड़ी, ट्रॉली बैग उपहार स्वरूप प्रदान किए गए।जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया कि आज के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 227 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया है, यह शासन की प्राथमिकता की महत्वपूर्ण योजना है, इस योजना के तहत प्रति जोड़ों के लिए 51000 की धनराशि अनुमन्य है, जिसके अंतर्गत 35000 रुपए कन्या के खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं, 10000 रूपए से नव विवाहित जोड़ों को घरेलू व व्यक्तिगत रूप से प्रयोग करने हेतु सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की जाती है तथा 6000 रूपए कार्यक्रम आयोजन एवं अन्य व्यवस्था पर व्यय किए जाते हैं।

## नर्सिंग होम और प्राइवेट चिकित्सकों को 10 दिनों के अंदर से सीएमओ ऑफिस से लाइसेंस लेने के निर्देश

**लालगंज रायबरेली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अमल पटेल ने सार्वजनिक नोटिस जारी करते हुए नर्सिंग होम और प्राइवेट चिकित्सालय चलाने वाले लोगों से कहा है कि 10 दिनों के अंदर सभी लोग अपने संस्थान का रजिस्ट्रेशन मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली के यहां से कराकर बाकायदा लाइसेंस ले ले। 10 दिनों के बाद झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ और अवैध नर्सिंग होम के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान अगर कोई भी संस्थान अवैध पाया गया तो उसके खिलाफ उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट देने के साथ-साथ थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। डॉक्टर अमल पटेल ने कहा कि क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों की बाढ़ आई हुई है जिसकी लगातार शिकायतें मिल रही है। लाइसेंस लेकर ही नर्सिंग होम और प्राइवेट चिकित्सालय चलाये जा सकते हैं।

# ट्रेन की टक्कर से घायल गोवंश 4 दिन से तड़प रही!

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** ट्रेन की टक्कर से घायल गौवंश पिछले चार दिन से तड़प रही है ट्रेन की टक्कर से उसकी पीछे की हड्डी टूट गई है जिससे वह असहनीय दर्द और पीड़ा से संघर्ष कर रही है। माल गोदाम में काम करने वाले मजदूरों ने उसे ट्रैक से हटकर रेलवे



माल गोदाम में डाल तो दिया है लेकिन ना वह चारा खा पा रही है और ना ही पानी। शक्तिनगर के आसपास में कई घोसी रहते हैं तथा कई पशुपालकों ने अपने जानवरों को घरों में पाल रखा है वह दूध लगाकर अपने जानवरों को ऐसे ही खुले में छोड़ देते हैं।

जानवर खाने की लालच में रेलवे ट्रैक पर चले जाते हैं तथा हाई स्पीड रेलवे ट्रैक के दायरे में आने से या तो वह हादसे का शिकार हो जाते हैं या फिर इसी तरह जिंदगी और मौत से संघर्ष करते हैं। जानवरों की टैगिंग ना होने की दशा में उनकी पहचान करना भी मुश्किल हो जाता है और इसी का फायदा घोसी और स्थानीय पशुपालक उठाते हैं वह अपने जानवरों को अपना मानने से खारिज कर देते हैं। स्थानीय निवासी ने बताया कि सर्वोदय नगर क्रॉसिंग से लेकर रेलवे कॉलोनी तक आए दिन जानवर हादसे का शिकार होते रहते हैं। ऐसे में सवाल लिया है कि छुट्टा जानवर हाई स्पीड रेलवे ट्रैक के आसपास कैसे आ रहे हैं वह किसके हैं?

# जनपद में फुटकर आबकारी दुकानों के व्यवस्थापन हेतु ई-लॉटरी सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जनपद में ई-लॉटरी हेतु नामित नोडल अधिकारीध्प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास उत्तर प्रदेश शासन लीना जौहरी, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह की उपस्थिति में सामुदायिक केंद्र, दूरभाष नगर, आई0टी0आई0 लि0 रायबरेली में वर्ष 2025-26 हेतु आबकारी देशी शराब, कम्पोजिट दुकान, भांग व मॉडल शॉप की फुटकर दुकानों के व्यवस्थापन हेतु ऑनलाइन ई-लॉटरी



सम्पन्न करायी गयी।ई-लाटरी के आयोजित कार्यक्रम में देशी मदिरा के 307, कंपोजिट शॉप के 177, मॉडल शॉप के 10 एवं भांग के 39 आवेदकों को दुकानों का आवंटन किया गया। इस प्रकार जनपद में कुल 533 दुकानों का आवंटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा, जिला आबकारी अधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण व आवेदकगण उपस्थित रहें।

# दिव्यांगजनों को 163 उपकरण किये गये वितरित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जनपद रायबरेली सलोन तहसील विकासखंड सलोन में दिव्यांग लोगों कृत्रिम अंग उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 48 ट्राईसाइकिल, 100 बैसाखी, 09 व्हीलचेयर एवं 06 स्मार्ट केन दिव्यांग लाभार्थियों को वितरित किया गया।इस मौके पर उपजिलाधिकारी सलोन चन्द्र प्रकाश द्वारा सरकार की नीतियों एवं सरकार द्वारा मिलने वाली योजनाओं के सम्बन्ध में दिव्यांगों को अवगत कराया साथ ही जिला दिव्यांगजन



सशक्तीकरण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, राजन चतुर्वेदी, सत्यपाल विश्वकर्मा, खण्ड विकास अधिकारी सलोन, डीह छतोह, शशि देवी, नारायण दीक्षित, अरविन्द प्रताप सिंह, अमित मालवीय आदि ने भी सरकार की नीतियों तथा समाज के अन्तिम पायदान पर स्थित लाभार्थियों को सरकार द्वारा समय समय पर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत कराया गया।

पात्र लाभार्थियों में मकसूद अली, करन, नीतू, भास्कर आदि लोगों ने सरकार एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह ने चौपाल लगाकर लोगों की सुनी समस्याएं

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह ने विधानसभा ऊंचाहार के रोहनिया ब्लॉक के पूरे सरदार का पुरवा,मतरमपुर,सराय अखितियार,रसूलपुर आदि गांवों में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी एवं कांग्रेस पार्टी के बारे में विस्तार से बताया।इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास है कि ऊंचाहार की जनता को हर प्रकार की सुविधा मिले लेकिन मौजूदा मोदी सरकार को विकास से कोई लेना-देना नहीं है,योजनाओं का नाम बदलने का सिर्फ काम मोदी सरकार



करती रहती है।श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा गरीबों के विकास के लिए तमाम योजनाएं चलाईद्यआज रायबरेली में गांधी परिवार ने एक सबसे बड़ा हॉस्पिटल एम्स के रूप में स्थापित किया है,जिसमें हजारों लोगों का निरूशुल्क इलाज हो रहा है।राहुल गांधी जी गांव,गरीब,किसान,नौजवान एवं झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले लोगों की एवं बेरोजगारों की लड़ाई लड़ रहे हैं।मोदी सरकार राहुल गांधी के सवालों का जवाब नहीं दे पाती।श्री सिंह ने कहा कि जननायक राहुल गांधी व प्रियंका गांधी आप सबके बारे में लगातार चिंता करते हैं,श्री सिंह ने कहा कि ऊंचाहार विधायक की निष्क्रियता के कारण यहां के लोग आज भी पाषाण कालीन जीवन जीने के लिए मजबूर हैं।टूटी सड़के,गांव में बजदृबजाती नालियां और छुट्टा जानवरों से किसान हमारा परेशान है।विद्युत लो वोल्टेज से लोग परेशान हैं।सरकार को जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है।इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष ज्योति सरोज,वरिष्ठ नेता शिवकुमार पांडे,जिला सचिव शैलेंद्र सिंह,अफरोज,राम कुमार मौर्य,फूल चंद मौर्य,भूपेंद्र सिंह,सिराज खान,मो नियाज,मुकेश जायसवाल,लालजी यादव,राम विशाल पटेल,बिपिन मिश्रा,शिव करण यादव,राम बहादुर भारती,फूल चंद विश्वकर्मा,प्रकाश चौरसिया,रवि सिंह,प्रेम पटेल,राम दीन पासी,जमील अहमद आलोक सिंह,शिव पूजन पासी,राम आसरे पासी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# जूनियर शिक्षक संघ ने स्थानीय अवकाश की तारीख बदलने की मांग

## स्थानीय अवकाश की तारीख 12 मार्च की जगह 15 मार्च को घोषित करने की मांग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने जिलाधिकारी से स्थानीय अवकाश की तारीख में परिवर्तित करने की मांग की है। संघ ने जिलाधिकारी को अवगत कराया है कि बोर्ड परीक्षा होने की वजह से स्थानीय अवकाश के बाद भी शिक्षक काम करेंगे। संघ ने जिलाधिकारी 12 मार्च को घोषित स्थानीय अवकाश की तारीख को बदलकर 15 मार्च को करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि होली के दूसरे दिन लोग एक दूसरे को शुभकामनाएं और मिलन करने के लिए घर जाते हैं। ऐसे में अगर 15 मार्च को स्थानीय अवकाश रहेगा तो लोगों को एक दूसरे से मिलने में आसानी होगी। जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित करके संघ के जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र यादव ने बताया कि इस बार होलिका दहन 13 मार्च और रंगों को खेलने की तारीख 14 मार्च हैं। उक्त दोनों ही दिवस की सरकार की तरफ से अवकाश घोषित किया गया है।

12 मार्च को स्थानीय अवकाश जिलाधिकारी की तरफ से घोषित किया है। उक्त दिवस पर बोर्ड परीक्षा हैं और वर्तमान में बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के हजारों कर्मचारी बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी कर रहे हैं। ऐसे में 12 मार्च का अवकाश निरस्त करके 15 मार्च को स्थानीय अवकाश कर दिया जाए तो जिले के हजारों कर्मचारियों के लिए अच्छा रहेगा। महामंत्री सियाराम सोनकर ने बताया कि होली के अगले दिन लोग एक दूसरे को बधाई देने के लिए भी जाते हैं। ऐसे में इस दिन कर्मचारी भी एक दूसरे को शुभकामनाएं और मिलन करने के लिए अपनों के घर जा सकेंगे।

15 मार्च को शिक्षक और कर्मचारी अपने कार्य क्षेत्र में आने में असहज महसूस करेगा।

# चर्चित सर्वेश पाल हत्याकांड के तीन नामजद आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** आखिरकार 2 दिन से पुलिस के लिए सर दर्द बने सर्वेशपाल हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाते हुए लालगंज पुलिस ने हत्या में शामिल फिलहाल तीन अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। अन्य की पुलिस तलाशकर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंह ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि मंगलवार की देर शाम 8 बजे के करीब पूरे अजबी मजरे ऐहार निवासी सर्वेश पाल पुत्र सूरज बली पाल की मारपीट के दौरान हत्या हो गई थी। घटना के दौरान सर्वेश पाल के साथ रहे अमित पाल पुत्र दिनेश ने प्रदीप पासवान उर्फ चौधरी और अजीत लोधी सहित दो अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज



कराया था। लालगंज पुलिस की पूछताछ के बाद हत्या में शामिल प्रदीप यादव निवासी पूरे केसरी लोदीपुर उतरावां का नाम और अन्य नाम भी सामने आये है। जिसके चलते दीपक यादव, दीपक पासवान और अजीत लोधी को पकड़कर जेल भेज दिया गया है। हत्या में शामिल अन्य मुलजिमों को भी पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है ।शीघ्र ही उन्हें भी पकड़ कर जेल भेजाजाएगा। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि हत्या के आरोप में पकड़े गए तीनों मुलजिमो को बहादुरगंज पुलिया के पास से पकड़ा गया है।उल्लेखनीय है कि सर्वेश पाल हत्याकांड को लेकर लालगंज पुलिस बुधवार को दिनभर हलाकान रही। मृतक सर्वेश पाल के परिजनों ने पहले पुलिस अधीक्षक कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया।

उसके बाद बुधवार को ही रात 8 बजे के करीब बाल्हेमऊ नहर रायबरेली लालगंज हाईवे पर मृतक सर्वेश पाल की लाश को रखकर जाम लगा दिया था। 1 घंटे तक चले धरना प्रदर्शन के बाद अधिकारियों के मनाने पर किसी तरह मृतक के परिजनों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया और शव को लेकर घर चले गए।

# सीताराम नाम जपो सहारा मिलेगा:राजन जी महाराज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज नगर के एफ्बी इंटरनेशनल स्कूल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन व्यास गद्दी पर विराजमान छतरपुर मध्य प्रदेश से पधारे कथावाचक अवधूत राजन जी महाराज ने कहा कि कलयुग में सीता राम नाम का जप ही मानव के लिए मोक्ष के लिए बहुत बड़ा सहारा है। भागवत कथा को सुनते हुए श्री राजन जी महाराज ने कहा कि कलयुग में भागवत कथा अमृत के समान कल्याणकारी है।भागवत कथा व राम कथा सुनने मात्र से पापों का नाश हो जाता है और कष्ट दूर होने के साथ-साथ संकट टल जाते हैं। पुण्य की प्राप्ति होने के साथ-साथ मन शांत होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथा के चौथे दिन श्री



राजन जी महाराज ने प्रहलाद जन्म, हिरण्यकश्यप तपस्या, ब्रह्मा जी का उसे वरदान देना और नरसिंह अवतार की बड़ी ही सुंदर कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि हिरण्यक कश्यप ने तप करके ब्रह्मा जी से अमृतत्व का वरदान ले लिया लेकिन जैसे ही उसने सनातन धर्म को नष्ट करने का कार्य शुरू किया। भगवान के भक्त प्रहलाद को मारने का प्रयास करने लगा तभी भगवान ने नरसिंह का अवतार लेकर के उसका भी बध कर दिया। वास्तव में श्रीमद् भागवत कथा भगवान कृष्ण का साहित्यिक अवतार है जिसे सुनकर प्रत्येक व्यक्ति बार-बार कथा सुनना चाहता है और भगवान कृष्ण की लीला का रसपान करना चाहता है। मुख्य यजमान और ब्लॉक प्रमुख जयशंकर सिंह और श्रीमती उपासना सिंह ने व्यास गद्दी का आरती पूजन किया।

प्रसाद वितरण के साथ चौथे दिन की कथा का समापन हुआ। इस मौके पर राष्ट्रीय जनता दल के नेता अशोकसिंह, चक्रपाणि त्रिवेदी, सारंग पाणि त्रिवेदी ,देवी कुमार गुप्ता, भाजपा नेता जेपी सिंह, कल्लू बाजपेई ,आशुतोष शुक्ला, सोभनाथ अवस्थी आदि सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।

# समाज सेविका विमला देवी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** विगत कुछ दिनों से रायबरेली एम्स अस्पताल में चल रहे इलाज के दौरान क्षेत्र के बबुरिहा गांव निवासिनी समाजसेविका विमला देवी के निधन की सूचना मिलते ही गांव सहित संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई, तो वहीं उनके पैतृक गांव बबुरिहा में सोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया तथा उनका अंतिम संस्कार विधि विधान के साथ डलमऊ गंगा घाट के तट पर किया गया। बताते चलें कि महराजगंज क्षेत्र के बबुरिहा मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला गांव निवासिनी विमला देवी उम्र 74 वर्ष की विगत एक सप्ताह पूर्व अचानक तबीयत खराब हो गई थी और परिजनों ने आनन-फानन रायबरेली के एक निजी अस्पताल में उपचार कराया जहां पर हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने एम्स रेफर कर दिया था और वहां पर इलाज चल ही रहा था कि कल दिनांक 5 मार्च दिन बुधवार को अपराह्न 3रू00 बजे विमला देवी ने अपनी अंतिम सांस ली जैसे ही यह खबर गांव सहित क्षेत्र वासियों को हुई वैसे ही शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। बताते चलें कि बबुरिहा गांव निवासी विमला देवी समाज सेवा के साथ-साथ गरीब बेसहारा लोगों को हर संभव सहयोग भी करती थी और उनके सरल स्वभाव के कारण लोगों से अपार सहयोग भी मिलता था। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में स्वामी हरिदास कुटी के महंत लल्लू दास जी महराज, पंचवटी परिवार के मुखिया गणेश प्रताप सिंह,पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, प्रबंधक एसजेएस पब्लिक स्कूलअग्रज सिंह रामानुज सिंह, विनोद सिंह, मनीष तिवारी, जय शंकर गुप्ता, अन्नू सिंह, राजकुमार सिंह, कौशलेंद्र सिंह आज दमन सिंह रोहित सिंह, हिमांशु सिंह, सुरेन्द्र शुक्ला, सुरेश शुक्ला, शिवम तिवारी, डाक्टर चंदन,सुमित चौरसिया, आशुतोष त्रिपाठी, पूर्व सभासद विजय धीमान, मोनू अवस्थी, रिंकू सिंह, मनीष सिंह सहित क्षेत्र के लोगो ने शोक संवेदना व्यक्त की।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए खुला न्यू एक्सीलेंट कोचिंग सेन्टर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली** कस्बे के रायबरेली रोड पर स्थित बैंक ऑफ बडौदा/साहू मार्केट महराजगंज में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए राहत भरी खबर है। उन्हें आईआईटी-जेईई तथा नीट परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को अब दूर नहीं जाना नहीं पड़ेगा। महराजगंज कस्बे के रायबरेली रोड पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा साहू मार्केट में आज गुरुवार को न्यू एक्सीलेंट अकैडमी नामक कोचिंग सेंटर की शुरूआत हो गई है। इसका संचालन मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक अग्निहोत्री एवं फाउंडर मैनेजर रजनीश मिश्रा करेगें। जिसका उद्घाटन नगर के प्रथम नागरिक चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा किया गया है। श्री साहू ने कहा कि, न्यू एक्सीलेंट अकैडमी कोचिंग सेंटर कस्बा ही नहीं क्षेत्र के बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में वरदान साबित होगी।आपको बता दें कि, महराजगंज क्षेत्र में न्यू एकेडमी एक्सीलेंट नामक कोचिंग सेंटर महराजगंज में अपना पहला कोचिंग सेंटर संचालित कर



रहा है, जहां स्मार्ट क्लासेज् की शुरुआत धमाकेदार हुई है। महराजगंज के शाहू मार्केट में शुरू हुये न्यू एक्सीलेंट अकैडमी नामक कोचिंग सेंटर के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक अग्निहोत्री ने बताया है कि, जनपद के महराजगंज में उन्होंने न्यू एक्सीलेंट अकैडमी नामक पहला कोचिंग सेंटर शुरू किया है, जिसका मुख्य उद्देश्य कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों के दूर पढ़ाई के लिए जाने वाले छात्र-छात्राओं को उनके अपने कस्बा महराजगंज में स्मार्ट क्लासेस, ऑनलाइन, ऑफ्लाइन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, जिससे न सिर्फ प्रतियोगी परीक्षाओं में वह छात्र-छात्रायें उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकें।उन्होंने बताया कि, बच्चे शहर में अपने सब्जेक्ट की तैयारी करने जाते हैं, जिसमें उनके मां बाप का काफी पैसा खर्च होता है, साथ ही उन बच्चों को घर से दूर भी रहना पड़ता है। लेकिन जब उन्हें घर के पास ही स्मार्ट क्लासेस के माध्यम से अच्छी शिक्षा मिलेगी, तो वह और अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे।संस्था के फाउंडर मैनेजर रजनीश मिश्रा ने बताया कि, न्यू एक्सीलेंट अकैडमी नामक उनके कोचिंग सेंटर के तहत स्कूली शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं, शिक्षा के आधुनिकीकरण के अलावा बच्चों के इंग्लिश स्पीकिंग की तैयारी पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। इसके अलावा महीने में दो बार (प्रत्येक 15 दोनों) पर टीचर द्वारा बच्चों के होम विजिट किए जाएंगे। न्यू एक्सीलेंट अकैडमी कोचिंग सेंटर में स्टेट - ऑल बोर्डस के बच्चों की कोचिंग करी जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर के प्रथम नागरिक चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक अग्निहोत्री और फाउंडर मैनेजर रजनीश मिश्रा को महराजगंज के शाहू मार्केट में न्यू एक्सीलेंट अकैडमी कोचिंग सेंटर के खोले जाने की बधाई दी, और कहा कि, क्षेत्र के होनहार बच्चों को पढ़ाई के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा, उन्हें शहरों में मिलनें वाली सारी सुविधाएं यही महराजगंज में शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए उपलब्ध होगी। इस मौके पर रुद्र प्रताप अग्निहोत्री नंबरदार, अरुण कुमार मिश्रा, बद्री विशाल सिंह, कृपा शंकर शर्मा, शक्ति शरण तिवारी, अभिषेक तिवारी, चंदन शुक्ला, अमन शुक्ला, रवि मिश्रा, हिमांशु साहू, प्रशांत साहू, पीयूष साहू, आयुष साहू, अभिषेक साहू समेत बड़ी तादाद में लोग उद्घाटन समारोह का हिस्सा बने।

# बजट में आशा वर्कर्स की अनदेखी!

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** आल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) प्रदेश अध्यक्ष विजय विद्रोही ने पीलीभीत में बजट में आशा कर्मियों की अनदेखी और वर्षो से कराई जा रही बेगार, प्रोत्साहन राशियों में हेर फेर, करोड़ों रुपए की भुगतान के नाम पर जबरन वसूली के विरुद्ध उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के राज्य व्यापी प्रतिवाद दिवस पर लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन करने पर पुलिस द्वारा जिलाध्यक्ष और आशाकर्मियों के विरुद्ध कूट रचित ढंग से विभिन्न धाराओं में मुकदमा लिखे जाने की कार्यवाही की निंदा करते हुए कहा कि श्रम की लूट और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के बजाय सरकार दमन पर उतर आई है। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर्स वर्षो से दो हजार रुपए में पूरे साल , जाड़ा,गर्मी, बरसात रात-दिन विभिन्न स्वास्थ्य अभियानों में लगी रहती हैं। उनके योगदान का सरकार कोई मूल्यांकन नहीं करना चाहती। विगत वर्षो में किए गए कई तरह के कामों की घोषित प्रोत्साहन राशियों का भुगतान लंबित है इस 1. 5 लाख करोड़ का प्रोत्साहन राशि घोटाले और आशा कर्मियों से उनके भुगतान के बदले धमका कर साल भर में 1000 करोड़ की वसूली के विरुद्ध वर्षो से आंदोलनरत हैं। पर सरकार इसे सुनना नही चाहती।कामरेड विद्रोही ने कहा कि 2013 में हुए भारतीय श्रम सम्मेलन ने आशा कर्मियों को स्वास्थ्य कर्मी का दर्जा देकर न्यूनतम वेतन व मातृत्व अवकाश दिए जाने की सिफारिश की थी, वर्ष 2017 में स्वयं मोदी जी की अध्यक्षता में हुए भारतीय श्रम सम्मेलन ने ईपीएफ, ईएसआई, ग्रेडूटी देने की सिफारिस की । किंतु दोनों श्रम सम्मेलनों की सिफारिशें कूड़ेदान में फेंक दी गई तथा आशा कर्मियों को जान लेवा काम के बोझ के नीचे दबा दिया गया। आज वे संगठित होकर सरकार के वास्तविक चेहरे को बेनकाब कर रही हैं, अपने श्रम की लूट के खिलाफ आवाज उठा रही हैं, भ्रष्टाचार के विरुद्ध मोर्चा खोल रही हैं तो उन्हें डराने और चुप कराने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने अंत में कहा कि पीलीभीत में लोकतांत्रिक तरीके से प्रतिवाद करने पर आशा कर्मियों के विरुद्ध पुलिस द्वारा दर्ज मनगढ़ंत मुकदमा तत्काल वापस लिया जाए। अन्यथा पूरे प्रदेश की स्कीम वर्कर्स और ऐक्टू से जुड़े सभी संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# सड़कें बदहाल होने से आवागमन में हो रही परेशानी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** केंद्र व प्रदेश सरकार ने गांव में बनी सड़कों की मरम्मत कराएं जाने का आदेशित किया गया। लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही का ख्यामियां लोगों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ रही है। जिससे रात में इन सड़कों पर अक्सर गिरकर चोटिल हो जाया करते हैं। वही तेज रफ्तार से चलने वाले दो पहिया वाहन चालक गिरने से गंभीर अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जाता है। जबकि इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराये जाने के बाद इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।



बता दें कि स्टेट राजमार्ग से नीबी , पवांरी , डीही खुर्द, लेड़ियारी के डिनर, तेलियान , आदिवासी बस्तियों का सड़क बदहाल होने पर चलना मुश्किल हो गया है। जबकि कोलसरा से पथरपुर , देवरी , बरहा , धोबहट , चैलारी , खोंचा की सड़कें भी काफी खराब होने से दिक्कत उठानी पड़ रही है।गांव गड़री से बैजला संपर्क मार्ग तक डामरीकरण के लिए मिट्टी कुछ दूर तक डालकर छोड़ दी गई। जिससे राहगीरों व वाहन सवारों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि तीन वर्ष पहले सड़क पर मिट्टी व गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया था। कोरांव विधायक राजमणि कोल से भी शिकायत की गई थी। अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका।

गड़री से बैजला संपर्क मार्ग पांच किलोमीटर दूर स्थित है।अभी तक एक किलोमीटर तक मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है । इससे आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्राम पंचायत कैथवल के राजस्व गांव बैजला के लोगों का आवागमन इसी मार्ग से होता है। सबसे ज्यादा समस्या बरसात में होती है । जिम्मेदार इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं । इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार दुबे का कहना है कि वजट न मिलने से गांव में विकास कार्य नहीं हो पा रहा है। बीडीओ को कई बार डिमांड भेजी गई है । कार्य योजना में भी डाला गया है । लेकिन अभी तक पैसा न मिलने से सड़क नाली का निर्माण नहीं हो पा रहा है ।

ग्रामीणों ने बताया है कि स्टेट राजमार्ग कैथवल से मात्र एक किलोमीटर दूर बैजला गांव है। लेकिन लपरी नदी होने से पांच किलोमीटर दूर तक चक्कर लगाकर जाना पड़ता है। जबकि इस संबंध में कई बार उच्चधिकारियों व तहसील दिवस पर प्रार्थना पत्र दिया गया है। लेकिन आज तक किसी ने आज तक इस ओर देखा तक नहीं जिससे समस्या बनी हुई है।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए सड़कों की मरम्मत कार्य कराएं जाने की मांग उठाई है।

## दंपति की बाइक में मारी टक्कर, पत्नी की मौत

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** सुल्तानपुर जयसिंह होलागढ़ निवासी जितेन्द्र कुमार बाइक से अपनी पत्नी रेखा के साथ बुधवार को दवा लेकर गदियानी से घर लौट रहा था। सरैया के पास पीछे से तेज गति में आ रही अशोक लीलैंड गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे 32 वर्षीय पत्नी रेखा देवी की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि महिला के तीन बेटी है। पुलिस ने वाहन मालिक व नम्बर के खिलाफ धारा 281, 125(ड), 106(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर शव चीर घर भेज दिया।

## रामपुर में मिला वृद्ध का शव

**जारी (प्रयागराज)।** पुलिस चौकी जारी अंतर्गत रामपुर गांव में बुधवार देर शाम एक 65 वर्षीय वृद्ध का शव गांव के पास पड़ा मिला। जिसे देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस चौकी जारी में दिया तो मौके पर पहुंची जारी पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतक वृद्ध ने नीले रंग का टी-शर्ट पहन रखा है।

# नारी की शक्ति को और मजबूत करता है पुरुष का संरक्षण

### जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आयोजित व्याख्यान गोष्ठी में वक्ताओं ने रखे विचार

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ के प्रायोजकत्व में एक व्याख्यान गोष्ठी का आयोजित की गई। इसका विषय %संस्कृत साहित्य में नारी विमर्श% था। गोष्ठी में वेद विभाग केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय गंगानाथ झा परिसर प्रयागराज के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार मिश्र इसके मुख्य वक्ता, संस्कृत, पालि, प्राकृत एवं प्राच्य भाषा विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय की सह आचार्य डॉ निरुपमा त्रिपाठी विशिष्ट वक्ता तथा डा.आरुणेय मिश्र इविंग क्रिश्चन कॉलेज, डा. सौम्या कृष्णा एस एस खन्ना गर्ल्स डिग्री कॉलेज एवं डा. सन्त प्रकाश तिवारी संस्कृत, पालि, प्राकृत एवं प्राच्य भाषा विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने सारस्वत वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. आशिमा घोष ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संयोजन डा. प्रमा द्विवेदी तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. रतन



कुमारी वर्मा ने किया। प्रो. मनोज मिश्र ने स्त्री के प्रति पुरुष के समर्पण और प्रेम का बड़ा मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया।

इस सम्बन्ध में उन्होंने संस्कृत साहित्य के अनेक ऐसे प्रसंगों को उद्धृत किया जहां स्त्री की महत्ता को अपरिहार्य माना गया है। डा. निरुपमा त्रिपाठी ने स्त्री और पुरुष को एक दूसरे का पूरक बताया और कहा पुरुष का संरक्षण नारी की शक्ति को और सुदृढ़ करता है।डा. आरुणेय मिश्र ने प्राचीन काल में स्त्रियों को प्राप्त स्वयंवर, पुनर्विवाह, नियोग के अधिकारों की विभिन्न उद्धरणों के माध्यम से चर्चा की। डा. सौम्या कृष्णा ने संस्कृत की अनेक कवयित्रियों के स्त्री चिन्तन पर प्रकाश डाला। डा. सन्त प्रकाश तिवारी ने संस्कृत साहित्य में वर्णित विभिन्न उपाख्यानों का उल्लेख करते हुए स्त्री के उदात्त स्वरूप को स्पष्ट किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण, अन्य संस्थाओं के शिक्षकगण, शोधार्थीगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बीडीसी सदस्यों और प्रधानों की बैठक में छाया रहा घटतौली का मुद्दा

### सीएचसी द्वारा बाहर की दवा लिखने की शिकायत, निर्माणाधीन आरोग्य केंद्र में धांधली का आरोप




**लोकमित्र ब्यूरो**
**मऊआइमा।** स्थानीय विकास खंड परिसर के सभागार में गुरुवार को बीडीसी सदस्यों और ग्राम प्रधानों की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से कोटेदारों की घटतौली का मुद्दा छाया रहा। बैठक के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी थे जबकि अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अफसरून निशां तथा सोरांव विधायक गीता शास्त्री ने संयुक्त रूप से की।

बैठक में गांव और कस्बा के कोटेदारों द्वारा घटतौली किए जाने का मुद्दा छाया रहा। इसकी जांच की मांग की गयी। बैठक में ग्राम महरौंडा में निर्माणाधीन आरोग्य केन्द्र में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद दानिश ने धांधली का आरोप लगाया। इसकी भी जांच कराने की मांग की गयी। सीएचसी प्रभारी डाक्टर राम गोपाल वर्मा तथा स्टाफ द्वारा मरीजों को बाहरी दवाएं लिखने तथा सीडीपीओ द्वारा बैठक में न आने पर रोष व्यक्त करते हुए आरोप लगाया गया कि गांव में आंगनबाड़ी केंद्र समय से नहीं खुलते हैं। बैठक में सीएमओ और जिलाधिकारी को शिकायती पत्र लिख कर कार्रवाई की मांग की गयी। बैठक में कुल 92 बीडीसी सदस्यों में से 68 जबकि 56 ग्राम प्रधानों में से 41 उपस्थित थे। बैठक में बताया गया प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2288 आवासों में 2278 निर्माण हुए जबकि मुख्यमंत्री दिव्यांग आवास में 190 में से 150 बने हैं। इस अवसर पर बीडीओ उमेश सिंह, ज़िला पंचायत सदस्य अंकेश पटेल, ग्राम प्रधान अशोक कुमार, सुभाष, उर्मिला देवी, सरताज आलम, दिनेश मौर्या, गुड्डू पटेल आदि उपस्थित थे।

# आर ए एफ के वाहिनी अस्पताल द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया



**फाफामऊ।** गोहरी ग्रामसभा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन मनोज कुमार गौतम, कमाण्डेन्ट-101 आर.ए.एफ. के नेतृत्व में वाहिनी अस्पताल-101 आर.ए.एफ के टीम द्वारा किया गया।सर्व प्रथम कमाण्डेन्ट-101 आर.ए.एफ ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन पर आए सभी ग्रामवासियों का स्वागत व अभिनंदन किया। तत्पश्चात वाहिनी चिकित्सालय-101 आर.ए.एफ के डॉ. अशोक कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (ओ.जी), व उनकी टीम द्वारा चिकित्सा जाँच शुरू किया गया, जिसमें ग्रामवासियों, की निःशुल्क जॉच की गयी और दवाईयों का वितरण किया गया। अंत में कमाण्डेंट -101 आर.ए.एफ ने ग्रामवासियों से कहा कि भविष्य मे स्वास्थ्य सम्बंधी समस्या होने पर कभी भी वाहिनी चिकित्सालय में डॉ. अशोक कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी से निःशुल्क परार्मश ले सकते है।इस अवसर पर 101 आर.ए.एफ के कमाण्डेन्ट महोदय ने मानव सेवा कार्य हेतु गोहरी ग्रामसभा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन पर डॉ. अशोक कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी (ओ.जी), व उनकी टीम को विशेष आभार प्रकट किया।इस अवसर पर डॉ. अशोक कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (ओ.जी), नीरज कुमार (उप0कमा), अधीनस्थ अधिकारीगण, जवान, पार्षद श्री सूबेदार भारतीया (ग्राम-गोहरी), एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष कोरांव ने डिप्टी सीएम से मिलकर जताया आभार




**कोरांव(प्रयागराज)।** कल यशस्वी उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार केशव प्रसाद मौर्य से उनके सरकारी आवास लखनऊ मे स्नेहिल भेंट कर अपने नगर पंचायत में डिजिटल लाइब्रेरी और बारात घर के निर्माण हेतु अवमुक्त 4.18 करोड़ रुपये के लिए नगर पंचायत के निवासियों की तरफ से आभार व्यक्त करके धन्यवाद दिया। उपमुख्यमंत्री ने कोरॉंव के विकास के लिए हर प्रकार से सहयोग देने का आश्वासन दिया। ग्राम प्रधान सूर्यमणि कुशवाहा के साथ ग्राम सभा तरॉंव में मुख्य मार्ग के बगल पक्का नाला के निर्माण हेतु पत्र देकर जल निकासी की समस्या के समाधान हेतु आग्रह किया जिसे उपमुख्यमंत्री जी द्वारा स्वीकार कर लिया गया।

# आश्रय स्थल में गोवंशों को आखिर कब मिलेगा सहारा

**ज़ारी (प्रयागराज)।** बेसहारा गो वंशों को आश्रय देने के लिए गोशालाए बनायीं तो जरूर गई हैं लेकिन प्रदेश के मुखिया के ड्रीम प्रोजेक्ट को पलीता लगाने में ग्राम सभाओं के जिम्मेदार किसी भी प्रकार की कमी नहीं छोड़ रही हैं । सड़कों पर घूम रहे गोवंशों के झुंड को आश्रय स्थल ले जाने के बजाय उन्हें आवारा छोड़ दिया गया है। जारी के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों बेसहारा गोवंशों का झुंड फसलों पर हमला बोल रहा है । तमाम तरह की दैविक आपदा से बचने के बाद किसानों की हाड़ तोड़ मेहनत पर अब भूखे प्यासे गोवंश हमला कर रहे हैं । फसलों की रखवाली करने के लिए किसान रात भर जागरण कर रहे हैं । बेसहारा गोवंशों से जहां किसानों की नींद उड़ गई है ,वही ग्राम सभाओं में संचालित गो आश्रय स्थलों के जिम्मेदार चैन की नींद सो रहे हैं । गोवंशों की रक्षा के लिए तमाम तरह की समितियां भी बनी हैं पर सब कागजों तक ही सीमित है।सड़कों पर घूम रहे इन बेसहारा गोवंशों को आखिरकार कब सहारा मिलेगा । लोगों का मानना है कि, घूम रहे गोवंशों को आश्रय स्थल पहुंचा दिया जाए तो कई तरह की कठिनाइयां दूर हो जाएंगी । गोवंशों से टकराने के बाद क्या लोगों की जान सुरक्षित रहेगी।

# तेज हवाओं से बढ़ी ठंड, आज भी चलेंगे हवा के झोंके

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी ( प्रयागराज )।** लगातार कड़ी धूप के बाद बुधवार दोपहर बाद मौसम बदल गया । सुबह हल्के बादल थे। पर दोपहर आते-आते हवा ने गति की पकड़ ली । 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं से दिन का तापमान लुढ़क गया । और शाम की ठंड का एहसास होने लगा । मौसम विज्ञानियों माने तो गुरुवार को भी तेज सतही हवाएं चलेंगी ।

एक सप्ताह से तापमान में गिरावट का दौर चल रहा है । तीन मार्च के बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार कमी आई है । बुधवार को अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस रहा । जो सामान्य से एक डिग्री नीचे चला गया । वहीं न्यूनतम



तापमान 14.7 डिग्री सेल्सियस कम था । मौसम बदलने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखने लगी है । संतोष कुमार द्विवेदी गोबरा , कैथवल के प्रधान विनोद कुमार दुबे । बहरैचा के प्रधान शंकर दयाल तिवारी , लेड़ियारी के प्रधान रवि सिंह , पथरपुर के प्रधान नीरज कुमार भुर्तिया ने बताया कि इस समय गेहूं सरसों आदि की फसल लगभग तैयार हो गई है । सरसों की कटाई भी शुरू है । ऐसे में यदि बारिश हुई तो बहुत नुकसान हो सकता है । कृषि विशेषज्ञ आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि जिन किसानों की गेहूं पिछेती बोआई की गई है। अगर इस दौर की मौसम से अच्छी फसल हो जाएगा। क्योंकि मौसम ठंड हो जाने पर फसल मोटा होगा। लेकिन अगर बरसात होने पर नुकसान भी हो जाएगा। जबकि हवा के चलने से भी दिक्कत है। जिन गेहूं में बालियां आ गई है। वह समय से पूर्व सुलझ सकता है। जिससे दाने कम पड़ेगा और पतला भी होने का अनुमान है।

# फार्मर रजिस्ट्री के नाम पर की जा रही जबरदस्त वसूली

**जारी (प्रयागराज)।** गांवों में स्थित ग्राम सचिवालयों के निष्क्रिय होने और किसी भी तरह का प्रशासनिक सहयोग न किए जाने के कारण फार्मर रजिस्ट्रेशन के लिए किसानों को दर-दर भटकना पड़ रहा है।

इस दौड़ धूप में किसानों का न केवल समय बर्बाद रहा है बल्कि, किसानों से फार्मर रजिस्ट्री करने के लिए कैफे संचालकों द्वारा मनमानी वसूली भी की जा रही है।

बताते चलें कि, विकासखंड जसरा के जारी बाजार, गड़ैया कला,गड़ैया खुर्द, खूझी,रैपुरा, भिस्कुरी , कूंड़ी, अतरसुइया, लोटाढ,रामपुर, मैदा, के बीच में लगभग 4 से 5 कैफे स्थापित हैं, जिनके संचालकों द्वारा किसानों से फार्मर रजिस्ट्रेशन के लिए₹100 से लेकर ₹500 तक की वसूली की जा रही है, और मजबूर किसान यह पैसा देने के लिए बाध्य भी हो रहा है। उनकी समस्या सुनने वाला कोई नहीं है। किसान सम्मन निधि सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री करवाना केंद्र सरकार द्वारा अनिवार्य कर दिया गया है ,जिसको लेकर किसान परेशान हैं। जिसका भरपूर फायदा क्षेत्रीय कैफे संचालकों द्वारा उठाए जा रहा है। इलाकाई किसान रजनीश तिवारी, विष्णु तिवारी, दीपक तिवारी, अशोक कुमार तिवारी, कमलेश कुमार, राकेश कुमार, ओंकारनाथ, अरुण कुमार, आदि किसानों ने बताया कि, हम लोगों से फार्मर रजिस्ट्री के लिए तीन तीन सौ रुपए लिए गए हैं। वहीं अन्य कई किसानों ने रजिस्ट्री के लिए कैसे संचालकों द्वारा 100 रुपए से लेकर ₹500 तक लिए जाने की बात बताई है। किसानों ने शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों से मांग किया है कि, किसान रजिस्ट्रेशन के लिए एक निश्चित धनराशि लिए जाने का आदेश जारी करें ताकि, कैफे संचालक गरीब किसानों से मनमानी वसूली न कर सकें।

# राक्षसी पूतना को कृष्ण ने सद्गति प्रदान की-आचार्य धर्म नारायण महाराज



**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)।** क्षेत्र के नई बाजार त्रिमुखी हनुमान मंदिर परिसर मे आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा प्रवक्ता आचार्य पं धर्म नारायण जी महाराज ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत मधुर वर्णन किया। मां यशोदा को अपने मुख के अंदर ब्रह्मांड का दर्शन कराना, पूतना वध, बकासुर वध, नाग नथैया, गिरि गोवर्धन को अपनी उंगली पर धारण करना, माखन चोरी जैसी कृष्ण की प्रेम पूर्ण एवं अलौकिक लीलाओं का वर्णन करके महाराज श्री ने श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। भोले बाबा का मां यशोदा से बालकृष्ण के दर्शन की हठ करना, मां यशोदा का बड़ी विनम्रता से ना करना और फिर बालकृष्ण के दर्शन होने पर भगवान शंकर का मस्त होकर नाचना भक्तों को आल्हादित कर गया।

कृष्ण की असीम करुणा का सजीव चित्रण करते हुए महाराज श्री ने कहा कि जो पूतना कृष्ण को मारने के लिए अपने वक्ष स्थल पर विष लेपन करके आई थी, कृष्ण ने उसे मां मानते हुए देव दुर्लभ सद्गति प्रदान की। कथा के यजमान मंगरु लाल केसरवानी एवं माया देवी केसरवानी ने भगवान राधा कृष्ण की जुगल जोड़ी की आरती उतारी। कथा में प्रमुख रूप से कथा के आयोजक हीरालाल, श्रीमती जानकी देवी, बसंत लाल, नंद किशोर, गौरव, उज्जवल, सागर, विनीत, सुमित, आयांश, गर्वित, देवांश, श्रविल आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता योगेश शुक्ला ने कुंभ कलश से किया जलाभिषेक



**नैनी(प्रयागराज)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने अमृत कलश यात्रा के क्रम में आज नैनी के अरेल क्षेत्र स्थित शूल टंकेश्वर महादेव मंदिर , श्री आदि वेणी माधव मंदिर , चक्र माधव मंदिर तथा सोमेश्वर महादेव मंदिर में कुम्भ काल में भरे गए कलश से जलाभिषेक किया।

जलाभिषेक के बाद योगेश शुक्ल ने बताया कि यह सभी मंदिर प्राचीनतम हैं तथा इस सभी मंदिरों का समुचित उल्लेख पुराणों में वर्णित है। आदि काल से स्थापित इन सभी मंदिरों में आज अभिषेक करते हुए असीम आध्यात्मिक ऊर्जा की अनुभूति प्राप्त हुई है।

उन्होंने कहा कि यह यमुनापार के लिए सौभाग्य और गर्व की बात है कि प्रयाग राज के बारह माधवों में से चार माधव भगवान के मंदिर यमुनापार क्षेत्र में स्थित है ,जिसमें से श्री आदि वेणी माधव और चक्र माधव अरेल में , गदा माधव छिवकी में तथा पद्म माधव घूरपुर में स्थित हैं।

श्री शुक्ल ने यह भी बताया कि योगी जी की सरकार इन सभी प्राचीन मंदिरों को भव्य रूप प्रदान कर रही है और इस कुंभ मेले के समय पूरी दुनिया के आए सनातनियों ने संगम स्नान के साथ साथ इन मंदिरों के भी दर्शन लाभ प्राप्त किए हैं।

# सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत चयनित लाभार्थी आज लेगे सात फेरे

**सहसों।** समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आज सात मार्च को विकास खंड सहसों ,फूलपुर ,बहरिया व बहादुरपुर के पंजीकृत जोड़े केवला प्रसाद शुक्ला जनता महाविद्यालय देवनहरी में सात फेरे लेगे। सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण अखिलेश यादव ने बताया कि चारों ब्लाक सहसों 32,बहरिया 49,फूलपुर 53,बहादुरपुर 40 जोड़े सही पाए गए। जिनका विवाह विधि विधान से संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में फूलपुर के सांसद प्रवीण पटेल, विधायक दीपक पटेल, ब्लाक प्रमुख गीता सिंह, विपेन्द्र सिंह पटेल,अरुणेंद्र यादव डब्बू तथा शशांक मिश्रा उपस्थित रहकर विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देगे।

## रोडवेज की टक्कर से विक्षिप्त की गई जान

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सहसों ।** प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर भुलई का पूरा गांव के सामने गुरुवार की सुबह लगभग दस बजे फूलपुर की तरफ से आ रही रोडवेज बस ने सड़क पार कर रहे एक विक्षिप्त युवक को टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर भिजवाया जहां से उसे एसआरएन प्रयागराज भेज दिया गया। इलाज के दौरान विक्षिप्त युवक की मौत हो गई ।

# समाज कल्याण राज्य मंत्री ने फीता काटकर स्मार्ट क्लास का किया उद्घाटन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**थरवई ।** विकास खंड सोरांव स्थित प्राथमिक विद्यालय थरवई प्रथम में गुरुवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गोड ने फीता काटकर के पुस्तकालय स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया । कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई इसके पश्चात बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि हिमाना जन से जन तक संस्था एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त सहयोग से इस कार्यक्रम में आने का अवसर प्राप्त हुआ । उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अथक प्रयास से देश में चौमुखी विकास हो रहा है इसी कड़ी में संस्था द्वारा विकासखंड सोरांव के 15 ग्राम पंचायत में समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत इस संस्था द्वारा काम किया जा रहा है जिससे बच्चों की शिक्षा के लिए स्कूलों में स्मार्ट क्लास डिजिटल लर्निंग पैनल पुस्तकालय वॉल पेंटिंग स्कूलों को संवारने का काम चल रहा है जिस विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने के लिए बेहतर माहौल बन रहा है केंद्र व प्रदेश सरकार की पहला पर गांव में शिक्षा का बेहतर माहौल बनाने पर अच्छा काम किया जा रहा है




जिससे गांव के बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके ।उन्होंने कहा कि पढ़ाई के अलावा किसानों के साथ मिलकर जैविक खेती रसायन मुक्त खेती करने पर सरकार का अधिक प्रयास चल रहा है इस संस्था द्वारा चयनित 15 गांव में किसान क्लब का गठन करके किसानों को खेती में बेहतर उत्पादन के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें वित्तीय साक्षरता एवं उद्यमिता पर प्रशिक्षण एवं सहयोग देकर सूक्ष्म उद्योग की शुरुआत कराई जा रही है जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही हैं इस परियोजना का सौर ऊर्जा प्रत्येक गांव पंचायत में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाया गया है साथ ही किसानों के खेतों की सिंचाई हेतु असंचित भूमि को संचित योग्य बनाने के लिए सरकार द्वारा तमाम योजनाएं चलाई जा रही जिसका सबको लाभ मिल रहा है केंद वा प्रदेश की सरकार ने प्रयागराज की धरती पर महाकुंभ का भव्य आयोजन किया गया जिसमें देश-विदेश के से 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचकर संगम में स्नान किया उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक महाकुंभ में की गई सरकार द्वारा लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में शिक्षा को बढ़ावा देना विद्यालय को संवारने शुद्ध पेयजल सिस्टम को विकसित कर दिया है किस महिला उद्यमी आत्मनिर्भर बने जिससे समाज का हिट होगा परंपरागत किसी और सौर ऊर्जा महिला सशक्तिकरण करके महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है । इस मौके पर उप जिलाधिकारी सोरांव हीरालाल सैनी व नायब तहसीलदार राजीव कुमार शुक्ला सहायक पुलिस आयुक्त चंद्रपाल सिंह खंड शिक्षा अधिकारी सुमन मिश्रा हॉलिस्टिक रूलर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट मैनेजर डॉक्टर सृजनकिशोर भरत दयाल व आशा देवी गायत्री यादव सौरभ त्रिपाठी रश्मि पांडे ग्राम प्रधान राजेश कुमार जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार ग्राम प्रधान राम अचल यादव अरविंद यादव योगेंद्र सिंह सहित विद्यालय के बच्चे अभिभावक गण संभ्रांत लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे ।

# दलिया खा रहे मवेशी, दाल बिक रही दुकानों पर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** प्रदेश सरकार ने प्रत्येक माह बाल पोषाहार वितरण किए जाने का आदेश जारी किए गए हैं। लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा बच्चों को दी जाने वाली दलिया खा रहे मवेशी तो चना का दाल बिक रहा दुकानों पर बाल पोषाहार डकार लिए जाने से लोगों ने शिकायत की।

बताया जाता है कि माह नंबर, दिसंबर , जनवरी का न्याय पंचायत डीही खुर्द , पवांरी के पथरपुर, देवरी, लेड़ियारी, नीबी, चैलारी, खोंचा, किंहुनी खुर्द , किंहुनी कला, देईबाध, अरुआरी , कोलसरा, धोबहट आदि दर्जनों गांवों में बाल पोषाहार वितरण नहीं किया गया। वही माह फरवरी में कुछ धात्रियों को दिए गए। शेष लोगों को नहीं मिलने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने नाम न छापने के शर्त में बताई कि जब से समूह के माध्यम से बाल पोषाहार उठान किया जाता है। तब से ज्यादा धांधली हो रही है। क्योंकि अधिकांश समूह से जुड़े के द्वारा उक्त पोषाहार को खुले बाजार में बेच दिया जाता है। चैलारी में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकत्री मुन्नी देवी ने दलिया को अपने स्वयं जानवर को खिला दिया। चना का दाल दुकान पर क्रय कर दिया। जबकि रिफाइंड घर में इस्तेमाल कर लिया गया। पात्रों में वितरित नहीं किए जाने पर शिकायत की है। शासन द्वारा संचालित निर्गत धात्री महिलाओं व बच्चों के लिए दलिया, चना दाल, रिफाइंड आदि मिलने वाली पौष्टिक आहार खुले बाजार बेचा जा रहा है। वहीं इस पोषाहार को जानवरों को खिलाया जा रहा है। जबकि चने का दाल किराने के दुकानदार के औने - पौने दामों पर बेचकर मालामाल हो रही है।

लोगों का आरोप है कि इस काले कारनामों से सीडीपीओ भी संलिप्त हैं। जिससे शिकायत करने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

इस संबंध में कोरांव सीडीपीओ योगेश दुबे को काल कर जानकारी लेने का प्रयास किया लेकिन मोबाइल उठाना मुनासिब नहीं समझा।

# महाकुंभ में 30 करोड़ कमाने वाला नाविक हिस्ट्रीशीटर!

## अखिलेश यादव बोले- सच्चाई पता करे सरकार



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रयागराज महाकुंभ ने ऑटो चालकों, खान पान की दुकान लगाने वालों से लेकर नाव चलाने वाले लाखों लोगों की जिंदगी बदल दी। ऐसे ही एक नाविक परिवार की सफलता की कहानी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में विधानसभा में सुनाई। जिसे लेकर अब बहस छिड़ गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नाविक हिस्ट्रीशीटर/माफिया है। इसे लेकर अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर तंज कसते हुए पूछा कि अगर खबर सही है तो सरकार इसका पता करे और जीएसटी कितना मिला ये भी तो बताएं।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक तस्वीर शेयर किया। जिस पर लिखा था, %महाकुंभ में नाव चलाकर 30 करोड़ कमाने वाला माफिया/हिस्ट्रीशीटर निकला! छ्रयोगी ने विधानसभा में तारीफ की थी।÷ साथ ही इसे लेकर अखिलेश ने योगी सरकार से सवाल भी किया। उन्होंने लिखा, ÷इस समाचार की सच्चाई की पड़ताल हो। अगर सच में एक परिवार ने महाकुंभ में अकेले 30 करोड़ कमाए हैं, तो जीएसटी कितना मिला ये भी तो बताएं। 'पातालखोजी' पहले पता कर लिया करें फिर महिमामंडन किया करें। पहले ठग से एमओयू कर लिया, अब नामज़द के नाम की सदन में बंद आंखों से तारीफ़ कर दी। अब तो आंखे खोलें। इन्हीं सब वजहों से ही भाजपा सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।÷

दरअसल प्रदेश सरकार के मुताबिक, प्रयागराज के अरैल इलाके में रहने वाले नाविक पिंटू महरा का परिवार महाकुंभ में नाव चलाकर करोड़पति हो गया। पिंटू महरा का कहना है कि उन्होंने 2019 के कुंभ में नाव चलाई थी और उन्हें अनुमान था कि इस बार महाकुंभ में बहुत भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ आने वाली है। पिंटू महरा के परिवार ने महाकुंभ के पहले 70 नावें खरीदीं। पहले से उनके सौ से अधिक सदस्यों वाले परिवार में 60 नावें थीं। इस तरह इन 130 नावों को महरा परिवार ने महाकुंभ में उतार दिया। नाविकों के एक परिवार के पूरे आयोजन के 30 करोड़ की कमाई की बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। लेकिन जिनके पास एक या दो नाव भी थीं, उन्हें भी इस महाकुंभ के महाआयोजन में खूब कमाने का मौका मिला। लक्ष्मी की ऐसी कृपा हुई कि किसी श्रद्धालु ने एक लाख 60 हजार रुपये दे दिया तो किसी ने स्वर्ण प्रतिमा। इस बात को खुद संगम वीआईपी घाट पर तैनात नाविक भी स्वीकार रहे हैं।

## दिव्यांग पति को पीठ पर लादने के प्रकरण में डॉक्टर समेत तीन पर कार्वाई

- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर हुई कार्वाई -डॉक्टर को सीएमओ कार्यालय से हटाकर सीएचसी भेजा, चतुर्थ श्रेणी कर्मी निलंबित

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** रायबरेली में व्हील चेयर न मिलने पर दिव्यांग पति को पत्नी द्वारा पीठ पर लादकर सीएमओ कार्यालय पहुंचने के प्रकरण को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने लखनऊ मंडल के अपर स्वास्थ्य निदेशक को जांच के आदेश दिए थे। जांच में डॉक्टर समेत दो कर्मचारियों की लापरवाही उजागर हुई। डिप्टी सीएम के आदेश पर सीएमओ ने तीनों पर कार्रवाई की है।

सीएमओ कार्यालय में दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाए जाते हैं। बीते दिनों एक महिला अपने दिव्यांग पति का प्रमाण पत्र बनाने के लिए पहुंची। आरोप है कि सीएमओ कार्यालय में दिव्यांग पति को व्हील चेयर नहीं मिली। नतीजतन पत्नी ने दिव्यांग पति को पीठ पर लाद लिया। दिव्यांग बोर्ड के समक्ष पेश हुई। इस मार्मिक घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर अपर स्वास्थ्य निदेशक ने रायबरेली सीएमओ डा. नवीन चन्द्रा को तीन दिन में प्रकरण की जांच के आदेश दिए। सीएमओ ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की। जिसमें अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अरविन्द कुमार, जतुआ टप्पा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा. ब्रजेश कुमार और जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डीएस अस्थाना शामिल थे। कमेटी की जांच में लापरवाही उजागर हुई। जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर डिप्टी सीएम ने सीएमओ को तीनों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। उप मुख्य चिकित्साधिकारी व जिला दिव्यांग बोर्ड के नोडल अधिकारी डा. अम्बिका प्रकाश को मुख्यालय से हटा दिया गया है। उन्हें जतुआ टप्पा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनाती दी गई है। डाटा इंट्री ऑपरेटर अनुकांत आनंद को यूडीआईडी कार्य से हटा दिया गया है। उन्हें मूल तैनाती स्थल भेजा गया है। जांच कमेटी की सिफारिश पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अनिल कुमार को निलंबित कर दिया गया है। उन्हें बेलाभेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से संबद्ध किया गया है।

## फरवरी तक 14076.13 करोड़ रुपये अधिक राजस्व मिला

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया है कि प्रदेश सरकार को वित्तीय वर्ष 2024-25 में फरवरी तक बीते वित्तीय वर्ष की तुलना में 14076.13 करोड रुपये अधिक प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के कुशल वित्तीय प्रबंधन एवं कानून-व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण का परिणाम है।

वित्त मंत्री ने बताया कि मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के फरवरी तक कुल 1,87,987.69 करोड़ रुपये का राजस्व मिला है जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 के फरवरी तक 1,73,911.56 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था।

उन्होंने बताया कि जीएसटी में फरवरी, 2025 तक कुल 75,749.80 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि बीते वर्ष फरवरी, 2024 तक प्राप्ति 68,450.16 करोड़ रुपये रही थी। जो वित्तीय वर्ष 2024 25 के फरवरी तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य का 72.6 प्रतिशत है। वैट के तहत फरवरी, 2025 तक 27,623.85 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 74.4त्न है जबकि बीते वर्ष फरवरी 2024 तक प्राप्ति 26,822.93 करोड़ रुपये रही थी।

श्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि स्टाम्प तथा निबन्धन के तहत फरवरी, 2025 तक की राजस्व प्राप्ति 27,588.41करोड़ है जबकि बीते वर्ष फरवरी, 2024 तक प्राप्ति 24,439.78 करोड़ रही थी। स्टांप तथा निबंधन मद के तहत वित्तीय वर्ष 2024 25 में फरवरी तक प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य का 84.5 प्रतिशत है। इसी प्रकार परिवहन मद में फरवरी 2025 तक की राजस्व प्राप्ति 10,419.81 करोड़ है जबकि बीते वर्ष फरवरी, 2024 तक प्राप्ति 9,427.01 करोड़ रही थी। परिवहन के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में फरवरी तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य का 92 प्रतिशत है।

## सुंदरम साहित्य संस्थान एवं चारु काव्यांगन के संयुक्त तत्वावधान में कवि सम्मेलन आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** साहित्यिक अनुष्ठान सुंदरम साहित्य संस्थान एवं चारु काव्यांगन के संयुक्त तत्वावधान में काव्य समारोह पुस्तक मेला चारबाग स्थित रवींद्रालय में सम्पन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता वरिष्ठ ग़ज़लकार नरेंद्र भूषण ने की। मुख्य अतिथि साहित्य भूषण आशु कवि कमलेश मौर्य मृदु एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ ग़ज़लकार डॉ. सुनील कुमार शुक्ला, अति विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार रविन्द्र नाथ तिवारी, राष्ट्रीय शायर हरिमोहन वाजपेयी माधव एवं मुनेंद्र शुक्ल रहे। कार्यक्रम का संचालन रेनू द्विवेदी (चारु काव्यांगन संस्थाध्यक्ष) ने किया।

काव्य समारोह का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के बाद राजीव वर्मा वत्सल की सुमधुर वाणी वन्दना से हुआ। इसके पश्चात बांसुरी वादन राजीव वत्सल द्वारा किया गया जिसे सुनकर सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए। काव्य समारोह में उपस्थित सभी काव्य मनीषियों का स्वागत विनोद कुमार द्विवेदी ने किया।अपनी उपस्थिति व काव्यात्मक प्रस्तुति से जिन जिन विद्वतजनों, काव्य मनीषियों ने काव्य समारोह को ऊंचाइयां प्रदान की उनमें नरेंद्र भूषण, साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु, डॉ. सुनील कुमार शुक्ला, रविन्द्र नाथ तिवारी, हरिमोहन वाजपेयी माधव, डॉ निर्भय नारायण गुप्त, राजीव वर्मा वत्सल, विजय तन्हा, मृगांक श्रीवास्तव, संजय हमनवा, हरगोविंद यादव, नीतू सिंह चौहान, नीतू गुप्ता, गायत्री जोशी, अलका अस्थाना, उमा लखनवी, स्वाति मिश्रा, अतुल वाजपेयी, कीर्ति बानी, विनोद कुमार द्विवेदी आदि शामिल रहे।

समारोह के अंत में स्वाति मिश्रा ने पधारे काव्य मनीषियों का आभार व्यक्त किया।

## महिला दिवस पर अधिवक्ता परिषद ने संगोष्ठी आयोजित की

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय संविधान के 75 वर्ष में महिला अधिवक्ताओं के लिए न्यायालय परिसर में अनुकूल वातावरण का सतत प्रयास विषय पर महामना सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का आयोजन अधिवक्ता परिषद अवध उच्च न्यायालय इकाई ने महिला दिवस के अवसर पर किया था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति साधना रानी ठाकुर ने कहा कि महिलाओं को स्वयं को किसी से कम नहीं समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाएं मानसिक रूप से बहुत मजबूत होती हैं और किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। इस अवसर पर कई महिला अधिवक्ताओं ने उच्च न्यायालय परिसर में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की और उनके समाधान की मांग की। अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री रिपु दमन शाही ने महिलाओं के अधिकारों और उनकी न्यायिक क्षेत्र में सहभागिता बढ़ाने पर बल दिया। अवध बार एसोसिएशन के महामंत्री मनोज द्विवेदी ने महिला अधिवक्ताओं के लिए नई योजनाओं की घोषणा की और उनकी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। मुख्य स्थाई अधिवक्ता अजय कुमार पाण्डेय और हेमंत कुमार मिश्रा (रिटायर्ड ज्वाइंट डायरेक्टर, प्रॉसिक्यूशन) ने भी महिलाओं के लिए अनुकूल वातावरण की आवश्यकता पर जोर दिया। संगोष्ठी में अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत की महामंत्री मीनाक्षी परिहार सिंह, कोषाध्यक्ष प्रेम चंद्र राय, उपाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय, अजय कुमार त्रिपाठी, अमित राय, उच्च न्यायालय इकाई के अध्यक्ष दिवाकर सिंह कौशिक, महामंत्री अमरेंद्र नाथ त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष आलोक सरन, पायल सिंह, रुचि गुप्ता, आकांशा शाह, प्रमिला सिंह, तनु भारती, मीरा त्रिपाठी, दिव्यांशु प्रताप, आदित्य सिंह, अवधेश पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## केंद्र और यूपी सरकार मनरेगा-संविदा कर्मी विरोधी: अजय

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बोले होली से पहले हो मनरेगा कर्मियों का बकाया भुगतान

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश में लगभग एक करोड़ 10 लाख जॉब कार्ड धारकों को 9 दिसंबर 2024 से उनकी मजदूरी का भुगतान केंद्र सरकार नहीं कर रही है। आज की तारीख में मजदूरों की बकाया धनराशि 99.75 करोड़ रुपये है जबकि अधिनियम में प्रावधान है कि मजदूरी करने के 15 दिन के अंदर मजदूर के खाते में भुगतान किया जाना चाहिए। अन्यथा .05 प्रतिशत प्रति विलंबित दिवस का हर्जाना मिलना चाहिए। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार को मजदूर विरोधी बताया।

अजय राय ने गुरुवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर मीडिया से बातचीत में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि इस योजना को लागू करने वाले 40 हजार संविदा कर्मी अल्प मानदेय में जीवन यापन कर रहे हैं। वह भी उन्हें पिछले 8 महीने से नहीं मिला है। र

ाय ने कहा कि इन संविदा कर्मियों को ईपीएफ का लाभ 2015 से मिलना चाहिए था, मगर आज तक नहीं मिला। पिछले 8 वर्षों में 2000 से ज्यादा संविदा कर्मियों की मृत्यु हुई और उनके परिवारों को ईपीएफ का कोई लाभ नहीं मिल पाया। राय ने कहा कि ईपीएफ में नियोक्ता का जो 13 प्रतिशत अंश होता है, वह भी संविदा कर्मियों के मानदेय से काटा जा रहा है। यह न सिर्फ नियम विरुद्ध है बल्कि यह भाजपा सरकार की संविदाकर्मी विरोधी मानसिकता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा शुरू की गई मनरेगा योजना देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनकर उभरी। कांग्रेस मनरेगा को बचाने के लिए सड़क से लेकर विधानसभा और संसद तक आवाज उठाएगी। उन्होंने मांग की कि होली से पहले एक करोड़ 9 लाख जॉब कार्ड धारकों को उनकी बकाया मजदूरी हर्जाने समेत उनके खाते में दी जाए। साथ ही 40000 संविदा कर्मियों का मानदेय भी होली के पहले दिया जाए।

## सफाई का बजट बढ़ेगा तो पार्षद कोटा भी बढ़ाकर तीन करोड़ किया जाए

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** नगर की सफाई व्यवस्था मद में बजट बढ़ाने जाने की सुगबुगाहट के बीच पार्षदों ने भी वार्ड विकास प्राथमिकता संस्तुति (पार्षद कोटा) को भी बढ़ाए जाने की मांग उठाई है। इस संबंध में पार्षदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को मेयर और नगर आयुक्त को पत्रक सौंपा। नगर आयुक्त को पत्रक सौंपने के दौरान पार्षदों ने कहा कि नगर की सफाई व्यवस्था का बजट बढ़ाकर 800 करोड़ रुपये किए जाने की बात सामने आ रही है।

इसके लिए 10 मार्च को नगर निगम कार्यकारिणी की प्रस्तावित बैठक में भी प्राविधान लाए जाने की चर्चा है। पार्षदों ने कहा कि मौजूदा समय में नगर की सफाई व्यवस्था का बजट 300 करोड़ रुपये है। नगर निगम का सीमा विस्तार और क्षेत्रफल पहले से काफी बड़ा होने के कारण ही बजट को बढ़ाकर 800 करोड़ रुपये किए जाने का प्राविधान लाया जा रहा है। ऐसे में वार्ड विकास प्राथमिकता संस्तुति को भी 1.5 करोड़ से बढ़ाकर 03 करोड़ रुपये किए जाए, क्योंकि वार्ड का क्षेत्रफल भी कुछ सालों में काफी बढ़ा है। बढ़े हुए क्षेत्रफल के कारण 1.5 करोड़ रुपये से वार्ड के प्रत्येक्ष क्षेत्र में विकास कार्य कराया जाना संभव नहीं हो पा रहा है।

## गरीबों को बसाने की बजाय उजाड़ रही भाजपा: माया

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कांग्रेस और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राह भाजपा सरकार पर चल रही है। गरीबों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। भाजपा सरकार ने सिर्फ वादे किए। आर्थिक नीतियों पर हवा-हवाई दावे किए जा रहा रहे हैं।

मायावती ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सिर्फ वादे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। मायावती ने कहा कि वैसे तो यूपी सरकार यूपी को देश का ग्रोथ इंजन होने का दावा करते हुए नहीं थकती है, किन्तु यहां के लोगों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी आदि बुनियादी जरूरतों को लेकर दुर्दशा किसी से भी छिपी नहीं है। केन्द्र की तरह यूपी सरकार के पास भी धन की कमी नहीं है लेकिन इसका इस्तेमाल यहां के गरीब लोगों के हित-कल्याण तथा इनके जीवन सुधार में सही से नहीं हो रहा है। इस तरह के कांग्रेसी कृत्य के नक्श-ऐ-कदम पर अब भाजपा सरकारें भी चलती हुई नजर आ रही हैं।

मायावती ने याद दिलाया कि उत्तर प्रदेश में उनके नेतृत्व में चार बार सरकार रही। उन्होंने सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति का एतिहासिक सुधार जमीन पर उतारकर दिखाया। उन्होंने कहा कि केंद्र की आर्थिक नीतियों के चलते मुट्ठी भर धन्ना सेठ और धनवान बन रहे हैं। अमीरों को और अमीर बनाने के बजाए सरकार को दलितों व वंचितों की गरीबी व बेरोजगारी दूर करना चाहिए। सपा की तरह भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश में डॉ. भीम राव अम्बेडकर समग्र ग्राम विकास योजना को निष्क्रिय कर दिया गया।

बसपा प्रमुख ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें बजट में बड़े-बड़े दावे करती हैं, लेकिन उन पर 50त्न भी अमल नहीं होता। उन्होंने कानून और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि यूपी ही नहीं, बल्कि पूरे देश में धर्म विशेष के लोगों को टारगेट किया जा रहा है। दलितों, पिछड़ों और गरीबों के खिलाफ हैं लगातार अन्याय हो रहा है।

मायावती ने कहा कि जो दबे कुचले दलित, पिछड़े और आदिवासियों के साथ अन्याय हो रहा है। इनके हित के लिए बजट में रखा जाता है, लेकिन वह पूरा पैसा उनके डेवलपमेंट में नहीं लगता है।

मायावती ने कहा कि मध्य प्रदेश भाजपा सरकार के वरिष्ठ मंत्री द्वारा विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को भिखारियों की फौज बताने से इन करोड़ों गरीब उपेक्षितों के प्रति इनकी हीन, संकीर्ण एवं जातिवादी सोच ज्यादा प्रदर्शित होती है। सरकारी योजनओं के तहत इन्हें कुछ राहत देकर अपमानित करना यह अति-शर्मनाक है।

दलित शोषित पीड़ित गरीबों को थोड़ा सा अनाज देकर इनका वोट लेकर सरकार बनाना और सरकार बन जाने पर इनको भिखारियों की फौज बताकर इनके आत्म-सम्मान व स्वाभिमान को जबरदस्त ठेस पहुंचाना ठीक नहीं है। इस बात का भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व ने इसका संज्ञान लेना उचित नहीं समझा।

## महापौर सुषमा खर्कवाल ने मोबाइल शौचालय का उद्घाटन किया

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ में पार्षदों ने निधि बढ़ाने की मांग की है। पार्षदों ने कहा कि बढ़ती आबादी और क्षेत्र के हिसाब से यह जरूरी है। वहीं, महापौर सुषमा खर्कवाल ने मोबाइल शौचालय और मिनी जेसीबी को हरी झंडी दिखाई है। पार्षदों ने महापौर और नगर आयुक्त को दिए ज्ञापन में कहा कि सफाई व्यवस्था के लिए पिछले साल 300 करोड़ रुपए का प्रावधान था। इस साल 800 करोड़ रुपए का प्राविधान किया जा रहा है। इस दौरान पार्षद निधि भी बढ़ाई जानी चाहिए। उनका कहना है कि अगर एक मद में लगभग 3 गुना बजट बढ़ाया जा रहा है, तो वार्ड का क्षेत्रफल इतना बड़ा हो गया है और वार्ड विकास के लिए निर्धारित निधि 1 करोड़ 25 लाख रुपए है। इसे भी बढ़ाकर 3 करोड़ रुपए किया जाना चाहिए। जिससे क्षेत्र का विकास हो सके। महापौर सुषमा खर्कवाल ने आठ मिनी जेसीबी और 10 मोबाइल शौचालयों का हरी झंडी दिखाकर, पूजा कर और फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि मिनी जेसीबी की मदद से अब शहर में कूड़ा उठाने और सफाई के काम में तेजी आएगी। इससे नगर निगम को सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद मिलेगी, जिससे शहर में सफाई का स्तर बेहतर होगा और नागरिकों को स्वच्छता का बेहतर अनुभव मिलेगा। वहीं, मोबाइल शौचालय उन बड़े सार्वजनिक आयोजनों के लिए जिनमें अधिक भीड़ भाड़ होती है। ऐसे आयोजनों में शौचालय की व्यवस्था बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है।

## सोशलिस्ट फैक्टर के सम्पादक फ्रैंक हुजूर का हृदयाघात से निधन

- फ्रैंक हुजूर के मार्गदर्शन में चल रहा था कांग्रेस का सम्मान व सामाजिक न्याय सम्मेलन

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रखर सामाजिक चिन्तक, मंडलवादी व सोशलिस्ट फैक्टर पत्रिका के मुख्य सम्पादक मनोज यादव उर्फ फ्रैंक हुजूर जी का 3 बजे भोर में हृदयाघात से दिल्ली में निधन हो गया। कभी समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के बेहद करीबी रहे फ्रैंक हुजूर साहब वर्तमान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के काफी करीब हो गये थे।

राहुल गाँधी के ही बुलावे पर दिल्ली प्रवास पर रहे और कल ही राहुल गाँधी से उत्तर प्रदेश व बिहार के मुद्दे पर उनकी लम्बी वार्ता हुई। विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिली है कि बिहार विधानसभा चुनाव में विशेष जिम्मेदारी के साथ उत्तर प्रदेश में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने वाली थी,इसी संदर्भ में राहुल जी ने उन्हें बुलाया था। मनोज यादव उर्फ फ्रैंक हुजूर मूलरूप से बक्सर ( बिहार) के रहने वाले थे।वर्तमान में ये डी-1/31 अंशल गोल्फ सिटी लखनऊ में अपनी पत्नी फरमीना मुक्ता सिंह व 8 वर्षीय पुत्र मार्क्स के साथ रह रहे थे।

52 वर्षीय फ्रैंक हुजूर लन्दन की एक बडी फर्म में कार्यरत रहे,उसी समय बतौर मुख्यमंत्री लन्दन गये थे,उसी समय इनसे मुलाकात हुई और अखिलेश यादव नौकरी छुड़वाकर लखनऊ ले आये। अगस्त 2020 में जब सपा द्वारा 108 फीट ऊंची परशुराम की प्रतिमा स्थापित कराने का मुद्दा चल रहा था,उसी समय समाजवादी पार्टी पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चौ.लौटनराम निषाद ने बयान दे दिया कि परशुराम की प्रतिमा स्थापित कराना सपा का एजेंडा नहीं,सपा से जुडे कुछ परशुराम वंशज लगाना चाहते हैं,हम बहुजन के मुक्तिदाता डां.अम्बेडकर, बीपीओ मंडल, कर्पूरी ठाकुर, बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा, पेरियार, ज्योतिबा फूले, रामचरणलाल निषाद, रामप्रसाद अहीर,शिवदयाल चौरसिया आदि हैं।

इसके बाद अयोध्या में प्रेसवार्ता के दौरान बयान दे दिया कि हमारी आस्था राम में नहीं,हमारी आस्था संविधान में है,अम्बेडकर, ज्योतिबा फूले,शाही महाराज,बीपी मंडल, कर्पूरी ठाकुर, रामचरण निषाद, पेरियार आदि महापुरुषों में है।

## यूपी की महिलाएं यूएन हाउस में बताएंगी जल जीवन मिशन से आए बदलाव की गाथा

- पांच एफटीके महिलाओं को किया गया आमंत्रित

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** देश के अलग अलग राज्यों के बाद अब दुनिया के दूसरे देश भी उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड में जल जीवन मिशन के जरिए आए बदलाव को जानेंगे। जल जीवन मिशन के जरिए लोगों के जीवन को बदल रहीं पांच महिलाएं शुक्रवार को नई दिल्ली के यूएन (यूएन) हाउस में देश दुनिया के जल विशेषज्ञों के सामने प्रस्तुतीकरण देंगी। ये महिलाएं बताएंगी की कैसे जल जीवन मिशन के जरिए पहुंचे हर घर नल से शुद्ध जल ने बुंदेलखंड और पूरे उत्तर प्रदेश के ग्रामीणों के जीवन को बेहतर बनाया है।

साथ ही रोजगार के अवसर भी मुहैया कराया है। नई दिल्ली के संयुक्त राष्ट्र संघ के ऑफिस में उत्तर प्रदेश की जिन पांच महिलाओं को आमंत्रित किया गया है। उनमें झांसी के बामेर गांव की भारती, इमिलिया गांव की रीना अहिरवार, रामप्यारी, बेबी और शीला शामिल हैं। इन सभी महिलाओं की कहानी महिला सशक्तिकरण की भी मिशाल है। कैसे इन्होंने अपने और अपने गांव के लोगों के जीवन को जल जीवन मिशन के जरिए बदला।

ये सभी महिलाएं जल जीवन मिशन के आने के बाद से फील्ड टेस्ट किट के जरिए पानी की जांच करती हैं। इसके लिए इन्हें प्रति जांच 20 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। ये महिलाएं बताएंगी कि कैसे जल की जांच एफ्टीके के माध्यम से की जाती है। इसका लाइव डिमॉन्सट्रेशन भी देंगी। गौरतलब है कि जल जीवन मिशन के जरिए ग्रामीण इलाकों में शुद्ध पेयजल पहुंचाकर बड़े पैमाने पर बीमारियों पर लगाम लगाने में सफ्लता मिली है।प्रदेश में हर घर नल से पहुंचने वाले जल की जांच के हर गांव में पांच महिलाओं को एफ्टीके जांच की ट्रेनिंग दी जाती है। जिससे महिलाएं अपने गांव में ही रहकर जल की गुणवत्ता की जांच कर सकें।

## गाड़ियां प्रदूषण की कारण नहीं, प्रदूषण का कारण सरकार की औद्योगिक नीति: लोकदल

- 15 वर्ष से ऊपर सरकारी बसों, सरकारी कारों, चिमनियों से होने वाले प्रदूषण को रोके सरकार
- पहले अवैध उद्योग धंधे से होने वाले प्रदूषण को रोके सरकार

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** अप्रैल से राजधानी में 15 साल पुरानी गाड़ियों नहीं दौड़ें जाने को लेकर

लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है पहले अपनी सरकारी डग्गामार रोडवेज की बसें जो लगभग 30 वर्षों से सड़कों पर दौड़ रही है,सरकारी पुरानी कारों बंद करे जो सड़कों पर कई वर्षों से चल रही है। पॉल्यूशन हाई राइज बिल्डिंग, होटल और कमर्शियल एक्टिविटी , अवैध उद्योग धंधों, ईट के भट्टे को चलाने से हो रहा है न कि पुराने वाहनों से ।

सिंह ने यह भी आरोप लगाया है कि मध्यम वर्ग के लोगों को वाहन खरीदने में पूरा जीवन लग जाता है। सरकार की कुनीतियों के कारण कार की किश्तें भरते- भरते आधा जीवन निकल जाता है, ऐसे में 15 वर्ष से ऊपर हो रहे वाहनों को बंद करना ठीक नहीं है। सरकार मध्यम वर्ग के लोगों को परेशान करके नए-नए नियम और नीतियों को लाकर जनता के ऊपर टैक्स कमाने और उनपर टैक्स भरने का बोझ डाल रही है। एक तरफ मध्यम वर्ग को वाहन खरीदने के लिए पैसे नहीं है। इस महंगाई में नए वाहन को खरीदे जाने का दबाव बनाया जा रहा है। जबकि अमेरिका में 50 वर्षों से भी ज्यादा पुरानी गाड़ियां आज भी चल रही हैं। गाड़ियां प्रदूषण के कारण नहीं है प्रदूषण का कारण सरकार की औद्योगिक नीति है अवैध उद्योगों को बंद किया जाना चाहिए। जिस पर सरकार का विशेष रूप से ध्यान होना चाहिए। सरकार को इस तरह के फैसले से बचना चाहिए। टैक्स की लालच में कंपनी के साथ मिलकर उनको कार डीलर और प्रॉपर्टी डीलर नहीं बनना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### एलयू में 51 कर्मचारियों का प्रमोशन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में 51 कर्मचारियों की पदोन्नति का आदेश गुरुवार को जारी कर दिया गया। इस संबंध में कुलपति के अनुमोदन के बाद कुलसचिव ने यह आदेश पत्र जारी किया। कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि पदोन्नतवि सूची में आठ कर्मचारियों को वरिष्ठ सहायक से प्रधान सहायक पद पर प्रमोट किया गया। जबकि शेष सभी कर्मचारियों को कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक पद पर प्रोन्नति मिली। गौरतलब है कि अधिष्ठाता कला संकाय की अध्यक्षता में 27 फरवरी को कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए हुई बैठक में संस्तुति प्रदान की गई थी। कर्मचारियों की पदोन्नति होने पर एलयू कर्मचारी परिषद ने कुलपति व विश्वविद्यालय प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### रोजगार मेले में 300 अभ्यर्थियों को मिला जॉब ऑफर



**लखनऊ।** राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न व्यवसायों के आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप संस्थान में युवाओं को रोजगार दिलाने हेतु इस प्रकार के मेलों का आयोजन किया जा रहा है। ट्रेनिंग, काउंसलिंग और प्लेसमेंट ऑफिसर एम. ए. खाँ ने बताया कि मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। 05 मार्च 2025 को लिखित परीक्षा में 1080 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिसमें से 628 सफल हुए। इन अभ्यर्थियों का 06 मार्च 2025 को साक्षात्कार लिया गया, जिसके उपरांत कंपनियों ने कुल 300 अभ्यर्थियों को 28,000 रुपये प्रतिमाह का जॉब ऑफर दिया। रोजगार मेले को सफल बनाने में कार्यदेशक एस. के. सिंह, कार्यदेशक निर्भय कुमार सिंह, मकबूल कादिर और जेड. रहमान का विशेष सहयोग रहा।

### गिरीश तिवारी बने आर्म्ड फोर्स ट्रिब्यूनल बार एसोसिएशन के महामंत्री

**लखनऊ।** कैंट स्थित आर्म्ड फोर्स ट्रिब्यूनल बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर बुधवार को हुए मतदान के बाद परिणाम की घोषणा में कमल कुमार सिंह अध्यक्ष और महामंत्री पद पर गिरीश तिवारी चुने गए हैं। इसके अलावा रवेन्द्र कुमार सिंह चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विंग कमांडर सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी और मोहम्मद जफर खान उपाध्यक्ष (मध्य) तथा आदेश कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष (जूनियर) चुने गए हैं। कोषाध्यक्ष पद पर श्रीमती कविता मिश्रा बेलौरा, संयुक्त-सचिव के पद पर धर्मराज सिंह और मनोज कुमार अवस्थी, गवर्निंग काउन्सिल के छः पदों पर राहुल पाल, शिव कुमार सरोज, रमाकांत, रवि कुमार यादव, महेंद्र कुमार सिंह और राकेश कुमार सिंह अधिवक्ता निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव अधिकारी विजय कुमार पाण्डेय ने परिणाम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि स्क्रूटनी के बाद ही एक दर्जन पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए थे। इस मौके पर अनुशासन समिति के अध्यक्ष डॉ.चेतनारायण सिंह, आशीष कुमार सिंह, विष्णुकांत अवस्थी, अमित कुमार बाजपेयी, आर्म्ड फोर्स ट्रिब्यूनल के पर्यवेक्षक एसएन मालवीय, सब इंपेक्टर धनंजय सिंह पुलिस बल समेत मौजूद रहे।

### आईएएस रिया केजरीवाल ने संभाला मध्यांचल एमडी का पद



**लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में नई प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल ने गुरुवार को पद संभाल लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की पहचान लखनऊ से है। ऐसे में लखनऊ सहित निगम के अंतर्गत आने वाले सभी 19 जिलों में बिजली आपूर्ति पर पूरा फोकस रहेगा। कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुलझाना ही प्राथमिकता होगी। किसी उपभोक्ता को कोई भी समस्या होती है तो वह सीधे शिकायत कर सकेगा और उसका समय से समाधान किया जाएगा। बिजली आपूर्ति बेहतर रहे इसके लिए सभी कदम उठाए जाएंगे। रिया केजरीवाल 2017 बैच की आईएएस हैं। लखनऊ में सीडीओ रह चुकी हैं। इसके बाद शासन ने उन्हें अपर आयुक्त राज्य कर से मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। इसके साथ ही मध्यांचल एमडी के पद पर तैनात भवानी सिंह खंगारौत को प्रशासन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं का निदेशक बनाया गया है।

### राजकीय बालगृह से दो नाबालिग लापता

**लखनऊ।** लखनऊ में निर्वाण राजकीय बालगृह से दो नाबालिग लड़कियों के लापता होने की सूचना है। बालगृह प्रशासन का कहना है कि वे दीवार कूदकर भाग गईं। दोनों लड़कियां मूक-बधिर हैं। दोनों दीवार के पास ईंट की सीढ़ी बनाकर कूदी हैं। पारा पुलिस मुकदमा दर्ज कर तलाश कर रही है। घटना मोहान रोड पारा की है। बालगृह की अधीक्षिका प्रीति मिश्रा ने बताया कि बुधवार 3.30 बजे से सुबह 5 बजे की बीच बालगृह से दोनों लड़कियां भागी हैं। एक की उम्र 14 और दूसरी 15 साल की है। वो पहले आंगन में बेंच लगाकर खिड़की के छज्जे पर चढ़ीं। यहीं से छत पर पहुंचीं। पीछे की तरफकंटीली तार की बाउंड्री दीवार के पास ईट की सीढ़ी बनाकर उसके सहारे कूद गई हैं। ढूंढ़ने का प्रयास किया लेकिन नहीं मिलीं। इसके बाद पारा थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस दोनों को ढूंढ रही है।

### शराब-भांग दुकानों के आवंटन पर रोक

**लखनऊ।** लखनऊ हाइकोर्ट ने शराब दुकानों के आवंटन को लेकर एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। कोर्ट ने कहा- लॉटरी के माध्यम से हो रही आवंटन प्रक्रिया न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगी। न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने यह आदेश दिया। यह आदेश सीतापुर के रामचन्द्र और अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया गया। याचिकाकर्ताओं ने शराब दुकानों के नए सिरे से आवंटन से जुड़े शासनादेश को चुनौती दी थी। कोर्ट ने राज्य सरकार को अपना जवाब दाखिल करने के लिए 4 सप्ताह का समय दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 7 अप्रैल को होगी।

### हजरतगंज में पार्किंग में खड़ी कार में लगी आग

**लखनऊ।** हजरतगंज इलाके में मल्टीलेवल पार्किंग में कूड़े से आग लग गई। आग की चपेट में आने से खड़ी कार जलकर खाक हो गई। तेज लपटें देख आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके से पहुंची टीम ने आग पर आधे घंटे बाद काबू पा लिया। फिलहाल कोई जनहानि नहीं हुई है। घटना गुरुवार दोपहर 2 बजे की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कूड़े में किसी ने माचिस की जलती तीली फेंक दी थी। पुलिस कार मालिक से संपर्क करने का प्रयास कर रही है।

### बंद घर में मिला लापता युवक का शव

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एक युवक का शव गुरुवार दोपहर फांसी के फंदे पर बंद मकान में लटकता मिला। युवक बुधवार दोपहर से लापता था। परिजनों की शिकायत पर पुलिस तलाश रही थी। आसपास के लोगों से बंद मकान में जाने की बात सामने आई। पुलिस ने घर के अंदर से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बिरहाना देवी दयाल रोड निवासी कन्हैया लाल शर्मा के बेटे सुमित शर्मा (24) का शव घर के पास ही बंद पड़े मकान में मिला। इंस्पेक्टर वजीरगंज दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि युवक बुधवार दोपहर बात से लापता था। जांच में सामने आया कि वह अकसर पास में बंद पड़े सुधीर निगम के मकान में जाकर मोबाइल पर बात करता है। गुरुवार दोपहर पुलिस मकान में पहुंची तो देखा अंदर से गेट बंद था। पुलिस ने गेट खोलकर घर की तलाशी ली। जहां पहली मंजिल पर उसका शव पंखे के सहारे चादर से लटका था। घटना को लेकर जांच पड़ताल की जा रही है। परिजन भी खुलकर अभी कोई आरोप नहीं लगा रहे हैं। युवक की कॉल डिटेल और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महाकुंभ में गड़बड़ी फैलाने की फिराक में था बब्बर खालसा का आतंकी लाजर

## तड़के एसटीएफ ने आतंकी को किया था गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ और पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दोनों टीमों ने संयुक्त अभियान चलाकर कौशांबी जिले से बब्बर खालसा इंटरनेशनल (क्च्यद्ब) के एक सक्रिय आतंकवादी को गुरुवार सुबह करीब 3.20 बजे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आतंकी के पास से 3 हैंड ग्रेनेड, 2 डेटोनेटर, एक विदेशी पिस्तौल और 13 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। इसकी पहचान पंजाब के अमृतसर के रामदास क्षेत्र के कुर्लियान गांव के रहने वाले संदिग्ध आतंकी लाजर मसीह के रूप में हुई है। गिरफ्तार आतंकी महाकुंभ में गड़बड़ी फैलाने की फिराक में था। यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने प्रेस कान्फ्रेंस करके ये जानकारी दी।



लखनऊ के सिग्नेचर बिल्डिंग में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डीजीपी कुमार ने कहा कि मसीह ने प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान एक बड़े आतंकी हमले की साजिश रची थी। उन्होंने कहा, हालांकि, धार्मिक आयोजन में कड़ी सुरक्षा जांच के कारण वह अपनी साजिश को अंजाम नहीं दे सका। उन्होंने कहा कि साजिश को अंजाम नहीं दे सकने के बाद मसीह का इरादा फर्जी पासपोर्ट का उपयोग कर भारत से फरार होने और पुर्तगाल में शरण लेने का था। शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि उसका बब्बर खालसा के एक सदस्य के साथ संबंध था जो पहले ही फर्जी यात्रा दस्तावेज के जरिए दुबई से भागा है। डीजीपी ने बताया कि मसीह पाकिस्तान में आईएसआई के तीन एजेंटों के संपर्क में था। गिरफ्तार आतंकी महाकुंभ में गड़बड़ी फैलाने की फिराक में था, इसके लिए वह पाकिस्तान से विस्फोटक हथियार पर भी लेकर आया था। वह पूर्व में हथियारों और हेरोइन की तस्करी के मामले में जेल जा चुका है, लेकिन 24 सितंबर 2024 को अमृतसर के गुरु नानक देव अस्पताल में इलाज के दौरान भाग गया था। उन्होंने बताया कि भागने के बाद उसने 23 अक्टूबर 2024 को पंजाब के बटाला में स्वर्ण सिंह उर्फ जीवन फौजी के इशारे पर गोली चलाई थी जिसके बाद वह सोनीपत और दिल्ली में छिपा रहा।

कुमार ने बताया कि मसीह पंजाब में पुलिस चौकियों पर हमलों में शामिल बीकेआई के सदस्यों को कूट संकेतों के जरिए ग्रेनेड की आपूर्ति करता रहा है और वह पीलीभीत में मारे गए आतंकी विरेश सिंह उर्फ रवि के भी संपर्क में था। उन्होंने बताया मसीह अमेरिका स्थित एक खालिस्तानी आतंकी से जुड़े अजनाला स्थित एक शख्स और कतर में छिपे एक अन्य आतंकी के निरंतर संपर्क में था। पुलिस ने बताया कि उसने कूटरचित मंचों से संवाद किया और उसके मोबाइल फोन डेटा का एसटीएफ साइबर लैब में विश्लेषण किया जा रहा है। डीजीपी कुमार ने कहा, मसीह आतंकी गतिविधियों के लिए धन उपलब्ध कराने में पंजाब के मादक पदार्थ और फिरौती के अपने गिरोह का उपयोग कर रहा था। मुक्तसर जेल में एक साथी कैदी के जरिए आईएसआई के लोगों से उसका संपर्क स्थापित हुआ। कैदी ने उसे सीमा पार से ड्रोन का उपयोग कर हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों से संपर्क कराया।

उत्तर प्रदेश एसटीएफ के अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) अमिताभ यश ने बताया कि पंजाब के अमृतसर के रामदास क्षेत्र के कुरलियां गांव निवासी आरोपी लजर मसीह को तड़के करीब 3ः20 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियान कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में चलाया गया था। यश ने कहा, उपलब्ध जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आतंकवादी बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के जर्मनी स्थित मॉड्यूल के प्रमुख स्वर्ण सिंह उर्फ जीवन फौजी के लिए काम करता है और पाकिस्तान स्थित आईएसआई एजेंटों के सीधे संपर्क में था। उन्होंने बताया कि उप्र एसटीएफ को आतंकी के पास से कुछ विस्फोटक सामग्री और अवैध हथियार बरामद करने में सफलता मिली है। उनके मुताबिक, जब्त सामग्रियों में तीन सक्रिय हैंड ग्रेनेड, दो सक्रिय डेटोनेटर, एक विदेशी पिस्तौल और 13 विदेशी कारतूस शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा उसके पास से सफेद रंग का विस्फोटक पाउडर, एक आधार कार्ड जिसपर गाजियाबाद का पता है, बिना सिम कार्ड वाला एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। यश ने बताया कि यह आतंकवादी 24 सितंबर 2024 को पंजाब में न्यायिक हिरासत से फरार हो गया था

### होली के दिन मस्जिदों में दो बजे पढ़ी जाए जुमे की नमाज

**लखनऊ।** रमजान का दूसरा जुमा और होली एक ही दिन पड़ रही है। इसे देखते हुए इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया के चेयरमैन तथा ईदगाह के पेश इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने रोजेदारों, नमाजियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा है कि रमजानुल मुबारक का पवित्र महीना चल रहा है। हर मुसलमान पूरी कोशिश करता है कि वह इस पवित्र माह में अधिक से अधिक इबादत करे। अच्छी तरह नमाज पढे और रोजे रखे। हर रोजेदार अपनी तरफ से पूरी कोशिश करता है कि उसके स्वयं, अमल और इबादत से किसी को भी तकलीफ या नुकसान न पहुंचे। इस साल रमजान के दूसरे जुमे यानी 14 मार्च को हमारे दूसरे भाइयों का त्योहार होली है। जुमे की नमाज मुसलमानों की अहम तरीन जमाअत है। होली में लगभग दोपहर 01 बजे तक रंग खेला जाता है। इसलिए ईदगाह पेश इमाम ने 14 मार्च को जुमे की नमाज के लिए एडवाइजरी जारी की है। सुन्नी धर्मगुरु मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने मस्जिदों के इमामों और कमेटियों के जिम्मेदारों से अपील की है।

### लखनऊ-हरदोई मार्ग के धीमे निर्माण पर मंडलायुक्त नाराज, पीडी को फोन पर लगाई फटकार

**लखनऊ।** लखनऊ मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने गुरुवार को निर्माणाधीन लखनऊ-हरदोई मार्ग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने एनएचआई अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए मई माह तक सभी सिविल कार्य पूरे किए जाएं। निरीक्षण के दौरान मलिहाबाद चौराहे (300 मीटर) और रहीमाबाद चौराहे (400 मीटर) के निर्माण कार्यों में देरी को लेकर उन्होंने परियोजना निदेशक (पीडी) सौरभ चौरसिया को फोन पर कड़ी फटकार लगाई। मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि पीडी के खिलाफ चार्जशीट जारी कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। इसके अलावा, निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए संबंधित ठेकेदार को सख्त चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि यदि मेंनपावर और मशीनों की संख्या नहीं बढ़ाई गई।

## सरकारी विभाग में ठेका दिलाने के नाम पर व्यवसाई से 4.5 लाख की ठगी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** सरकारी विभागों में ठेका दिलाने के नाम पर जालसाज ने विनीत खंड-चार गोमतीनगर में रहने वाले अमित कुमार मिश्रा से 4.5 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित की तहरीर पर बिजनौर थाने की पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर बिजनौर अरविंद कुमार राणा के मुताबिक अमित मिश्रा ने तहरीर देकर बताया कि आरोपित विवेक कुमार मिश्रा से उनकी मुलाकात दो साल पहले बिजनौर रजिस्ट्री आफिस में हुई थी। उसने बताया था कि वह विशेष खंड एक में रहता है। बातचीत के दौरान दोस्ती हो गई। उसने कई मंत्रियों और शासन में ऊंची पहुंच का हवाला दिया। सरकारी विभागों में टेंडर दिलाने की बात कही। टेंडर दिलाने के नाम पर 4.5 लाख रुपये ठग लिए, लेकिन काम नहीं हुआ। टेंडर न मिलने पर विरोध कर रुपयों की मांग की तो वह धमकाने लगा। इसके बाद



उच्चाधिकारियों को प्रार्थनापत्र दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपित विवेक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**गेमिंग एप में बच्चे को फंसाकर 1.42 लाख ठगेः** मोबाइल गेमिंग एप में 14 वर्षीय ऋषभ को फंसाकर जालसाजों ने 1.42 लाख रुपये ठग लिए। जानकारी होने पर ऋषभ की मां निर्मला पाठक ने विभूतिखंड थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। निर्मला ने बताया कि वह विक्रांत खंड दो की रहने वाली हैं। 23 फरवरी को बेटा मोबाइल में गेम खेल रहा था। इसके बाद टेलीग्राम पर मैसेज आया। उसने चैटिंग शुरू कर दी। इसके बाद यूपीआई की जानकारी लेकर खाते से जालसाज ने 1.42 लाख रुपये उड़ा दिए।

## व्यापारियों को समय के अनुसार अपग्रेड होना चाहिएः संजय गुप्ता

### हुसैनगंज के व्यापारियों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए संगठन का किया गठन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ के हृदय स्थल पर स्थित लखनऊ की पुरानी बाजार हुसैनगंज के व्यापारियों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए हुसैनगंज बाजार में एक बड़ी बैठक की बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे तथा बैठक में नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, नगर उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता विशेष रूप से विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक में हुसैनगंज बाजार के व्यापारियों ने ,व्यापारियों के सबसे बडे संगठन उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल से जुड़ने का निर्णय लिया तथा बड़ी संख्या में हुसैन गंज बाजार के व्यापारियों नें उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल की सदस्यता ग्रहण की एवं प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता की उपस्थिति में हुसैनगंज के व्यापारियों ने हुसैनगंज आदर्श व्यापार मण्डल का गठन किया तथा



सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चुनाव किया हुसैनगंज आदर्श व्यापार मंडल की कार्यकारिणी में बाजार के वरिष्ठ व्यापारी श्रवण गुप्ता को चेयरमैन, पवन वर्मा को अध्यक्ष, परमानंद गोयल को वरिष्ठ महामंत्री, आदित्य वर्मा को महामंत्री, ओवेस खान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सगीर अहमद मंसूरी, नितिन गुप्ता, मोहम्मद मोइद, राजू गुप्ता, राजू वर्मा , अंकुर जायसवाल को उपाध्यक्ष, आनंद बंसल को कोषाध्यक्ष, पंकज गुप्ता को सह कोषाध्यक्ष , नितिन गुप्ता को वरिष्ठ संगठन मंत्री,वैभव गुप्ता एवं मो. फरीद को संगठन मंत्री, चंदन चौरसिया, शशांक कुमार को मंत्री, स्वाति चौरसिया को मीडिया प्रभारी चुना गया नवगठित कार्यकारणी के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा व्यापारियों के मान ,सम्मान एवं स्वाभिमान की रक्षा के लिए व्यापारियों को संगठित होना अत्यधिक आवश्यक है एवं मजबूत संगठन के माध्यम से बड़ी से बड़ी समस्या से निजात पाई जा सकती है। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा व्यापारियों को किसी भी भ्रष्ट अधिकारी से घबराने की कतई आवश्यकता नहीं है। व्यापारियों के हितो की रक्षा के लिए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल प्रत्येक स्तर पर सहयोग एवं संघर्ष करेगा उन्होंने कहा व्यापारियों के व्यापार को बढ़ाने एवं बचाने में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल लगातार सकारात्मक प्रयास कर रहा है। व्यापारियों को भी समय के अनुसार अपने आपको अपग्रेड करते रहना चाहिए ,उन्होंने कहा व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा उन्होंने सभी व्यापारियों से सकारात्मक रहते हुए व्यापार एवं समाज में अच्छे कार्य करने की अपील की।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कल होगा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** जन सामान्य को त्वरित, सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने हेतु 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के दृष्टिगत जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ बबीता रानी के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ मीनाक्षी सोनकर द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में तहसील न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय के स्तर पर किसी भी न्यायालय अथवा विभागीय मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किए जाने हेतु आवेदन पत्र देकर अन्तिम आदेश व निर्णय प्राप्त कर सदैव के लिए लम्बित मामले से छुटकारा पाया जा सकता है। सचिव ने जानकारी देते हुए कहा कि लोक अदालत में पक्षों के मध्य आपसी सुलह-समझौते के आधार पर विवाद का निस्तारण पक्षकार-व्यक्तिगत स्तर पर स्वयं पहल कर सकते हैं। लोक अदालत में वाद निस्तारण हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है। लम्बित मामले के लोक अदालत में निस्तारण पर न्यायालय शुल्क वापसी की व्यवस्था है। इसके निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं की जा सकती है। कानूनी जटिलताओ से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज और आपसी समझौते पर आधारित है। साथ ही लोगों से अपील कि यदि आप किसी भी लम्बित वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराना चाहते है। तो न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के कार्यालय से सम्पर्क कर अपने वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत करा सकते है।

## बर्थडे पार्टी के दौरान स्मोकी बाइट कैफे में लगी आग, 14 लोग बचे

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** आशियाना स्थित तीन मंजिला बिल्डिंग में चल रहे स्मोकी बाइट कैफे में बुधवार देर रात आलू उबालते समय गैस पाइप फटने से आग लग गई। हादसे के समय कैफे में बर्थडे पार्टी चल रही थी। आग देख हड़कंप मच गया। कैफे में ग्राहक समेत 14 लोग भागकर नीचे आ गए। आलमबाग फायर स्टेशन से पहुंची दो दमकल ने दो घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। आशियाना सेक्टर के में मुन्ना सिंह की तीन मंजिला बिल्डिंग हैं। भूतल और पहले मंजिल पर कपड़े का शोरूम है। दूसरा मंजिल खाली पड़ा है। तीसरे मंजिल पर आशियाना के ही अंकित उपाध्याय स्मोकी बाइक नाम से कैफे चलाते हैं। बुधवार रात में कैफे में बर्थडे पार्टी थी। कैफे में अंकित के साथ कर्मचारी व आठ ग्राहक मौजूद थे। अंकित के मुताबिक किचन में गैस पर आलू स्टीम हो रहा था। इस बीच धमाके के साथ गैस की पाइप फट गई। किचन में आग लग गई। गनीमत रही कि कोई कर्मचारी चपेट में नहीं आया। कर्मचारियों ने फायर एक्सटिंग्यूशर की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया पर कुछ ही देर में आग विकराल हो गई। सूचना पर कुछ ही देर में एफएसओ आलमबाग धर्मपाल सिंह दो दमकल के साथ मौके पर पहुंच गए। एफएसओ के मुताबिक समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। कैफे संचालक के पास फायर एनओसी नहीं है। जल्द ही नोटिस जारी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### प्रेमिका ने बात करना बंद किया तो युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया

बंथरा स्थित घर में बुधवार को रौनक (19) ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। कुछ दिन से प्रेमिका उसका फोन नहीं उठाती थी। बात न हो पाने वह परेशान था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बंथरा के सिकंदरपुर निवासी छोटू चाट का ठेला लगाते हैं। छोटू के मुताबिक उन्हें पता चला कि बेटा रौनक की किसी युवती से फोन पर बात होती थी। कुछ दिन से वह उसका फोन नहीं उठा रही थी। जिससे वह परेशान था। बुधवार शाम को रौनक घर पर था। इस बीच उसकी तबियत बिगड़ गई। पूछने पर उसने जहरीला पदार्थ खाने की बात बताई। आनन- फानन में उसे ट्रामा सेंटर लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर बंथरा के मुताबिक तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हीरालाल लॉ कॉलेज में एलएलबी परीक्षा का रिजल्ट जारी



**लखनऊ।** सरोजनी नगर स्थित हीरालाल लॉ कॉलेज में एलएलबी (5 वर्षीय) प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षा में खुशी यादव ने 78.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं प्रीति तिवारी ने 76 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। टॉपर खुशी यादव और प्रीति तिवारी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और अभिभावकों को दिया है। उन्होंने कॉलेज के शिक्षकों और प्रबंधन का भी धन्यवाद किया। कॉलेज प्रशासन ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी है।

## हरौनी में ज्वैलरी शॉप में चोरी

### सेंध लगाकर 3 लाख का माल और 70 हजार नकद ले गए चोर, सीसीटीवी का डीवीआर भी ले गए

लोकमित्र ब्यूरो

**बंथरा लखनऊ।** बीती रात चोरों ने एक ज्वैलर्स की दुकान में सेंध काट कर लाखों रुपए कीमत के सोने और चांदी के जेवरात के साथ हजारों रुपए की नगदी उठा ले गए। इसकी जानकारी दुकानदार को अपने नौकर के द्वारा हुई और मौके पर पहुंचकर दुकान में देखा तो चोरी में कितना सामान और रुपए गायब हुए हैं इसका पता चला।

बंथरा थाना में बुधवार की रात बेखौफ चोरों ने हरौनी कस्बे में एक ज्वैलरी शॉप में सेंध लगाकर लाखों रूपए कीमत के गहने और नगदी ले उड़े। दुकान में लगा डीवीआर भी अपने साथ उठा ले गए। सुबह करीब साढ़े दस बजे जब वहां का कर्मचारी लकी शाप पर पहुंचा तो घटना की जानकारी हुई। इसके बाद उसने इसकी जानकारी सरोजनीनगर के गौरी निवासी अपने मालिक सोनू सोनी को दी। उसके बाद दुकानदार ने इसकी



सूचना पुलिस को दी गई। हरौनी चौकी प्रभारी और थाना प्रभारी राम सिंह भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। चोरों का पता लगाने के लिए फोरेंसिक टीम बुलाई गई। आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी जांचें गए, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लगा। टीम ने मौके से कुछ नमूनों को जांच के लिए लैब भेजा है। सरोजनीनगर के गौरी निवासी सोनू सोनी की बंथरा थाना क्षेत्र के हरौनी कस्बे में श्री साईं नाम से ज्वैलरी शॉप है। वो अपनी शाप गोविंद सिंह की मार्केट में किराए की दुकान में चलाते हैं जो कि यहां की पुलिस चौकी से करीब सौ मीटर दूर है। रोज की तरह बुधवार की शाम भी वह शाप में ताला लगाकर घर चले गए। गुरुवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे जब उनका कर्मचारी लकी शाप पर पहुंचा तो देखा कि दुकान में सेंध कटी है। अंदर भी सारा सामान बिखरा पड़ा था। लकी ने फोन पर इसकी जानकारी मालिक सोनू सैनी को दी। जिसके बाद सोनू भी भागकर मौके पर पहुंचे। इसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। चौकी पुलिस के साथ ही बंथरा थाना प्रभारी राम सिंह भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। मदद के लिए फोरेंसिक टीम भी बुलाई गई। आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले गए। काफी छानबीन हुई लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं चला। टीम ने मौके से कुछ नमूने लेकर उन्हें भी जांच के लिए लैब भेजा है। बताया गया कि चोरों ने सोने चांदी के आभूषणों के अलावा लाकर में रखी करीब सत्तर हजार की नगदी उठा ले गए।

### भारतीय टीम सिलेक्शन ट्राइल 2 जूनियर में काकोरी लखनऊ के मिहिर श्रीवास्तव ने टॉप 8 में जगह बनाई

**लखनऊ।** हाल ही मे मिहिर श्रीवास्तव ने भारतीय टीम ट्राइल के लिए क्वालिफाई किया और भारतीय टीम सिलेक्शन ट्राइल 2 जो कि डॉ करनी सिंह शूटिंग रेंज दिल्ली में 14 फरवरी से 4 मार्च 2025 तक आयोजित हुआ उसमें 10उ एयर राइफल जूनियर में 628 का स्कोर करके 8व स्थान प्राप्त किया। मिहिर श्रीवास्तव ईगल आई शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी प्रयागराज में अपने कोच कैप्टन फरीद उद्दीन व विजय सिंह चंदेल के पास ट्रेनिंग करते है । मिहिर के कोच से बात करने पर बताया कि मिहिर अब सिलेक्शन ट्रायल 3 एंड 4 देंगे और उनका लक्ष्य है कि वो भारतीय टीम में जगह बनाए वो देश के लिए गोल्ड मेडल जीते। मिहिर अब तक इंडिया ओपन 2 गोल्ड 1 ब्रॉन्ज स्टेट चौंपियनशिप में 2 ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके है। काकोरी के मिहिर श्रीवास्तव को अब तक उत्तर प्रदेश यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, उत्तर प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव,रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सांसद रवि किशन, दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर समेत कई बड़ी हस्तियां सम्मानित कर चुकी हैं।

## हिंदू लड़की की फोटो वायरल की अभद्र टिप्पणी, टूट गई शादी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** महानगर इलाके में रहने वाली एक हिंदू परिवार की लड़की की फोटो इंस्टाग्राम पर वायरल कर फैज नाम के युवक ने अभद्र टिप्पणी की। उसकी इस हरकत से लड़की की शादी टूट गई। फैज की इस हरकत से पूरा परिवार आहत है। पीड़िता के भाई ने फैज के खिलाफ महानगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता के भाई के मुताबिक आरोपित फैज इंदिरानगर में रहता है।

उसने जय भीम नाम से संचालित इंस्टाग्राम आईडी पर बहन की फोटो के साथ अभद्र कमेंट लिखा। इसके बाद उसे वायरल कर दिया। बहन की हाल में ही शादी तय हुई थी। परिवारीजन शादी की तैयारी में लगे थे। फैज की इस हरकत के कारण पूरे परिवार की बदनामी हुई और बहन की शादी भी टूट गई। इसका जिम्मेदार फैज है। इंस्टाग्राम पर वायरल फोटो



और अभद्र टिप्पणी की जानकारी दो फरवरी को परिवारीजन को हुई। घटना की जानकारी साइबर क्राइम सेल हजरतगंज को चार फरवरी को दी गई थी। वहां से तफ्तीश हुई तो पता चला कि आरोपित फैज इंदिरानगर का रहने वाला है। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है। साइबर क्राइम सेल के माध्यम से इंस्टाग्राम आईडी को ब्लाक करा दिया गया है।

## समाजवादी पार्टी चौपाल के जरिए पीडीए पर चर्चा जारी रखेगी



लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** समाजवादी पार्टी अब गांव गांव जाकर पीडीए की चर्चा कर लोगों को जागरूक करेगी. पीडीए पचायत का कार्यक्रम विधान सभा अध्यक्ष सुभाष शाक्य के तत्वाधान में किया अध्यक्षता रामेश्वर शाक्य ने की. सपा कार्यकर्त्ता की तरफ से चलाए गए पीडीए जागरुकता अभियान के समापन के बाद पार्टी नेतूत्व सपा पार्टी के नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आम आदमी के अधिकारों के बारे में भी जागरुक करने का आह्वान किया गांव गांव जाकर लोगो को जागरूक करना है.साथ ही सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को जोड़ने का कार्य किया जायेगा। जिसमें वरिष्ठ समाजवादी नेता राम बृजेश यादव प्रधान जी, गौरव यादव जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी एटा, सारिक खान उर्फ लाला, सुमित यादव प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, मोहित यादव चांदकी राम यादव जिला सचिव एटा, रविन शाक्य, पंकज यादव, गुन्नू यादव योगेश कश्यप, संतोष कठेरिया पूर्व प्रधान, मोनू यादव इंद्रपाल शाक्य, सुरेश पाल, अमन श्रीवास्तव, असलम खान आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 317 दुकानों का आनलाईन ई-लॉटरी पोर्टल के द्वारा सफलतापूर्वक किया गया आबंटन





लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** मंडलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह, जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी श्याम नारायण सिंह सहित अन्य अधिकारियों आदि की उपस्थिति में जनेश्वर मिश्र सभागार में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आबकारी विभाग-एटा अंतर्गत 317 दुकानों का आनलाईन ई-लॉटरी पोर्टल के द्वारा सफलतापूर्वक आबंटन किया गया। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि 202 देशी दुकानों के सापेक्ष 1587 आवेदन, 04 मॉडल शॉप के लिए 17 आवेदन, 109 कम्पोजित दुकानों के लिए 1032 एवं 02 भांग की दुकानों के लिए 05 आवेदन ऑनलाईन किए गए थे। जिला पंचायत स्थित जनेश्वर मिश्र सभागार में आवेदकों के समक्ष आनलाईन ई-लॉटरी पोर्टल के द्वारा देशी शराब, कम्पोजिट दुकानों, मॉडल शॉप, भांग की दुकानों का शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पारदर्शी ढंग से आवंटन किया गया।

जिला आबकारी अधिकारी अनूप शर्मा ने बताया कि उक्त आवंटन सूची को जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय कलक्ट्रेट, जनपद की बेबसाइट, जनेश्वर मिश्र प्रांगण में देखा जा सकता है। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व लालता प्रसाद शाक्य, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एएसपी राज कुमार सिंह, एसडीएम सदर जगमोहन गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर विमल कुमार, तहसीलदार संदीप सिंह, आबकारी अधिकारी अनूप शर्मा आदि मौजूद रहे।

## 10 बड़े बकायेदारों व लाभार्थियों से वसूली करने के निर्देश



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शालिनी रंजन ने बताया है कि जनपद के 10 बड़े बकायेदारों व लाभार्थियों से वसूली करने के निर्देश प्राप्त हुये हैं। उन्होंने बताया है कि वर्ष 1996 से 15 फरवरी 2008 तक सरकार द्वारा टर्मलोन की योजना अल्पसंख्यक वर्ग के लिये संचालित की गयी थी। जिसमे जनपद एटा के अधिकतम व्यक्तियों ने व्यवसाय करने हेतु अल्पसंख्यक विभाग द्वारा टर्मलोन योजना के तहत लोन लिया गया था। जिसमें अधिकतम लाभार्थियों ने समय-सीमा के अन्दर अपना टर्मलोन का भुगतान नहीं किया जिसके सम्बन्ध में शासन द्वारा 10 बकायेदारों की सूची प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त एटा एंव कासगंज के 234 बकायेदार एंव लाभार्थी है जिन्होने समय-सीमा के अन्दर भुगतान नहीं किया गया है। जिसकी धनराशि 3,57,31,796 रू0 शेष है। इस सम्बन्ध में सभी बकायेदारों / लाभार्थियों को विभाग द्वारा नोटिस उनके पते पर भेजा गया। किन्तु डाकवाहक द्वारा कार्यालय को नोटिस यह बताते हुए वापिस किया गया कि इस पते पर इस नाम का कोई व्यक्ति निवास नहीं करता है। उन्होंने सभी बकायेदारों व लाभार्थियों को सूचित किया है कि उक्त योजना के तहत टर्मलोन लिया गया है वह सभी लोग अल्पसंख्यक कल्याण विभाग कलैक्ट्रेट, एटा कमरा नं0 20 में सम्पर्क करें।

# फर्जी फर्म बनाकर की थी 1.14 करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले दो गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** फर्जी फर्म बनाकर चावल मिल मालिकों से 1.14 करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को नंदग्राम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों से 12 बोरा चावल और एक कार बरामद की गई है। आरोपियों ने मिल मालिकों से 1.75 करोड़ रुपये का चावल खरीदा था और मात्र 60. 85 लाख रुपये का भुगतान किया था। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि जुलाई 2024 को सद्दीक नगर स्थित चावल मिल के डायरेक्टर संजीव बालम ने चार लोगों पर चावल खरीदकर 1.14 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया था। नंदग्राम पुलिस ने चावल खरीदने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम मोहम्मद नसीम निवासी ग्राम व थाना शेरगढ़ तहसील बहेड़ी जनपद बरेली हाल निवासी अंकुर विहार और सोनू निवासी ग्राम व थाना शीशगढ़ जनपद बरेली हाल निवासी ज्योति कालोनी दुर्गापुरी दिल्ली बताया है।एसीपी ने बताया कि आरोपियों ने 12 बोरे चावल और एक कार बरामद की गई है। संजीव बालम से इन्होंने 91 लाख 10 हजार 526 रुपये की कीमत का चावल खरीदा और मात्र 39 लाख 53 हजार 250 रुपये का भुगतान किया। बकाया 51 लाख 57 हजार 276 रुपये का जल्द ही भुगतान करने का आश्वासन दिया। बताया कि इस गिरोह के चार सदस्यों ने विमल बेन्सर विक्टर नाम से फर्जी फर्म बनाकर मिल मालिकों से 01 करोड़ 75 लाख 47 हजार 366 रुपये का चावल खरीदा था और मात्र 60 लाख 85 हजार 006 रुपये का भुगतान कर एक करोड़ 14 लाख 62 हजार 360 रुपये की धनराशि की धोखाधड़ी कर ली थी। पकड़े गए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। जबकि उनका एक साथी ऋषभ गुप्ता पुलिस पकड़ से बाहर है।

## ऋषि चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा महिला दिवस मनाया गया



देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** ऋषि चैरिटेबल ट्रस्ट में संस्थापक भारती नेगी के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ट्रस्ट में पढ़ने वाले बच्चों की माता को अंग वस्त्र और गोल्डन गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

यह वह महिला शक्ति है जो अपने घर के साथ-साथ बच्चों की बेहतर पढ़ाई और बच्चों अवसर दिलाने के लिए संघर्ष करती हैं यह सभी माताए आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करती हैं।

माताओ के साथ-साथ सभी बच्चों को रुमाल के सेट दिए गए। संस्थापक भारती नेगी, प्रीति, राखी, रीना, आरती, वनिता, मुस्कान, आदि लोग उपस्थित रहे।

# महिला सम्मेलन का हुआ आयोजन

देव मणि शुक्ल



**नोएडा।** सेक्टर-45 स्थित सेतु शिक्षा ज्योति स्किल सेंटर एवं एजुकेशन स्कूल सदरपुर में आज महिला उन्नति संस्था, गौतम बुद्धनगर के तत्वावधान में एक विशेष महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का नेतृत्व संस्था की जिला अध्यक्ष श्रीमती रेनू बाला शर्मा ने किया, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुजाता गर्ग ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं एवं उनके समाधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी।

इसके अलावा, साइबर क्राइम समाधान केंद्र से आए थाना प्रभारी सेक्टर 39 नोएडा श्री राजीव सिंह एवं सब-इंस्पेक्टर ज्योति चौहान ने महिलाओं को साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जागरूक किया। उन्होंने ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर स्टाकिंग और डिजिटल सुरक्षा उपायों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की, जिससे महिलाएं इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग कर सकें।

इस अवसर पर महिला उन्नति संस्था की श्रीमती सीमा रावत, जिला प्रभारी, श्री सुरेंद्र सिंह बिष्ट एवं श्री विपिन चौधरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं ने इसे अत्यंत उपयोगी बताया और जागरूकता बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजनों को नियमित रूप से कराने की आवश्यकता पर बल दिया। महिला उन्नति संस्था निरंतर महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी इस तरह के जागरूकता अभियान चलाती रहेगी।

सेतु स्कूल कि श्रीमती कल्पना आहूजा, वोकेशनल स्किल हेड, श्रीमती ज्योति अरोरा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ईडब्ल्यूएस पॉकेट के पचास से अधिक फ्लैटों में रह रहे अवैध लोग

- प्राधिकरण के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से कई फ्लैटों में अवैध लोगों को रखकर किराया वसूला जा रहा है तो कुछ फ्लैटों में उनके रिश्तेदार रह रहे हैं

देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** ईडब्ल्यूएस पॉकेट 7 सेक्टर 82 में प्राधिकरण के पचास से अधिक फ्लैटों में लोग ताला तोड़कर अवैध रूप से रह रहे हैं। अवैध रूप से रह रहे लोग पॉकेट की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। इस सम्बन्ध में मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं वर्क सर्किल आठ के वरिष्ठ प्रबंधक को पत्र दे चुके हैं और लगातार संपर्क के बाद भी आश्चर्य है कि कोई कार्रवाई नहीं हुई।इस बात को लगभग एक वर्ष होने वाला है। प्राधिकरण के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से कई फ्लैटों में अवैध लोगों को रखकर किराया वसूला जा रहा है तो कुछ फ्लैटों में उनके रिश्तेदार रह रहे हैं। 20 जून से 22 जून के बीच पॉकेट के सात घरों में ताला तोड़कर चोरियां हुई थी इसके बावजूद भी प्राधिकरण के अधिकारियों से लगातार कहने के बाद भी कुछ नहीं हुआ।

हर बार कहा गया कि सर्वे करवा रहे हैं जबकि जिन फ्लैटों पर अवैध कब्जा है उनकी सूची प्राधिकरण अधिकारियों को दे दी गई थी। अवैध रूप से रह रहे लोगों को तुरंत निकाला जाए जिससे सुरक्षा को कोई खतरा ना हो। अगर कोई घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी प्राधिकरण अधिकारियों की होगी। इन फ्लैटों में अवैध बिजली कनेक्शन के साथ ही अवैध पानी कनेक्शन भी हैं। इस मामले की जांच हो और दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए जो अवैध वसूली के धंधे में लगे है।

## सरस मेले में अंतिम चार दिन मिल रही 10 से 20 प्रतिशत तक छूट

- सरस आजीविका मेला - प्रत्येक राज्यों के कई उत्पादों पर मिल रहा छूट का लाभ
- सरस आजीविका मेला-2025 के अंतिम सप्ताह में उमड़ रहे खरीददार

देव मणि शुक्ल



**नोएडा।** गुरुवार को सरस मेले के 14वें दिन भी लोगों ने यहां जमकर खरीदारी की। 21 फरवरी से 10 मार्च 2025 तक के आयोजन में केंद्र शासित प्रदेशों सहित देशभर के 31 राज्यों से महिला उद्यमी अपनी हस्तकला का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उक्त मेले में जहां एक ओर हैंडीक्राफ्ट एवं हैंडलूम के उत्पाद धूम मचा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर देश के पहाड़ी एवं पूर्वोत्तर राज्यों के उत्पाद भी लोगों को खासे भा रहे हैं। गुरुवार को सरस मेले के 14वें दिन भी लोगों की खासी भीड़ रही तथा जमकर खरीदारी भी की। सरस मेले में सभी राज्यों के हस्तनिर्मित उत्पादों की दिनोंदिन बंपर सेल हो रही है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) के समर्थन से आयोजित सरस आजीविका मेला-2025 का आयोजन सेक्टर-33ए स्थित नोएडा हाट में किया जा रहा है।

प्रत्येक दृष्टि से मेले के सुसफल आयोजन की कमान संभाले हुए एनआईआरडीपीआर सहायक निदेशक चिरंजीलाल कटारिया ने बताया कि सरस मेले में अंतिम चार दिनों 07 मार्च से 10 मार्च 2025 तक विभिन्न उत्पादों पर 10 से 20 प्रतिशत तक छूट की व्यवस्था की गई है। जिसका लाभ सभी खराददार अंतिम चार दिनों में उठा सकते हैं।

लखपति दीदी की संज्ञा मिलने के संबंध में आसाम की मां लक्ष्मी एसएचजी, जम्मू-कश्मीर की रादिफा एसएचजी, तेलंगाना की जनप्रिय एसएचजी तथा कर्नाटक की सौम्या महिला स्वयं संघ की दीदियों ने प्रसन्नता जाहिर की है। सभी ने बताया कि केंद्र सरकार से समूह को चलाने में निरंतर सहयोग मिलता रहा, जिसके परिणामस्वरूप आज उनके समूह से करीब भारी संख्या में महिलाएं जुड़ी हैं, जिन्हें रोजगार मिल रहा है। सरस आजीविका मेला वास्तव में स्वाद, हस्तकला और संस्कृति का महासंगम बना है। जहां पूरे भारत की संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है। हिमाचल प्रदेश के जेकेट्स तथा साड़ी-सूट की भी जमकर खरीदारी हुई। सेक्टर-33ए स्थित नोएडा हाट में आयोजित सरस आजीविका मेला-2025 में दिनोंदिन खरीदारों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। गुरुवार को जहां एक ओर मेले के 14वें दिन लोगों ने खसकर महिलाओं एवं युवतियों ने मेले में जमकर खरीदारी की। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) के समर्थन से आयोजित इस मेले में ग्रामीण भारत की शिल्प कलाओं का मुख्य रूप से प्रदर्शन किया जा रहा है। मेले में गुरुवार को जमकर खरीदारी हुई। इंडिया फूडकोर्ट में भी लोगों की खासी चहल-पहल रही। इसके साथ ही चोखी हवेली में भी लोग स्वादिष्ट थाली का स्वाद चख रहे हैं। गुरुवार को सरस मेले के 14वें दिन यहां न सिर्फ खासी भीड़ रही, बल्कि लोगों ने जमकर खरीदारी भी की।

## मोहित सूद वाल्मीकि ने चालक संघ के मीडिया प्रभारी के पद से दिया इस्तीफा

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** नगर निगम वाहन चालक संघ के मीडिया प्रभारी मोहित सूद वाल्मीकि ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है ।वैसे तो मोहित सूद संघ से 5 महीने पहले से ही किनारा कर चुके थे पर लिखित में अपना इस्तीफा अब दिया है जिसमें मोहित सूद ने बताया है कि नगर निगम वाहन चालक संघ का कार्यकाल 3 वर्ष का होता है जो काफी समय पहले समाप्त हो चुका है और अभी तक चुनाव नहीं हुआ है जिस कारण संगठन में वाहन चालकों के हक में कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। वर्तमान में 128 ड्राइवरो को भी हटा दिया गया है और 128 ड्राइवरों के परिवारों को अपना पालन पोषण करने में बहुत दिक्कत उठानी पड़ रही है। उनके बच्चों की पढ़ाई की फ़ीस और अन्य जरूरत नौकरी छूटने से पूरी नहीं हो पा रही है। इन 128 ड्राइवरों की कोई सुनने वाला नहीं है और अबतक वाहन चालक संघ के पदाधिकारियो ने कोई उचित कार्रवाई उनके पक्ष में नहीं की । वाहन चालकों के पक्ष में कोई कार्य करने के लिए संघ तैयार नहीं है।

ड्राइवरों की पीड़ा व उनके दस दस सालों की नौकरी हटने की पीड़ा को देखते हुए अपने मीडिया प्रभारी के पद से इस्तीफ़ा दे दिया है। मोहित सूद वाल्मीकि का कोई संबंध नहीं है उन्होंने संघ से अनुरोध किया है कि संघ के लेटर हेड से उनका नाम हटा दिया जाए और कही भी संघ की तरफ़ से उनका फोटो ना लगाया जाए और साथ ही उन्होंने नगर निगम प्रशासन को अवगत करवाया है।

## चतुर्वेदी सर्वोदय इंटर कॉलेज के प्रतिभाशाली छात्रों ने राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट सफलता हासिल की



लोकमित्र ब्यूरो

एटा। रोहन लाल चतुर्वेदी सर्वोदय इंटर कॉलेज के प्रतिभाशाली छात्रों ने राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा 2025 में एटा जिले में वंशिका/हरिकेश रैंक-21, ऋचा/राजेश रैंक-22, आयुष/रंजीत रेंक 25,शीतल/विमल प्रकाश-31वीं रैंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। यह छात्रों के मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। इस उपलब्धि पर विद्यालय, गुरुजन, परिवार व समस्त क्षेत्र को गर्व हुआ है।

रोहन लाल चतुर्वेदी सर्वोदय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विजय मिश्रा ने कहा कि सभी के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी।

आगे भी ऐसे ही सफलता के शिखर पर पहुँचे। डॉ राजीव शर्मा लेक्चरार श्री वर्णी इंटर कॉलेज एटा कहा कि कहा जाता है कि प्रतिभा हर छात्र में विद्यमान होती है लेकिन उस प्रतिभा को तराशने एवं निखारने का कार्य आदरणीय गुरुओं के द्वारा किया जाता है ऐसी ही प्रतिभाओं को निखारने का कार्य शिल्पकार भाई विजय मिश्रा जी प्राचार्य सर्वोदय इंटर कॉलेज एवं उनके योग्य अध्यापकों द्वारा किया गया हैद्य मैं उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु समस्त सर्वोदय इंटर कॉलेज परिवार को अपनी ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

## बिना लाइसेंस के धड़ल्ले से चल रही है मुर्गा मीट की दुकानेः अरविंद चौहान



लोकमित्र ब्यूरा

**एटा।** विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग ब्रज प्रान्त के प्रान्त अध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने कहाँ की मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट आदेश है कि कोई भी बिना लाइसेंस के मीट की दुकाने संचालित नहीं होगी। इसके बावजूद भी जनपद में मीट की दुकानें खुलेआम धड़ल्ले से चल रही है। कासगंज रोड पर आई.टी.आई.के सामने तथा कासगंज रोड से रेलवे रोड की तरफ अंडरपास के पास खोखे मे मीट की दुकानें विना लाइसेंस के संचालित हो रही हैं तथा अन्डर पास रेलवे रोड पर नाबालिक लडके मीट काटते हैं। जिसके बारे मे 24 जनबरी 2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा के आदेश से तत्काल बन्द करा दिया गया था लेकिन अव वह पुनः स्थापित हो गई हैं। मुख्यमंत्री जी के आदेशों को खुलेआम हवा में उडाया जा रहा है। अरविंद चौहान ने कहाँ कि मेरा जिला प्रशासन से आग्रह है कि जनपद में जो विना लाइसेंस की दुकानें चल रही हैं इनके खिलाफ अभियान चलवाकर कडी कार्यवाही की जाये ताकि ऐसे लोग भविष्य में भी पुनरावृत्ति न करें।

# नाबालिग बच्चों की गवाही पर हत्यारे पति को आजीवन कारावास की सजा

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** लोनी में एक साल पहले पत्नी की हत्या के दोषी पति अयूब को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अयूब के दो बेटे और तीन बेटियों ने अदालत में बताया था कि अब्बू ने अम्मी की हत्या फावड़ा से काटकर की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला था कि वहशी हो चुके अयूब ने पत्नी पर 14 बार फावड़े से वार किया था। जिला जज नेत्रपाल सिंह ने दोषी पर 26 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। दोषी अयूब के बेटे अरहम ने रिपोर्ट दर्ज कराया था, जबकि उसके दूसरे बेटे अयान और तीन बेटियों महक, अर्शी और अतीशा ने अदालत को बताया था कि अब्बू ने अम्मी हत्या फावड़े से की है। बड़ी बेटी अतीशा ने अदालत को यह भी बताया कि मम्मी फरजाना झपटा झपटी में गिर गई थी। फावड़ा पापा ने मम्मी के धार वाली तरफ से मारा था। फावड़ा पापा दुबकाकर (छिपाकर) लाए थे। जब तक मम्मी के थप्पड़ मार रहे थे, तब तक मैं बीच बचाव करने नहीं गई थी। जब पापा मम्मी को मार रहे थे, तो मैं बीच में आ गई थी। जिससे मेरे भी चोट लग गई थी। वहीं दूसरी बेटी महक ने अदालत को बताया कि 30 मार्च की रात को वह बहन अर्सी, भाई अयान और बहन अलीशा और अम्मी फरजाना व अब्बू अयूब के घर पर मौजूद थे। बड़ा भाई अरहम दुकान से चिली लाने गा था। वहीं बेटी अर्सी ने बयान में कहा है कि सभी भाई बहन, अम्मी फरजाना और अब्बू अयूब घर पर ही थे। रात 10 बजे भाई अरहम मोमोज लेने ठेले पर गया था। भाई के जाने के बाद पापा घर से बाहर गये और फिर अन्दर आये। फिर वह टायलेट करने गये। वहां पर ही हमारा फावड़ा रखा रहता था, उसे उठाकर अपने पीछे दुबकाकर लाये। अम्मी लेटी हुई थी। उन्होंने एकदम अम्मी पर वार करने शुरू कर दिये। मैं वहां मौजूद थी।उस समय सिलाई के कपड़े की कटिंग बना रही थी। बहन महक भी वहीं बैठी हुई थी। यह देखकर अम्मी को बचाने गयी, तो बीच मैं आ गयी, तो फावड़े से मुझे भी चोटें आ गयी। मेरे अलावा मेरे भाई आयान के भी चोट आई थी। पापा रूके नहीं, पापा अम्मी के लगातार फावड़े से मारते रहे। कमरे में चारो ओर खून हो गया था। इसके बाद पापा घर से भाग गए थे, फिर मेरा भाई अरहम घर वापिस आया, तो मैंने उसे सारी घटना बताई। हम सभी भाई-बहन रो रहे थे।

## संक्षिप्त खबरें

### चेयरमैन के पति व देवर पर चोरी का मुकदमा दर्ज

**बाराबंकी।** जिले की चर्चित नगर पंचायतो में शामिल बेलहरा नगर पंचायत की चेयरमैन शबाना बेगम के पति इबाद खां व देवर जुबरान के ख़िलाफ़ थाना मोहम्मदपुर खाला में चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। सागौन के क़ीमती पेड़ चोरी के मामले में अदालत के आदेश के बाद यह कार्यवाही की गई है। मुकदमा दर्ज बेलहरा नगर पंचायत के मोहल्ला पट्टी निवासी कफील हसन खां पुत्र अमीर हसन खां ने बताया कि दिनांक 16 जनवरी 2025 को उनकी बाग गाटा संख्या 491 स्थित ग्राम भटुवामऊ परगना व तहसील फतेहपुर की मेड पर लगे सागौन के क़ीमती पेड़ो को चेयरमैन शबाना बेगम के पति इबाद खां, देवर जुबरान खां पुत्रगण सईद खां निवासीगण पट्टी बेलहरा जोकि काफी दबंग, सरहंग तथा आपराधिक किस्म के व्यक्ति है, तीन अज्ञात लोगों के साथ चोरी छिपे काटकर लकड़ी अपने घर उठा ले गये। आरोप है कि पेड़ काटने का विरोध करने पर उक्त विपक्षी मां बहन की गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित कफील हसन खां ने बताया कि उन्होंने मोहम्मदपुर खाला थाने में इसकी सूचना दिया किन्तु उक्त विपक्षीजनो के रसूख और पहुंच के चलते कोई कार्यवाही नही हुई। थाने द्वारा कोई कार्यवाही न होने पर प्रार्थी ने पुलिस अधीक्षक बाराबंकी को रजिस्टर्ड डाक से प्रार्थना पत्र दिया लेकिन विपक्षीजनों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया। अदालत के आदेश पर मोहम्मदपुर खाला थाने में विपक्षी इबाद खां, जुबरान समेत पांच लोगों के ख़िलाफ़ चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### आबकारी नीति के तहत पारदर्शी तरीके से शराब की दुकानों का आवंटन




**उन्नाव।** आबकारी विभाग ने वर्ष 2025-2026 के लिए ई-लॉटरी के माध्यम से शराब दुकानों का आवंटन उन्नाव के निराला प्रेक्षागृह मे किया गया। इस पारदर्शी तरीके से की गई प्रक्रिया में 518 दुकानों का चयन किया गया। आबकारी नीति के तहत ई- लॉटरी के माध्यम से की गयी इस प्रक्रिया से 349 देशी शराब की दुकाने 142 कंपोजिट शॉप,7 मॉडल शॉप और 20 भाँग की दुकाने शामिल है।जिलाधिकारी गौरांग राठी ने चयनित अनुज्ञापियों को मौके पर ही आवंटन पत्र वितरित किये। जिला आबकारी अधिकारी करुणेद्र सिंह बताया की आबकारी नीति के तहत सभी तहसीलो मे पारदर्शी तरीके से आबकारी दुकानों का चयन किया गया जिसमे कोई धांधली की गुंजाइश नहीं थी और मौके पर ही सभी को आवंटन पत्र वितरित कर दिए गए है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या मे आवेदक निराला प्रेक्षागृह मे मौजूद रहे। प्रशासन की तरफ से बड़ी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण किया गया। चयनित अनुज्ञापियों को तय समय मे लाइसेंस शुल्क व आवश्यक दस्तावेज जमा करने के निर्देश दिए गए है।दुकान का संचालन नियमो और शर्तो के अनुरूप करना होगा।

### घर से निकली किशोरी लापता, मुकदमा दर्ज

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार को 17 वर्षीय किशोरी अपने 12 वर्षीय भाई के साथ घर से निकली थी, जिसके बाद से वह लापता हो गई। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर उसे गायब करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लापता किशोरी के पिता ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी बेटी छोटे बेटे के साथ घर से निकली थी, लेकिन वह वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला, तो उन्होंने गांव के ही दुर्गेश पर बेटी को गायब करने का आरोप लगाया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गंगाघाट पुलिस किशोरी की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा।

### अमेठी नगर पंचायत के तालाबों का अस्तित्व खतरे में, अतिक्रमण और कूड़े से हो रहा विनाश

**अमेठी।** जिले कीआदर्श नगर पंचायत अमेठी क्षेत्र में स्थित कई महत्वपूर्ण तालाबों का अस्तित्व खतरे में है। पावर हाउस के पास स्थित तालाब और सोखता गड्ढे में लगातार कूड़ा डाला जा रहा है। तहसीलदार आवास के पीछे स्थित तालाब भी समाप्त होने के कगार पर पहुंच चुका है। अमेठी एसडीएम कालोनी के बगल स्थित तालाब का आधा हिस्सा पहले ही नष्ट हो चुका है, और शेष भी जल्द खत्म होने की कगार पर है। नगर पंचायत के खेरौना, गंगागंज, सरैया आदि गांवों में तालाबों पर दबंगों ने अतिक्रमण कर लिया है। स्थानीय लोगों द्वारा शिकायतें किए जाने के बावजूद नगर पंचायत एवं राजस्व विभाग के अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार तालाबों को अतिक्रमण मुक्त किया जाना चाहिए, लेकिन नगर पंचायत और राजस्व विभाग के अधिकारी इस ओर कोई ठोस कदम उठाने को तैयार नहीं हैं। जब इस मामले पर नगर पंचायत कर्मचारियों और कूड़ा डालने वाले वर्करों से पूछा गया तो उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें तालाब में कूड़ा डालने के निर्देश सुपरवाइजरों द्वारा दिए गए हैं। वहीं, ई,ओ, से संपर्क करने पर उन्होंने यह तर्क दिया कि कूड़ा निस्तारण के लिए उपयुक्त स्थान नहीं मिला, इसलिए तालाबों में कूड़ा डाला जा रहा है। नगर पंचायत में एक दर्जन से अधिक तालाब हैं यह गलत है इस पर कार्रवाई की जाएगी।

### प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में होगी जन पंचायत

**अमेठी।** समाजवादी पार्टी द्वारा 8 मार्च को भेटुआ ब्लॉक के गांव घाटकोपर में पीडीए की जन पंचायत चर्चा का आयोजन किया जाएगा। जिसमे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता भाग लेंगे और विभिन्न जनहित के मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। आगामी आठ मार्च को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के नेतृत्व में होने वाले कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग प्रदेश अध्यक्ष राज्यपाल कश्यप, पूर्व एमएलसी रामवृक्ष यादव, प्रदेश अध्यक्ष (संस्कृति प्रकोष्ठ) धर्मेंद्र सोलंकी, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष (मजदूर सभा) राम सिंह जन पंचायत में शामिल होकर पार्टी जनों को संबोधित करेंगे।
बैठक में समाजवादी पार्टी की नीतियों, आगामी चुनावी रणनीति, सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों के उत्थान पर चर्चा की जाएगी। इस कार्यक्रम की जानकारी समाजवादी पार्टी अमेठी के जिला अध्यक्ष राम उदित यादव और पार्टी प्रवक्ता एडवोकेट राजेश मिश्रा ने दी।

### राज्यमंत्री, का एक दिवसीय जनपद भ्रमण आज

**अमेठी।** राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग, उ0प्र0 मयंकेश्वर शरण सिंह का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम आज 07 मार्च को होना प्रस्तावित हुआ है। उक्त कार्यक्रम के अनुसार राज्यमंत्री राजभवन तिलोई, अमेठी से 10:30 बजे जनपद के 200 बेड हास्पिटल, मेडिकल कालेज तिलोई पहुँचेंगे तथा एक्स-रे मशीन का उद्घाटन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, तदोपरान्त 12:45 बजे राजभवन तिलोई के लिए प्रस्थान करेंगे।

### थानों पर डीजे संचालकों के साथ की गयी गोष्ठी

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में त्यौहारों होली, रमजान एवं ईद आदि के दृष्टिगत शांति सुरक्षा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना रामगंज, थाना बाजारशुक्ल व थाना अमेठी पर थानाक्षेत्र के डी0जे0 संचालकों के साथ गोष्ठी कर मानक ध्वनि में साउड बजाने, सामाजिक, धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने संबंधी किसी प्रकार का ऐसा गाना न बजाने एवं शासन व उच्चाधिकारीगण के आदेशों/निर्देशों के अनुपालन करने हेतु बताया गया । साथ साथ त्यौहार को शान्ति एवं सौहार्दपूर्वक मिल जुलकर, अफवाहों पर ध्यान न देने व अफवाहों को फैलने से रोकने की अपील गई ।

# नगर को मिली वृहद विकास की सौगातें, विधायक ने किए भूमिपूजन



लोक मित्र संवाद

**शुक्लागंज, उन्नाव।** नगरवासियों के लिए कई विकास कार्यों की सौगातें लेकर आए लोकप्रिय सदर विधायक पंकज गुप्ता का गुरुवार को नगर में भव्य स्वागत किया गया। विधायक ने पोनी रोड चौड़ीकरण-सुंदरीकरण, मां गंगातट पर बनारस घाट की तर्ज पर आरती स्थल निर्माण, शक्ति नगर गंगा कटान रोकने हेतु मार्जिनल बांध निर्माण समेत कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का भूमि पूजन किया।
इस दौरान आयोजित जन आशीर्वाद सभा में विधायक ने कहा कि शुक्लागंज के विकास के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।
उन्होंने बताया कि पीडब्ल्यूडी मंत्री को निर्देशित किया गया है कि जल्द से जल्द नए पुल के निर्माण का कार्य प्रस्तावित कर उसे चालू कराया जाए। साथ ही शहर में अन्य विकास कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। नगर में हो रहे इन विकास कार्यों को लेकर विभिन्न स्थानों पर विधायक का भव्य स्वागत किया गया।
कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। विधायक ने कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से नगर का स्वरूप बदलेगा और स्थानीय निवासियों को सुविधाओं का लाभ मिलेगा।
भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान नगर पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, संदीप पांडे, शिल्पी राकेश दीक्षित, सुरेश शुक्ला, धीरज सिंह, अमरेन्द्र गुप्ता, पूर्व पालिकाध्यक्ष रंजना गुप्ता, राजेश गुप्ता, विजय राज सिंह, दुर्गा तिवारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। नगरवासियों ने इन विकास योजनाओं के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि ये कार्य शीघ्र पूरे होंगे, जिससे शुक्लागंज का चहुंमुखी विकास संभव हो सकेगा।

## प्राण प्रतिष्ठा अमृत महोत्सव से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा



लोकमित्र ब्यूरो

**मसौली, बाराबंकी।** ग्राम कपिल नगर मसौली में स्थित श्री प्राचीन पीपलेश्वर महादेव शिव परिवार एवं हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा अमृत महोत्सव के पहले निकाली गई भव्य कलश यात्रा। कलश यात्रा में महिला पुरुष सर पर कलश लेकर शामिल हुए।ओर डी जे की धुन पर भक्त थिरकते हुए आगे बढ़ते रहे।कलश यात्रा में पुरुष ओर बच्चे झण्डे लेकर आगे चल रहे थे।कलश यात्रा कपिल नगर से होते हुए हनुमान मंदिर से मसौली चौराहे पर अबीर गुलाल उड़ाते हुए भक्ति गीतों पर थिरकतीं युवतियां व युवकों माहोल को भक्तिमय बना रहे थे। कल्याणी नदी से जल लेकर कथा पूजा स्थल पर आचार्य सन्तसेवी विनोदाचार्य जी महाराज, अनिकेत दीक्षित, कुलदीप, कैलाश, आदि आचार्यों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर कलश स्थापना हुई। कलश स्थापना के बाद सभी 33 देवताओं का आवाहन एवं पूजन के साथ शयन जलाधिवास व आरती पूजा कर कार्यक्रम का समापन।
इस मौके पर आयोजक सोने लाल बाबा मुख्य जजमान प्रदीप कपिल, पंकज कपिल, बिर्जेश कपिल, राजेन्द्र कपिल, कुलदीप, जय चंद्र, भागीरथ, बाबा किशुन दास, सिकंदर, कुंवर सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने जगदीशपुर में किया पैदल गश्त

**अमेठी।** जिले में आगामी त्योहारों होली, रमजान और ईद के मद्देनजर शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कस्बा जगदीशपुर में पैदल गश्त किया। इस दौरान उन्होंने संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और स्थानीय नागरिकों व दुकानदारों से संवाद स्थापित किया।पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनमें विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर विशेष चेकिंग अभियान भी चलाया। मुख्य मार्गों और चौराहों पर संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और नई उम्र के युवकों की तलाशी ली गई। उन्होंने स्थानीय निवासियों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने में सहयोग करें। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मी भी मौजूद रहे।

## अचानक मुड़े ट्रैक्टर के चलते बोलेरो-डीसीएम टकराई, लगा जाम



लोक मित्र संवाद

**शुक्लागंज, उन्नाव।** रामादेवी निवासी जसवंत सिंह की मिनी डीसीएम गुरुवार सुबह हादसे का शिकार हो गई। चालक मोहम्मद रफीक सुबह छह बजे रबर का केमिकल लादकर चिनहट, लखनऊ जा रहा था। तभी सब्जी मंडी के पास अचानक एक ट्रैक्टर ने कट से मोड़ लिया, जिससे सड़क पर चल रहे अन्य वाहन अनियंत्रित हो गए।
ट्रैक्टर के अचानक मुड़ने से आगे चल रही बोलेरो कार ने अचानक ब्रेक लगा दी। पीछे से आ रही डीसीएम चालक रफीक उसे संभाल नहीं सके और बोलेरो में घुस गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो और डीसीएम दोनों को नुकसान पहुंचा। हादसे के बाद सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। काफी मशक्कत के बाद ट्रैफिक को सामान्य किया गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ।

## कुम्भ के पवित्र गंगाजल का समारोह पूर्वक हुआ महादेवा में वितरण



लोकमित्र ब्यूरो

**रामनगर, बाराबंकी।** लोधेश्वर महादेवा धाम में प्रयागराज कुम्भ का अमृत गंगाजल लेकर फायर विभाग की गाड़ी पहुंची।पुजारी आदित्य बाबा ने अपने सहयोगियों के साथ विधि विधान से पहले गंगा जल से लोधेश्वर महादेव का जलाभिषेक कराया फिर उपस्थित लोगों की लाइन लगाकर अमृत जल का वितरण किया गया।
उत्तर प्रदेश सरकार के आदेशानुसार घर-घर प्रयागराज का अमृत गंगाजल पहुंचाने का कार्य शुरू किया गया है जिसके क्रम मे तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेवा में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपस्थित जनमानस ने हर हर गंगे के नारे लगाते हुए भगवान शिव जी का जयकारा लगाया ।पंडित अनिल शस्त्री महराज ने ऐसे सराहनीय कार्य के लिए भाजपा सरकार को बधाई दी और कहा कि इस सरकार ने जो कहा वह करके दिखाया।इसकी कथनी करनी में कोई अंतर नही है पंडित प्रभाशंकर शास्त्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में स्नान के दौरान यह घोषणा की थी कि यहां का पवित्र गंगाजल हर लोगों के घर-घर पहुंचाया जाएगा ।इसकी व्यवस्था उन्होंने तत्काल की और फायर विभाग द्वारा कार्य शुरू कराया । इस अवसर पर अग्निशमन अधिकारी राहुल कुमार, हेड कांस्टेबल लालचंद,रामसनेही, फायर मैन सरोज, अनुज, कोमेल, अशोक सोनी, राजेश आदि फायर विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे । पवित्र गंगा जल लेने के लिए लोगो की लाइन लगी रही।

## अग्निपीडितों की मदद करने पहुंची पूर्व सांसद अन्नू टन्डन, वितरित की राहत सामग्री



लोकमित्र संवाद

**बांगरमऊ,उन्नाव।** तहसील के गांव खैरुद्दीन पुर में लगी भीषण आग से प्रभावित दो दर्जन से अधिक परिवारों की मदद के लिए पूर्व सांसद व सपा राष्ट्रीय सचिव अन्नू टंडन ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवारों से भेंट की। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से पीड़ित परिवारों को जिंदगी नए सिरे से शुरू करने में मदद करते हुए राहत सामग्री वितरित की। सपा की राष्ट्रीय महासचिव अन्नू टंडन ने गुरुवार को गांव खैरुद्दीन पुर के अग्नि प्रभावित परिवारों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और कहा कि यह संकट की घड़ी अत्यंत कठिन है। लेकिन वह सभी पीड़ितों को आश्वस्त करना चाहती हैं कि वे अकेले नहीं हैं। आप सभी का धैर्य और साहस इस विपत्ति को हराने की ताकत देगा। उन्होंने अग्नि प्रभावित नत्था निषाद, हिमांचल निषाद, पुष्पा निषाद, नन्ही निषाद, ब्रह्मदीन निषाद, सागर निषाद, सोहन निषाद, रामबिहारी निषाद, अशोक निषाद आदि परिवारों को अनाज, कपड़े, तिरपाल व बर्तन आदि सामग्री वितरित की। साथ ही आग बुझाने में घायल गुड्डी की हरसंभव इलाज में मदद करने के वादे के साथ ही पीड़ितों को सरकारी आवास उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी से भी बात करने का आश्वासन दिया। पीड़ितों से भेंट के दौरान सपा नेता विवेक शुक्ला, राधेलाल निषाद, श्रवण यादव, विजय द्विवेदी एड, आनंद कुशवाहा, सौरभ गुप्ता, राम औतार निषाद, सुरेश निषाद, रामविलास निषाद आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## घर में घुस बेखौफ चोरों ने उड़ाये नगदी व लाखों के ज़ेवर

लोकमित्र ब्यूरो



**बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र की बेलहरा चौकी अंतर्गत कच्छुवाहन पुरवा में बीती रात बुधवार अज्ञात चोरों ने एक घर में घुस कर अलमारी का ताला तोड़कर उसमे में रखी हजारों की नगदी,सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर फरार हो गए, सुबह घर वालों को घटना की जानकारी हुई तो पैरों तले से जमीन खिसक गई।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बेलहरा के वार्ड कछुवाहनपुरवा निवासी मोनू सिंह पुत्र स्व सत्यवान सिंह के अनुसार बुधवार की रात वह पत्नी सोनिया सिंह के साथ कमरे में सो रहे थे जबकि घर के दूसरे कमरे में उनकी मां सरोज सिंह घर में रिश्तेदारी आई एक महिला के साथ सो रही थी। बीती रात अज्ञात चोरों ने घर मे घुसकर कमरे मे रखी अलमारी का ताला तोड़ दिया और उसमे रखा पैंतालीस हजार रुपए नगद, एक हार, झाला, अंगूठी, पायल, मांगबेंदी, मंगलसूत्र, करधनी, चैन आदि सोने चांदी के दो लाख के जेवरात चोरी कर ले गए। पीड़ित के मुताबिक जब वह सुबह सो कर उठा तो देखा की दरवाजे की कुंढी बाहर से बंद थी आवाज लगाने पर दूसरे कमरे मे सो रही मां ने आकर दरवाजा खोला तो देखा की अलमारी खुली पडी थी उसमे रखा सामान इधर-उधर बिखरा पडा था तब घटना के बारे मे जानकारी हुई। आशंका जताई जा रही है कि छत पर चढ़कर जीने के सहारे अंदर उतरे चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। सूचना के बाद मौके पर पुलिस बल के साथ पहुचें कोतवाल जगदीश प्रसाद शुक्ल ने घटना के बारे मे पीडित परिवार से जानकारी ली। थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद शुक्ल ने बताया कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है,जल्दी ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

**चोरी की वारदात से ग्रामीणों में दहशत का माहौल:** कछुवाहनपुरवा मैं चोरी की घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। करीब दो महापुर इसी गांव में चोर था पर तो कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो पूर्व में कई चोरी की घटनाओं के बाद भी उनके गांव में पुलिस अगस्त नहीं करती है जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं।

## विवादित भूमि पर बच्चे का शव दफनाने को लेकर विवाद

**बांगरमऊ,उन्नाव।** नगर के मोहल्ला तकिया में एक विवादित भूमि पर शव दफनाने को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव उत्पन्न हो गया। सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंचे तहसीलदार ने तत्काल प्रभाव से शव दफनाने पर रोक लगा दी। नगर के मोहल्ला तकिया स्थित विवादित भूमि पर एक बच्चे का शव दफनाने को लेकर गुरुवार की सुबह जनाजे में आए लोगों और विपक्षी वंश गोपाल मिश्रा के बीच कहासुनी होने लगी। विपक्षी श्री मिश्र का कहना था कि राजस्व अदालत द्वारा भूमि नंबर 776 ( क) विवादित होने के कारण कुर्क किया जा चुका है। इसलिए इस भूमि पर कोई शव दफनाया नहीं जा सकता। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनाव उत्पन्न हो गया। तभी सूचना पर पहुंचे तहसीलदार रामाश्रय, नायब तहसीलदार दीपक गौतम और कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने दोनों पक्षों को समझा बुझा कर यथा स्थिति बनाए रखने के शख्त निर्देश दिए।

# गुरुवार को बारह बजे तक बंद रहा केनरा बैंक, ग्राहक हुए परेशान

» आए दिन इस बैंक में होती है यही दिक्क़त

लोकमित्र ब्यूरो




**रामनगर, बाराबंकी।** बुढ़वल चौराहा स्थित केनरा बैंक मैं वृहस्पतिवार को लगभग 12 बजे बाद तक ताला लगा रहा।ग्राहक बाहर बैठे इंतजार करते रहे मगर बैंक नहीं खुला ।कई लोगों ने उच्च स्तरीय अधिकारियों को फोन तक किया। गुरूवार को जब ग्राहक साढे दस बजे बैंक गए तो वह बंद था । इंतजार करते करते 11 बज गए मगर बैंक नहीं खुला।इसके बाद लोग बैंक कर्मचारियों को फोन करने लगे मगर किसी ने उठाया नही । कई लोगो ने उच्च स्तरीय अधिकारियो को फोन भी किया लेकिन तब भी कोई नतीजा नही निकला ।रवी प्रताप सिंह मैनेजर,अजय जायसवाल दफ्तरी ,मनीष द्वितीय मैनेजर तब तक भी नहीं पंहुच सके थे । दो महिला कर्मचारी वंहा उपस्थित थी जो परेशान दिख रही थी। वंहा उपस्थित तमाम खाताधारकों ने बताया कि दफ्तरी की वजह से आए दिन बैंक देरी से ही खुलता है।मैनेजर भी समय से नहीं आते और न ही फोन उठाते। दफ्तरी के पास चाबी रहती है जो बिना वजह कोई न कोई कारण बताकर बिलम्ब से आता है और आज भी समय से नही आया है। बैंक कर्मियों की कार्यशैली देख वहां उपस्थित तमाम खाताधारक मायूस दिखे तथा बताया कि बैंक कर्मियों की लापरवाही के कारण उन लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। बैंक खुली होने के बावजूद भी यहां के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा सर्वर नही है बताकर वापस भेज दिया जाता है। इस संबंध में मैनेजर से बात करने का प्रयास हुआ मगर उन्होंने फोन नही उठाया।

## पत्नी की प्रताड़ना से परेशान पति ने लगाई फांसी

लोक मित्र संवाद



**पाटन उन्नाव।** पारिवारिक कलह से तंग आकर युवक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम अजब खेड़ा मनिकापुर में बुधवार को पारिवारिक कलह से तंगा आकर इरफान अंसारी 35 वर्ष पुत्र कदीर अंसारी मुंबई वर्तमान पता अजब खेड़ा ने घर के अंदर टीन सेट के पोल से नैलान की रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।
मिली जानकारी के अनुसार मृतक का विवाह अब से लगभग 12 वर्ष पूर्व रोशनी निवासी अजब खेड़ा के साथ मुंबई में हुआ था । शादी के बाद रोशनी अपने पति को लेकर अपने गांव अजब खेड़ा आगई और वह स्थाई रूप से अजबखेड़ा में रहने लगी । कुछ दिन बाद मृतक रोजी-रोटी के लिए पुनः मुंबई वापस चला गया । पति की गैर मौजूदगी में पत्नी रोशनी का संबंध घर के सामने रहने वाले सलीम पुत्र रोशन जो अपनी ननिहाल में रह रहा है। जबकि उसका मूल निवास धानीखेड़ा है के साथ प्रेम व्यवहार हो गया और धीरे-धीरे दोनों का इश्क परवान चढ़ गया और एक माह पूर्व अपने मृतक पति को तलाक देने के पश्चात नोटरी हलफ नामा देकर संबंध विच्छेद कर लिया। अपने प्रेमी सलीम के साथ एक सप्ताह पूर्व निकाह कर लिया और पति-पत्नी के रूप में रहने लगे। बताया गया कि बच्चों के बंटवारे को लेकर मृतक व रोशनी के मध्य विवाद हुआ मारपीट भी हुई । मामला पुलिस की चौखट पर पहुंचा जहां पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ, जिसमें 10 वर्षीय पुत्री सिफर तथा मुस्कान 9 वर्ष मृतक के साथ व फातिमा 4 वर्ष पत्नी रोशनी के साथ रहेगी यह बात तय हुई । शर्तनामा के तहत मृतक अपनी दो पुत्री के साथ अजबखेड़ा अपने मकान में रह रहा था ।जिसे 5 मार्च को अपनी दोनों पुत्रियों के साथ महाराष्ट्र जाना था । मृतक महाराष्ट्र जाने की तैयारी कर रहा था कि बड़ी पुत्री सिफर ने फोन कर मां को यह सूचना दे दी । सूचना पर बुधवार को रोशनी व मृतक के बीच गाली गलौज व मारपीट हो गई । जिसकी शिकायत रोशनी ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर की । थाने में पुलिस ने मृतक व पत्नी के बीच हुए विवाद का समझौता बुधवार को कर दिया था । किंतु रास्ते में बच्चों को लेकर दोनों में पुनः विवाद हो गया और मृतक ने तीनों बच्चों को पत्नी रोशनी से ले जाने को कहा और वह बच्चों को देकर घर चला आया । घर आकर आत्महत्या कर ली। मृतक की बड़ी पुत्री सिफर 10 वर्ष ने रो-रो कर कहा कि मेरी मम्मी को जेल मत कराना और बार-बार सलीम के फोन के आने की बात दोहरा रही थी।

लोकमित्र
• लखनऊ, शुक्रवार 07 मार्च 2025



संक्षिप्त खबरें

### कानपुर में 10 लाख के लिए दोस्तों ने किशोर को मार डाला , शव बरामद, गिरफ्तार

**कानपुर।** अपने-अपनी प्रेमिकाओं की जरूरत पूरा करने के लिए फिरौती में 10 लाख की मांग नहीं पूरी करने पर तीन दोस्तों ने अपने ही किशोर साथी की हत्या कर दी। पुलिस ने उसकी लाश कुएं से बरामद करने के साथ ही तीनों दोस्तों को भी गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना बिल्हौर थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस सूत्रों के दावे पर यकीन तो हत्या करने वाले तीनों दोस्तों ने अपनी अपनी प्रेमिकाओं की जरूरत पूरी करने के लिए ही 10 लाख की फिरौती नहीं मिलने पर ही घटना को अंजाम दिया। परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि घटना के समय खुर्शीद अनवर जिम जाने के लिए निकला था। इसी दौरान उसके तीन दोस्तों ने उसका अपहरण कर लिया। और फिर 10 लख रुपए की फिरौती मांगनी शुरू की लेकिन जब मांग पूरी नहीं हो पाई तो उन्होंने गांव से एक किलोमीटर दूर उसकी हत्या कर शव कुएं में फेंक दिया। उसकी हत्या पत्थर से कुचल कर की गई। इसके पहले परिवार वालों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर पुलिस की तलाश में लगातार जुटी हुई थी। इसी दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से तीन आरोपियों - हुसैनी, अनफ और अवशाद को हिरासत में ले लिया है। एक आरोपी अज्जू अभी फरार है। हुसैनी के पास से मृतक का मोबाइल बरामद किया गया है। परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि 11 भाई बहनों में मृतक सबसे छोटा था। उसके पिता नजीर अहमद प्रॉपर्टी डीलिंग और घरों में रंग-पुताई का काम करते हैं। एसीपी अमरनाथ यादव ने बताया कि लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित कुएं से बरामद खुर्शीद की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

### महिलाओं के लिए किया यथार्थ पिंक कार्ड' लॉन्च

**नोएडा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले, यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, सेक्टर 110, नोएडा ने पब्लिक अवेयरनेस सेशन का आयोजन किया, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य और उनके लिए विशेष चिकित्सा सुविधाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर हॉस्पिटल ने महिलाओं के लिए 'यथार्थ पिंक कार्ड' लॉन्च करने की घोषणा की, जो उन्हें संपूर्ण चिकित्सा सेवाओं का लाभ प्रदान करेगा। साथ ही, महिला दिवस विशेष हेल्थ चेकअप पैकेज की भी शुरुआत की जाएगी, जिससे महिलाएं अपने स्वास्थ्य की संपूर्ण जांच करवा सकेंगी। महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, सेक्टर 110, नोएडा, 8 मार्च को 3 किमी वॉकथॉन का आयोजन करने जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में गौतम बुद्ध नगर की डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (महिला सुरक्षा) श्रीमती सुनीति (आईपीएस) करेंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6¬30 बजे किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस वॉकथॉन में भाग लेने वाली महिलाओं को फ्री टी-शर्ट और जुम्बा सेशन का लाभ मिलेगा। इसके अलावा, तीन लकी विजेताओं को विशेष पुरस्कार भी दिए जाएंगे।इस आयोजन में विशेषज्ञ पैनल के रूप में यथार्थ ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल्स की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. मंजू त्यागी, यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, सेक्टर 110, नोएडा की सीईओ डॉ. गौतमी ए.वी. के साथ हॉस्पिटल के गायनेकोलॉजी एंड आब्सटेट्रिक्स विभाग की एचओडी एवं सीनियर कंसलटेंट डॉ. कनिका अग्रवाल, सीटीवीएस विभाग के डायरेक्टर डॉ. नीरव बंसल और ओर्थोपीडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के एचओडी एवं डायरेक्टर डॉ. बृजेश कुमार कोसले भी शामिल होंगे।'यथार्थ पिंक कार्ड' लॉन्च के अवसर पर यथार्थ ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल्स की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. मंजू त्यागी ने बताया कि ÷महिलाओं का स्वास्थ्य पूरे समाज की नींव है। हमारा उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें संपूर्ण चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना है।

### 80 गांव के जर्जर परिवार रजिस्टर हुए वापस

**अमेठी।** गांव के बने परिवार रजिस्टरों को स्कैन करने के बाद ऑनलाइन किया जाएगा। 602 गांव के रजिस्टर को स्कैन कर दिया गया है। जबकि 80 गांव के जर्जर रजिस्टर स्कैन के काबिल न होने के कारण ब्लाकों को वापस कर उन्हें ठीक से बाइंडिंग कराने के बाद उपलब्ध कराने को कहा गया है। जिले के ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर की नकल पाने के लिए अधिकारियों व कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। ब्लाक द्वारा प्रत्येक गांव के बने परिवार रजिस्टर जिसमे ग्रामीणों के परिवार के प्रत्येक सदस्य का नाम अंकित होता है। उसे ऑनलाइन किया जाएगा। इसके लिए रजिस्टर को स्कैन कर ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा। अब तक 602 ग्राम पंचायतों के रजिस्टर स्कैन किए जा चुके हैं। जबकि 80 गांव के रजिस्टर बहुत जर्जर व स्कैन के काबिल न होने के कारण संबंधित को वापस कर दिया गया है। जिसे ठीक से बाइंडिंग कराने के बाद उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया है। परिवार रजिस्टर की स्कैनिंग के बाद ही ऑनलाइन की प्रक्रिया हो सकेगी। ऑनलाइन होने के बाद पंचायत सचिव, एडीओ पंचायत व डीपीआरओ को आईडी पासवर्ड जारी हो सकेगा। जिससे सत्यापन के बाद आगे की कार्रवाई हो सके। इस संबंध में जिला परियोजना प्रबंधक एसपी सिंह ने बताया कि परिवार रजिस्टर के ऑनलाइन होने के बाद पारदर्शिता बनी रहेगी। साथ ही किसी प्रकार की छेड़छाड़ भी नही हो सकेगी। वहीं ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर की नकल लेने में सुगमता होगी।

### नाबालिक किशोरी के विवाह की सूचना पर पहुची चाइल्ड लाइन की टीम

**बीघापुर,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र की निबई चौकी के गांव परवेजपुर में 14 वर्षीय किशोरी के विवाह की शिकायत पर गांव पहुंची चाइल्ड लाइन की टीम से रास्ते मे किशोरी को उसके जीजा व उनके साथियों ने जबरन छीनने का प्रयास किया । मामले में चाइल्ड लाइन क्वार्डिनेटर ने सरकारी कार्य मे बाधा डालने की रिपोर्ट जीजा व उसके तीन अज्ञात साथियो के विरुद्ध कराया है। यह बाल विवाह किशोरी के सगे जीजा अपने ही नाबालिग भाई के साथ करा रहा था। चाइल्ड लाइन टीम ने किशोरी को बाल कल्याण समिति भेज दिया है। कोऑर्डिनेटर ने बताया कि सुबह काउंसलर प्रज्ञा व अमरीश अवस्थी के नेतृत्व में टीम को भेजकर मामले की जांच कराई तो यह पाया गया कि यह बाल विवाह हो रहा है जो कानून अपराध है ।टीम ने किशोरी को अपने अधिकार में लेकर उन्नाव आ रही थी।

# ई-लाटरी से हुआ 426 मदिरा दुकानों का व्यवस्थापन

- नोडल मिनिस्ती एस की निगरानी, डीएम-एसपी की देखरेख में हुई पूरी प्रक्रिया
- ई-लॉटरी की हुई वीडियोग्राफी, सीसीटीवी से भी हुई निगरानी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** जिले में गुरुवार को ओडिटोरियम सह मल्टीपरपज हाल, राजकीय आईटीआई राजापुर लखीमपुर में शासन से नामित नोडल अफसर मिनिस्ती एस की निगरानी और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा की देखरेख में वित्तीय वर्ष 2025-26 प्रथम चरण की ई-लाटरी के जरिए 426 मदिरा दुकानों का आवंटन हुआ।

पूरी प्रक्रिया वीडियोग्राफी के साथ-साथ सीसीटीवी की निगरानी में संपन्न हुई। ई-लॉटरी से पूर्व प्रतिभागियों के मध्य सिमुलेशन प्रकिया की गई, जिसके माध्यम से यह दिखाया गया कि सभी आवेदकों के लॉटरी के सफल होने की संभावना लगभग बराबर है और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुगम है।

इसके बाद तय समय पर वास्तविक ई-लॉटरी शुरू हुई। जिसमें देशी मदिरा की 264, मॉडल शॉप 02, 156 कंपोजिट शॉप (विदेशी मदिरा और बियर) और भांग की 04 दुकानों ई-लाटरी के माध्यम से वर्ष 2025-26 के लिए अनुज्ञापियो का चयन किया। इस प्रकार जनपद की कुल 426 दुकानों का व्यवस्थापन हो गया। भांग की 01 दुकान पर कोई आवेदन नही आया।

जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने ई-लॉटरी शुरू होने से पूर्व पूरी प्रक्रिया बताते हुए ई-लॉटरी प्रक्रिया के सभी कायदे-कानून की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान लॉटरी में प्रतिभाग करने पहुंचे व्यक्तियों के सभी प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया।

इस लिंक पर देखे ई-लाटरी से चयनित मदिरा दुकानों का विवरण

जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि आमजन हेतु जनपद की आधिकारिक वेबसाइट एवं इस लिंक https: //kheri.nic.in/document-category/others/ के माध्यम से ई-लाटरी से चयनित मदिरा दुकानों का विवरण देख सकते हैं।

इनकी रही मौजूदगी अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी महेंद्र सिंह, अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आदित्य राघव एवं उनकी तकनीक टीम सहित आबकारी महकमें के अधिकारीगण मौजूद रही।

## गोविंद सुगर मिल ऐरा ने आयोजित किया नि:शुल्क नेत्र शिविर




- शिविर में 150 मरीज की हुई ओपीडी, 50 मोतियाबिंद के मरीजों का होगा ऑपरेशन

लोकमित्र ब्यूरो

**धौरहरा-खीरी।** गोविंद शुगर मिल ऐरा द्वारा ग्राम रसूलपुर में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन सीतापुर नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से किया गया जिसमें विभिन्न ग्रामों के लोगों द्वारा अपने आंख का परीक्षण और ऑपरेशन हेतु शामिल हुए। शिविर में लगभग 150 लोगों द्वारा अपने आंखों की जांच कराई गई साथ ही साथ 50 लोगों के ऑपरेशन हेतु सीतापुर नेत्र चिकित्सालय भेजा गया शिविर का शुभारंभ गन्ना विभाग के प्रमुख उमेश सिंह बिसेन द्वारा किया गया। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि भविष्य में भी चीनी मिल ऐरा द्वारा इस तरह के शिविर का आयोजन किया जाता रहेगा साथ ही साथ और भी गंभीर बीमारियों के निशुल्क जांच हेतु शिविर का आयोजन करने हेतु भविष्य में योजना है जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सके। शिविर के सफल आयोजन में गन्ना विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के साथ-साथ क्षेत्र के गन्ना संचालक सदस्य और ग्राम प्रधान द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया।

## कर्नल टीपी त्यागी भारत गौरव रत्न सम्मान से विभूषित

- फ्लैट ओनर्स फेडरेशन गाजियाबाद की राजनगर एक्सटेंशन इकाई ने दी बधाई

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी को भारत गौरव रत्न-2025 से सम्मानित किया गया। 5 मार्च को नई दिल्ली के तीन मूर्ति भवन स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय में वर्ल्ड कल्चर एंड एन्वायरमेंट कमीशन द्वारा वीर चक्र प्राप्त कर्नल टी.पी. त्यागी को इस सम्मान से विभूषित किया गया।

एक कार्यक्रम के दौरान जम्मू की कमिश्नर आईपीएस रश्मि, विख्यात कलाकार राकेश बेदी, बलिया के महामंडलेश्वर, शिक्षा विभाग के महेश चंद्र , फिल्म जगत की अभिनेत्री ऐलिना द्वारा उन्हें यह सम्मान दिया गया।इस अवसर पर कर्नल त्यागी ने कहा कि वातावरण की सुरक्षा के लिए जल प्रदूषण और वायु प्रदूषण पर नियंत्रण आवशयक है। उन्होंने कहा कि नदियों को साफ करने से ज्यादा हमें उन्हें गन्दा न करने पर ज्यादा जोर देना होगा। प्रत्येक नदी में अपने आप को स्वस्थ रखने की प्राकृतिक क्षमता होती है।

इसी प्रकार वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सबसे अच्छा तरीका वर्टिकल गार्डनिंग का है। यदि मेट्रो पिलर्स, फ्लाई ओवर पिलर्स और सरकारी कार्यालयों पर अनिवार्य रूप से वर्टिकल गार्डनिंग की जाये तो प्रदूषण नियंत्रण प्रारम्भ हो जाएगा। उन्होने संस्कृति को सुरक्षित रखने के लिए बताया कि हमारे धर्म गुरुओं को व्यक्तिगत चरित्र और राष्ट्रीय चरित्र मे फर्क समझाना चाहिए। इस अवसर पर कमोडोर बबेले, ज्ञान सिंह, चन्दन सिंह, गणेश दत्त, राजेन्द्र सिंह, त्रिवेणी जादौन ने विशाल सिंह को राष्ट्रीय सैनिक संस्था की पूर्वी उत्तर प्रदेश इकाई के युवा विंग का अध्यक्ष घोषित किया। सभी वक्ताओं ने वातावरण और संस्कृति को सुरक्षित रखने के लिए अपने अपने स्तर पर कार्य करने का संकल्प लिया और बाकि लोगों को भी दिलवाया।

फ्लैट ओनर्स फेडरेशन ऑफ गाजियाबाद के संरक्षक और प्रेरणा स्रोत वीर चक्र कर्नल तजेंद्र पाल त्यागी जी को भारत गौरव रत्न अवार्ड मिलने पर राजनगर एक्सटेंशन इकाई के अध्यक्ष राजकुमार त्यागी, महामंत्री कैप्टन गोपाल सिंह एवं मीडिया प्रभारी मनोज अग्रवाल ने बधाई देते हुए संयुक्त रूप में कहा है कि कर्नल साहिब के निरंतर मार्गदर्शन मिलने से राजनगर एक्सटेंशन इकाई श्रेत्र की 62 सोसाइटीज तक अपनी सेवाएं देने के लिए पहुंच रही है।

# ओवरलोड के चलते ट्रक पलटा



लोकमित्र,शिवम मिश्रा

**निघासन-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बीती रात को तकरीबन ग्यारह बजे सिंगाही की तरफ से निघासन की ओर आ रहे ओवरलोड दसटेरा ट्रक पलट गया गनीमत रही कि कोई हताहत न हुई जैसा कि सिंगाही रोड पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास बने एक गैरेज पर बैगास से भरा हुआ।

ट्रक (च18ष्ट7773) पलट गया जो की काफी तेज रफ्तार से आ रहा था घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि ट्रक ड्राइवर काफी नशे में था जिससे ट्रक पलट गया गनीमत यह रही कि कोई जानवर या इंसान नहीं बैठा था वैसे अक्सर यहा पर आवारा मवेशी बैठ जाते हैं साथ ही ट्रक का पलटना मानक से ज्यादा भरा होना बताया गया।

जबकि मौजूद लोगों न कहा कि ड्राइवर का गाड़ी पर नियंत्रण नहीं रहा उक्त गैरेज से टकरा गया। जिससे गैराज मालिक इजहार हुसैन की टीन शेड व गैराज में खड़ी तीन चार पहिया वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे गैराज मालिक इजहार हुसैन का लगभग चार लाख रुपए का नुकसान हुआ। गनीमत यह रही की रात के वक्त ज्यादा ट्रैफिक न था जिससे कोई हताहत ना हुई लेकिन ट्रक पलटने के तुरंत बाद ही ड्राइवर वहां से रफूचक्कर हो निकला घटना की सूचना लोगों ने कोतवाल महेश चंद को दी सूचना मिलते ही आनन-फानन में कोतवाल मय फोर्स के साथ घटनास्थल पर जा पहुंचे बारीकी से निरीक्षण करते हुये कोतवाल ने शांति व्यवस्था कायम रखी कोतवाल महेश चंद ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## होली व रमजान को लेकर मुनाफाखोर हुये सक्रिय

- हानिकारक खाद्य पदार्थ बाजारों में मौजूद
- क्षेत्र में नजर नहीं आते विभागीय अधिकारी

लोकमित्र संवाद



**धौरहरा-खीरी।** होली त्योहार व रमजान को लेकर क्षेत्र भर की बाजारों पर में रौनक व चहल-पहल तेज हो गई है और इसी का फायदा उठाते हुए मुनाफाखोर व मिलावटखोर भी सक्रिय हो गए हैं। जबकि संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों ने क्षेत्र में आना मुनासिब नहीं समझ रहे। होली व रमजान त्योहार को लेकर बाजारों में चहल-पहल तेज हो गई है लोग खरीददारी करने के लिए घरो से निकल रहे हैं। क्योंकि उपरोक्त त्योहार को लेकर बाजारों में मिलावटी बेंसन, मावा, खाद्य तेल, रंग बिरंगी कचरी, कैमिकल युक्त विभिन्न प्रकार के रंग सहित कई प्रकार के खाद्य पदार्थ खुलेआम बिकते दिखाई दे रहे हैं। ज्ञात हो क्षेत्र के खमरिया, ईसानगर, हसनपुर कटौली, सिसैया चौराहा, कस्बा धौरहरा, कफारा, अभयपुर, रमियाबेहड़ व ढखेरवा चौराहे आदि जगहों पर संचालित दुकानों में खुलेआम बिक रहा है मगर इन सब से बेखबर विभागीय जिम्मेदार अधिकारी क्षेत्र में आना मुनासिब नहीं समझते। इस मामले में तहसील स्तरीय अधिकारी द्वारा बताया गया कि पूरे क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी क्षेत्र में नहीं आते।

# चिंगारी ने लिया भयानक रूप, 21 घर राख

- 4 बकरियों सहित घर का सामान हुआ जलकर खाक,गांव मे मचा कोहराम।

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** जनपद के मझगईं थाना क्षेत्र की बबौरा ग्राम पंचायत के विष्णुपुर गांव में घूरे की चिंगारी से लगी आग की चपेट में आकर 21 घर जलकर राख हो गए। इस भयंकर अग्निकांड में चार बकरियों के साथ हजारों रुपये की नकदी व संपत्ति जलकर राख हो गई। दमकल की दो गाड़ियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

दो दिनों से दिन में तेज हवाओं के साथ मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। सुबह से तेज हवा चलती रही। इस बीच मझगईं की बबौरा ग्राम पंचायत के विष्णुपुर गांव में राममिलन के घर के पास पड़े घूरे में लगी आग से हवाओं के कारण चिंगारी उड़ने लगीं। देखते ही देखते गांव में आग लग गई। पछुवा तेज हवा के चलते आग ने चंद मिनटों में ही विकराल रूप धारण कर लिया। इसके बाद गांव में भगदड़ मच गई। छप्परनुमा करीब 21 घर आग की चपेट में आ गए और जल गए। सूचना पाकर मझगईं पुलिस के साथ ही दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

इन लोगों का हुआ नुकसान।

अग्निकांड में भारत के बीस हजार रुपये, जयराम की चार बकरियों के साथ ही शिवकुमार, रामसेन, राजाराम, काशीराम, मौजीराम, सेवकराम, रामविलास, रवींद्र, रामजी, रामवीर आदि लोगों को काफी सामान जलकर राख हो गया। सूचना के बाद एसडीएम रत्नाकर मिश्रा, नायब तहसीलदार दिलीप कुमार, हर्ष निशांत के साथ ही लेखपाल व ग्राम प्रधान ने पहुंचकर मौका मुआयना किया और पीड़ितों को मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन दिया है।

**हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से 38 बीघा गन्ने की फसल जली:** दूसरी घटना हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कोपखेरवा में गांव के समीप से गुजरी 1.32 लाख बोल्ट एचटी लाइन की स्पार्किंग से लगी आग में चार किसानों का लगभग 38 बीघा गन्ना जलकर नष्ट हो गया। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया जा सका।

आग की चपेट में आने से कोटखेरबा निवासी ज्ञानेंद्र तिवारी का चार बीघा,हरिशंकर का चार बीघा,आकाश का 15 बीघा और ईश्वरदीन का 15 बीघा गन्ना जलकर नष्ट हो गया। पहले तो किसानों ने खेत में ट्रैक्टर चलाकर आग को बुझाने का प्रयास किया। सफलता नहीं मिलने पर ग्राम प्रधान ने फायर सर्विस स्टेशन गोला के प्रभारी सुरेंद्र सिंह शिंदे को दी।

# थाना प्रभारी के स्थानांतरण होने पर दी गई भावभीनी विदाई

- पुलिस थाना हैदराबाद आयोजित विदाई समारोह में प्रभारी निरीक्षक शिवा जी दुबे को भावभीनी विदाई देते हुए पुलिस स्टॉफ
- थाना प्रभारी बोले- हैदराबाद क्षेत्र के लोगों से मिले प्रेम-स्नेह को कभी भुला नहीं पाऊंगा

लोकमित्र संवाद



**लखीमपुर-खीरी।** थाना हैदराबाद के प्रभारी निरीक्षक शिवा जी दुबे का स्थानांतरण शासन ने मंगलवार को मितौली थाना मे कर दिया था। जिसके चलते गुरुवार 06 मार्च को हैदराबाद थाना भवन में एक समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

इस गरिमामयी सादे समारोह के प्रारंभ में शिवा जी दुबे को पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात थाना पुलिस स्टॉफ़ की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

विदाई समारोह के मौके पर श्री दुबे ने कहा कि, हैदराबाद थाना क्षेत्र के लोगों से मुझे जो प्रेम-स्नेह, सहयोग और सम्मान मिला है मैं उसे कभी भूल नहीं पाऊंगा। हैदराबाद में सेवाकाल के दौरान हमेशा यह महसूस करता रहा कि मैं अपने परिवार के सदस्यों के साथ हूँ। यहां मिले अपार स्नेह और सहयोग के लिए मैं सदैव आपका आभारी रहूँगा।

विदाई की बेला पर भावुक होते हुए श्री दुबे ने विनम्रतापूर्वक कहा, मेरी सेवा में कहीं कोई कमी रह गई हो, भूलवश मैंने कोई गलती कर दी हो या फिर दायित्व के निर्वाहन के दौरान मेरे कारण आपको परेशानी हुई हो तो उसके लिए कृपया मुझे क्षमा कर दें। और उन्होंने कहा कि पुलिस में तैनाती के अधिकतम समय की सीमा निर्धारित है।

न्यूनतम की कोई सीमा नहीं है। शासकीय सेवा में तबादला होना एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया है।लेकिन मैं भरोसा दिलाता हूं जहां भी रहूंगा आप लोगों से सदैव जीवंत सम्पर्क बनाए रखूंगा।

इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार संजय वर्मा ने थाना प्रभारी निरीक्षक शिवा जी दुबे की कार्य प्रणाली और उनके व्यक्तित्व की मुक्त कंठ प्रशंसा करते हुए कहा कि शिवा जी दुबे का कार्य काल बेहतर रहा।

अपराधों की प्रभावी रोकथाम कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के लिए जहां आपने आवश्यक सख्ती बरतने में कोई समझौता नहीं किया तो वहीं परेशानी से जूझ रहे।

आमजन की हर संभव मदद को लेकर वे हमेशा तत्पर और संवेदनशील नजर आए वहीं मौजूद स्टाफ व गणमान्य लोगों ने उनके कार्यकाल को सफल बताया इस दौरान समस्त पुलिस स्टाफ व पत्रकार गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मार्ग दुर्घटनाओं में वृद्ध सहित तीन लोग गम्भीर रूप से घायल

**बांगरमऊ,उन्नाव।** क्षेत्र के अलग-अलग मार्गों पर दुर्घटनाओं में एक वृद्ध शिक्षक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा घायलों को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गांव गोंदरी निवासी महादेव 60 वर्ष पुत्र गयारी शिक्षक हैं। वह गुरुवार की सुबह साइकिल से स्कूल जा रहा था। तभी रास्ते में उन्नाव मार्ग पर स्थित ग्राम नारे खेड़ा के निकट अज्ञात वाहन ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल चकनाचूर हो गई। जबकि शिक्षक गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन उन्हें यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखकर घायल शिक्षक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके अलावा बीते बुधवार को देर रात बिल्हौर की ओर से तेज गति से आ रहा एक टैंकर ग्राम पंचू पुरवा के सामने अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया।

## सांसद अतुल गर्ग व विधायक संजीव शर्मा का किया अभिनंदन

- क्रॉसिंग रिपब्लिक गुरुद्वारा पर खुले नाले को बंद करने की मांग की।



**गाजियाबाद।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष बलप्रीत सिंह के नेतृत्व में क्रॉसिंग रिपब्लिक गुरुद्वारा कमेटी के चेयरमैन व ऑक्सीजन मैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध गुरमीत सिंह व गुरुद्वारा के प्रधान सुरजीत सिंह ने सांसद अतुल गर्ग व विधायक संजीव शर्मा से मुलाकात कर कृपाण देकर उनका अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान क्रॉसिंग रिपब्लिक गुरुद्वारे की मुख्य समस्या खुले नाले को बंद कराने की मांग की।

इस दौरान गुरमीत सिंह ने कहा कि बड़ी संख्या में सिख धर्म की संगत गुरुद्वारे में मत्था टेकने आती है। खुले नाले के कारण वहां गंदगी फैली रहती है व दुर्घटना का खतरा बना रहता है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर के अध्यक्ष बलप्रीत सिंह ने बताया कि ये समस्या वर्षों से ज्यों की त्यों बनी हुई है। कहीं कोई सुनवाई नहीं है लेकिन लोकप्रिय विधायक संजीव शर्मा निरन्तर आमजन के हित के कार्य कर रहे हैं तो उनसे आशा ही नहीं विश्वास है कि इस समस्या का शीघ्र ही निस्तारण होगा। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष बलप्रीत सिंह की बात की जाए तो जब से उन्होंने मोर्चा के महानगर अध्यक्ष की कमान संभाली है उन्होंने न केवल संगठन को मजबूत किया बल्कि निरन्तर आमजन के साथ जुड़कर उनका विश्वास बने हुए हैं। सिख समाज में महानगर के अंदर बलप्रीत सिंह युवाओं में उभरता हुआ नाम है। सिख समाज के अंदर उनके अध्यक्ष बनने के बाद भाजपा के प्रति एक अटूट विश्वास जगा है वहीं बलप्रीत सिंह भी शीर्ष नेतृत्व की जिम्मेदारियों पर खरे उतरे। देखा जाए तो बलप्रीत सिंह भाजपा में सिख समाज का एकमात्र उभरता हुआ युवा चेहरा है। सांसद अतुल गर्ग व विधायक संजीव शर्मा ने भी पूर्ण आश्वस्त किया कि शीघ्र ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### फार्मेसी शिक्षा में अपार संभावनाएं: प्रो0 शैलेन्द्र कुमार

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में फार्मेसी के निदेशक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, बीफार्म कोर्डिनेटर डॉ. अनिल कुमार, कोर्डिनेटर डॉ. सिंधु सिंह और डॉ. अंकुर श्रीवास्तव ने मॉ सरस्वती व प्रो. श्रॉफ के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में निदेशक शैलेन्द्र कुमार ने फार्मेसी जगत में श्रॉफ के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने 'राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस' और 'फार्मा अन्वेशन 2025' के बैनर तले फार्मा और फार्मेसी प्रैक्टिस में उद्यमिता और स्टार्टअप, नवाचार, इनक्यूबेशन सेंटर और फार्मास्युटिकल स्टार्टअप के लिए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। प्रो0 कुमार ने बताया कि फार्मेसी शिक्षा जगत में अपार संभावनाएं है। इस मुकाम को हासिल करने के लिए नवाचार पर कार्य करना होगा। बीफार्मा कोर्डिनेटर डॉ. अनिल कुमार ने श्रॉफ के फार्मेसी शिक्षा जगत में किए योगदान को फार्मेसी कॅरियर में बल देने की बात कही। कोर्डिनेटर डीफार्मा डॉ. सिन्धू सिंह ने कहा कि एमएल श्रॉफ की वजह से ही हम इस मुकाम पर खड़े हैं। कार्यक्रम की रुपरेखा श्रीमती पूनम और ज्योति वैश्य द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन छात्रा योग्या मिश्रा ने की। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अंकुर श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. विमल यादव, डॉ. अजय शुक्ला, कुणाल अगम, विनीत भारती, मोहम्मद तल्हा, अवनीश, दीपा यादव, पूनम सिंह, अलका श्रीवास्तव, ओपी यादव, अतुल शुक्ला, ज्योति वैश्य, प्रियंका राजपूत सहित फार्मेसी के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बने आमिर खान



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की बैठक खवास पुरा स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता राजेश तिवारी ने की और संचालन सुदीप जायसवाल द्वारा किया गया। इस बैठक में, राजेश तिवारी ने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में आमिर खान के नाम की घोषणा की।सभी सदस्यों ने आमिर खान की घोषणा पर सहमति जताई और उनका स्वागत किया। इस अवसर पर, आमिर खान ने अपने पद की गोपनीयता बनाए रखने की शपथ ली और व्यापारियों एवं समाज के लोगों के सुख-दुख में हमेशा साथ देने का वादा किया।इस बैठक में प्रमुख रूप से अलीव भाई, बालकृष्ण मिश्रा, विकास गुप्ता, प्रताप जायसवाल, श्रीवास्तव, उत्कर्ष सिंह, नीरज पाठक, दिनेश मिश्रा सहित दर्जनों व्यापारी सदस्य उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत के जिम्मेदार ड्राइवर को लालगंज पुलिस ने भेजा जेल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह और लालगंज कोतवाल संजय कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को लालगंज रायबरेली मार्ग पर बरस बाजार के सामने हुई भीषण सड़क दुर्घटना के जिम्मेदार ट्रक चालक को जिला जेल भेज दिया गया है। सीओ अनिल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को हुई भीषण सड़क दुर्घटना ट्रक चालक की गलती से हुई थी और दुर्घटना में पांच लोगों की दर्दनाक मौत के साथ-साथ छह लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए थे। बताते चले कि ट्रक चालक ने ऑटो रिक्शा में सामने से ठोकर मार दिया था जिसके कारण ऑटो रिक्शा में बैठी सवारियों में से पांच की मौत हुई थी और छह घायल हुए थे। लालगंज पुलिस ने ट्रक चालक संतोष कुमार पुत्र नंदकिशोर निवासी ग्राम पूरे जगदत्त थाना कूरेभार जिला सुल्तानपुर को दुर्घटना के लिए जिम्मेदार मानते हुए कोर्ट में पेश किया था जहां से उसे मजिस्ट्रेट ने जेल भेज दियाहै। लालगंज पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा लिखकर बीएनएस की धारा 103 लगाई है। वास्तव में पुलिस ने ट्रक चालक को जेल भेज कर सराहनीय कार्य किया है अन्यथा ट्रक चालक तो थाने से ही मुचलके पर छूट जाते थे। ट्रक चालक को जेल भेजना अन्य ट्रक चालकों के लिए सबक साबित होगा।

### दो लाख नगदी की मांग पूरी न होने पर विवाहिता से ससुराल जनों ने की मारपीट,तहरीर दर्ज

**सलोन,रायबरेली।** दहेज में दो लाख नगदी की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ ससुराल जनों द्वारा मारपीट की गई। इसके बाद घर से निकाल दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।बेटी की शादी धूमधाम से करने के लिए एक परिवार ने अपना सबकुछ बेच दिया।लेकिन दहेज लोभियों का पेट ना भर सका।शादी के चार साल बाद पति सास ससुर ने महज दो लाख नगदी को लेकर विवाहिता की जिंदगी नर्क बना कर रख दी।क्षेत्र के राजापुर चकबीबी गांव की रहने वाली साधना तिवारी की शादी दुलहिन का पुरवा लवाना भवानीगंज निवासी धर्मेंद्र तिवारी पुत्र कृष्णा तिवारी के साथ चार वर्ष पूर्व हुई थी।विवाहिता ने बताया कि दहेज में हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया गया था। लेकिन पति धर्मेंद्र, ससुर कृष्णा तिवारी, सास विमला देवी, देवर धनन्जय और ज्ञानेंद्र तिवारी संतुष्ट नहीं हुए।आरोप है कि 17फरवरी को दोपहर दो बजे के लगभग उसके पति उसके साथ मारपीट करने लगे।विरोध करने पर सभी विपक्षियों द्वारा उसके साथ मारपीट की गई।इसके बाद यह कहकर घर से निकाल दिया कि जब दो लाख रुपये लेकर आओगी तो घर मे आना।कोतवाली प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि विवाहिता की तहरीर पर पांच लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

### अयोध्या में अंतर्राष्ट्रीय माझी मझवार समाज की बैठक संपन्न, नये पदाधिकारियों की घोषणा

**अयोध्या।** अंतर्राष्ट्रीय माझी मझवार समाज की बैठक बड़ी धूमधाम से संपन्न हुई। इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजस माझी ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया, जिसमें समाज के कोषाध्यक्ष के रूप में शिवम माझी और उपाध्यक्ष के रूप में उत्तम माझी को चुना गया है। साथ ही मीडिया संबंधी सभी जिम्मेदारियां पत्रकार अंकुर पांडे को सौंपी गई और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय माझी मझवार समाज का मीडिया प्रभारी घोषित किया गया।इस अवसर पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए रामजस ने कहा कि हमारा माझी समाजका हमेशा से समाज का एक अहम हिस्सा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समाज में एकता की बातों का उदाहरण देते हुए कहा कि हम भी अपने समाज को एकजुट कर प्रधानमंत्री मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर 2027 में उन्हें पुनः मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लेंगें। इसके लिए हमारे संगठन द्वारा एक विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। रामजस ने इस दौरान यह भी बताया कि अयोध्या के महापौर माननीय गिरीश पति त्रिपाठी जी, जो हमेशा समाज के सहयोगी रहे हैं, उनके आदेशानुसार समाज के कार्य किए जाएंगे और उन्हें समाज का संरक्षक के रूप में सम्मानित किया जाएगा। इस बैठक ने समाज के विभिन्न हिस्सों को एकजुट करने और आगामी राजनीतिक तथा सामाजिक आंदोलनों के लिए एक नई दिशा देने का आह्वान किया।

## होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की तैयारियां जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** आगामी 14 मार्च 2025 को होली पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनुरूद्ध प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारीगण, क्षेत्राधिकारीगण, व्यापार मण्डल, पीस कमेटी और होली उत्सव मनाने वाली समितियों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।बैठक में जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने होली, रमजान और नवरात्रि पर्व के दौरान किसी भी आकस्मिक घटना से निपटने के लिए सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करके वहां सुरक्षा बढ़ाई जाए और कंट्रोल रूम की स्थापना की जा रही है, जहां आमजन सूचना दे सकते हैं। कंट्रोल रूम के नंबर 05278-223753 तथा नगर निगम कंट्रोल रूम नंबर 1533 पर लोग अपनी समस्याओं और सूचना दे सकते हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि 13 मार्च 2025 को होलिका दहन और 14 मार्च को होली उत्सव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में कमेटी की बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त मजिस्ट्रेट और क्षेत्राधिकारियों को होली पर्व से संबंधित सभी विवरणों का अध्ययन करने के लिए भी कहा और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि क्षेत्र में कितने जुलूस निकलते हैं और उनके आयोजन में कोई विघ्न न आए।इसके साथ ही जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा, पुलिस और मजिस्ट्रेट टीमों को पारदर्शिता से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कार्यवाही करने की सलाह दी और विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को भी विशेष स्थानों पर एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया, ताकि आकस्मिक स्थिति में तत्काल सहायता मिल सके।बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर ने सभी थाना प्रभारी से अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण करने और होलिका दहन के परम्परागत स्थानों पर सुरक्षा के मानकों का पालन करने की अपील की। उन्होंने आमजन से शांतिपूर्ण होली मनाने की अपील करते हुए असामाजिक तत्वों से सतर्क रहने और पुलिस को सूचित करने की बात कही।

अपर जिलाधिकारी नगर और पुलिस अधीक्षक नगर ने बैठक में जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा की गई तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस बैठक के दौरान विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों से उनके सुझाव भी लिए गए और अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

## संवरेगा अमानीगंज विकास खण्ड का गहनाग बाबा धाम

**▸▸106.39 लाख रुपए आएगी लागत, मुख्य प्रवेश द्वार का होगा निर्माण, सरोवर को दिया जाएगा कुंड का स्वरूप**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** वादों पर खरा उतरने वाली प्रदेश की योगी सरकार ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए खजाना खोल दिया है। पर्यटन व सांस्कृतिक दृष्टि से भी मिल्कीपुर को सजाया और संवारा जाने लगा है। इसी क्रम में 106.60 लाख रुपये से विकास खण्ड अमानीगंज के राम पट्टी में स्थित गहनाग बाबा धाम का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। राम मंदिर निर्माण के बाद जिले के सभी पौराणिक स्थलों को विकसित करने का काम तेजी से चल रहा है। मिल्कीपुर में विधानसभा के उपचुनाव के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं यह घोषणा की थी कि गहनाग बाबा धाम का जल्द ही सौंदर्यीकरण कराया जायेगा। इस क्रम में कार्य शुरू हो चुका है। बता दें कि मिल्कीपुर में सड़कों के निर्माण व कुछ विद्यालयों के निर्माण की स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है। वह सब निर्माणाधीन हैं।

### अयोध्या तीर्थ विकास परिषद करा रहा कार्य

गहनाग बाबा धाम आस्था का केंद्र है। यहां लगने वाले मेले के दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए इसका पर्यटन विकास करने का प्लान बनाया गया है। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद ही यहां सौंदर्यीकरण का कार्य करा रहा है। पौराणिक स्थलों को डेवलप करने के उद्देश्य से ही परिषद का वर्ष भर पहले गठन किया गया था, जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं।

### कुंड के स्वरूप में दिखेगा सरोवर

अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के सीईओ संतोष शर्मा ने बताया कि गहनाग बाबा धाम का निरीक्षण किया गया था। इसके बाद प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। स्वीकृति मिलने के बाद काम शुरू करा दिया गया है। जिसमें धर्म स्थल का सौंदर्यीकरण और सरोवर को कुंड का स्वरूप दिया जाएगा। वहीं दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के बैठने के लिए शेड, बेंच का निर्माण, पेयजल और शौचालय का निर्माण कराया जाएगा।

### रोजगार मेले में 11 युवक/युवतियों का हुआ चयन

**अयोध्या।** सियाराम चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में तीसरे चरण का रोजगार मेला सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। यह मेला प्रातः 11ः00 बजे से अपराह्न 2ः00 बजे तक चलाया गया, जिसमें 55 युवक, पुरुष एवं युवतियों ने साक्षात्कार दिया। इन साक्षात्कारों के पश्चात 11 लोग रोजगार के लिए उपयुक्त पाए गए, जिन्हें ट्रस्ट ने आश्वासन दिया कि उन्हें आने वाले 10 दिनों में धन नगरी अयोध्या में समायोजित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक रामानुजन राम ने इस अवसर पर अधिकारियों से अनुरोध किया कि मंदिर निर्माण के पश्चात जो व्यवसायी लाभ उठा रहे हैं, उन्हें धर्म नगरी अयोध्या के बेरोजगारों को रोजगार प्रदान करने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कदम मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण होगा।

## रुदौली की संस्कृति से जुड़ा एक और अध्याय



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** राम मंदिर से लगभग 70 किलोमीटर दूर अयोध्या के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में गोमती के तट पर घने जंगलों में विराजमान मां कामाख्या के दरबार में सात दिवसीय कामाख्या धाम महोत्सव का आज आगाज हुआ, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने मां कामाख्या धाम महोत्सव का उद्घाटन किया और मातृ शक्तियों के साथ दुर दुरिया कार्यक्रम में शरीक हुई, इस दौरान अपर्णा यादव ने कहा कि यह एक अच्छा महोत्सव है और सनातन धर्म से जुड़े जो छोटे-छोटे पूजन पद्धति है ये सनातनी परंपरा की पहचान है, यह महोत्सव का अच्छा उदाहरण है, दूर-दूर से गांव की रहने वाली महिलाएं आज इस कार्यक्रम में शरीक हुई है,अपर्णा यादव ने कहा कि इस महोत्सव को प्रदेश में और ऊंचाई मिले, उत्तर प्रदेश सरकार से मैं अनुरोध भी करूंगी कि कामाख्या धाम के सुंदरीकरण के लिए धनराशि आवंटित करें, यह एक रमणीक स्थल है,भगवान राम ने भी देवी भक्ति की है,भगवान राम हमारे इष्ट हैं, भारत का चरित्र राम है,भारत का आधारशिला राम है,आयोजक रुदौली के भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने अपर्णा यादव का आभार जताया और कहा कि भोजपुरी के सुपरस्टार गायक अभिनेता पवन सिंह भी आज पहले दिन रात में अपने गीतों से शमा बांधेगे, दरअसल ये महोत्सव आज 6 मार्च से 12 मार्च तक चलेगा जिसमे नेशनल स्तर की कुश्ती की प्रतियोगिता और धर्म कला संस्कृति संगीत परंपराओं का समागम होगा, धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही विचार विमर्श के सत्र भी आयोजित होंगे, मां कामाख्या धाम न्यास के अध्यक्ष रविकांत तिवारी ने आए हुए सभी मेहमानों का आभार जताया। न्यास के अध्यक्ष रविकांत तिवारी मोनू ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर व बुके भेट कर सम्मानित किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि माँ कामाख्या धाम महोत्सव में आप सब के बीच में मैं पहुंची ये मेरा सौभाग्य है क्योंकि ऐसा सौभाग्य कभी कभी ही प्राप्त होता है कि एक साथ इतनी सारी माताओ बहनों का आशीर्वाद प्राप्त हो हमारी अयोध्या की परंपरा है कि शुभ कार्य के शुभारंभ से पहले अवसान मईया का पूजा किया जाता है जिसमे सुहागिन महिलाएं पूजा अर्चना करती है।आज इस महोत्सव के शुभारंभ से पूर्व हजारो मातृशक्ति इस कार्यक्रम में शामिल हुई है इस मौके पर मां कामाख्या नगर पंचायत अध्यक्ष व न्यास के संयोजक शीतला प्रसाद शुक्ला भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू ,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित,ब्लॉक प्रमुख कमलेश यादव तेज तिवारी पूर्व ब्लाक प्रमुख राम प्रताप यादव सामाजिक कार्यकर्ता आलोक यादव भवानीफेर मिश्रा बब्बन शुक्ला कप्तान गिरी,राजेश वर्मा,कृष्ण सागर पाल,सचिन कसौधन, राजू शर्मा, वेद प्रकाश शुक्ला आदि मौजूद थे।

## नन्ही अक्षिता ने जीता प्रिंसेस ऑफ अयोध्या 2025 का खिताब



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** अयोध्या के एक प्रसिद्ध होटल में आयोजित %अयोध्या टैलेंट हंट 2025% के सीजन 4 में विभिन्न कलाकारों ने अपनी कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में बच्चों के लिए आयोजित %किड्स रन वे% प्रतियोगिता में जिंगल बेल स्कूल की कक्षा एक की छात्रा, छह वर्षीय अक्षिता मेहरोत्रा को %प्रिंसेस ऑफ अयोध्या 2025% के खिताब से नवाजा गया।अक्षिता की प्रस्तुति ने उपस्थित जजों और दर्शकों का दिल जीत लिया, और उन्हें तालियों से सम्मानित किया गया। इसके बाद, अक्षिता को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। यह शानदार उपलब्धि अक्षिता के लिए एक अहम पल था।अक्षिता, राठ हवेली क्षेत्र की निवासी और वकील रोहित मेहरोत्रा की पुत्री हैं। उनके इस अद्भुत प्रदर्शन से उनके परिवार और समुदाय में खुशी की लहर है।

## महाकुंभ 2025 के बाद मां सरयू में अमृत स्नान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्याः** महाकुंभ 2025 के भव्य समापन के बाद, अयोध्या की फायर बिग्रेड की गाड़ी से लाए गए पवित्र संगम जल से मां सरयू में अमृत स्नान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर, अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पांडे, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, सीआरपीएफ कमांडेंट सतीश दूबे, एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दूबे, जॉइंट मजिस्ट्रेट ध्रुव खाड़िया समेत तमाम अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इन अधिकारियों ने महाकुंभ के दौरान अयोध्या में श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन और सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसके कारण वे प्रयागराज में होने वाले अमृत स्नान में शामिल नहीं हो पाए थे। आज इन सभी अधिकारियों ने मां सरयू में अमृत स्नान किया और सभी को उनके योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

महापौर और अधिकारियों ने इस मौके पर अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं के यात्रा अनुभव को सुखद बनाने में मदद करने वाले सभी कर्मचारियों, अयोध्या वासियों और मीडिया का आभार व्यक्त किया। साथ ही, उन्होंने मां सरयू से सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, एसपी सिटी मधुवन कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

## एडीए व नगर निगम के कार्यालय के निर्माण में आई तेजी

### 119.90 करोड़ रुपए से बन रही है बिल्डिंग,60 फीसदी से अधिक कार्य पूर्ण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** अयोध्या विकास प्राधिकरण और नगर निगम का संयुक्त बहुमंजिला निर्माणाधीन कार्यालय का कार्य जोर शोर से चल रहा है। पांच मंजिला इमारत में वो तमाम सुविधाएं मौजूद रहेंगी, जो बड़े-बड़े महानगरों में स्थित भवनों में होती है। अब तक 60 फीसदी निर्माण पूरा हो चुका है। प्रथम, द्वितीय, तृतीय तल का कार्य पूरा हो चुका गया। चतुर्थ तल पर स्ट्रक्चर, ब्रिक फील्ड और फायर फाइटिंग का कार्य प्रगति पर है।वैग्माइन एंटरप्राइजेज के प्रोजेक्ट मैनेजर मेहराम शर्मा ने बताया कि अक्टूबर तक निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा।

संभावना जताई जा रही है कि इस वर्ष यह भवन बनकर तैयार हो जाएगा। काफी दिनों से नगर निगम का नया कार्यालय बनवाये जाने को लेकर कवायद चल रही थी। प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्यावासियों की सहूलियत को देखते हुए नगर निगम और विकास प्राधिकरण का कार्य एक जगह बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

सदर तहसील के पास जीजीआईसी के सामने निर्माण कार्यों के लिए जमीन उपलब्ध कराई गई थी। 119.90करोड़ की लागत से बन रहे इस भवन की उपलब्ध जमीन के 37 फीसदी हिस्से पर निर्माण होगा और कार्यालय को सीसीटीवी, लैन नेटवर्क, ईपी बॉक्स सिस्टम, वातानुकूलन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, ग्रीनरी आदि से आच्छादित किया जाएगा। भवन निर्माण में अयोध्या के प्रमुख मठ-मंदिरों सीता रसोई, राम मंदिर, दशरथ महल के साथ मुगल स्थापत्य शैली का समावेश देखने को मिलेगा।

### नए भवन में बनेगें इन विभागों के कार्यालय

प्रस्तावित कार्यालय भवन में नगर निगम का राजस्व/कर विभाग, जन्म/मृत्यु विभाग, एपीडी व रोकड़ विभाग, स्वास्थ्य, सिविल, लेखा, वित्त, एनफोर्समेन्ट, संपत्ति विभाग, आडिट, जलकल, विद्युत, किराया, लाइसेंस एवं पर्यावरण, जीव-जंतु एवं कानून विभग, अधिस्ठान एवं समिति विभाग तथा सदन हाल का निर्माण कराया जाएगा। जबकि अयोध्या विकास प्राधिकरण के कार्यालय में नियोजन विभाग, संपत्ति विभाग, भूमि विभाग, इंजीनियरिंग विभाग, वित्त विभाग और प्रशासनिक विभाग का कार्यालय बनना है।

### ये सुविधाएं भी रहेंगी

-मुख्य ग्राउंड +5 गार्ड रूम, सी.सी. रोड बाउण्ड्री, प्रवेश द्वार, यू. जी. टैंक 150 कि.ली. फ़ायर फाइटिंग सिस्टम, यूपीएस, एलएएन सिस्टम आदि विकसित होगा। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि हमारी कोशिश है कि इस वर्ष तक इसे कम्पलीट कर लें। एडीए के उपाध्यक्ष अश्विनी पांडेय ने बताया कि इस भवन के निर्माण के बाद लोगों को काफी सहुलियत मिल जाएगी।

## बेहोशी के चिकित्सक न होने से हर माह एक दर्जन से अधिक प्रसूताओं को किया जाता रेफर

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** सीएचसी मिल्कीपुर में बेहोशी के चिकित्सक न होने से हर महीने एक दर्जन से अधिक प्रसूताओं को जिला अस्पताल रेफर किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएचसी में प्रसूताओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा व सिजेरियन के लिए डॉ गुंजन यादव की तैनाती की गई है। हालांकि सीएचसी मिल्कीपुर में बेहोशी के डॉक्टर की तैनाती न होने से यहां आने वाली सिजेरियन प्रसूताओं को रेफर करना चिकित्सक की मजबूरी बन गई है।बता दें कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर पूरी तरह सख्त है। वहीं जिले की सीएचसी मिल्कीपुर में बेहोशी के डॉक्टर न होने से प्रसूताओं को जिला अस्पताल रेफर करना चिकित्सक के लिए सबसे बड़ी मजबूरी बन गई है। आखिर बगैर बेहोशी चिकित्सक के प्रसूताओं का सिजेरियन कैसे किया जाए। बेहोशी के चिकित्सक न होने से प्रसूता खुर्शीदा बानो, आशा, रीना पाण्डेय, लक्ष्मी व मीरा सहित एक दर्जन से अधिक को जिला अस्पताल रेफर किया जा चुका है। सीएचसी मिल्कीपुर से रेफर ज्यादातर प्रसूताओं को गंभीर स्थिति में स्थानीय निजी नर्सिंग होम जाने को मजबूर होती है जहां उन्हें मंहगे दामों पर इलाज कराना पड़ता है। वही सीएचसी मिल्कीपुर में आने वाली सिजेरियन प्रसूताओं की जांच की भी कोई व्यवस्था नहीं है। जांच कराने के लिए प्रसूताओं को जिला अस्पताल व निजी पैथालॉजी में जाना पड़ता है। बेहोशी के चिकित्सक की तैनाती सीएचसी मिल्कीपुर में नहीं है। सिजेरियन प्रसूताओं के लिए देवगांव स्थित पचास शैय्या अस्पताल से बुलाया जाता है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई माह से बेहोशी के चिकित्सक नहीं आ रही है। जिससे यहां आने वाली प्रसूताओं को समय से इलाज नहीं मिलता और उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। गंभीर स्थिति में प्रसूताओं को उनके तीमारदारों द्वारा निजी नर्सिंग होम में दाखिला कराया जाता है।

## न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में एसओएफ द्वारा आयोजित परीक्षा में प्रतिष्ठा श्रीवास्तव ने प्राप्त किया प्रथम स्थान




**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली के लिए एक विशेष दिन रहा। क्योंकि 2024-25 में एसओएफ द्वारा आयोजित परीक्षा आईएसएसओ (सोशल साइंस) में एनएस एकेडमी की छात्रा प्रतिष्ठा श्रीवास्तव (9) ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मेहनत, लगन के उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर परीक्षा में शामिल होने वाले सभी बच्चों के लिए बेमिसाल बन गई।इस परीक्षा में विद्यालय के कुल 15 बच्चों ने भाग लिया था, जिनमें से प्रतिष्ठा श्रीवास्तव को एसओएफ प्रदत्त गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस, प्रशस्ति-पत्र सहित 6250- रूपये से सम्मानित किया गया। इसी परीक्षा में एनएस बालिका विद्या मंदिर के बच्चों में से एस ओ एफ द्वारा 14 बच्चों में से स्वर्णिका सिंह (3) अभिराज ठाकुर (5) और आकाश ठाकुर(3) को 500-500 रुपए के उपहार एवं प्रशस्ति-पत्र प्राप्त हुए। परीक्षा में भाग लेने वाले अन्य बच्चों को भी प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस परीक्षा में बच्चों के लिए सोशल साइंस की तैयारी में शिक्षक सुनील का योगदान काबिले तारीफ रहा।इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने सफलता प्राप्त करने वाले सभी बच्चों का मुंह मीठा कराते हुए माला पहनाकर उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ ही उन सभी शिक्षकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। जिन्होंने बच्चों की तैयारी में अपना सराहनीय योगदान दिया।

# सिर्फ 95 किलो लोहे पर बने सात पुलों पर दशकों तक दौड़ते रहे वाहन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** जिले के आधा दर्जन ड्रेनों पर बने और एक नहर पर दशकों पूर्व बने पुलों में सिर्फ 95 किलो लोहे का प्रयोग हुआ था। यह सुनने में भले ही अजीब लगे लेकिन पूर्व के अभियंताओं की या तो यह कारीगरी थी या आज के अभियंताओं की बाजीगरी है।

हाल ही में शारदा सहायक खंड 16 में प्रकाश में आये स्क्रैप घोटाले ने यही साबित किया है। एक कुंतल से कम लोहे से बने सात पुलों पर वर्षों तक वाहन दौड़ते रहे और आवागमन होता रहा और अब जाकर इनका पुनर्निर्माण शुरू हुआ है।

खंड 16 में पुराने पुलों को तोड़कर निकाले गए मलबे को अभियंताओं और ठेकेदारों के गठजोड़ ने हजम कर लिया। हाजमा भी इतना अच्छा है कि ईंट, अद्धे और लोहे तक को पचा गए। मामला खुला तो सिर्फ 95 किलो लोहा उगल दिया। बाकी का कहां गया यह अभी तक पता नहीं चल पाया है। विदित हो कि बीते वर्ष ड्रेन और नहरों पर बने 50 वर्ष से अधिक पुराने हो चुके पुलों को शासन ने तकनीकी जांच के बाद जर्जर घोषित कर दिया था। इनमें कूरेभार ड्रेन की 6 पुलिया और एक नहर का पुल भी शामिल है। कूरेभार ड्रेन के 5.170, 16.180, 22.330, 23.850, 24.160 और 29.300 किमी ने पुल बनाए जाने है। बजट आने के बाद कार्य भी शुरू हो चुका हैं। ड्रेन पर 3.15 करोड़ की लागत से कुल 6 पुल बनाए जा रहे हैं। जबकि 88 लाख की लागत से एक नहर पर भी एक पुल का जीर्णोद्धार चल रहा है। जयसिंहपुर विकासखंड क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर संपर्क मार्ग के अलावा पलिया, बरसोमा, राम बहादुर नदी धाम मार्ग पर ,कूरेभार ड्रेन पुल बनाए जा रहे है। कई स्थानों पर पोकलैंड मशीनों द्वारा युद्ध स्तर पर तोड़फोड़ का काम हो चुका है।

कहीं-कहीं नए पुलों का निर्माण भी प्रारंभ हो चुका है। इन पुलों से निकले पुराने लोहे और मलबे के बेचने का मामला प्रकाश में आया तो अधिशासी अभियंता शरद कुमार ने जांच के लिए तीन सदस्य टीम बना दी । टीम बनाने भी में भी शासनादेश का उल्लंघन किया गया। टीम ने आनन फानन में 95 किलो लोहे की बरामदगी भी करवा दी। बरामदगी भी किसी कबाड़ी की दुकान से नहीं बल्कि एक पुल पर कार्य कर रही बस्ती की फर्म विराट कंस्ट्रक्शन के मुंशी पूर्णमासी के पास से हुई। अधिशासी अभियंता शरद कुमार का कहना है कि ग्रामीण चोरी से ले जा रहे थे।

इसलिए मुंशी लोहे की सुरक्षा के लिए दूसरे स्थान पर ले गया था। वह 95 किलो लोहे को पुनः इस साइट पर ले आया और सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया गया है। यदि अधिशासी अभियंता शरद कुमार के दावे को सही माने तो दशकों पूर्व पुल बनाने वाले अभियंताओं के इंजीनियरिंग स्किल की दाद देनी पड़ेगी, क्योंकि उन्होंने सिर्फ 95 किलो के लोहे का प्रयोग करते हुए एक-दो नहीं बल्कि सात पुल बना डाले थे। जो करीब 50 वर्षों तक हल्के और भारी वाहनों का बोझ ढोते रहे। वहीं, आज के दौर में करीब एक कुंतल लोहा साधारण घर के निर्माण में 4 से 5 पिलर में ही खर्च हो जाता है। एक्सईन शरद कुमार और विभागीय जांच टीम के दावे को परखे तो 95 किलो लोहा लगाकर पुल बनाना किसी हैरतअंगेज कारनामे से कम नहीं है। कुल मिलाकर या तो पूर्व के अभियंता बड़े कारीगर थे या फिर आज के दौर के अभियंता बड़े बाजीगर हैं जो ईंट, पत्थरों के साथ-साथ लोहे को भी पचा गये। फिलहाल यह मामला थमने के बजाय तूल पकड़ता जा रहा है। शारदा सहायक खंड-16 के अधीक्षण अभियंता कामिनीकांत राय ने अधिशासी अभियंता से पूरे प्रकरण की रिपोर्ट मांगने की बात कही है।

उन्होंने दूरभाष पर बताया कि यह मामला जल्द ही उनके संज्ञान में आया है और वे इसे गंभीरता से ले रहे हैं। श्री राय ने कहा कि इस प्रकरण पर उनकी नजर बनी हुई है। उन्होंने माना कि जिसके क्षेत्र में काम हो रहा है उसे जांच कमेटी में रखना शासनादेश के विपरीत है इसकी भी रिपोर्ट अधिशासी अभियंता से मांगी जाएगी।

## जन सामान्य को त्वरित, सस्ता, सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 08 मार्च को

**सुलतानपुर।** अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विजय कुमार गुप्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि जन सामान्य को त्वरित, सस्ता, सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिनांक 08 मार्च, 2025 (दिन शनिवार) को प्रातः 10 बजे से जनपद न्यायालय परिसर सुलतानपुर व जनपद सुलतानपुर के सभी वाह्य न्यायालयों, तहसील मुख्यालयों, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, कलेक्ट्रेट एवं अन्य सम्बन्धित विभागों तथा जनपद अमेठी के मुसाफिरखाना, गौरीगंज व अमेठी तहसील मुख्यालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने समस्त जनपद वासियों से अपील की है कि आप अपने-अपने, लोक अदालत में नियत योग्य वादों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित कराकर लोक अदालत का लाभ उठायें।

## रमजान एवं होली के त्यौहार को लेकर पालिका की बैठक सम्पन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** नगर पालिका परिषद सभाकक्ष में रमजान एवं आगामी पर्व होली के दृष्टिगत नगर पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता में पालिका के अधिशासी अधिकारी, सफाई विभाग, मार्ग प्रकाश एवं जल-कल विभाग के अधिकारियों व कर्मचारीगण तथा वार्डों के सफाई नायकों के साथ बैठक की गयी। पालिकाध्यक्ष द्वारा बताया गया है कि वर्तमान में चल रहे रमजान एवं पूर्व की भॉति होली का पर्व मनाये जाने हेतु पालिका के सभी अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि नगर क्षेत्र में सभी मस्जिदों में प्रत्येक दिन समय से साफ-सफाई, चूना व होलिका दहन स्थलों के आस-पास समुचित साफ-सफाई, चूना एवं कूड़ा उठान तथा कहीं भी जल भराव की स्थिति न उत्पन्न हो, साथ ही वहां समुचित प्रकाश व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाय, जहां लाइटें खराब हों वहां आवश्यकतानुसार तत्काल मरम्मत कर या बदलते हुए प्रकाशमान किया जाय एवं नगर में होली के दिन निर्बाध रूप से पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाय तथा पूर्व की भॉति होली के दिन मॉग के अनुसार सार्वजनिक स्थलों पर पानी के टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित करें। लाल चन्द्र सरोज, अधिशासी अधिकारी द्वारा सफाई विभाग को निर्देशित किया गया कि होली के दिन प्रातः 07:00 बजे तक नगर में साफ-सफाई, चूना व कूड़ा उठान का कार्य प्रत्येक दशा में पूर्ण करा लिया जाय। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के अधिशासी अधिकारी, लालचन्द्र सरोज, प्रभारी कार्यालय अधीक्षक पुनीत कुमार गुप्ता, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अधूलिका व श्री सुनील कुमार पाल, अवर-अभियन्ता (जल), प्रभारी सफाई लिपिक प्रशान्त रावत, प्रभारी लिपिक जल-कल, पवन कुमार शुक्ला व समस्त सफाई नायक सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कोरम के अभाव में क्षेत्र पंचायत की बैठक स्थगित

### मीडिया से दूरी बनाए रखें खंड विकास अधिकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बल्दीराय/सुल्तानपुर।** विशेष सुरक्षा के घेरे में क्षेत्र पंचायत धनपतगंज की योजना बैठक सभागार में गुरुवार को ब्लाक प्रमुख पार्वती सरोज की अध्यक्षता में शुरू हुई जो कोरम के अभाव में स्थगित हो गई। क्षेत्र पंचायत की बैठक में कुल सदस्य संख्या 150 के सापेक्ष 46 सदस्य ही बैठक में उपस्थित रहे। खंड विकास अधिकारी ने सदन की कार्यवाही बैठक खत्म होने के बाद उन क्षेत्र पंचायत सदस्यों और आमंत्रित सदस्यों को दी जो किन्हीं कारणों से बैठक में शामिल नहीं हो पाए थे। गौरतलब यह है कि क्षेत्र पंचायत की आहूति बैठक की सूचना स्थानीय मीडिया कर्मियों को नहीं दी गई उनको विकास खंड मुख्यालय परिसर में भी जाने से मना कर दिया गया मीडिया कर्मी भीड़ का हिस्सा बन गए। परिसर से बाहर सड़क पर खड़े मीडिया कर्मियों ने सुरक्षा में लगे क्षेत्राधिकारी सौरभ सामंत से परिसर में प्रवेश पाने की बात दूरभाष से की तो उन्होंने बताया कि बैठक के नोडल खंड विकास अधिकारी ने मीडिया को परिसर के भीतर प्रवेश के लिए कोई निर्देश नहीं दिया है।

बैठक खत्म होने के बाद जब मीडिया कर्मियों ने इस बावत खंड विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र मिश्रा से बात किया तो उन्होंने बताया कि मैं प्रेस विज्ञप्ति के जरिए सूचना विभाग को जानकारी भेज दूंगा। फिलहाल खंड विकास अधिकारी की इस रवैये से मीडियाकर्मी नाराज दिखे।

## दोस्त से मिलने पहुंचे भाजपा सांसद डॉ.विनोद कुमार बिंद

### महाकुंभ ने विश्व को दिया भारतीय संस्कार व सभ्यता का संदेशः बिंद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** भारतीय जनता पार्टी के भदोही सांसद डॉ.विनोद कुमार बिंद वृहस्पतिवार को गोडा जाते समय अपने बैचमेड जिले के सु-प्रसिद्ध फीजीशियन डॉ.डीपी सिंह के सूर्या नर्सिगहोम पहुंचे, सांसद श्री बिंद ने बताया कि मैं और डॉ.डीपी सिंह एमबीबीएस के समय बैचमेड थे और आज भी हमदोनो अपने पेशे से जुडे हुए है।

क्यूंकि इससे बेहतर समाजसेवा और कोई नही, साथ ही मैं एक भाजपा का कार्यकर्ता होने के नाते सरकार की आम जनमानस के लिए चलाई जा रही योजनाओ का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संकल्पित हूं, वही डॉ.डीपी सिंह ने सांसद विनोद कुमार बिंद की प्रशंसा करते हुए कहाकि डॉ.बिंद पढाई के समय भी बहुत सक्रिय रहते थे, गरीब,व जरूरतमंद की मदद के लिए हमेशा समय निकालकर कुछ सकारात्मक व सार्थक योजना पर काम करते रहते थे। वही आदत आज भी सांसद बनने पर भी है, जो वाकई में बहुत प्रशंसनीय है। उक्त अवसर पर अपना दल के मंडल प्रभारी अविनाश पटेल, यबीर सिंह, डॉ.पवन, डॉ.एपी सिंह, विपिन कुमार शुक्ला, शिवम गुप्ता, महफूज अहमद, सौरभ सिंह व विनीत सिंह सहित तमाम गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

## जन औषधि से आम जनमानस को मिलने वाले लाभ पर चर्चा



**सुल्तानपुर।** स्वशासी राजकीय महाविद्यालय में जन औषधि से मिलने वाले लाभ पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डां.जे.सी सरोज द्वारा की गई, डां.सरोज ने जन औषधि केंद्र पर मिलने वाली दवाईयों की गुणवत्ता तथा मूल्यों पर विस्तार से चर्चा की, उन्होंने बताया की जनपद के प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जन औषधि काउंटर है। आम जनमानस को इसका लाभ मिल रहा है,यह सरकार की महत्वपूर्ण योजना है,उक्त अवसर पर शोभनाथ मिश्रा चीफ फार्मासिस्ट ,शशिकांत मिश्रा चीफ फार्मासिस्ट सीएमएसडी, लक्ष्मण स्वरूप श्रीवास्तव चीफ फार्मासिस्ट, अजीत सिंह चीफ फार्मासिस्ट, अमरनाथ श्रीवास्तव फार्मासिस्ट, संतोष उपाध्याय फार्मासिस्ट आदि मौजूद रहे।

## अब थाना क्षेत्रों में अपराधियो पर नजर रखेगी तीसरी आंख

**बल्दीराय/सुल्तानपुर।** तहसील के थाना क्षेत्रों में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर बचना अब कतई आसान नही होगा। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तहसील बल्दीराय के तीनों थाना क्षेत्रों में अपराधियों के गतिविधियों पर नजर रखने के लिए दर्जन भर सी सी टीवी कैमरे लगवाए गए है। जिससे अपराधियो में दहशत का माहौल है।आपराधिक गतिविधियों में चर्चित थाना धनपतगंज में , अपराधियों पर नजर रखने के लिए, आठ स्थानों पर जिसमें, धनपतगंज, सरैया भरथी मोड़, सेमरौना मोड़, टीकर मोड़, मायंग तिराहा, बेनीपुर, मुडुवा तिराहा, चंदौर व हरौरा बाजर चौराहा सहित आठ स्थानों पर तथा बल्दीराय थाना क्षेत्र के पारा बाजार, अरवल बाजार, वलीपुर ,बरासिन, बघौना पुल के पास, जंगलीनाथ मंदिर, मिझूठी, महादेवन, देहली बाजार सहित 18 स्थानों पर तथा हलियापुर थाना क्षेत्र में प्रमुख स्थानों पर उच्च तकनीकी सीसीटीवी कैमरे लगवा कर पुलिस अपराधियों पर नजर रखना शुरू कर दिया है। थाना इलाके में अराजक तत्वों द्वारा, आसानी से आपराधिक वारदातों को अंजाम देकर, ग्रामीण इलाके की पगडंडियों के रास्ते आसानी से खुद को सुरक्षित करने की मंशा अब कामयाब नही होगी। अब अपराधी किसी भी सूरत में छोटी बड़ी किसी घटना को अंजाम देने के बाद, कतई पुलिस की नजर से नही बच पाएंगे। पुलिस की इस अनोखी दूरदर्शिता पूर्ण पहल से ग्रामीणों में खुशी है। पुलिस की इस पहल से अपराधियो में बेचैनी का माहौल है। पुलिस चौकी की तर्ज पर ,क्राइम कंट्रोल के लिए बीट हाउस बनवाया जाएगा।

जिससे क्राइम कंट्रोल में आसानी होगी। इसी कड़ी में बीट हाउस के लिए थाना धनपतगंज के मुडुआ गांव में बीट हाउस का भूमि पूजन किया गया। पुलिस कप्तान के निर्देशन में ,थाना प्रभारियों की सक्रियता से ,अपराधियों पर अंकुश तो लगेगा ही साथ ही शासन की मंशा को नया आयाम मिलेगा।

## निशान पद यात्रा में गूजे खाटू श्याम के जयकारे



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सीतापुर।** महमूदाबाद में वृहस्पतिवार को श्री श्याम निशान (ध्वज) पदयात्रा ग्राम पंचायत पहाड़ापुर से चल कर महमूदाबाद के श्री संकटा देवी मंदिर पहुंची यह श्री खाटू श्याम यात्रा बाजे गाजे के साथ हाथो में ध्वज लेकर खाटू बाबा के जयघोष लगाते हुए पहाड़ापुर से बेहमा, फिरोजपुर, भेथरामाधव, सिरौली चौराहा, मोलहेपुर रेलवे क्रासिंग अमीर गंज होते हुए श्री संकटा देवी मंदिर पहुंची जहा बाबा खाटू श्याम बाबा के मंदिर में पूजन अर्चन कर यह पद यात्रा पुनः रवाना हुए जिसके बाद अमीरगंज में ग्राम प्रधान खलगांव चंद्र पाल यादव, अनिल द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन करवाया गया इस अवसर पर हिमांशू यादव, उपेंद्र यादव, प्रेमदीप जायसवाल , चंद्रपाल यादव, मोहित यादव, रंजीत यादव, नरेंद्र यादव, राहुल यादव, शुभम, सुधांशु यादव, रविराम, विशाल, नितिन, जितेंद्र सहित हजारों की संख्या में श्याम प्रेमी शामिल है।

## पूर्व रणजी क्रिकेटर केबी काला का हुआ सम्मान

### उत्तर मध्य रेलवे के क्रिकेटरों ने सेवा निवृत्ति के बाद किया अभिनंदन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** फरवरी माह में भारतीय रेलवे में अपनी सेवा पूर्ण करके सेवानिवृत्त होने वाले शहर के वरिष्ठ क्रिकेटर एवं भारतीय रेलवे टीम के कप्तान एवं चयनकर्ता रहे केबी काला का गुरुवार को अभिनंदन किया गया। डीएसए मैदान पर उत्तर मध्य रेलवे के पूर्व एवं वर्तमान खिलाड़ियों की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर मध्य रेलवे खेलकूद संघ के क्रीड़ाधिकारी व वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक आशुतोष शर्मा ने केबी काला को शॉल उड़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्ण रणजी क्रिकेटर मोहम्मद तारिफ, विनोद कुशवाहा, देवेश मिश्र, गिरधारी मिश्र, हसबीन अहमद, एलबी काला आदि ने केबी काला को माल्यार्पण कर एवं बुके देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर केबी काला ने अपने क्रिकेट के दोनों को याद करते हुए कई बातें बताई। अपने अनुभव को साझा करते हुए केबी काला ने कहा कि संघर्ष एवं अनुशासन खिलाड़ी को मजबूत बनाता है। सफलता के लिए कठिन परिश्रम एवं अनुशासन अति आवश्यक है, उन्होंने अपने सभी पूर्व कप्तानों एवं साथी खिलाड़ियों का शुक्रिया भी अदा किया।

केबी काला का सम्मान करने वालों में इम्तियाज करीम, सफदर अली, योगेंद्र पांडेय, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव, परवेज आलम, अस्करी अब्बास, विमलेश सिंह एवं उत्तर मध्य रेलवे के अनूप सिंह राकेश मिश्र, नितिन सिब्बल, श्रीराम यादव, मोहम्मद राशिद, मोहम्मद रिज़वान, अजय कुशवाहा शिशिर मेहरोत्रा, रितेश सिंह, योगेश कुशवाहा आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन जावेद अहमद ने किया।

## बाघ को पकड़ने के लिए लगाए गए पिंजरे में फंसा कुत्ता

**सीतापुर।** इमलिया इलाके में बाघ को पकड़ने के लगाए गए पिंजरे में कुत्ता बंद हो गया। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने कुत्ते को बाहर निकाला गया।

वन विभाग रेंज सीतापुर के बिशुनपुर, हाता व हरगांव रेंज के रोजहा, ढोलई, रामविलासपुरवा आदि गांवों के ग्रामीणों ने बाघ की दहशत से तब चैन की सांस ली जब खबर फैली कि बिशुनपुर में बाघ को पकड़ने के लिये लगाये गये पिंजरे का गेट बीती रात बंद हो गया। लोगों ने कयासे लगाया कि बाघ को पकड़ लिया गया है। मगर कोई ग्रामीण पिंजरे के पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। वन कर्मी विनोद को ग्रामीणों ने सूचना दी कि पिंजरे का गेट बंद हो गया है। संभवतः बाघ पिंजरे में कैद हो गया है। मौके पर पहुंचे विनोद व ग्रामीण जब पिंजरे के पास पहुंचे तो पिंजरे के अंदर का नजारा देख सभी दंग रह गये। क्यूंकि पिंजरे के अंदर बाघ नहीं कुत्ता था। जो बकरी की आवाज सुनकर पिंजरे के अंदर घुस गया था। ग्रामीणों द्वारा कुत्ते की फोटो भी ली गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि पिंजरा बंद होने की सूचना मिलने से बाघ के फंसने का कयास लगाया गया था। मगर कुत्ता फंसा देखकर पुनः दहशत में जीने को मजबूर हैं। रेंजर सीतापुर सुयष श्रीवास्तव ने बताया कि बाघ के लिये लगाये गये ट्रैप कैमरों को चेक किया गया था। कैमरे में कुछ भी कैद नहीं हुआ है। नये पग चिन्ह भी नहीं मिल रहे हैं। कुत्ता फंसने जानकारी नहीं है बकरी के आवाज करने पर कोई भी जानवर पिंजरे में दाखिल हो सकता है।

## ई-लाटरी के माध्यम से देशी शराब की दुकानों का व्यवस्थापन सकुशल एवं शांतिपूर्ण हुआ

**सुलतानपुर।** शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी/मण्डलायुक्त अयोध्या मण्डल श्री गौरव दयाल की अध्यक्षता, जिला स्तरीय समिति जिलाधिकारी कुमार हर्ष, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह (सदस्य) आबकारी आयुक्त द्वारा नामित अधिकारी (सदस्य), जिला आबकारी अधिकारी, सुलतानपुर (सदस्य) तथा अपर जिलाधिकारी (विश/ रा0) एस. सुधाकरन, उप जिलाधिकारी जयसिंहपुर वैशाली चोपड़ा, अपर उप जिलाधिकारी, सुलतानपुर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार, सुलतानपुर में वर्ष 2025-26 हेतु ई- लाटरी के माध्यम से देशी शराब की 158, मॉडल शाप की 01, कम्पोजिट की 120 तथा भांग की 29 दुकानों का व्यवस्थापन सकुशल एवं शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा नोडल अधिकारी/मण्डलायुक्त अयोध्या मण्डल का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) द्वारा भी पुष्पगुच्छ देकर नोडल अधिकारी/मण्डलायुक्त अयोध्या मण्डल का स्वागत किया गया। भांग की 12 दुकानें प्रथम चरण की ई-लाटरी में शेष रह गयी हैं,जिनका व्यवस्थापन द्वितीय चरण की ई-लाटरी के माध्यम से किया जायेगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कल

**सुलतानपुर।** अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विजय कुमार गुप्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि जन सामान्य को त्वरित, सस्ता, सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिनांक 08 मार्च, 2025 (दिन शनिवार) को प्रातः 10 बजे से जनपद न्यायालय परिसर सुलतानपुर व जनपद सुलतानपुर के सभी वाह्य न्यायालयों, तहसील मुख्यालयों, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, कलेक्ट्रेट एवं अन्य सम्बन्धित विभागों तथा जनपद अमेठी के मुसाफिरखाना, गौरीगंज व अमेठी तहसील मुख्यालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने समस्त जनपदवासियों से अपील की है कि आप अपने-अपने, लोक अदालत में नियत योग्य वादों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित कराकर लोक अदालत का लाभ उठायें।

## प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने कराई थी पति की हत्या, तीन गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सीतापुर।** मानपुर थाना क्षेत्र में हुई हत्या का पुलिस ने गुरूवार को खुलासा किया। वारदात में पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर एक लाख रुपये सुपारी देकर अपने पति की हत्या कराई थी।

थाना मानपुर पुलिस टीम द्वारा संकलित साक्ष्यों के आधार पर संलिप्त अभियुक्तों में बादशाह आलम, पुत्र मो. अमीन, निवासी ग्राम नसीरपुर देवकलिया, थाना मानपुर, जनपद सीतापुर; मोहित वर्मा, पुत्र शिवसागर वर्मा, निवासी ग्राम नसीरपुर देवकलिया, थाना मानपुर, जनपद सीतापुर; और नेहा वर्मा, पत्नी स्व. संजय वर्मा, निवासी ग्राम नसीरपुर देवकलिया, थाना मानपुर, जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि मृतक संजय वर्मा की पत्नी नेहा के संबंध गांव के बादशाह आलम के साथ काफी समय से थे, जिसका पति संजय वर्मा विरोध करता था। पत्नी नेहा व प्रेमी बादशाह आलम ने अपने साथी मोहित वर्मा और रवि को एक लाख रुपये का लालच देकर संजय वर्मा की हत्या करवा दी। घटना को अंजाम 26.02.2025 को दिया गया,

जब मृतक के गले को चाकू से काटकर उसकी हत्या कर दी गई और शव को शारदा नहर में बिसवां के पास पुरैनी पुल के निकट फेंक दिया। ताकि गांव में किसी को इस घटना का शक न हो। इसके बाद, मृतक की पत्नी नेहा वर्मा ने 27.02.2025 को थाना मानपुर में अपने पति के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जब 03.03.2025 को जनपद बाराबंकी के थाना बड्डूपुर क्षेत्र में शारदा नहर से मृतक का शव मिला, तो मृतक के भाई सोनेलाल ने शव की शिनाख्त अपने भाई के रूप में की, और शव के गले पर गंभीर चोट के निशान थे। विवेचना के दौरान यह प्रकाश में आया कि मृतक की पत्नी नेहा वर्मा के द्वारा अपने प्रेमी साथी बादशाह आलम के साथ मिलकर गाँव के मोहित व उसके साथी रवी को एक लाख रुपये का लालच देकर संजय वर्मा की हत्या कराई गयी। अभियुक्तों की निशानदेही पर एक अदद चाकू आलाकत्ल व. मोटरसाईकिल टीवीएस राईडर नं0 यूपी 71 बीई 8340 बरामद हुआ है।

संक्षिप्त खबरें

## आग लगने से चार मकान जले, गृहस्थी जलकर स्वाहा



**बदौसा।** गुरुवार की सुबह अचानक आग लग जाने की वजह से चार मकान जलकर खाक हो गए। दो मकानों के खपरैल क्षतिग्रस्त हुए हैं। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

थाना क्षेत्र के फतेहगंज गांव में अचानक आग लगने से चार परिवारों के घर गृहस्थी सहित जल कर राख हो गई। गुरुवार की सुबह करीब 7 बजे फतेहगंज के श्रीराम गुप्ता पुत्र मइयादीन गुप्ता, भगवानदीन गुप्ता पुत्र मइयादीन गुप्ता, अनिल गुप्ता व सदाप्यारी पत्नी गुलाब गुप्ता के कच्चे मकानों में आग की लपटे जलने लगी, घर के अंदर सो रही श्रीराम की पुत्री को गांव वालों ने बाहर निकाला। आग की लपटों को देख गांव के लोगों ने भरी मशक्कत के बाद आग में काबू पा लिया और दमकल दस्ता टीम ने आग को पूरी तरह से बुझने में कामयाब रही। आग बुझने में दिलीप कुमार गुप्ता पुत्र जगदीश गुप्ता व गणेश गुप्ता के घर भी प्रभावित हुए। दोनों लोगों के बने खपरैल घरों का भी काफी नुकसान हुआ। अग्निकांड में आगजनी की घटना में उनका पूरा घर गृहस्थी के सामान गेहूं, चावल दाल, बच्चों के पढ़ाई के लिए एक लैपटॉप, दो बिजली पंखे, बिस्तर, खटिया आदि सारा सामान जलकर राख हो गया है जिससे ना तो मेरे खाने के लिए कुछ बचा है, न रहने के लिए घर बचा है, जब कि भगवान दीन व अनिल कुमार और सदाप्यारी पत्नी गुलाब गुप्ता गृहस्थी का सामान व घर जल करके राख हो गया है। आगजनी की घटना की सूचना पर अतर्रा तहसील से राजस्व निरीक्षक हल्का व लेखपाल रमेश चौरसिया ने आगजनी से हुई क्षति का आंकलन कर तहसीलदार अतर्रा को रिपोर्ट दिया। कहा कि नियमानुसार मुआवजा दिलाया जाएगा।

## पूर्व सीएम की सोंच और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं

**बबेरू।** विधानसभा क्षेत्र समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक सपा कार्यालय में सम्पन्न हुई बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष लाखन निषाद एवं संचालन नगर अध्यक्ष दिलीप सोनी ने किया बैठक में पीडीए प्रचार प्रसार हेतु जोन प्रभारी सेक्टर अध्यक्ष व बूथ अध्यक्षों को प्रेरणा दी गयी कि पीडीए नायक राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सोच व निर्णय को जन जन तक पहुचाने का काम करना होगा।विधानसभा अध्यक्ष लाखन निषाद व नगर अध्यक्ष दिलीप सोनी ने संयुक्त रूप से प्रत्येक जोन व सेक्टर में पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम कराने की अपील की साथ ही समाजवादी सरकार में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराना होगा। इस दौरान लाखन निषाद दिलीप सोनी पूर्व ब्लाक प्रमुख वरुण यादव ज्ञान सिंह यादव अखिलेश पाल इंद्रजीत यादव रामभवन चंद्रवंशी जगन्नाथ गुप्ता राजू सिंह यादव शिव स्वर्णकार छेदीलाल गुप्ता बाबूलाल राजपूत पुत्तन सिंह, रामसनेही प्रजापति शिव बहादुर यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## सख्ती के साथ प्रशासन ने हटवाया अतिक्रमण



**नरैनी।** लगातार चेतावनी देने के बावजूद जब अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण नहीं हटाया तो गुरुवार को उप जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी से अतिक्रमण ढहाया गया। अतर्रा रोड में थाने के बाद चलाए गए अभियान के बाद ईओ ने चेतावनी दी कि जो लोग अतिक्रमण किए हुए हैं, वह खुद ही अतिक्रमण हटा लें। वरना जेसीबी से अतिक्रमण हटाया जाएगा और वह खुद ही अपने नुकसान के जिम्मेदार होंगे।

नगर पंचायत व राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस मौजूदगी में आज अतर्रा रोड पर पहुंचकर थाना के पास के पास अवैध रूप से सरकारी जगहों पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया। उपजिलाधिकारी सत्यप्रकाश , अधिशाषी अधिकारी इरफान उल्ला खां, नायब तहसीलदार यशपाल यादव, प्रभारी निरीक्षक राम मोहन राय, कस्बा इंचार्ज अनिल सिंह की मौजूदगी में नगर पंचायत कर्मियों द्वारा मुख्य चौराहे से अतर्रा रोड की ओर थाना के पास दुकानों के बाहर किए गए टीन , छप्पर, बॉस बल्ली से अतिक्रमण को हटवाया गया तथा थाना परिसर के बाहर रखा एक नया टीन शेड का डिब्बा को हटवा दिया गया । ज्ञात होकि अतिक्रमण हटवाने के बाद दुकानदार पुनः अतिक्रमण कर लेता है जिस कारण जाम की स्थिति उत्पन्न होती है । अधिशाषी अधिकारी ने दुकानदारों को चेतावनी है कि दुकानदार अतिक्रमण स्वयं हटा अन्यथा आगामी बुधवार को अतिक्रमण हटाया जाएगा।

## सदन में विधायक ने उठाया बाईपास और नगर पंचायत का मुद्दा

**बबेरू।** विधानसभा क्षेत्र में बबेरु में बाईपास बनाने व कमासिन को नगर पचायत का दर्जा दिलाये बनाने के लिये सपा विधायक विशंभर सिह यादव ने सदन मे मांग उठाई है

सपा विधायक विशंभर सिह यादव ने सदन मे क्षेत्र के सबसे बड़ी ग्राम पंचायत कमासिन को नगर पचायत बनाये जाने के लिये मांग उठाई है विधायक का कहना है कि कमासिन की आबादी 30 हजार से ऊपर है और यहां मतदाताओ की संख्या भी 15 हजार के करीब है, इसलिये इस क्षेत्र का विकास करने के लिये इसे नगर पंचायत बनाया जाना बहुत आवश्यक है। बबेरू कस्बा में बाईपास के निर्माण कराये जाने की भी बात सदन में रखी। उन्होंने सदन मे कहा कि बबेरू चौराहा मे पांच सड़के जुड़ती हैं जिससे भारी वाहनों का प्रवेश दिन मे नही हो पाता है जिससे लोगो व व्यापारी दोनो को ही परेशान होना पड रहा है, इसलिए यहां बाईपास बनाने बहुत जरूरी है, जिससे वहां का विकास होगा और कस्बा के लोगो को जाम से मुक्ति मिलेगी।

# अधिक से अधिक मोटर चालान के मामले निपटाए जाएं

### जिला जज की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में दिए गए निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के मद्देनजर जिला जज डॉ. बब्बू सारंग की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में प्रारंभिक वार्ता बैठक का आयोजन हुआ। जिला जज ने निर्देश दिए कि मोटर चालान के अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराया जाए। इस बैठक में चंद्रपाल अपर जिला जज प्रथम, निरंजन कुमार अपर जिला जज/नोडल अधिकारी लोक अदालत, छोटेलाल यादव, अपर जिला जज चतुर्थ, श्रीपाल सिंह, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ प्रशासन की ओर से संदीप केला सिटी मजिस्ट्रेट, शिवराज अपर पुलिस अधीक्षक, रविशंकर जिला अग्रणी प्रबंधक, गुलाब चंद्र परिवहन विभाग, आशीष सोनी भारत संचार निगम लिमिटेड, संजीव कुमार उप प्रबंधक एसबीआई बैंक, सुदर्शन निरीक्षक बांटमाप, दिवाकर सोनाटा फाइनेंस, रामजस नगर पालिका आदि मौजूद रहे।

## सात अभियुक्तों को 9500 रुपये का लगाया जुर्माना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** ऑपरेशन कन्विशन के तहत पुलिस ने निष्पक्ष विवेचना, प्रभावी अभियोजन व पैरवी के चलते सात अभियुक्तो को 9500 रुपये के जुर्माने से दंडित कराया।

इनमें थाना कोतवाली नगर में पंजीकृत अभियोग के अभियुक्त भूरा पुत्र सुरेन्द्र निवासी निम्नीपार थाना कोतवाली नगर को 2500 रुपये के जुर्माने से दण्डित कराया गया। थाना गिरवां में आबकारी अधिनियम के अभियुक्त रामशरण पुत्र शिवगोपाल वर्मा निवासी परसाद का पुरवा को दो हजार रुपये, थाना मरका में पंजीकृत अभियोग भूरा पुत्र गऊलाल निवासी ग्राम पन्नाह थाना मरका को एक हजार रुपये जुर्माने से दंडित कराया। इसी तरह थाना कमासिन में पंजीकृत अभियोग के अभियुक्त राममिलन पुत्र

**▸▸ऑपरेशन कन्विशन के तहत पुलिस ने प्रभावी विवेचना कर कराया दंडित**

महेश यादव निवासी अमलोखर थाना कमासिन को एक हजार, थाना बबेरू में पंजीकृत अभियोग के अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र विशम्भर निवासी मरका रोड बबेरू को 1500 रुपये के जुर्माने से दण्डित कराया गया। कमासिन थाने में दर्ज मामले पर कमल किशोर पुत्र रामप्रताप निवासी तिलौसा को 500 रुपये जुर्माना, थाना बबेरु में पंजीकृत अभियोग के अभियुक्त ओंकार पुत्र मंगल निवासी बबेरू को एक हजार रुपये जुर्माने से दंडित कराया।

## धूम्रपान निषेध दिवस पर आयोजित होंगे कार्यक्रम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**▸▸अभियान चलाकर धूम्रपान से होने वाले नुकसान के बारे में बताया जाएगा**

**बांदा।** आगामी 12 मार्च को धूम्रपान निषेध दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी जाएगी। 17 से 30 मार्च तक विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि उपरोक्त विषयक महानिदेशक चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवाएं के पत्र तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के अनुपालन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी माह मार्च के द्वितीय बुधवार 12 मार्च की धूम्रपान निषेध दिवस के रुप में मनाया जाना है। इस वर्ष भी हमें आमजन विशेषतः युवाओं को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें धूम्रपान/तम्बाकू का सेवन न करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इससे सभी युवाओं में तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों, हानियों के प्रति जागरूकता लाई जा सके। तम्बाकू प्रयोग कर रहे युवाओं को तंबाकू सेवन छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। इस मौके पर सभी कार्यालयों, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल में 12 मार्च को धूम्रपान निषेध दिवस% के रूप मनाते हुए अपने अधीनस्थ कार्यरत समस्त अधिकारी, कर्मचारी, स्वास्थ्य कर्मी, पुलिस कर्मी, अध्यापक, छात्र-छात्राओं इत्यादि को धूम्रपान, तम्बाकू का सेवन न करने व उसका परित्याग करने के लिए शपथ ग्रहण कराई जाएगी। उन्होंने बताया है कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार, वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय एवं वितरण का विनियमन) अधिनियम-2003 (कोटपा-2003) का अनुपात कराया जा रहा है। अधिनियम का उल्लंघन करने वालों पर आवश्यक कार्यवाही तंबाकू का सेवन व धूम्रपान से आम जनमानस के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावो को देखते सभी सरकारी कार्यालय परिसर को तम्बाकू मुक्त घोषित करते हुए, कार्यालय परिसर पर बीड़ी, सिगरेट पीन वालों तम्बाकू, गुटखा, पान मसाला, खैनी, चैनी इत्यादि का सेवन कर इधर उधर थूकने बालों पर कोटपा अधिनियम 2003 की बारा 4 के अंतर्गत रु 200 का जुर्माना किया जाएगा।

# ओटीपी साझा न करें, अंजान वीडियो कॉल रिसीव करने से बचें

### सभी थानों में गुरुवार को चलाया गया साइबर जागरूकता अभियान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में गुरुवार को साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों को ओटीपी साझा न करने और अंजान वीडियो कॉल रिसीव करने की बात कही गई। इसके साथ ही साइबर अपराधों के बारे में जागरूक किया गया। कहा गया कि सावधानी से ही साइबर अपराधियों के चंगुल में फंसने से बचा जा सकता है।

साइबर जागरुकता अभियान में छात्र-छात्राओं व आमजन को साइबर क्राइम से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया गया। कहा गया कि ओटीपी किसी व्यक्ति को साझा न करें, अनजान वीडियो कॉल रिसीव न करने, लॉटरी या फिर ईनाम के कॉल, मैसेज के फ्राड होने की सम्भावना होने, अनजान व्यक्ति को यूपीआई पिन न बताने, किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर स्क्रीन शेयरिंग एप (जैसे एनी डेस्क, क्वीक सपोर्ट, टीमव्यूवर, स्क्रीन मिरर आदि) अपने फोन में कभी भी इंस्टाल न करें, सोशल नेटवर्किंग साइट पर होने वाले फ्राड की जानकारी दी। साइबर अपराध से तत्काल सुरक्षा व शिकायत दर्ज के लिए साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही साइबर फ्रॉड होने पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के लिए गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदान की गयी वेबसाइट की भी जानकारी दी गई। साइबर क्राइम से बचाव के लिए मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार भी जागरुकता को प्रचारित किया गया। थाने पर आये जनसामान्य को तत्काल शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया एवं जनपद में स्थित साइबर क्राइम पुलिस थाना व समस्त जनपदीय थाना स्तर पर बनी साइबर हेल्प डेस्क पर तत्काल संपर्क कर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई। समस्त प्रकार के साइबर अपराध व उनसे बचाव के तरीकों से अवगत कराया गया। बताया गया कि किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सुरक्षित व सावधानी पूर्वक उपयोग करें, किसी के बहकावें में न आकर अपनी फोटो व गोपनीय जानकारी कभी अनजान व्यक्ति से साझा न करें। किसी भी तरीके के साइबर अपराध होने पर तत्काल नजदीकी थाने के साइबर हेल्प डेस्क-महिला हेल्प डेस्क पर सम्पर्क कर शिकायत दर्ज कराएं।

## आबकारी विभाग की ई-लॉटरी प्रक्रिया का प्रथम चरण पूरा

### रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज सभागार में हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** जनपद की देशी, विदेशी मदिरा और कंपोजिट शॉप, मॉडल शॉन्के अलावा भांग की फुटकर दुकानों की लाटरी प्रक्रिया गुरुवार को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जिला आबकारी अधिकारी जनपद ने बताया कि आबकारी नीति वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत गुरुवार को सम्पन्न होने वाली ई-लॉटरी के प्रथम चरण की प्रक्रिया जिलाधिकारी जे. रीभा व शासन के द्वारा नामित उच्चाधिकारियों की उपस्थिति पूरी की गई। जनपद की समस्त 148-देशी मदिरा, 97-कम्पोजिट शॉप, 02-मॉडल शॉप व 19-भांग की फुटकर दुकानों की ई-लाटरी रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के सभागार में आबकारी दुकानों में प्राप्त आवेदन देशी शराब की दुकानों में 1982 आवेदन कम्पोजिट शॉप में 1478 आवेदन मॉडल शॉप 16 आवेदन, भांग में 107 आवेदन प्राप्त हुए। कुल 3583 आवेदन मिले।

## देयकों की वसूली में लाई जाए तेजी ~ डीएम

### कर-करेत्तर वसूली, राजस्व कार्यों व मासिक स्टाफ बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** डीएम जे. रीभा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर वसूली, राजस्व कार्यों व मासिक स्टाफ बैठक में व्यापार कर व सिंचाई के करों की वसूली लक्ष्य के अनुरूप पूरी किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आबकारी, स्टाम्प देयकों, व्यापार कर, परिवहन, विद्युत आदि विभागों की कर-करेत्तर वसूली की समीक्षा करते हुए जीएसटी व विद्युत देयकों की वसूली में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जल संस्थान के द्वारा जलकर की वसूली संबंधित विभागों से शीघ्र कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को ओवरलोड वाहनों की सघन चेकिंग किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में राजस्व की वृद्धि किये जाने, कर वसूली बढ़ाए जाने के लिए सभी अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने प्रतिबन्धित पॉलीथीन व थर्माकॉल के उपयोग पर नियंत्रण किये जाने, रोक लगाये जाने के लिए सघन चेकिंग कर प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने भूराजस्व व विविध देयकों की वसूली की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप वसूली किये जाने के निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने आरसी की वसूली की समीक्षा करते हुए तहसीलदारों को आरसी की वसूली कराये जाने तथा बड़े बकायेदारों से उनकी चल अचल सम्पत्ति सहित जानकारी कर वसूली की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आईजीआरएस व तहसील दिवसों में प्राप्त शिकायतों को समय से गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए अधिक समय से लम्बित पुराने वादों का तेजी से निस्तारण किये जाने के निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि उनके न्यायालयों में लम्बित वादों को सुनते हुए अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने एआईजी स्टाम्प को लम्बित स्टाम्प केसों का शीघ्र निस्तारण किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया। उन्होंने दाखिल दफ्तर की कार्यवाही समय से किये जाने तथा वरासत के प्रकरणों का निस्तारण शीघ्र किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आडिट आपत्तियों का शीघ्र समयबद्धता के साथ निस्तारण किये जाने व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देयकों व पेंशन के प्रकरणों को लम्बित न रखते हुए शीघ्र कार्यवाही करते हुए पेंशन दिलाने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कर्मचारियों की विभागीय कार्यवाही के प्रकरणों में जांच कर ऐसे मामलों में शीघ्र जांच कर कार्यवाही करते हुए निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार उप जिलाधिकारी, तहसीलदार अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सहित कर-करेत्तर से संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शिवमहापुराण कथा में उमड़े श्रोता, शिव कथाओ का किया बखान

**नरैनी।** श्रीराम लीला मैदान कालिंजर में आयोजित हो रही शिवमहापुराण कथा के दौरान कथावाचक संत स्वामी कमलदास ने शिव व्रत कैसे करें, इसका बखान किया। इसके अलावा अन्य प्रसंगों पर भी बोले। राजस्थान अलवर से आए शिवमहा पुराण कथा के राष्ट्रीय कथा वाचक राष्ट्रीय संत ने नारद मोह.सृष्टि की उत्पत्ति. ब्रह्मा विष्णु विवाद, शिव जी के ब्रतों की कथा सुनाकर उपस्थित भक्त जनों को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि जो मनुष्य निर्मल मन से शिव जी के ब्रतों की कथा सुनता है तथा शिव जी के ब्रतों को करता है उसकी हर मनोकामनाएं पूर्ण होती है। कथा सुनने वालों में आज दूसरे दिन कथा के मुख्य यजमान रामसेवक सोनी धर्मपत्नी पिंकी. मंडल उपाध्यक्ष भाजपा कालिंजर डाक्टर बुद्ध विलास द्विवेदी. डाक्टर ओमप्रकाश पाण्डेय. विद्या देवी सिंह बरछा .हल्के सोनी. शिवा द्विवेदी. प्रखण्ड संयोजक पुष्पेन्द्र द्विवेदी. शीलू राज . दयाराम सोनकर प्रधान कालिंजर. नारायण त्रिपाठी. कोमल कुशवाहा. सढा के प्रमोद सोनी. रामशरण सोनी. संगम सोनी.विजय द्विवेदी. अभिजीत सोनी तथा सैकड़ों की संख्या में माताएं बहनें उपस्थित रहीं।

## बीमारी से पीड़ित हेड कांस्टेबिल की मौत

**बांदा।** बीमारी से पीड़ित हेड़ कास्टेबिल की हालत बिगड़ गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार होने से पहले उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देहात कोतवाली क्षेत्र के कुलकुम्हारी गांव निवासी 35 वर्षीय पंकज द्विवदी पुत्र चद्रिका प्रसाद द्विवेदी हेड कास्टेबिल था। वह मेरठ में तैनात था। पंकज कुछ दिनो से लीवर की बीमारी से पीड़ित था। वह फरवरी से 11 मार्च तक छुटटी लिए था। हालत बिगड़ने पर घरवालो ने उसे मेंदाता लखनऊ में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान हालत मे सुधार न होने पर डॉक्टरो ने परिजनो को घर ले जाने की सलाह दी। परिजन उसे लखनऊ से घर ले आए। हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया।

## मुकुट पूजन के साथ पांच दिवसीय रामलीला का हुआ शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** राघव सेवा समिति के तत्वाधान में पतौरा गांव में आयोजित पांच दिवसीय रामलीला के पहले दिन राजजन्म, मुनि आगमन, ताड़का वध मंचन देखकर दर्शक भाव विभोर हुए। शुक्रवार को रामलीला में धनुष यज्ञ का मंचन किया जाएगा। रामलीला का शुभारंभ गणेश वंदना और मुकुट पूजन के साथ किया गया। कलाकारों की प्रस्तुतियां देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कलाकारों का अभिनय मंचन देख दर्शक भाव-विभोर हो गए।

महुआ ब्लाक अंतर्गत पतौरा गांव में गुरुवार को पांच दिवसीय रामलीला का शुभारंभ राघव सेवा समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी व कोषाध्यक्ष शिवकिशोर त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से भगवान श्रीगणेश की विशेष पूजा व अर्चना कर किया। मुकुट पूजन के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता प्रभाकर अवस्थी और आरएसएस के रामदेव दीक्षित मौजूद रहे। भगवान श्रीराम सहित चारों भाइयों के जन्म की सुंदर लीला कलाकारों ने प्रस्तुत की। राजा दशरथ के महल में चार पुत्रों के जन्म को लेकर अयोध्या नगरी में आनंद का माहौल बना हुआ था। राजा दशरथ के दरबार में बधाईयों का सिलसिला रंगारंग कार्यक्रम के बीच चलता रहा। महर्षि विश्वामित्र चक्रवर्ती नरेश राजा दशरथ से यज्ञ की रक्षा के लिए राम और लक्ष्मण को मांगने उनके महल पहुंचे। महर्षि ने राजा दशरथ से कहा कि राजन ताड़का नाम की राक्षसी से पूरा समाज भयभीत है। वह जप, तप और यज्ञ इत्यादि नहीं करने देती है। महर्षि की बातें सुनकर राजा दशरथ दुखी हो गए। कहा कि राम व लक्ष्मण बहुत कोमल व सुकुमार हैं, भला ताड़का जैसी राक्षसी का कैसे वध करेंगे ? राजा दशरथ की बात सुन महर्षि विश्वामित्र क्रोधित हो गए। उन्होंने अयोध्या नगरी को भस्म करने की चेतावनी दी।

उसी समय वशिष्ठ मुनि आते हैं और विश्वामित्र को शांत कराते हुए राजा दशरथ को समझाते हैं कि राम लोक कल्याण के लिए अवतरित हुए हैं। इसलिए इनको महर्षि विश्वामित्र के साथ जाने दीजिए। राजा दशरथ राम व लक्ष्मण को विश्वामित्र के साथ विदा करते हैं।

भगवान राम रास्ते मे ही ताड़का नाम की राक्षसी का वध करते हैं। ताड़का का वध करते ही रामलीला प्रांगण जय श्रीराम के नारे से गुंजायमान हो उठा। हास्य कलाकार योगेश तिवारी (अजूबा) की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। समिति अध्यक्ष ने बताया कि धनुष यज्ञ मंचन के साथ दो दिवसीय रामलीला का समापन होगा।